पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –244 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23







केंद्र से जनता का हक मारने वालों को सत्ता से करेंगे बेदखल : तेजस्वी — पृष्ठ 2

■ मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!
■ उत्तर प्रदेश में विपक्ष का बड़ा राजनीतिक प्रदर्शन 20 दिसंबर से — पृष्ठ 6

■ लेबनान-इजरायल सीमा पर संघर्ष हिजबुल्लाह के दो लड़ाके ढेर
■ दाऊद के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें, जहर देने की आशंका — पृष्ठ 7

भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साई सुदर्शन — पृष्ठ 8


## सार संक्षेप

### भारत में कोरोना से एक दिन में 5 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 मामलों में एक बार फिर इजाफा होने लगा है। केरल में कोविड का नया सब वैरिएंट जीएन 1 मिला है। इससे 17 दिसंबर को चार लोगों की मौत हो गई। वहीं उप्र में भी कोविड पॉजिटिव शख्स की जान चली गई। हालांकि यह पता नहीं चला है कि यह मरीज जीएन 1 वैरिएंट से संक्रमित था या नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए और एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई। केंद्र सरकार ने कोविड -19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्कता बरतने, कोविड मानक लागू करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये हैं।

### एनआईए ने 19 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को एक कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी समूह के संबंध में देश में 19 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि सुबह से ही 19 से अधिक स्थानों पर तलाशी चल रही है। सूत्रों ने कहा कि तलाशी एक प्रमुख आईएस जिहादी आतंकवादी समूह के भंडाफोड़ के संबंध में है। पिछले हफ्ते, एनआईए ने आईएस मॉड्यूल मामले में 44 से ज्यादा स्थानों पर तलाशी ली थी और 15 लोगों को गिरफ्तार किया था।

### केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है।

### पुणे में दो सड़क दुर्घटनाओं में 12 की मौत

**पुणे।** पुणे क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रविवार देर रात ट्रक, एक कार और एक ऑटोरिक्शा से जुड़ी दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, रात 11.30 बजे ठाणे में अहमदनगर से कल्याण की ओर तेज गति से जा रहे एक डिलीवरी ट्रक ने पिंपलगांव जोगा हॉलिडे रिसॉर्ट के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। दूसरी घटना में, पुणे-नासिक राजमार्ग पर रात 11 बजे एक ट्रक को ओवरटेक करते समय एक परिवार के चार सदस्यों की कार से टक्कर हो गई।

### लद्दाख में 5.5 तीव्रता का आया भूकंप

**श्रीनगर।** लद्दाख क्षेत्र में सोमवार को रिक्टर पैमाने पर 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को लद्दाख क्षेत्र में रिक्टर पैमाने पर 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप दोपहर 3.48 बजे आया।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्रियों ने धनखड़ से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा , उप मुख्यमंत्रियों सुश्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। नेताओं की यह पहली मुलाकात है।

## धान खरीदी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बोले


# किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं, मोदी की गारंटी पर रखें भरोसा



**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली दौरे से वापस रायपुर लौटे। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा की। जिसमें उन्होंने धान खरीदी समेत अन्य मुद्दों पर बयान दिया है। सीएम विष्णुदेव साय ने धान खरीदी को लेकर कहा, किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं, मोदी की गारंटी है। जितने में खरीदने की बात हुई है, उसी दाम पर किसानों से धान खरीदा जाएगा।

दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात को लेकर सीएम साय ने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई। मंत्रिमंडल के गठन को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, नए और पुराने चेहरे को लेकर मंत्रिमंडल का गठन होगा।

## विस का शीतकालीन सत्र आज से



विधानसभा का पहला सत्र मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र में कुल तीन बैठके होगी। नव निर्वाचित सभी सदस्यों को प्रोटेम स्पीकर शपथ दिलाएंगे। इसके बाद विस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डा. रमनसिंह के अलावा किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। इसलिए वे निर्विरोध चुने जा रहे है। इसकी घोषणा के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत नए अध्यक्ष को आसन ग्रहण कराएंगे। इसके बाद सदन की कारवाई दिन भर के लिए स्थगित कर दी जाएगी।

बुधवार को सुबह 11 बजे से राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन का अभिभाषण होगा। गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। इसी दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद पारित किया जाएगा।

## आज हो सकता है साय मंत्रिमंडल का विस्तार !

**इंडोर स्टेडियम में चल रही तैयारी**

नई विष्णुदेव सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर अपडेट आया है कि जल्द साय मंत्रिमंडल के संभावित मंत्री राजधानी के बूढ़ातालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण कर सकते हैं। प्रशासनिक स्तर पर शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू कर दी है, लेकिन इसकी पुष्ट जानकारी नहीं मिली है कि कल ही यह समारोह आयोजित किया जाएगा। वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने कहा है कि जल्द ही कैबिनेट का विस्तार कर मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। दिल्ली में हाईकमान से इस संबंध में चर्चा की जा चुकी है। वहां से सहमति के बाद ही शपथ ग्रहण की घोषणा होगी।

**संभावित मंत्री**–नए मंत्रियों में बस्तर विधायक केदार कश्यप, लता उसेंडी और किरण देव को नए मंत्रिमंडल में जगह मिलने की पूरी संभावना है। इसी तरह रायपुर क्षेत्र के विधायकों में बृजमोहन अग्रवाल और पुरंदर मिश्रा जबकि रायगढ़ से विधायक चुने गए ओपी चौधरी का नाम प्रमुखता से सामने आया है। वहीं बिलासपुर से अमर अग्रवाल को मंत्री पद देने की संभावना बनी हुई है। बहरहाल अब यह तो कल ही तय हो पायेगा कि वह सात विधायक कौन है जिन्हे सीएम से अपनी टीम में जगह देने वाले है।

विधानसभा सत्र से पहले या बाद में मंत्रिमंडल का गठन होगा। इसपर उन्होंने कहा थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा, जल्द ही मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा।

# सामाजिक समरसता एवं समानता का बाबा का संदेश आज अधिक सार्थक : विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए



■ गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के विजेता विद्यार्थियों को वितरित किए पुरस्कार

**बिलासपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर के गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती समारोह एवं कुल उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरूघासीदास का सामाजिक समरसता एवं समानता का संदेश आज अधिक प्रासंगिक एवं सार्थक है। उनके उपदेश का असर है कि छत्तीसगढ़ में सामाजिक समरसता बनी हुई है। बाबा जी के बताये रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार सामाजिक समरसता को और मजबूत करने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुलपति द्वारा संपादित किताब 'गुरू घासीदास सतनाम पंथ के प्रवर्तक' का विमोचन भी किया। साय ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। विशेष अतिथि के रूप में समारोह में एटीईक्यू इन्टरनेशन के अध्यक्ष डॉ. विलियम पेन्टर, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने बाबा घासीदास जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद शैक्षणिक संस्थाओं के अंतर्गत गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में उनका यह पहला कार्यक्रम है। उन्होंने वृहद् स्तर पर जयंती समारोह आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। साय ने कहा कि 18 वीं सदी में देश में सामाजिक भेदभाव एवं छूआछूत की भावना चरम पर थी। समाज में ऊंच-नीच की भावना गहराई तक जड़ जमाए थी। ऐसे हालात में बाबा गुरू घासीदास जी का अवतरण हुआ। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का उपदेश देकर सामाजिक समरसता का सूत्रपात किया। हमें गर्व है कि बाबा गुरू घासीदास जी के नाम पर पूरे देश का एकमात्र विश्वविद्यालय बिलासपुर में है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद एवं जनता के सहयोग से छत्तीसगढ़ को और समृद्ध राज्य बनाएंगे। प्रकृति ने छत्तीसगढ़ की भूमि को उर्वरा बनाया है। यहां खनिज एवं वन संसाधनों की बहुलता है। छत्तीसगढ़ को देश का नम्बर वन राज्य बनाने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के अन्य प्रकल्पों पर काम के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। मुख्यमंत्री ने जयंती के अवसर पर कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प का शुभारंभ किया। 2 सौ यूनिट ब्लड संकलन का लक्ष्य इस शिविर में रखा गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए संचालित सस्ते केन्टीन ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# संसद में सुरक्षा सेंध पर हंगामा, 78 सांसद निलंबित

## लोकसभा के 33 और राज्यसभा से 45 सांसदों पर की गई निलंबन की कार्रवाई

■ गृहमंत्री के बयान की मांग कर रहा है विपक्ष
■ अब तक निलंबित सांसदो की संख्या 92 पहुंची
■ निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर भी शामिल



"तानाशाही मोदी सरकार द्वारा अभी तक 92 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर सभी लोकतांत्रिक प्रणालियों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया है: **मल्लिकार्जुन खड़गे**, कांग्रेस

"राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष और सहयोगी दल घमंडिया गठबंधन के सदस्यों ने संसद में भद्दा हंगामा किया। इसे देश नहीं सहेगा : **पीयूष गोयल**, केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली**, 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद की सुरक्षा में हुई चूक के बाद विपक्ष के गृहमंत्री के बयान की मांग करते हुए लगातार हंगामा हंगामा कर रहा है। दोनों सदनों में संसद की कार्यवाही नहीं चल पा रही है। संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ, जिसके चलते सोमवार को लोकसभा से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी सहित 33 सांसद और राज्यसभा से 45 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस तरह मौजूदा सत्र में अब तक दोनों से निलंबित सांसदों की संख्या बढकर 92 तक पहुंच गई है। मालूम हो कि राज्यसभा से सोमवार को संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष के 34 सांसदों को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित किया गया। जबकि 11 सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया है। सभापति जगदीप धनकड ने सदन में हंगामे को लेकर विपक्षी दलों के 34 सदस्यों का नाम लिया। आसन द्वारा सदस्यों का नाम लेना, इसे निलंबित करने की प्रक्रिया की शुरुआत माना जाता है। इसके बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने इनके निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस

कांग्रेस ने सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा करने के कारण संसद के दोनों सदनों से 47 सांसदों को निलंबित कर निरंकुशता और तानाशाही का परिचय दिया है। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि संसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इस बारे में विपक्षी दलों के नेताओं ने जब गृहमंत्री अमित शाह से संसद में बयान देने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में आने की मांग की तो सरकार ने मांग पर विचार करने की बजाय यह मांग करने वाले सांसदों को ही निलंबित कर दिया। ऐसा कर निरंकुश मोदी-सरकार ने सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में फेंक दिया। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने निलंबन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि न केवल लोकसभा में बल्कि आज राज्यसभा में भी 'खून-खराबा' कर दिया गया।

### निलंबित सांसद

राज्यसभा से अभी तक जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है, उसमें कांग्रेस से प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, अमी याज्ञिक, नारायण जे राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देबी नेताम, शक्तिसिंह गोहिल, के सी वेणुगोपाल, रजनी पाटिल, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, तृणमल कांग्रेस से सुखेंदु शेखर रे, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विस्वास, शांतनु सेन, ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक आज

## केजरीवाल के बाद ममता बनर्जी भी देंगी कांग्रेस को झटका, बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंची

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन की बैठक कल मंगलवार को दिल्ली में होगी। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीटों के बटवारे को लेकर चर्चा होगी। लेकिन हाल में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के रवैए और पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद अब सहयोगी दलों ने सीटों के बंटवारे को लेकर अपना रूख सख्त कर लिया है। कल आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर दी थी तो वहीं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को महज दो लोकसभा सीटे ही छोड़ने को तैयार हैं। माना जा रहा है कि कल गठबंधन की बैठक सीटों का बटवारा बडा मुद्दा बन सकता है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा



लेने ममता बनर्जी दिल्ली पहुंच चुकी है। इससे पहले उन्होंने कोलकाता में कहाकि अभी वे सीटों के बटवारे को लेकर कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। 19 दिसम्बर की बैठक के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं टीएमसी के जुडे सूत्रों का कहना है कि पार्टी कांग्रेस के लिए सिर्फ दो लोकसभा सीटें ही छोड सकती है। इसमें एक सीट मुर्शिदाबाद की बरहामपुर सीट है, जहां से 2019 में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके अलावा मालदा जिले की मालदा दक्षिण सीट को भी कांग्रेस का गढ माना जाता रहा है। इस सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस नेता अबू हासिम खान ने जीत हासिल की थी। वे 2009 से इस सीट पर लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं। इसके अलावा उत्तरप्रदेश में सपा भी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव कांग्रेस के रवैए से सपा मुखिया अखिलेश यादव खफा हैं। माना जा रहा है कि कल की बैठक में कांगेस का रूख ही गठबंधन का भविष्य तय करेगा।

### मोदी को दोबारा सरकार नहीं बनाने देंगे: लालू



**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने सोमवार को कहा कि वह 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा केंद्र में सरकार नहीं बनाने देंगे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी इंडिया गठबंधन की मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली चौथी बैठक से पहले की। राजद प्रमुख ने अपने छोटे बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले पटना हवाई अड्डे पर जब उनसे पूछा गया कि प्रधानमंत्री मोदी 2024 में फिर से सत्ता में आने की गारंटी दे रहे हैं, तो लालू प्रसाद ने पूछा, नरेंद्र मोदी कौन हैं? वोटों के बटवारे को रोकने के लिए हम एक सीट, एक उम्मीदवार के फॉर्मूले पर चुनाव लड़ेंगे।

# खड़गे ने की 'देश के लिए करें दान' अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की स्थापना के 138वें साल पर सोमवार को पार्टी के 'देश के लिए करें दान' अभियान की शुरुआत की और कहा कि इस अभियान में देश के बाग़रीक़ों के सहयोग से आम जन की प्रगति में मदद मिलेगी। श्री खडगे ने आज यहां अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देश के लिए दान करने से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी जी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी। यह पूरे देश में एक मुहिम बन रही है जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए दान देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, डोनेट फ़ॉर देश अभियान हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और गिने-चुने पूंजीवादियों का पक्ष लेने वाली तानाशाही सरकार के ख़िलाफ़ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है। इसके लिए डोनेट.इन पर लॉग ऑन कर अपना महत्वपूर्ण योगदान ज़रूर प्रदान करें।

# देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनाऊंगा : मोदी



**वाराणसी,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से पूरे देश को इस बात की गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाएंगे। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने काशी से ही देश को आश्वस्त किया और कहा कि किसान, महिला, युवा और गरीब-वंचित ही उनके लिए चार जातियां हैं, इन चारों जातियों के शत-प्रतिशत कल्याण से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। प्रधानमंत्री ने वाराणसी और पूर्वांचल को 19 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले सभी लोगों के लिए चलती-फिरती यूनिवर्सिटी बताया।

**वंदे भारत ट्रेन सहित चार रेलगाड़ियों को हरी झंडी** –प्रधानमंत्री ने वाराणसी से नई दिल्ली के लिए दूसरी वंदे भारत ट्रेन सहित चार रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# ज्ञानवापी मामले में एएसआई ने पेश की रिपोर्ट

■ 1500 से ज्यादा पेज की रिपोर्ट में 250 से ज्यादा साक्ष्य पेश किए गए

**वाराणसी**, 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। ज्ञानवापी मामले में लंबे समय के बाद आखिर एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने सोमवार को वाराणसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश कर दी। एएसआई के एडिशनल डायरेक्टर ने वाराणसी के जिला जज को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की है। ये रिपोर्ट 1500 से ज्यादा पेज की है, जिसमें 250 से ज़्यादा के साक्ष्य पेश किए गए हैं। एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश एके विश्वेश के समक्ष रिपोर्ट सौंपी है। हिंदू पक्ष के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। हिंदू पक्ष ने इसमें शामिल सभी पक्षों को रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए निर्देश देने की मांग की।

**21 दिसंबर को फैसला आएगा**

मुस्लिम पक्ष इसका विरोध कर रहा है। मुस्लिम पक्ष कह रहा है कि इसे पब्लिक डोमेन में न लाया जाए। इस पर अब 21 दिसंबर को फैसला आएगा। सर्वे रिपोर्ट की कॉपी 21 दिसंबर को ही पक्षकारों को दी जाएगी। एएसआई ने इससे पहले दो-तीन बार रिपोर्ट जमा करने के लिए कोर्ट से और समय मांगा था, जोकि उसे दिया भी गया था। 21 जुलाई के आदेश के अनुसार परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था।

# संसद सुरक्षा उल्लंघन की छह टीमें कर रही जांच

■ स्पेशल सेल की टीमें छह राज्यों में पहुंची

**नईदिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा छह राज्यों - कर्नाटक, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में है। एक आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि कई टीमें आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा के व्हाट्सएप चैट, डिजिटल फुटप्रिंट और बैंक विवरण भी स्कैन कर रही हैं। घटना के सिलसिले में हरियाणा के जिंद निवासी नीलम, महाराष्ट्र के लातूर निवासी अमोल शिंदे, राजस्थान निवासी महेश कुमावत और पश्चिम बंगाल निवासी ललित झा को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल, सभी आरोपियों से शहर के स्पेशल सेल कार्यालयों में अलग-अलग पूछताछ की जा रही है। संसद सुरक्षा उल्लंघन की चल रही जांच में एक बड़े घटनाक्रम में, 13 दिसंबर की घटना के मुख्य आरोपी ललित झा ने पूछताछ के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी दी। घटना के पीछे के मास्टरमाइंड में से एक बताए जा रहे झा ने व्हाट्सएप के माध्यम से घटना से संबंधित एक आपत्तिजनक वीडियो साझा करने की बात कबूल की है।

**ललित झा के घर पर छापेमारी**

दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के तीन सदस्यों ने सोमवार को कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में ललित झा के घर पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया।

# देश

**उवाच** "वायु प्रदूषण रोक ने के लिए पंजाब के किसानों की मदद की जानी चाहिए। पराली नहीं जलाने पर पंजाब के किसानों को 1500 रुपए प्रति एकड मुआवजा दिया जाना चाहिए।

**-संत बलबीर सिंह, आम आदमी पार्टी के नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 08.0 |
| मुंबई | 30.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 21.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 25.0 |

# केंद्र से जनता का हक मारने वालों को सत्ता से करेंगे बेदखल : तेजस्वी



**गठबंधन की बैठक में सभी चीजों पर होगी बातचीत : तेजस्वी यादव**

**पटना,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एकजुट विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में आज हो रही है। बैठक के लिए राजद सुप्रीमों लालू यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव दिल्ली पहुंच भी गए हैं। लालू के साथ पहुंचे उनके छोटे बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि चौथे चरण की बैठक में सभी चीजों पर बातचीत होगी। इसको लेकर चार-चार कमेटी तो बनी हुई है ही और यह कमेटी अपना काम तो कर ही रही है। ये सब चीजें सामने नहीं लाई जा सकती है न, काम हुआ है और यह बात हम सभी लोग जानते हैं। इसके आलावा तीन राज्यों में कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि इंडिया

**■ इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक को लेकर कही बड़ी बात**

गठबंधन बनी है और इसमें सभी लोग शामिल हैं तो यह हार तो सभी की हुई है। इसमें हार के बाद कमजोर और मजबूत होने की बात कहां से आती है। हम लोग सब लोग मजबूती के साथ जिनको जो काम मिला है वह कर रहे हैं। लेकिन, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है की जहां भी रीजनल पार्टी सत्ता में हैं वहां लड़ाई में भाजपा कहीं भी है की नहीं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एकजुट विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की चौथी मीटिंग दिल्ली में मंगलवार को हो रही है। मीटिंग के लिए राजद सुप्रीमों लालू यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव दिल्ली पहुंच भी गए हैं। जहां लालू यादव ने इस बैठक को लेकर बड़ी बात कही है। लालू यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने आए हैं। इसका उज्ज्वल भविष्य है। इंडिया गठबंधन इस बार सत्ता में आएगा। इस बार केंद्र में हमारी सरकार बनेगी। हम लोग इस बार पूरी बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे, इसमें कहीं कोई किंतु-परंतु नहीं है। हम लोग एकजुट हैं। इस बार एक साथ होकर हम लोग चुनाव लड़ेंगे। हम लोग इस बार नरेंद्र मोदी की सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। वहीं इंडिया गठबंधन की दिल्ली में मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इस बैठक पर जहां सत्ता और विपक्ष की नजर है, वहीं बैठक के पूर्व जदयू के नेताओं ने प्रेशर पॉलिटिक्स की नई चाल चली है। जदयू नेताओं ने सोमवार को नीतीश कुमार को पीएम उम्मीदवार से लेकर गठबंधन का संयोजक बनाने तक की मांग कर दी है। जदयू के नेताओं ने प्रदेश कार्यालय के बाहर एक बड़ा पोस्टर लगाया है, जिसमें लिखा गया है कि 2024 में देश मांगे नीतीश। जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ द्वारा लगाए गए इस पोस्टर से साफ है कि जदयू ने इस स्लोगन के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की है कि नीतीश कुमार ही प्रधानमंत्री पद के असली उम्मीदवार हैं। उल्लेखनीय है कि इंडिया गठबंधन की अब तक तीन बैठक हुई है।

प्रत्येक बैठक में गठबंधन का संयोजक बनाने की उम्मीद लगायी जाती रही, लेकिन अब तक इसकी घोषणा नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन की बैठक में नीतीश कुमार भाग लेंगे। नीतीश हालांकि कई मौकों पर यह बोल चुके हैं कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है। जदयू के विधायक रिंकू सिंह ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सही समय है। नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन को उम्मीदवार बनाना ही पड़ेगा। इसके सिवा दूसरा कोई चारा नहीं है।

## देश में महंगाई, बेरोजगारी, भूखमरी से जनता परेशान : यादव

इसके आलवा नीतीश कुमार की विपक्षी गठबंधन में भूमिका को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भूमिका सबका एक ही है। सबका एक ही मकसद है। हमलोग का एक ही काम है जनता की हक मारने वालों को सत्ता से बेदखल करने वाले को। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, भूखमरी से जनता परेशान है। अब इसके पीछे जो लोग हैं उनको हम लोग सत्ता से दूर करने का काम करेंगे।

# एनआईए ने चार राज्यों में की छापेमारी

**चेन्नई,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को देश के चार विभिन्न राज्यों में छापेमारी की और आठ आतंकवादी गुर्गों की गिरफ्तारी के साथ शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट करने की आईएसआईएस बल्लारी मॉड्यूल की योजना को विफल कर दिया। एनआईए ने कर्नाटक व महाराष्ट्र के अमरावती, मुंबई और पुणे में मारे गए छापों के दौरान विस्फोटक कच्चे माल, हथियार तथा आतंकी योजनाओं को उजागर करने वाले आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

एनआईए ने ट्वीट किया, एजेंसी ने आईएसआईएस बल्लारी मॉड्यूल की आईईडी विस्फोटों को अंजाम देने की योजना को विफल कर दिया। चार राज्यों में छापे मारकर मॉड्यूल प्रमुख सहित आठ आतंकी संचालकों को गिरफ्तार किया। साथ ही विस्फोटक कच्चे माल, हथियार व आतंकी योजनाओं को उजागर करने वाले दस्तावेज आदि जब्त किए। बाद में, सोमवार शाम इस वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, एनआईए ने कहा कि इस आईएसआईएस पर सुबह-सुबह कार्रवाई करते हुए, एनआईए ने सोमवार को चार राज्यों में 19 स्थानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के बल्लारी मॉड्यूल के आठ गुर्गों को गिरफ्तार किया, जिसमें उसका नेता मिराज भी शामिल था। इसके साथ ही एनआईए ने आरोपियों की ओर से आतंकी कृत्यों, विशेषकर आईईडी विस्फोटों को अंजाम देने की योजना को विफल कर दिया।

# बनारस-नई दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत को हरी झंडी

**■ मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को किया रवाना**

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बनारस और नई दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। बनारस और दिल्ली के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी। वंदे भारत एक्सप्रेस में सभी कोच वातानाकूलित कुर्सीयान के हैं।

22415/22416 नई दिल्ली-बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की नियमित सेवाएं दोनों दिशाओं में 20.12.2023 से शुरू होंगी। 22415 बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी बनारस से प्रात: 6.00 बजे प्रस्थान करके उसी दिन दोपहर 02.05 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी दिशा में 22416 नई दिल्ली-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी नई दिल्ली से दोपहर 03.00 बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि 11.05 बजे बनारस पहुंचेगी। यह रेलगाड़ी मार्ग में दोनों दिशाओं में प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर ठहरेगी। यह रेलगाड़ी मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के 6 दिन सेवा प्रदान करेगी। 16 डिब्बों वाली इस रेलगाड़ी में 14 कुर्सीयान और 2 एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान होंगे। इस रेलगाड़ी में ऑनबोर्ड वाई-फाई इंफोटेनमेंट, जीपीएस-आधारित यात्री सूचना प्रणाली, आलीशान आंतरिक सज्जा, टच-फ्री सुविधाओं के साथ बायो-वैक्यूम शौचालय, विसरित एलईडी लाइटिंग, हर सीट के नीचे चार्जिंग पॉइंट, व्यक्तिगत टच-आधारित रीडिंग लाइट्स और छुपा हुआ रोलर ब्लाइंड जेसी बेहतर यात्री



सुविधाएं हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें हवा की रोगाणु-मुक्त आपूर्ति के लिए यूवी लैंप के साथ बेहतर हीट वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम भी है। इसकी सेंसर आधारित एयर कंडीशनिंग प्रणाली तापमान की स्थितियों के अनुसार वातानुकूलन को व्यवस्थित करती है। सोमवर से प्रारंभ होने वाली दूसरी नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेल सेवा और पहले से ही इसी रेलमार्ग पर चलने वाली रेल सेवा के बीच मुख्य अंतर यह है कि नई वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस से सुबह प्रस्थान करेगी, जबकि पहले वाली वंदे भारत दिल्ली से सुबह के समय प्रस्थान करती है। इसलिए, यह `लगाड़ी सुबह वाराणसी से दिल्ली, प्रयागराज या कानपुर पहुंचना चाहने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने में मदद करेगी।

## सार संक्षेप

### पश्चिम बंगाल से संदिग्ध आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

**कोलकाता।** मुंबई पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते के अधिकारियों ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के कालियागंज से एक संदिग्ध आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान मुक्ता महतो के रूप में की गई है। उन पर आईपीसी की विभिन्न गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान पाकिस्तान के अलावा ईरान और फिलिस्तीन में संबंधित खुफिया एजेंसियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए भी जिम्मेदार होने के रूप में की गई है। हाल ही में, एटीएस के अधिकारियों ने देश की महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी जानकारी पाकिस्तान को देने के ऐसे ही आरोप में महाराष्ट्र में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान महतो का नाम सामने आया था।

### जज की कार छीनने के मामले में आरोपियों को जमानत

**ग्वालियर।** ट्रेन में अचानक बीमार हुए एक व्यक्ति को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अस्पताल पहुंचाने के दौरान एक जज की कार छीनने के मामले में राज्य उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने दोनों आरोपियों को जमानत प्रदान कर दी। न्यायाधीश सुनीता यादव ने दोनों आरोपियों हिमांशु और सुकृत को जमानत प्रदान कर दी। इन दोनों युवाओं की जमानत याचिका निचली अदालत ने खारिज कर दी थी। लगभग एक सप्ताह पुरानी इस घटना के दोनों आरोपी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े हुए बताए गए हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पुलिस प्रशासन को सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं। इसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। दरअसल ट्रेन में यात्रा के दौरान एक कुलपति को हृदयाघात हो गया था।

# मराठा आरक्षण के लिए सरकार को अधिक समय नहीं देंगे : पाटिल

**जालना,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जारंगे-पाटिल और अन्य दिग्गजों ने घोषणा की है कि वह महाराष्ट्र सरकार को आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने के लिए 24 दिसम्बर से अधिक समय नहीं देंगे। यह निर्णय रविवार रात जालना के अंतरवाली सरती गांव में जारंगे-पाटिल द्वारा बुलाई गई राज्य के मराठा समुदाय के गणमान्य लोगों की बैठक में लिया गया। जारांगे-पाटिल ने साथ ही राज्य भर के 54 लाख कुनबी रिकॉर्ड के आधार पर मांग की है कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के तहत ऐसे प्रमाण पत्र और आरक्षण दिया जाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार का काम कुनबी रिकॉर्ड प्राप्त कर उसके आधार पर रिपोर्ट बनाना और आरक्षण देना है। राज्य के सभी बड़े न्यायविदों ने हमें पत्र लिखा है और सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया है, तो अब सरकार को अपने वादों के हिसाब से मराठा समुदाय को आरक्षण देना जरूरी है।



उन्होंने कहा कि सरकार का काम कुनबी रिकॉर्ड प्राप्त कर उसके आधार पर रिपोर्ट बनाना और आरक्षण देना है।

राज्य के सभी बड़े न्यायविदों ने हमें इसके बारे में पत्र भी लिखा है और सरकार ने माना भी है कि उनको इसकी जरूरत है। पाटिल ने कहा कि दस्तावेजों पर जो तय हुआ है उसके आधार पर मराठा समुदाय को आरक्षण दें। क्योंकि ये शब्द आपके और आपके विशेषज्ञों के हैं। मराठों को इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार आरक्षण देगी, लेकिन फिर भी हमें सजग रहना होगा, इसीलिए हमने लोगों को बुलाया और आज बैठक की है। उन्होंने सरकार से मराठा समुदाय को 24 दिसम्बर तक आरक्षण देने का भी अनुरोध किया।

# तकनीकी पर हो हर किसी का अधिकार : मुर्मू

**■ राष्ट्रपति ने आईआईटी खड़गपुर के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

**खड़गपुर,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर जैसे संस्थानों की नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से 21वीं सदी का भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। मुर्मू ने कहा कि उन्हें प्रौद्योगिकी विकसित करने और उसे लागू करने के लिए क्रांतिकारी प्रयास करने होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि तकनीकी पर हर किसी का अधिकार होना चाहिए। इसका उपयोग सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाना चाहिए न कि समाज में दूरियां बढ़ाने के लिए।

आईआईटी खड़गपुर के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि



**प्रौद्योगिकी विकसित करने व उसे लागू करने के लिए क्रांतिकारी प्रयास करने होंगे : द्रौपदी मुर्मू**

डिजिटल भुगतान प्रणाली आम लोगों के जीवन को सरल बनाने वाली प्रौद्योगिकी का सबसे अच्छा उदाहरण है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आईआईटी खड़गपुर के 69वें दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई और संबोधित करते हुए कहा कि आईआईटी प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा है। आईआईटी को प्रतिभा और प्रौद्योगिकी का ऊष्मायन केंद्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि आईआईटी खड़गपुर को देश का पहला आईआईटी होने का गौरव प्राप्त है। इस संस्था ने लगभग 73 वर्षों की अपनी यात्रा में महान प्रतिभाओं को निखारा है और देश के विकास में इसका योगदान अतुलनीय है। राष्ट्रपति ने इस बात पर खुशी जताई कि केंद्र सरकार की आईआईटी के अंतरराष्ट्रीयकरण और वैश्वीकरण की नीति के अनुरूप, आईआईटी खड़गपुर अन्य वैश्विक संस्थानों के साथ गठबंधन और सहयोग पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आईआईटी खड़गपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में मदद करेगा बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा।

राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञान परंपरा वाले इतने विशाल देश का एक भी शैक्षणिक संस्थान दुनिया के शीर्ष 50 शैक्षणिक संस्थानों में शामिल नहीं है।

## रैंकिंग की दौड़ अच्छी शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है : राष्ट्रपति

आईआईटी खड़गपुर के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि रैंकिंग की दौड़ अच्छी शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लेकिन अच्छी रैंकिंग न केवल दुनिया भर के छात्रों और अच्छे संकाय को आकर्षित करती है बल्कि देश की प्रतिष्ठा भी बढ़ाती है। देश की सबसे पुरानी आईआईटी होने के नाते आईआईटी खड़गपुर को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि आज भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है, नए मानक स्थापित कर रहा है और एक प्रमुख विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है।

# जदयू के पूर्व एमएलसी से लाखों की ठगी

**पटना,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिहार की सत्ता में काबिज जदयू के पूर्व एमएलसी से रणविजय कुमार सिंह से ठगी की गई है। जिसके बाद अब उन्होंने इस मामले में गर्दनी बाग थाना में दिल्ली के रहने वाले तीन युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाया है। उनके इस शिकायत के बाद सियासी गलियारों में इस घटना की चर्चा ने काफी जोड़ पकड़ लिया है। हर कोई यह जानने में लगा हुआ है आखिर उन्हें कैसे ठग का शिकार बनाया गया। दरसअल, जदयू के पूर्व एमएलसी रण विजय कुमार सिंह अनिसाबाद पुलिस कालोनी में रहते हैं। रणविजय सिंह भोजपुर के बिहिया में पॉलीटेक्निक कालेज चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि ये लोग फर्नीचर का व्यवसाय करते हैं। इन लोगों ने हमसे करार किया था कि





कॉलेज में ये फर्नीचर सप्लाई करेंगे। इसके एवज में 60 लाख रुपया दिया गया था। लेकिन, पैसा देने के बाद भी फर्नीचर नहीं दिया गया।

उन्होंने पुलिस को कुछ साक्ष्य भी दिया है। रणविजय ने पुलिस को बताया कि 2019 में उन्हें कॉलेज के लिए फर्नीचर की आवश्यकता हुई। इसी दौरान हर्ष मदान और उनके फर्म से संपर्क हुआ। इसके बाद उन्होंने 60 लाख रुपए का भुगतान भी कर दिया। जिसके बाद 15 जनवरी 2020 तक फर्नीचर डिलीवर करने का एग्रीमेंट बना था। उधर, अब इस पूरे मामले के साढ़े तीन साल बाद भी फर्नीचर डिलीवर नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस से कहा कि अब फोन करने पर तीनों आरोपित उन्हें धमकाते हैं और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। अब शिकायत के बाद फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस भी संपर्क स्थापित कर सकती है।

## मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

वहीं, एमएलसी के शिकायत के बाद गर्दनीबाग थाने की पुलिस केस दर्ज कर ली है और मामले की छानबीन कर रही है। एमएलसी ने गर्दनीबाग थाना में दिल्ली के रहने वाले हर्ष मदान, रूबी मदान और उत्कर्ष मदान के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में लुढ़का पारा, सर्दी बढ़ी

**श्रीनगर,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग का तापमान शून्य से कम 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और घाटी में अधिकांश स्थानों पर रात के तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुलमर्ग में पिछली रात तापमान शून्य से कम 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस कम है। पहलगाम में रात का तापमान शून्य से कम 1.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 5.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान रविवार को शून्य से कम 0.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले सोमवार को 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है। कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। कुपवाड़ा में पिछली रात तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले सोमवार को तापमान शून्य से कम 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# तमिलनाडु में लगातार भारी बारिश से जनजीवन ठप

**तिरुनेलवेली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, तेनकासी, कन्याकुमारी और रामनाथपुरम जिलों में सोमवार को लगातार भारी बारिश होने से सामान्य जीवन ठप हो गया। राज्य के दक्षिणी जिलों में भारी वर्षा और जलजमाव के कारण रेल, हवाई तथा सड़क यातायात अस्त-व्यस्त हो गया। इसके अलावा, राज्य के अन्य हिस्सों से कई ट्रेनें और सर्वव्यापी सेवाएं निलंबित कर दी गईं। थूथुकुडी हवाई अड्डे से उड़ान सेवाएं रद्द कर दी गई हैं, जबकि दक्षिणी रेलवे ने एक अधिसूचना जारी कर घोषणा की है कि तिरुनेलवेली-चेन्नई एग्मोर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेन सेवाओं को दोनों दिशाओं में रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, तिरुनेलवेली- जामनगर, गुजरात और तिरुचेंदूर-पलक्कड़ के बीच एक्सप्रेस ट्रेन भी रद्द कर दी गई हैं। ओम्निबस फेडरेशन ने लगातार भारी बारिश के कारण दक्षिणी जिलों में 200 से अधिक ओम्निबस सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की है। सरकारी बसें मांग के आधार पर चलेंगी, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में यात्रियों के लिए वैकल्पिक परिवहन विकल्प उपलब्ध होंगे।


ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह–कर्जदार), ऋण खाता सं. एलएचआरपीआर00001356205, एलएचआरपीआर00001356204, एलएचआरपीआर00001356202 | एनए मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग–491111 | रू. 10,48,461/– 07–12–2023 | रू.13,78,377/– ——— रू.1,37,840/– | 21–12–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 05–01–2024 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 04–01–2024 के अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित चुकाने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001 में 04–01–2024 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001 में 04–01–2024 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में दुर्ग में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 9920807300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/
तिथि : 19–12–2023
स्थान : दुर्ग
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी


**अलर्ट** | *कोविड-19 के नए सब-वैरिएंट को लेकर कर्नाटक भी अलर्ट*

# अन्य बीमारियों वाले लोगों को चेहरे पर मास्क लगाने की सलाह

**कोडागु, 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। पड़ोसी राज्य केरल में कोविड-19 के सब-वैरिएंट जेएन डॉट 1 का एक मामला सामने आने के बाद कर्नाटक सरकार भी अलर्ट हो गई है। राज्य सरकार ने इसके मद्देनजर साठ वर्ष से अधिक की आयु वाले उन लोगों को अनिवार्य रूप से फेस मास्क लगाने को कहा है, खांसी, जुकाम, बुखार जैसी अन्य बीमारियों के लक्षण हैं।**

स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे लक्षणों और संदिग्ध मामलों वाले लोगों के बीच जांच और सीमावर्ती जिलों में निगरानी को बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और लोगों की आवाजाही और एकत्र होने पर फिलहाल किसी तरह के प्रतिबंध की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। हमने परसों एक बैठक की थी और डॉ. के रवि की अध्यक्षता वाली हमारी तकनीकी सलाहकार समिति ने कल बैठक की थी। इस दौरान उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में हमारे अधिकारियों और विशेषज्ञों के बीच चर्चा हुई थी। उन्होंने आगे कहा, साठ वर्ष से ज्यादा की आयु के लोगों और हृदय, गुर्दे से जुड़ी अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों और खांसी, जुकाम और बुखार वाले लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनना चाहिए। हम इस संदेश को जनता तक पहुंचा रहे हैं। साथ ही हमने अपने अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को तैयार रहने के लिए कहा है। कोडागू, दक्षिण कन्नड़, चामराजनगर जैसे सीमावर्ती जिलों में ज्यादा निगरानी होनी चाहिए। ये जिले केरल के साथ सीमा साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति के आधार पर फैसला करेगी कि आगे क्या कदम उठाने की जरूरत है। सीमा पर निगरानी बढ़ाने के साथ ही परीक्षण



**■ अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों को तैयार रहने के दिए गए निर्देश**

## साल के अंतिम दिनों में आने वाला है धमाकेदार गाना 'लड्डू बटले रही'

**पटना।** वर्ष 2023 के सुपर हिट गानों की श्रृंखला में सुपर स्टार राकेश मिश्रा का धमाकेदार गाना 'लड्डू बटले रही' रिलीज होने वाला है। इस गाने का टीजर आउट हुआ है। गाने का टीजर राकेश मिश्रा के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है और इसका फुल लेंग्थ गाना भी इसी चैनल से रिलीज होने वाला है। सुपर स्टार राकेश मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह गाना बेहद खूबसूरत है। गाना लोगों को खूब पसंद आएगा और मुझे भोजपुरी के संगीत प्रेमियों पर पूरा भरोसा है, कि वे हर बार की तरह इस गाने को भी खूब प्यार मिलेगा। यह गाना इस साल का सबसे बड़ा गाना साबित हो सकता है, इसके लिए दर्शकों का प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है, जो मुझे जरुर मिलेगा।

# नर्वस सिस्टम से जुड़ी समस्याओं को योग से करें दूर

■ अलका सिंह

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। योग मुख्य रूप से हमारे शरीर की तंत्रिकाओं यानी नर्वस पर काम करता है यही वजह है कि योग से शरीर की हर तरह की बीमारियां दूर हो जाती हैं। नर्वस शरीर के हर हिस्से को जोड़ती है इसलिए शरीर के सही संचालन के लिए जरूरी है कि नर्वस सही तरह से काम करें। योग में भी इसके लिए शलभासन है, जो नर्वस सिस्टम पर काम करता है और उन्हें सक्रिय बनाता है, जिससे शरीर बेहतर तरीके से काम करता है

कमजोर तंत्रिका तंत्र शरीर में बीमारियों को बढ़ाता है। नियमित तौर पर योग का अभ्यास तंत्रिका तंत्र के लिए उपयोगी है। तंत्रिका तंत्र हमारे शरीर में अंगों का नियंत्रण व शरीर के वातावरण को संतुलित करता है। हमारे शरीर की गतिविधियों को चलाने का काम तंत्रिका तंत्र करता है। अगर तंत्रिका तंत्र कमजोर हो जाए तो इससे हमारे पूरे शरीर में कमजोरी आने लगती है। कमजोर तंत्रिका तंत्र के कारण शरीर में ऐंठन, टूटन, थकान आदि महसूस होने लगती है। जब हमारे



दिमाग तक रक्त ठीक से नहीं पहुंच पाता है तब नर्वस सिस्टम ठीक से काम नहीं कर पाता। ऐसे में नर्वस सिस्टम को मजबूत बनाने में योग आसन बहुत कारगर हैं। योग एक्सपर्ट अलका सिंह का कहना है कि योग करने से नर्वस सिस्टम को मजबूती मिलती है जिससे हमारा दिमाग और शरीर दोनों सही प्रकार से काम करते हैं। तो आइए योग एक्सपर्ट अलका सिंह से जानते हैं कि वे कौन से योगासन हैं जिन्हें करने से नर्वस सिस्टम मजबूत होता है।

### मजबूत तंत्रिका तंत्र के लिए प्राणायाम

**नाड़ीशोधन प्राणायाम :** प्राणायाम तंत्रिका तंत्र को शांत और संतुलित करने में भी बहुत सहायक होते है नाड़ीशोधन प्राणायाम,कपालभाति और अनुलोम विलोम जैसे प्राणायाम दिमाग को तेज करने और याददाश्त बढ़ाने में काफी कारगर होते हैं। दूसरी ओर, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जयी और उदगीथ श्वसन और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

### मजबूत तंत्रिका तंत्र के लिए योग आसन

**वक्रासन :** यह पाचन की सुविधा में मदद करता है और पाचक रस के स्राव को नियंत्रित करता है।

**उष्ट्रासन :** यह जांघों पर वसा को कम करने में मदद करता है, कंधों और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करता है, उदर क्षेत्र का विस्तार करता है और श्वसन में सुधार करता है।

**गोमुखासन :** घुटने के पुराने दर्द के इलाज में बहुत फायदेमंद है, रीढ़ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है। यह छाती की गतिविधि में सुधार करने में भी मदद करता है


**योग मुद्रा आसन :** यह आसन माइग्रेन और साइनस की समस्या को दूर करने में मदद करता है। यह लीवर और किडनी की बीमारियों के इलाज में भी मदद करता है।

**मंडुकासन :** यह आसन कब्ज की समस्या का इलाज करने में मदद करता है और प्रतिरक्षा को मजबूत करता है। मंडुकासन मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

**हलासन :** पीठ दर्द, बांझपन, अनिद्रा, साइनसाइटिस, थायराइड और मासिक धर्म की समस्याओं को ठीक करने में मदद करता है।

**उत्तानपादासन :** यह एसिडिटी, अपच और कब्ज के इलाज में मदद करता है। यह पीठ दर्द को भी ठीक करता है और प्रजनन अंगों में सुधार करता है। मजबूत तंत्रिका तंत्र के लिए प्राणायाम
योग एक्सपर्ट अलका सिंह के अनुसार प्राणायाम तंत्रिका तंत्र को शांत और संतुलित करने में भी बहुत सहायक होते हैं। कपालभाति और अनुलोम विलोम जैसे प्राणायाम दिमाग को तेज करने और याददाश्त बढ़ाने में काफी कारगर होते हैं। दूसरी ओर, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जयी और उदगीथ श्वसन और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

## 'द आर्चीज' ने मुझे म्यूजिक और एक्टिंग में खुद की पहचान बनाने में मदद की : डॉट



**मुंबई,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस डॉट, जिनका असली नाम अदिति सहगल है, ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में जोया अख्तर की 'द आर्चीज' से डेब्यू किया। उनका कहना है कि इससे उन्हें म्यूजिक और एक्टिंग दोनों के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला। डॉट ने म्यूजिकल फिल्म में एथेल की भूमिका निभाई।

एक्ट्रेस ने खुशी कपूर पर फिल्माए गए सभी चार डियर डायरी थीम्स को लिखा और गाया है, साथ ही बेट्टी (खुशी) के करेक्टर को अपनी आवाज दी है, 'एसिमेट्रिकल' गाना गाया और कंपोज किया है। उन्होंने अन्य दो चार्टबस्टर्स 'ढिशूम ढिशूम' और 'सुनोह' भी गाए हैं।

डॉट ने कहा कि मैं 'द आर्चीज' म्यूजिक को लिस्नर्स से मिल रहे जबरदस्त प्यार से रोमांचित हूं। म्यूजिक मेरी पहचान का एक बड़ा हिस्सा है। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से बहुत पहले मैं एक सॉन्गराइटर थी। 'द आर्चीज' ने मुझे म्यूजिक और एक्टिंग दोनों के जरिए खुद की पहचान बनाने में मदद की, इसलिए स्वाभाविक रूप से यह हमेशा मेरा सबसे पसंदीदा प्रोजेक्ट रहेगा।

एक्ट्रेस ने कहा कि यह एल्बम मेरे लिए खास है। मुझे जोया, जावेद अख्तर, एसईएल और अंकुर तिवारी जैसे इंडस्ट्री के अग्रणी लोगों के साथ-साथ इंडी म्यूजिशियन तेजस और द आइलैंडर्स के साथ काम करने का मौका मिला। डॉट इस बात से खुश हैं कि 'सुनोह' 2023 के सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गानों में शुमार है।

## अली एल अरबी की 'ब्लू 52' से इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा धूपिया



**मुंबई,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित 'ब्लू 52' से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अली एल अरबी ने अपनी अवॉर्ड-विनिंग डॉक्यूमेंट्री फीचर 'कैप्टन्स ऑफ जाअतारी' के लिए सेलिब्रेट किया।

'ब्लू 52' कोच्चि, भारत और कतर की स्टनिंग बैकड्रॉप पर आधारित है। अपने इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा कि ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल अरबी ने कहा कि ब्लू 52 का निर्माण मिस्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है। नेहा ने अपनी भूमिका में जबरदस्त समर्पण दिखाया और किरदार में भावनात्मक गहराई भर दी। कोच्चि की खूबसूरत जगह और कतर की वाइब्रेंट एनर्जी हमारी स्टोरी कहने के लिए एकदम सही कैनवास के रूप में काम करती है। यह फिल्म इंटरनेशनल सिनेमा की सहयोगात्मक भावना का एक प्रमाण है। मैं दर्शकों को उस स्तर का अनुभव कराने के लिए उत्साहित हूं, जो हमने मिलकर बनाई है। यह फिल्म एंबियंट लाइट द्वारा प्रस्तुत की गई है, जिसमें अली एल अरबी निर्देशक और निर्माता हैं, तारिक अल-नामा निर्माता हैं। सह-निर्माता के रूप में क्रिसैन कैटसूलिस, जो मैथ्यूज और कटारा स्टूडियो है।

# पहली बार सात साल के बच्चे का दुर्लभ बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। पहली बार सात साल के एक बच्चे का दुर्लभ बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया है। यह ट्रांसप्लांट आर्मी हॉस्पिटल आर एंड आर दिल्ली कैंट में किया गया। यह ट्रांसप्लांट मास्टर सुशांत पौडेल पर किया गया। सुशांत प्राथमिक प्रतिरक्षा क्षमता विकार (इम्यूनोडिफीसिअन्सी डिसऑर्डर) से पीड़ित था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस अभूतपूर्व प्रक्रिया ने इसी प्रकार की स्वास्थ चुनौतियों का सामना करने वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए भी आशा के नए दरवाजे खोल दिए हैं।

सिपाही प्रदीप पौडेल के 7 साल के बेटे सुशांत का एक साल की उम्र में ही एआरपीसी1बी से ग्रस्त होने का पता चला था, जो इम्यूनोडेफिशियेंसी का एक बहुत ही दुर्लभ रूप है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसने उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया था, जिसके कारण उसे बार-बार जीवन-घातक संक्रमण और अन्य जटिलताओं का सामना करने का खतरा हो गया था। उसे छह महीने पहले आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में रेफर किया गया था, लेकिन उनके पास एचएलए मैचिंग सिबलिंग डोनर उपलब्ध नहीं



था। अस्पताल की हेमेटोलॉजी विभाग की टीम ने एक उपयुक्त डोनर को तलाशने और सावधानीपूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने की व्यवस्था करने के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। 30 नवम्बर 2023 को किए गए मैच्ड अनरिलेटेड डोनर (एमयूडी) ट्रांसप्लांट में उस एचएलए उपयुक्त डोनर से स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को निकाला गया, जो इस मामले में एक स्वैच्छिक असंबंधित डोनर था, और उन स्टेम सेल्स को सुशांत पौडेल के रक्तप्रवाह में डाला गया।

**एक साल की उम्र में ही एआरपीसी1बी से ग्रस्त होने का चला था पता**

इसके बाद कीमोथेरेपी की बहुत ऊंची खुराक से उसकी स्वयं की दोषपूर्ण कोशिकाओं को नष्ट कर दिया गया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य दोषपूर्ण प्रतिरक्षा कोशिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं से बदलना था, जिसके द्वारा उस रोगी बच्चे को एक स्वस्थ और जीवंत जीवन का नया मौका उपलब्ध कराना था।

इस सफल प्रत्यारोपण के बाद, एएचआरआर के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने कहा कि यह एएचआरआर में संपूर्ण चिकित्सा बिरादरी के लिए बहुत गौरव और संतुष्टि का पल है और टीम के प्रयासों के कारण ही इस रोगी के इलाज में सफलता अर्जित हुई है। हेमेटोलॉजी विभाग के विभाग प्रमुख ब्रिगेडियर राजन कपूर ने अनुसार, सुशांत पौडेल की यह यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह उपलब्धि समर्पित चिकित्सा टीम के मिले-जुले प्रयासों और सुशांत के परिवार के अटूट समर्थन तथा डोनर की उदारता का जीवंत प्रमाण है।

कपूर का कहना है कि भारत में इस इम्युनोडेफिशिएंसी डिसआर्डर में किया गया यह ऐसा पहला प्रत्यारोपण है। हेमेटोलॉजी विभाग के कर्नल राजीव कुमार के मुताबिक केवल पांच मरीजो में से एक के भाई-बहन का पूरा एचएलए मैच करता है। इस मरीज में दातरी से मिले एचएलए मैच्ड गैर-संबंधित डोनर की स्टेम कोशिकाओं की उपलब्धता वास्तव में जीवन-घातक इम्यूनोडेफिशियेंसी विकार से ग्रस्त ऐसे मरीजों के लिए एक गेम चेंजर है।

## चार वर्षीय बच्चे की श्वासनली में फंसे सिक्के को निकालकर चिकित्सकों ने बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा,**18 दिसम्बर (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए एक 4 वर्षीय बच्चे की जान बचाई। बच्चे ने घर पर खेलते समय गलती से एक सिक्का निगल लिया था। परिवार के लोग तत्काल उस बच्चे को ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ले आए। फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के कंसल्टेंट डॉ. अपूर्व पांडे ने बच्चे की नाजुक स्थिति को को देखते हुए तुरंत एक्सरे करवाया।

डॉ. अपूर्व पांडे ने बताया कि एक्सरे से पता चला कि सिक्का बच्चे की श्वासनली में फंसा हुआ है। हमारी टीम ने उस सिक्के को निकालने के लिए एंडोस्कोपी प्रक्रिया शुरू की। दुर्भाग्य से इस दौरान सिक्का खिसककर बच्चे के पेट में चला गया, जिससे टीम के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई थी, लेकिन टीम के अथक प्रयास के बाद देर रात में सफलतापूर्वक सिक्का बाहर निकाल लिया। चार वर्षीय बच्चा अब स्वस्थ और सुरक्षित है। अस्पताल में पूरी



तरह से देखभाल के बाद, बच्चे को वापस घर भेज दिया गया है। बच्चे के परिजनों ने डाक्टरों की तत्परता पर खुशी जाहिर की।

## मिराज सिनेमाज ने अंसल प्लाजा में अपने तीन-स्क्रीन के मल्टीप्लेक्स का अनावरण किया

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत की सबसे तेजी से बढ़ती और तीसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय मल्टीप्लेक्स श्रृंखला, मिराज सिनेमाज ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के वैशाली, गाजियाबाद में अंसल प्लाजा की दूसरी मंजिल पर अपने नवीनतम मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन किया। यह दिल्ली एनसीआर में मिराज सिनेमाज की आठवीं प्रॉपर्टी है, जिससे इस क्षेत्र में अब स्क्रीन्स की संख्या 23 हो गई है। मिराज सिनेमाज का लक्ष्य अपने नए तीन-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स के साथ फिल्म देखने के अनुभव को फिर से परिभाषित करना है। तीन स्क्रीनों पर फैले 846 फिल्म प्रेमियों के लिए बैठने की क्षमता के साथ, मिराज सिनेमाज का अंसल प्लाजा मल्टीप्लेक्स विविध प्राथमिकताओं को पूरा करता है।

इस अवसर पर, मिराज एंटरटेनमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, अमित शर्मा ने कहा कि हमारे नवीनतम, मिराज सिनेमाज अंसल प्लाजा वैशाली में मंत्रमुग्ध कर देने वाली दुनिया में कदम रखें।



उन्होंने दिल्ली एनसीआर में तीन और आगामी मल्टीप्लेक्स का खुलने का संकेत दिया है। वो भी 50 से अधिक स्क्रीनों फिटआउट में। अगले साल देश भर में चेन्नई, कोझिकोड, पटियाला, लुधियाना, इंदौर, अलवर, आगरा, जमशेदपुर सहित कई अन्य शहरों में भी नए सिनेमाघरों का होगा शुभारम्भ। उन्होंने बताया 200 स्क्रीन की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के साथ, कंपनी अब 43 शहरों और 16 राज्यों में कार्यरत है।

# शिल्पग्राम उत्सव-2023 में बहेगी कला की सरिता

### लोक संगीत और फॉक डांस का अनूठा संगम होगा

**उदयपुर,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में झीलों की नगरी उदयपुर में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा 21 दिसम्बर से आयोजित किए जाने वाले विश्व विख्यात शिल्पग्राम महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि इस दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव का शुभारंभ 21 दिसम्बर को राज्यपाल कलराज मिश्र ढोल बजाकर करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि इसमें कुचिपुड़ी सहित तमाम क्लासिकल नृत्यों के साथ राजस्थान के ग्रामीण अंचलों के लोक संगीत और फॉक डांस का अनूठा संगम होगा। इस बार के शिल्पग्राम महोत्सव में देश के साथ ही विदेशी कलाकार भी शामिल होंगे। महोत्सव में पद्मश्री से सम्मानित चार प्रसिद्ध कलाकारों के साथ ही अपनी-अपनी आर्ट फॉर्म में सिद्धहस्त और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके 16 कलाकार भी प्रस्तुतियों से रिझाएंगे। यहां राष्ट्रीय हस्तशिल्प एवं लोक कला शिल्पग्राम महोत्सव 30 दिसम्बर तक चलेगा। इस बार शिल्पग्राम उत्सव की थीम 'वर्ली ट्राइबल आर्ट' है। महोत्सव में करीब 400 शिल्पकार शामिल होने पहुंचेंगे। सोनी ने बताया कि इस उत्सव में अपनी विधा पर सिद्धहस्तता दिखाने वाले पद्मश्री कलाकारों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाली प्रस्तुति 'वीर मीरा' संगीत नाटक की रचयिता विदुषी सुमित्रा गुहा, ओडिशी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर तथा फिल्म निर्मात्री रंजना गौहर, आंध्र प्रदेश के शास्त्रीय नृत्य, कुचिपुड़ी शैली के गुरु और कलाकार वीरनाला जयराम राव और फिल्मों में खूबसूरत गायिकी से मन मोह चुके राजस्थान के जैसलमेर के मांगणियार लोक गायक अनवर खान अपनी म्यूजिकल हार्मोनी जैसी विश्व प्रसिद्ध पेशकश देंगे।

# एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में 17 लाख ट्यूलिप का होगा प्रदर्शन

**श्रीनगर,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में अगले साल हॉलैंड से आयातित छह नई किस्मों सहित 17 लाख ट्यूलिप फूलों का प्रदर्शन किया जाएगा। सहायक पुष्प कृषि अधिकारी ट्यूलिप गार्डन आसिफ अहमद ने बताया कि उन्होंने बल्बों (ट्यूलिप) की बुआई लगभग पूरी कर ली है और कुल मिलाकर बगीचे में 17 लाख ट्यूलिप प्रदर्शित किए जाएंगे। यह पिछले वर्ष की तुलना में दस लाख अधिक होगा।

आसिफ ने कहा कि हमने इस साल ट्यूलिप फूलों की छह नई किस्में पेश की हैं, जिन्हें हॉलैंड से आयात किया गया है, और ये पिछले साल प्रदर्शित 68 किस्मों के अतिरिक्त होंगी।

उन्होंने कहा कि ट्यूलिप गार्डन



अगले साल बहुत ही आकर्षक होगा और हम बड़ी संख्या में लोगों के गार्डन में आने की उम्मीद कर रहे हैं और उम्मीद है कि यह 3.65 लाख दर्शकों के पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर जाएगा। ट्यूलिप गार्डन के विस्तार के बारे में उन्होंने कहा कि ट्यूलिप गार्डन के पास सकुरा गार्डन लगभग पूरा हो चुका है और आने वाले वर्षों में इसका और भी ट्यूलिप को लगाया जाएगा।

आसिफ ने कहा कि हमने इस वर्ष बगीचे में आने वाले आगंतुकों के लिए लगभग 50 कनाल भूमि पर हरे-भरे स्थानों का एक बड़ा हिस्सा विकसित किया है। यह आने वाले पर्यटक को बगीचे में बैठने का लुत्फ उठायेंगे। उन्होंने कहा है कि उद्यान में आवश्यक सिविल कार्य को पहले ही पूरा कर लिया है। यहां आकस्मिक मजदूरों और स्थायी माली सहित 100 से अधिक लोग हैं, जो बगीचे की देखभाल कर रहे हैं।

**20 मार्च के बाद किसी भी समय बगीचे को पर्यटकों के लिए खोले जाने की संभावना**

उन्होंने कहा कि ट्यूलिप बल्बों का रोपण 15 नवम्बर और उसके बाद से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि किस्मत से इस वर्ष मौसम अनुकूल रहा और हमने समय पर काम पूरा कर लिया।

श्रीनगर में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन लगभग 30 हेक्टेयर (74 एकड़) के क्षेत्र में फैला हुआ है। जो एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन है। यह उद्यान ज़बरवान रेंज की तलहटी में स्थित है, जो ढलान वाली भूमि पर सीढ़ीनुमा ढंग से बनाया गया है, जिसमें डल झील के दृश्य के नुमा मेड़ बनी हैं। आसिफ ने कहा कि केन्द्रशासित प्रदेश के तापमान को ध्यान में रखते हुए अगले साल 20 मार्च के बाद किसी भी समय बगीचे को पर्यटकों के लिए खोले जाने की संभावना है। ट्यूलिप गार्डन को एशिया में सबसे सुंदर और सबसे बड़ा होने के लिए अप्रैल में लंदन में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया था। पिछले कुछ वर्षों से ट्यूलिप गार्डन दुनिया भर से बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इस वर्ष 3.65 लाख से अधिक पर्यटकों ने ट्यलिप उद्यान का दौरा किया, जो अब तक के पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है।

## बंगला फिल्म काबुलीवाला में नजर आएंगे मिथुन चक्रवर्ती



**मुंबई,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बंगला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभायी थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभायी है। जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया, रहमत का किरदार काफी चैलेंजिग रहा, क्योंकि इससे पहले जिन्होंने यह रोल किया था, वह एक्टिंग के भगवान माने जाते हैं, यानी छवि बिस्वास और बलराज साहनी जी। जब मुझे यह किरदार ऑफर हुआ था तो मैंने मना कर दिया था, क्योंकि मुझमें दम नहीं है कि ऐसे मुकाबले में आगे आऊं। यह मुकाबला नहीं, पर सुमन घोष अड़ गए कि मैं यह फिल्म बनाऊंगा तो आपके साथ ही।इसके बाद बहुत सारी चीजों पर चर्चा हुई कि कैसे करूंगा, कैसे उच्चारण आएगा। फिर मेरा एक दोस्त है कमालउद्दीन खान जो कि अफगानी दोस्त है।

रायपुर, मंगलवार 19 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भारत को लेकर अमेरिका की चिंता

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए बने अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ ने बाइडेन सरकार से अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत को 'विशेष चिंता वाला देश' घोषित करने का आह्वान किया है। यह आयोग 2020 से लगातार ऐसी ही मांग उठाते आया है। इस साल फिर आयोग ने कहा है कि भारत व्यवस्थित तरीके से लोगों की धार्मिक आजादी और आस्था को निशाना बना रहा है। इसलिए भारत को विशेष चिंता का देश नामित किया जाए। खास बात यह है कि इस बार भारत के लिए यह नकारात्मक टिप्पणी विदेशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों को कथित रूप से निशाना बनाने का हवाला देते हुए की गई है। कुछ समय पूर्व कनाडा में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और उसके बाद अमेरिका में इसी तरह गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को आयोग ने चिंताजनक बताया है। हालांकि इन दोनों मामलों पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि जरूरी नहीं कि दोनों मुद्दे एक जैसे हों। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां हम जो करते हैं जिम्मेदारी से करते हैं।

अच्छी बात है कि भारत सरकार कहीं तो ये स्वीकार कर रही है कि वो जो करती है जिम्मेदारी से करती है। वर्ना पिछले कुछ सालों में तो यही दिख रहा है कि बड़े-बड़े फैसले बिना किसी जिम्मेदारी के लिए जा रहे हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे फैसले इसकी मिसाल हैं, जिनमें लाखों लोग प्रभावित हो गए और फिर भी कहीं किसी की जिम्मेदारी नहीं तय हुई। अभी संसद पर इतने सनसनीखेज तरीके से धुएं का हमला किया गया, उस पर भी सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग, जिम्मेदार तरीके से जवाब देने से बचते रहे हैं। अब कम से कम विदेश मंत्री ने जिम्मेदारी से काम करने की बात तो मानी है। इसके बाद अब विदेश मंत्री को इस बात का जवाब भी दे देना चाहिए कि आखिर क्यों अमेरिकी आयोग लगातार तीसरे साल भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताजनक टिप्पणी कर रहा है। जिस तरह प्रेस की स्वतंत्रता से लेकर भुखमरी के आंकड़ों तक भारत हर अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को गलत बताता आया है, और इससे पहले अमेरिकी आयोग की धार्मिक स्वतंत्रता की रिपोर्ट को भी खारिज करता आया है, इस साल की रिपोर्ट को भी रद्दी की टोकरी में डाला जा सकता है। लेकिन अयोध्या के बाद मथुरा और काशी में अपने संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार बैठी भाजपा क्या यह बताएगी कि आखिर साल दर साल एक जैसी ही चिंता क्यों व्यक्त की जा रही है। कहीं कोई चिंगारी सुलग तो रही है, जिसका धुआं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर आने लगा है।

अयोध्या में राम मंदिर तो बन कर लगभग तैयार हो ही चुका है, इस बीच पिछले साल काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के लिए अदालती आदेश जारी हुआ था और अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में कोर्ट की निगरानी में सर्वे कराने की मांग स्वीकार कर ली गई है। 1991 में लागू किया गया प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खोता जा रहा है, जिसमें कानूनी प्रावधान है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। जब यह कानून बनाया गया था, उस वक्त किसी ने शायद कल्पना नहीं की होगी कि भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने का उन्माद इतने व्यापक तौर पर असर दिखाने लगेगा। लेकिन 30 सालों में गंगा-जमुना में इतना पानी बह गया है कि गंगा-जमुनी संस्कृति भी वक्त की धार में खो गई है। अब जो जितनी नफरत के साथ राजनैतिक सौदेबाजी करेगा, वो उतना बड़ा नेता कहलाएगा। तो इस वक्त देश में सत्ताधारी लोगों में बड़ा नेता बनने की होड़ लगी हुई है।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हलाल और झटके के मांस पर राजनीति करते हुए कहा है कि मैं उन मुसलमानों की प्रशंसा करता हूं जो केवल हलाल मांस ही खाते हैं। अब हिंदुओं को अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति इसी तरह की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि हत्या करने का हिंदू तरीका झटका है। इसलिए हिंदुओं को हमेशा झटका पर कायम रहना चाहिए। अब तक नवरात्रि और सावन के महीने में मीट की दुकानें बंद करने की मुहिम छेड़ी जाती थी। फिर कई जगहों पर धार्मिक स्थलों के आसपास मांस की दुकानें बंद करवाई गईं। जयपुर में मांसाहारी खाद्य वस्तुओं के ठेले बंद करवाने का अभियान छेड़ा गया, हालांकि पांच सितारा होटलों पर ऐसा कोई जोर नहीं दिखाया गया। और अब हलाल और झटके के मांस को लेकर राजनेता सलाह देने लगे हैं कि किसे क्या खाना चाहिए और क्यों खाना चाहिए।

उधर असम में बीते बुधवार सरकार संचालित और सरकारी सहायता प्राप्त 'एमई मदरसों' यानी मिडिल स्कूल मदरसों को तत्काल प्रभाव से सामान्य स्कूलों में बदलने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद राज्य के 1,281 मदरसे अब एम ई स्कूल कहलाएंगे, मदरसा नहीं। अरबी के शब्द मदरसा का अर्थ पाठशाला, विद्यालय या स्कूल ही होता है। लेकिन धर्म के नाम पर भेदभाव करने वाले लोग भाषा के भेद को समझ नहीं सके। उन्हें इस्लाम से ही नहीं, अरबी के शब्द से भी तकलीफ होने लगी। क्योंकि अपने संकुचित नजरिए में वे यह देख ही नहीं पाए कि मदरसा केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित नहीं होता है, जहां कहीं भी ज्ञान की शाला लगती है, वो मदरसा ही कहलाएगा। दरअसल असम में भाजपा सरकार ने 2021 में मदरसा शिक्षा-संबंधित दो अधिनियमों को समाप्त करने के लिए एक कानून बनाकर सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की थी, तब हिमंता बिस्वासरमा शिक्षा मंत्री थे। अब वे मुख्यमंत्री हैं और उनकी सरकार मदरसों को बंद करने पर तुली है। भाजपा का तर्क है कि सरकारी पैसे पर धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। लेकिन क्या यह तर्क सरस्वती शिशु मंदिर जैसे शिक्षा संस्थानों पर भी लागू होगा, यह विचारणीय है।

बहरहाल, हलाल, झटका और मदरसा बनाम स्कूल तक के तमाम विवाद कपड़ों की पहचान के गुजरात मॉडल को ही अभिव्यक्त कर रहे हैं। जब तक सत्ता हाथ में है, तब तक इस बात की फिक्र क्यों की जाए कि भारत में बढ़ रही धार्मिक असहिष्णुता को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसी छवि बन रही है।

# मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!

20 19 के अगस्त में शुरू में जम्मू-कश्मीर के संबंध में केंद्र सरकार ने जो विवादास्पद कदम उठाए, उनकी कानूनी/ संवैधानिक वैधता पर उस समय संसद में तथा संसद के बाहर भी गंभीर सवाल उठे थे और उसी आधार पर इन कदमों को सुप्रीम कोर्ट में कई राजनीतिक तथा सामाजिक-नागरिक अधिकार संगठनों की ओर से चुनौती भी दी गई थी। बहरहाल, कानूनी वैधता पर विवाद के विपरीत, मोदी सरकार के उक्त कदमों के संबंध में एक बात निर्विवाद थी। ये कदम सत्ताधारी भाजपा और उससे भी बढ़कर उसके मातृ संगठन, आरएसएस के बुनियादी लक्ष्यों में से एक को पूरा करने वाले कदम थे। कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली, संविधान की धारा-370 को खत्म कराना, स्वतंत्रता की शुरूआत से ही आरएसएस के और उसके द्वारा खड़ी की गई राजनीतिक पार्टियों, पहले जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के मूल एजेंडे पर रहा था। अगर सवा चार साल पहले, भाजपा की प्रबल बहुमत की सरकार ने, आरएसएस के इस पुराने एजेंडे को पूरा कर दिया था, तो अब सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने, मोदी सरकार के उक्त कदमों पर वैधता की मोहर लगाकर, आरएसएस के उक्त एजेंडे के पूरे किए जाने को, तथाकथित अमृतकाल के भारत की नियति बना दिया है।

कहने की जरूरत नहीं है कि देश को बलपूर्वक इस दिशा में धकेले जाने की समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यह दिशा आरएसएस के एजेंडे की है। समस्या यह है कि यह दिशा, इस देश के स्वतंत्रता संघर्ष की मूल दिशा से उल्टी है। स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। आरएसएस के एजेंडे की मूल दिशा, जो जम्मू-कश्मीर की इस बहुसंख्यक आबादी के प्रति वैरभाव पर आधारित है, इस नाजुक रिश्ते को उधेड़ने का ही काम कर सकती है, फिर चाहे एक भूभाग के रूप में उसके कितने ही बड़े हिस्से पर बलपूर्वक नियंत्रण रखना क्यों न संभव हो।

इसलिए, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच से निकली, स्वतंत्र भारत की मूल संकल्पना की परवाह करने वाला कोई व्यक्ति अगर बरबस, बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बैंच के ही फैसले के बाद चलन में आई इस उक्ति को एक बार फिर दोहराए तो हैरानी की बात नहीं होगी—मी लार्ड, फैसला मिला है, न्याय नहीं!

न्याय नहीं मिलने के दो पहलू हैं, जो आगे चलकर आपस में जुड़ जाते हैं। पहला तो यही कि धारा-370 के निरस्त किए जाने को वैध ठहराते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उस विशिष्ट रिश्ते की ओर से आंखें ही मूंदे रखी हैं, जिसकी अभिव्यक्ति इस धारा की विशिष्ट व्यवस्था में हो रही थी। इसी का नतीजा सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस दावे के रूप में सामने आता है कि जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ के साथ विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, उसकी कोई 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं रह गई थी। और इसलिए, संप्रभुता के इकलौते आसन के रूप में भारतीय संघ को, अपने अंग के रूप में उसके लिए निर्णय लेने के समस्त अधिकार हैं, जिसमें धारा 370 को खत्म करना भी शामिल है।

लेकिन, संप्रभुता की यह नितांत एकात्मवादी अवधारणा है, जबकि भारतीय संविधान में स्थापित संघीय व्यवस्था, संप्रभुता की एक बहुपरतीय अवधारणा की



राजेंद्र शर्मा

> स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है।

मांग करती है, जहां स्वायत्तता के रूप में संप्रभुता के तत्व दूर तक बिखरे रहते हैं। राज्यों के अधिकारों की विस्तृत व्यवस्था पर आधारित भारतीय संघीय व्यवस्था, संप्रभुता के तत्वों के इसी बिखराव की अभिव्यक्ति है। धारा-371 के अंतर्गत उत्तर-पूर्व के अनेक राज्यों में तथा अन्य कई राज्यों में भी, संघीय शासन के बरक्स स्थानीय शासन को दिए गए विशेषाधिकार, इसी का एक और स्तर हैं। धारा-370 इसी के एक और स्तर को अभिव्यक्त करती थी, जिसमें इस रूप में इसकी अनुल्लंघनीयता की गारंटी भी जोड़ी गई थी कि इसका अनुमोदन करने वाली जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के अनुमोदन से ही, इसे बदला जा सकता था। यह एक पवित्र वादे की अभिव्यक्ति थी, जो भारतीय संघ की ओर से विलय के समय, जम्मू-कश्मीर की जनता से किया गया था।

लेकिन, 2018 में राज्य में राज्यपाल/ राष्ट्रपति शासन लगाकर, विधानसभा के भंग किए जाने के जरिए, कपटपूर्वक इस वादे को तोड़े जाने का रास्ता तैयार किया गया, जिस पर अदालत ने इसलिए अनुमोदन की मोहर लगा दी है कि उसकी नजर में ऐसा करना उस संप्रभुता के दायरे में था, जिसका एकमात्र संघ में ही वास है। संप्रभुता की इसी सीमित करने वाली अवधारणा का विस्तार कर, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में, पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस मनमाने निष्कर्ष पर पहुंची कि संविधान की धारा, जम्मू-कश्मीर के भारत से 'पूर्ण-एकीकरण' के लिए की गई एक 'अस्थायी' व्यवस्था थी और इसलिए, उसका खत्म होना उसके अस्तित्व के उद्देश्य के ही पूरा होने का सूचक है। धारा 370 के खत्म किए जाने के लिए, इस धारा को ही दलील बनाए जाने से, ऊटपटांग चीज दूसरी नहीं हो सकती है।

न्याय नहीं मिलने का दूसरा पहलू, मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटने के निर्णय से संबंधित है। राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे टुकड़ों में बांटने का यह निर्णय, इसके बावजूद लिया गया था कि उस समय जम्मू-कश्मीर विधानसभा अस्तित्व ही नहीं थी जबकि संघीयता के तकाजों के आधार पर संविधान इसकी स्पष्ट व्यवस्था करता है कि संघ के हिस्से के रूप में किसी राज्य के दर्जे या उसकी सीमाओं में बदलाव के लिए, संघ का प्रस्ताव राष्ट्रपति द्वारा राज्य की राय हासिल करने के लिए उसे भेजा जाना आवश्यक है, भले राज्य की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकर नहीं होती है। इस मामले में कपटपूर्वक इस मामले में राज्य की राय के स्थानापन्न के रूप में राज्यपाल की राय को रख दिया गया, जो निर्विवाद रूप से संघीय सरकार का एजेंट होता है। विचार करने का प्रश्न यह था कि क्या केंद्र को इसकी इजाजत दी जा सकती है कि, अपने ही एजेंट की राय को, राज्य की राय बनाकर, राज्यों के साथ अपनी मनमानी का रास्ता बना ले।

दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस प्रश्न को सीधे संबोधित करने से बचने का ही रास्ता ही अख्तियार किया। उल्टे उसने पूरे मामले में विचार कर कोई निर्णय देने से ही इस बहाने से इंकार कर दिया कि संघ सरकार की ओर से यह वादा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। इसलिए, इस प्रश्न पर विचार करने की जरूरत ही नहीं रह जाती है! लेकिन, इस मामले में विवाद में न जाने की अदालत की उत्सुकता इतनी प्रबल थी कि उसने वादा करने वाले संघीय शासन से यह तक जानने की जरूरत नहीं समझी कि राज्य के दर्जे की बहाली कब की जाएगी? उल्टे, उसी फैसले में उसने मोदी सरकार के उन्हीं कदमों के क्रम में, जम्मू-कश्मीर को तोड़कर, लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने को वैध भी, ठहरा दिया। यानी कुल मिलाकर, एक राज्य को उसकी राय लिए बिना टुकड़ों में बांटे जाने को उसी अदालत ने वैध ठहरा दिया, जिसने ऐसा किए जाने की वैधता को दी गई चुनौतियों पर विचार कर इस पर संवैधानिक व्यवस्था स्पष्ट करने की जरूरत नहीं समझी।

एक नजीर के रूप में, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का यह पहलू, जम्मू-कश्मीर के साथ जो कुछ करता है, उसके अलावा देश की संघीय व्यवस्था मात्र के लिए गंभीर खतरे का रास्ता खोल देता है। इस तरह तो कोई संघीय शासन अपनी मर्जी से पहले किसी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाकर और इस तरह से वहां अपने एजेंट के रूप में राज्यपाल को राज्य की राय का स्थानापन्न बनाकर, इस कपटचाल के जरिए आसानी से किसी राज्य का दर्जा घटा सकता है, उसे तोड़ सकता है, उसकी सीमाओं को बदल सकता है या उसके क्षेत्र का किसी दूसरे राज्य में विलय कर सकता है। सिद्धांत रूप में तो इस तरह संघीय शासन, सभी राज्यों को खत्म कर, संघीय ढांचे का अस्तित्व ही खत्म कर सकता है और देश में एकात्मक व्यवस्था कायम कर सकता है। जिस तरह, धारा 370 का सहारा लेकर धारा 370 को खत्म किया गया है, उसी प्रकार संघीय व्यवस्था करने वाले संविधान का सहारा लेकर, संघीय व्यवस्था को भी खत्म किया जा सकता है।

अन्याय के ये दोनों पहलू वहां जुड़ जाते हैं, जहां संविधान पीठ भारतीय संघ के केंद्रीयकरणकारी मंसूबों पर अंकुश लगाने का अपना संवैधानिक दायित्व पूरा करने के बजाय, उसमें संप्रभुता के वास के नाम पर ज्यादा से ज्यादा उसके कदमों के साथ चलता नजर आता है। हैरानी की बात नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के दो-दो पूर्व-न्यायाधीश अब तक सार्वजनिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अन्यायपूर्ण करार देकर, सर्वोच्च न्यायालय से अपने निर्णय को बदलने की मांग कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व-न्यायाधीश रोहिंग्टन नारीमन ने तो यह गंभीर सवाल भी उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह अन्याय कैसे होने दिया कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन का बिना किसी आधार के विस्तार किया जाता रहा है, जबकि देश का संविधान एक साल से आगे विस्तार पर काफी कड़ाई से अंकुश लगाता है और इसके कोई लक्षण नहीं हैं कि जम्मू-कश्मीर के मामले में इस कड़े अंकुश के तकाजों को पूरा किया गया हो। परोक्ष रूप से वह इसका इशारा करते नजर आते हैं कि जम्मू-कश्मीर के प्रति, संघ परिवार के सांप्रदायिक पूर्वाग्रह से संचालित अन्याय में, सुप्रीम कोर्ट भी हमकदम बनता नजर आता है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# उत्तर प्रदेश में विपक्ष का बड़ा राजनीतिक प्रदर्शन 20 दिसंबर से

■ **अरुण श्रीवास्तव**

भाजपा की कथित जनविरोधी सरकार से छुटकारा पाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अब 20 दिसंबर को सहारनपुर के शाकंभरी देवी मंदिर से अपनी उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा शुरू करेगी जो 25 दिनों तक चलने के बाद नैमिषारण्य (सीतापुर) में समाप्त होगी। इस दौरान यात्रा उत्तर प्रदेश के 10 पश्चिमी और मध्य जिलों के 16 संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

जाहिर तौर पर यह यात्रा कांग्रेस का शो है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा वरिष्ठ विपक्षी नेता, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और कई वरिष्ठ विपक्षी नेता भी भाग लेंगे।

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

> तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

आरएसएस द्वारा चुनावी प्रबंधन की कमान संभालने और रणनीति तैयार करने के साथ, कांग्रेस के लिए इंडिया ब्लॉक के घटकों को एक साथ लाने और आरएसएस की योजना को चुनौती देने की रोमांचकारी तात्कालिकता पैदा हो गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी भगवा राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र का सार्वजनिक चेहरा होंगे, मतपत्र की मुख्य लड़ाई आरएसएस द्वारा लड़ी जायेगी।

भाजपा के चुनावी तंत्र पर अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखने का आरएसएस का संकल्प इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रूप में अपने तीन भरोसेमंद कैडरों को स्थापित करने की योजना में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, भले ही इन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाने के लिए मोदी को श्रेय दिया जा रहा है। स्पष्ट राजनीतिक मजबूरियों के कारण आरएसएस नेतृत्व मोदी को दरकिनार करना पसंद नहीं करेगा, लेकिन तब यह उन्हें चुनावी रणनीतियों और तैयारियों में हस्तक्षेप करने की अनुमति भी नहीं देगा।

हालांकि मोदी और अमित शाह को उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए रणनीतिकार माना जाता है और वे स्पष्ट रूप से राज्य के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं, यह आरएसएस नेतृत्व है जो दिशानिर्देश जारी कर रहा है और नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार कर रहा है। यद्यपि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएसएस कैडर नहीं हैं, संघ नेतृत्व उनकी नाव को बर्बाद करने को तैयार नहीं है।

सत्ता विरोधी खतरे को खत्म करने के लिए आरएसएस ने जिला इकाइयों के पदाधिकारियों में फेरबदल और बदलाव का काम किया है। आरएसएस का मुख्य निशाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश रहा है। संयोग से 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के बाद आरएसएस ने इस क्षेत्र में एक मजबूत आधार हासिल कर लिया था। लेकिन हालिया किसान आंदोलन के मद्देनजर क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण बदल गये हैं। जिन जाटों ने मुसलमानों पर खतरनाक हमले किये थे, वे अविश्वास के तत्व पर काबू पा चुके हैं और अब मुसलमानों के साथ अच्छे संबंध बना रहे हैं। जाटों ने भाजपा से नाता तोड़ लिया है। भाजपा के लिए बुरी खबर यह है कि हिंदू किसानों के एक बड़े वर्ग ने भाजपा की ओर से मुंह मोड़ लिया है। किसान आंदोलन के दौरान मरने वाले 800 किसानों में से अधिकांश राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के थे।

यह भाजपा से हिंदू अलगाव का तत्व है जिसने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा को पश्चिमी यूपी में केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया है। 2024 के आम चुनाव पर नजर रखते हुए सपा, बसपा और कांग्रेस ने मुस्लिम वोटों को लुभाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। फिर भी वे देश के राजनीतिक रूझान का अनुसरण करना पसंद कर सकते हैं और वे हो सकता है कि कांग्रेस के पीछे चल दें।

कांग्रेस भाजपा को हरा सकती है, लेकिन राज्य से लोकसभा सीटें जीतने के लिए उसे हिंदुत्व को लेकर आरएसएस द्वारा शुरू किये गये मनोवैज्ञानिक युद्ध को हराना होगा।

राज्य में जाति निर्णायक कारक रही है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व स्थानीय जाति क्षत्रपों तक पहुंचने में विफल रहा है। उत्तर प्रदेश में 17 आरक्षित लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से अधिकांश पर दलित वोट बैंक का प्रभाव है। लेकिन सच तो यह है कि न तो समाजवादी नेता अखिलेश और न ही कांग्रेस ग्रामीण स्तर पर इस आबादी तक पहुंच पाई है। कांग्रेस के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का जादू दलितों को कितना प्रेरित करेगा, यह अभी साफ नहीं है।

2024 के चुनाव में दलित मतदाताओं का विश्वास जीतना, जो धीरे-धीरे मायावती और बसपा से दूर हो रहे हैं, विपक्षी दलों का प्राथमिक मिशन रहा है।

योगी के सत्ता में आने के बाद पिछले सात सालों में भाजपा ने समाजवादी पार्टी और बीएसपी से कई दलित नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। हाल के महीनों में अखिलेश अपने 'पीडीए' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) नारे के जरिये दलित मतदाताओं को जोड़ने में सक्रिय हैं। लेकिन यह काम करता नजर नहीं आ रहा है। दलित यादवों के वर्चस्व को लेकर सशंकित हैं। दलित नेताओं को लगता है कि वे न तो समाजवादी पार्टी में और न ही भाजपा में स्वीकार्य हैं। उनसे बस दिखावा किया जाता है।

कांग्रेस के साथ समस्या यह है कि वह इस उलझन में फंसी हुई है कि किसके साथ गठबंधन किया जाए- चाहे यह ऊंची जातियों के साथ हो या दलितों के साथ। दोनों के बीच घोर विरोधी संबंध हैं। वह स्थानीय दलित नेताओं द्वारा गठित विभिन्न छोटे दलित उन्मुख दलों के साथ तालमेल को लेकर भी उलझन में है।

एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि कांशीराम की विरासत पर कब्ज़ा किया जा रहा है। सभी दल उन्हें और उनकी विचारधारा को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं। 9 अक्टूबर को कांग्रेस ने उनके आदर्शों पर केंद्रित 'दलित गौरव यात्रा' शुरू की। सपा भी बाबासाहेब अंबेडकर और कांशीराम दोनों का आह्वान करते हुए 'संविधान बचाओ जन चौपाल' आयोजित कर रही है। राष्ट्रीय राजनीतिक दिग्गजों को अपने पाले में करने में माहिर आरएसएस ने सभी प्रतिस्पर्द्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिस्पर्धा कड़ी कर दी है।

हाल के विधानसभा चुनावों में 35 प्रतिशत वोट शेयर के साथ समाजवादी पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी है और यह इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। यह एक मिथ्या आख्यान है कि मोदी के करिश्मे ने भाजपा को 2019 के चुनाव में 62 लोकसभा सीटें जीतने में मदद की थी। सच तो यह है कि पुलवामा में सैनिकों की हत्या के बाद की लहर मोदी और भाजपा के लिए आश्चर्यजनक रूप से लाभदायी साबित हुई। अगर पुलवामा कांड नहीं हुआ होता तो भाजपा की सबसे बुरी हार होती। तीन राज्यों में जीत का श्रेय मोदी को देते हुए, विश्लेषक अक्सर इन राज्यों में आरएसएस द्वारा निभाई गई भूमिका को नजरअंदाज कर देते हैं। यदि मोदी वास्तव में निर्णायक होते तो उन्होंने आरएसएस को इन राज्यों में आरएसएस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री बनाने की अनुमति नहीं दी होती।

## पावन प्रसंग

# संभावानाएं जगाएं, सृष्टि सुंदर बनाएं

भगवान ने इंसान को बहुत उत्साह से बनाया है। जितना परिश्रम, जितनी योजना निधाता ने इंसान को गढ़ने में लगाए हैं-ऐसा प्रतीत होता है कि उतना परिश्रम भगवान ने अन्य किसी प्राणी के साथ नहीं किया। भगवान ने इंसान को एक विशेषता, मौलिकता और गुण देकर के भेजा है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि यदि सृष्टा को अपनी सृष्टि चलाने में किसी प्राणी के सहयोग की आवश्यकता आन पड़े तो उसे मनुष्य के अतिरिक्त और कोई प्राणी सम्यक रीति से कर पाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने इंसान के भीतर वह सारी शक्तियां और विभूतियां सजाकर के रख दी हैं, जो स्वयं परमेश्वर के भीतर थीं और इसीलिए इंसान को भगवान का अंश कहकर पुकारा जाता है। इंसान के भीतर वही विभूतियां हैं, वही शक्तियां हैं जो भगवान के भीतर हैं या हो सकती हैं। एक जैसी शक्तियां, एक जैसी विशेषताएं दोनों के ही भीतर हैं। शक्तियों की दृष्टि से देखें तो हम अन्य प्राणियों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हैं, ज्यादा सामर्थ्यवान हैं। संभव है कि शारीरिक बल की दृष्टि से हम हाथी, शेर, गैंडे इत्यादि से कमजोर सिद्ध हों,परंतु तब भी क्या यह सत्य यही कि ये ही इंसान हाथी पर महावत बनकर, शेर पर रिंग मास्टर बनकर सवारी करता नजर आता है। ऐसा इसलिए कि बौद्धिक दृष्टि से आत्मिक दृष्टि से जो शक्ति इंसान के पास है, वो दूसरों को नसीब नहीं है। इसीलिए जहां हम शारीरिक दृष्टि से कम पड़ते हैं, तो वहां-वहां उन दिक्कतों से पार पाने के लिए हमने दूसरे मार्ग खोज लिए हैं।

जैसे हम एक चीते से तेज नहीं दौड़ सकते हैं, पर हमारी बनाई कार दौड़ सकती है। हम हाथी से ज्यादा वजन नहीं उठा सकते, पर हमारी बनाई क्रेन तो उठा सकती है। हम मछली की तरह डुबकी नहीं लगा सकते पर हमारा द्वारा बनाई हुई पनडुब्बी तो है। हम पक्षियों की तरह उड़ नहीं सकते तो मनुष्यों द्वारा बनाया हवाई जहाज उड़ सकता है। कहने का अर्थ मात्र इतना है कि ईश्वर ने इंसान को ऐसी बौद्धिक क्षमता देकर भेजा है कि जिन-जिन क्षेत्रों में हम दूसरे प्राणियों से पिछड़ते दिखे, उन-उन क्षेत्रों में हमने शक्ति के या तो दूसरे स्रोत ढूंढ लिए या अन्य माध्यम ढूंढ लिए। इसके अतिरिक्त शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक ही नहीं, इंसान के पास आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग भी खुले हैं।

अनेक महामानवों का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि यदि मनुष्य अपने भीतर की दिव्य संभावना को जाग्रत करना जान जाता है तो वो ऋषि मुनि, सिद्ध, संत, महात्मा बनता दिखाई पड़ता है और उन संभावनाओं को साकार करता दिखाई पड़ता है, जो इंसानी गुणों की अंतिम पराकाष्ठा है। इतनी सारी महान संभावनाओं के होते हुए भी कई बार आश्चर्य होता है, जब मनुष्य को अत्यन्त तुच्छ, निकृष्ट जीवन जीते देखा जाता है। कई लोग शारीरिक समस्याओं के कारण जीवन में रुके-ठहरे नजर आते हैं तो कई लोग मानसिक उलझनों के शिकार हो जाते हैं। कुछ सामाजिक समस्याओं से परेशान हैं तो कइयों को भावनात्मक आघात निराश करते नजर आते हैं यदि ऐसी परेशानियां हममें से किसी की प्रगति को बाधा पहुंचाती दिखें तो हमें महापुरुषों के जीवन की ओर दृष्टि उठा के देखने की जरूरत है।

जो शारीरिक बीमारियों से कभी परेशान हों तो वो राणा सांगा के जीवनवृत्त को देखें, हरिसिंह नलवा की जिंदगी देखें, अष्टावक्र की जिंदगी देखें और यदि कभी मानसिक दिक्कतें हमें रोकने की कोशिश करें तो हम देखेंगे कि क्या ध्रुव, हरिश्चंद्र, गुरु गोविंद सिंह को भावनात्मक प्रतिघातों को सहन नहीं करना पड़ा था? जो सामाजिक विडंबना की राह पर चल पड़े हैं वे ये साचें कि हमारी समस्याएं कितनी भी बड़ी हों, पर सुदामा से ज्यादा, राणा प्रताप से ज्यादा पूज्य गुरुदेव से ज्यादा नहीं हैं।

सत्य यही है कि हममें से अनेकों के जीवन में कठिनाइयां इतनी ज्यादा या बड़ी नहीं होतीं पर हमें उनको बड़ा करके आंकने की आदत पड़ जाती है। हम सोचें कि हमारे पास जो संभावनाएं है, जो ताकतें हैं, उनका अंत नहीं है, पर जो संभावनाएं हैं, जो ताकतें हैं, उनका अंत नहीं हैं, पर हम अपने कर्तव्य को और भगवान को दिए अपने वचन को विस्मृत करके बैठ गए हैं। कर्तव्य यह है हमारा कि हम भगवान की बनाई इस सृष्टि के निगरानीकर्ता हैं इसको सुव्यवस्थित, सुंदर बनाए रखना कर्तव्य है हमारा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# विकसित गांव से विकसित भारत का सफर

पिछले कुछ दशकों में भारत ने दुनिया के अन्य देशों की तुलना में तेज़ी से तरक्की की है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तो यह विश्व में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। दुनिया की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों ने भारत को अगले कुछ सालों में विश्व की सबसे तेज़ उभरती अर्थव्यस्था वाला देश घोषित किया है। यही कारण है कि आज लगभग सभी बड़ी कंपनियां भारत में निवेश करने को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री के हर विदेश दौरे में बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ उनके साथ एक मीटिंग के लिए उत्सुक नज़र आते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज़ी इस बात की परिचायक बनती जा रही है कि अगले कुछ सालों में भारत दुनिया का तीसरा और एक दशक के अंदर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने वाला है। केंद्र सरकार भी देश की सभी राज्यों की सरकार के साथ मिलकर लगभग सभी राज्यों में निवेश के विकल्पों को तलाश रही है।

किसी भी अर्थव्यवस्था की मज़बूती के लिए सबसे पहले वहां बुनियादी सुविधाओं का पूरा होना पहली शर्त होती है। लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां इनका सबसे अधिक अभाव नज़र आता है। जो ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्रों के करीब हैं वहां तो बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं लेकिन अब भी कई ऐसे दूरदराज़ के इलाके हैं जहां इनका अभाव नज़र आता है। इन्हीं में एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का मिकीला गांव है। जहां सड़क और अस्पताल जैसी ज़रूरी चीज़ों का भी घोर अभाव है। राज्य के बागेश्वर जिले से करीब 48 किमी दूर और ब्लॉक कपकोट से 23 किमी दूर इस गांव में पहुंचना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। गांव में न तो बेहतर सड़क है और न ही अस्पताल की सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में गांव के एक 42 वर्षीय हेमंत दानू कहते हैं कि पिछले कई दशकों से गांव वाले इन्हीं अभावों में जीने को मजबूर हैं। किसी प्रकार ग्रामीण अपना जीवन बसर कर रहे हैं। वह आरोप लगाते हैं कि इतने वर्षों में कभी भी कोई प्रशासनिक अधिकारी या संबंधित विभाग के लोग इस गांव की स्थिति के बारे में जानने नहीं आये। हेमंत के साथ ही खड़े खेती किसानी करने वाले 40 वर्षीय संतोष कपकोटी कहते हैं कि केवल प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं बल्कि कोई जनप्रतिनिधि भी हमारा हाल जानने नहीं आता है। लोग चुनाव के समय वादा करते हैं लेकिन पूरा नहीं होता है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि किसी भी गांव के विकास के लिए अन्य विषयों के साथ-साथ सड़क और अस्पताल भी बहुत ज़रूरी है। यह गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। ऐसे में इसके विकास को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। वह कहती हैं कि अब बर्फ़बारी का मौसम शुरू हो चुका है। रास्ते बर्फ से ढंक जाएंगे जिससे होकर गुज़रना खतरे से खाली नहीं होता है। जहां सड़कें अच्छी हालत में होती है वहां लोगों को किसी भी मौसम में कठिनाई नहीं है लेकिन जर्जर सड़क के कारण मिकीला गांव इस दौरान अन्य क्षेत्रों से कट जाता है। यह न केवल लोगों के लिए परेशानी का सबब है बल्कि गांव को विकास की राह में और भी पीछे ढ़केल देता है। यह न केवल गांव के विकास बल्कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में भी रुकावट है।

**हेमा मर्तोलिया, कपकोट उत्तराखंड**

## पोलैंड को कोरिया से मिलीं हॉवित्जर तोपें

**वारसा।** पोलैंड को दक्षिण कोरियाई से 18 के-9ए1 स्व-चालित हॉवित्जर तोपें मिली हैं। पोलिश रक्षा मंत्रालय के आयुध नीति विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक्स पर लिखा, आज 18 ब्रांड नई के9ए1 स्व-चालित हॉवित्जर तोपों की एक खेप ग्डिनिया के बंदरगाह पर पहुंची। पोलैंड के पास जल्द ही हनवा डिफेंस कंपनी द्वारा निर्मित 66 के9 थंडर हॉवित्जर होंगे। पोलैंड सैन्य क्षेत्र में दक्षिण कोरिया के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। देशों ने 2022-2023 में विभिन्न हथियार सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं।



# लेबनान-इजरायल सीमा पर संघर्ष हिजबुल्लाह के दो लड़ाके ढेर



**इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने 11 हमले किए**

**बेरूत,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। लेबनान-इजरायल सीमा पर संघर्ष में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए।

लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने रविवार को दक्षिणी गांवों और कस्बों पर 11 हमले किए और पहली बार सीमा रेखा से लगभग 40 किलोमीटर दूर एक गांव पर हमला किया। हमले में एक घर नष्ट हो गया। इस बीच हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने सीमा पार इजरायली सैनिकों की सभा पर हमला किया, जिसमें कुछ सैनिक घायल हो गए। लेबनान-इज़रायल सीमा पर गत 08 अक्टूबर से तनाव बढ़ गया है जब लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने पिछले दिन इज़रायल पर हमास के हमलों के समर्थन में इज़रायल की ओर कई रॉकेट दागे थे, जिसके जवाब में इज़रायल ने दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी गोलीबारी की। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार हिज़्बुल्लाह और इज़रायल के बीच संघर्ष में लेबनानी पक्ष के 157 लोग मारे गए, जिनमें 110 हिज़्बुल्लाह सदस्य, एक लेबनानी सेना का सैनिक, अमल आंदोलन का एक सदस्य, हमास और इस्लामिक जिहाद के 16 सदस्य और 29 नागरिक शामिल थे।

## वेस्ट बैंक में इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन में रविवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के तुल्करम शहर में इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि नूर शम्स शरणार्थी शिविर से शहर के थाबेट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराए गए पांच लोगों ने इजरायली युद्धक विमान के हमले में घायल होने के कारण दम तोड़ दिया। स्थानीय फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने शहर के पास एक शरणार्थी शिविर में दस घंटे का लंबा सैन्य अभियान चलाया। इस अभियान से फिलिस्तीनी आतंकवादियों के साथ झड़पें शुरू हो गईं और इजरायली वाहनों को निशाना बनाकर किए गए घरेलू बमों के विस्फोट के कारण विस्फोट की आवाजें सुनी गईं। इस बीच, इज़रायली सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने तुल्करम के पास शरणार्थी शिविर में अपनी सैन्य गतिविधि के दौरान कम से कम चार फिलिस्तीनियों को मार डाला और हथियार जब्त कर लिए। बयान में कहा गया है कि इजरायली विमानों ने आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया, जिन्होंने गोलीबारी की, विस्फोटक उपकरण फेंके और इजरायली बलों के लिए खतरा पैदा किया। आधिकारिक फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा के अनुसार, गत 07 अक्टूबर को इज़रायली-फ़िलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में इज़रायली बलों द्वारा कम से कम 296 फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं।

## नाइजर फिर से शुरू कर सकता है ईयू के साथ सहयोग : जीन

**नियामी,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश नाइजर के विद्रोही नियुक्त प्रधानमंत्री अली महामन लामिन जीन ने कहा है कि उनका देश यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ सहयोग फिर से शुरू कर सकता है । नाइजर के विद्रोही नियुक्त प्रधानमंत्री ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि तर्क की आवाज सुनी जाएगी और अगर वे चाहें तो हम सहयोग फिर से शुरू कर सकते हैं, जो इस बार आपसी सम्मान पर आधारित होना चाहिए। इससे पहले गत चार दिसंबर को, नाइजीरियाई अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अफ्रीकी देश में नागरिक ईयूसीएपी साहेल नाइजर मिशन की तैनाती पर यूरोपीय संघ के साथ एक समझौते को समाप्त कर दिया है। इस बीच श्री जीन ने कहा कि नाइजर ने फ्रांस से देश से सेना वापस लेने के लिए नहीं कहा, क्योंकि आतंकवाद से लड़ने के लिए उनकी आवश्यकता है। सितंबर के अंत में, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों ने कहा था कि देश की सेना 2023 के अंत तक नाइजर छोड़ देगी। श्री जीन ने कहा, शायद यह सवाल फ्रांसीसियों से पूछा जाना चाहिए था, लेकिन हम उनमें से नहीं हैं जिन्होंने फ्रांसीसियों से अपनी सेना वापस लेने के लिए कहा है। उन्होंने एक संप्रभु निर्णय लिया जब हमें वास्तव में आतंकवाद से लड़ने के लिए, सैन्य सहयोग को समाप्त करने के लिए उनकी आवश्यकता है। गौरतलब है कि नाइजर में 26 जुलाई को तख्तापलट हुआ और विद्रोहियों ने वहां नयी सरकार का गठन किया। जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम के गार्डों को आदेश दिया, जिसके बाद उन्हें सत्ता से हटा दिया और कैद कर लिया। तख्तापलट के बाद, पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) ने नाइजर के साथ सभी सहयोग निलंबित कर दिए और विद्रोहियों द्वारा श्री बजौम को बहाल नहीं करने पर आक्रमण की धमकी दी।

## सुडोकू 6410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | 7 | 6 | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | | 3 | | | | 9 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| 2 | | | | 6 | | 5 | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 7 |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| 7 | 8 | 6 | | | 5 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 19 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आज आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा है। शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क - आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह - स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या - आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला - अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। संभवत: यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं।

वृश्चिक - आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी।

धनु - शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

मकर - आज आप अधिक वाद-विवाद न करें। धार्मिक काम और उपासना के पीछे धन खर्च हो सकता है। परिजनों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है। दोपहर के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ - आज आपका मन खुश रहेगा। आध्यात्मिकता से मन को शांत रखने की कोशिश करेंगे। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने में ही आपकी भलाई है। वाणी पर संयम रखें। किसी अनावश्यक काम में धन खर्च हो सकता है।

मीन - आज किसी के साथ भी धन संबंधी कोई व्यवहार ना करें। दिन की शुरुआत में मन को एकाग्र रखने में दिक्कत आएगी। आज खर्च पर संयम रखें। स्वजनों से विवाद हो सकता है, इससे आपका मन उदास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## तुर्की ने फिलीपींस को लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी पूरी की

**अंकारा,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। तुर्की ने फिलीपींस को टी-129 एटीएके लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी तय समय से पहले पूरी कर ली है, तुर्की के अखबार पैट्रनलर दुन्यासी ने सोमवार को यह खबर दी। अखबार ने बताया कि छह हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी 2024 में पूरी होनी थी और इंजन निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण बिक्री में बार-बार देरी के बावजूद, तुर्की ने 2023 के अंत तक शिपमेंट पूरा कर लिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस 20 दिसंबर को एक विशेष बेड़ा प्रेरण समारोह आयोजित करेगा। अखबार ने बताया कि फिलीपीन वायु सेना के तकनीकी कार्य समूह ने पहली बार 2018 के अंत में अपने हमले के हेलीकॉप्टर कार्यक्रम के लिए टी129 एटीएके हेलीकॉप्टर का चयन किया था।तब से, टी129 एटीएके के लिए यूएस एलएचटीईसी सीटीएस800-400ए इंजन पर निर्यात प्रतिबंधों के कारण बैच की बिक्री में देरी हुई है।

# दाऊद के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें, जहर देने की आशंका



**मुंबई,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां) । भारत और पाकिस्तान में राजनीतिक प्रतिष्ठान, खुफिया विभाग और मीडिया में अटकलें हैं कि भगोड़े आतंकवादी दाऊद इब्राहिम कास्कर को 26 दिसंबर को उसके 68वें जन्मदिन से लगभग एक सप्ताह पहले कथित तौर पर कराची के एक अस्पताल में जहर दिया गया है और उसकी हालत गंभीर है। सबसे पहले चर्चा रविवार शाम को मुंबई में शुरू हुई, लेकिन पुलिस और खुफिया हलकों ने ऐसी किसी भी बात से इनकार किया, हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि पड़ोसी देश से आने वाली इस तरह की सभी प्रकार की रिपोर्टों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सोमवार की सुबह, पाकिस्तान के कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि रविवार को दाउद के कराची के एक अस्पताल में भर्ती होने की रिपोर्ट आने के बाद इंटरनेट, फेसबुक, एक्स आदि कथित तौर पर बंद हो गए। मुंबई और नई दिल्ली में पुलिस और खुफिया अधिकारियों ने अब तक स्थिति पर चुप्पी साध रखी है और दावा किया है कि ऐसी कई रिपोर्टें हैं, जो नियमित रूप से सामने आती रहती हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर झूठी अफवाहें हैं। मोस्ट वांटेड आतंकवादी माने जाने वाले दाउद पर भारत मुंबई और अन्य जगहों पर कई अपराधों, आतंकवादी कृत्यों, नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। जिन प्रमुख मामलों में भारत उसे चाहता है, उनमें 12 मार्च, 1993 का मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट शामिल है - जिसे भारत में अब तक का सबसे भयानक आतंकवादी हमला माना जाता है। इसमें 267 लोग मारे गए थे। महाराष्ट्र पुलिस को उसके गिरफ्तार भाइयों के बयानों के अनुसार, लगभग सात साल पहले इसकी पुष्टि हुई थी कि दाऊद कराची का स्थायी निवासी हो गया है, जो उच्च सुरक्षा के बीच पॉश सदर उपनगर में एक आलीशान बंगले में रहता था। हालांकि, वह कुछ वर्षों से अवसाद में था।

**कथित तौर पर कराची के एक अस्पताल में जहर दिया गया है**

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सामाजिक समरसता एवं समानता का...**

की प्रशंसा की। यहां मात्र 10 रूपये में बच्चों को भरपेट एवं गुणवत्ता पूर्ण भोजन परोसा जाता है। फिलहाल 600 बच्चे इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घासीदास विश्वविद्यालय के केन्द्र के राजधानी में विस्तार के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने बाबा जी के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 18 लाख आवासहीन परिवारों को मकान देने का निर्णय लिया है। ये सब लोग पिछले पांच साल से मकान को लेकर काफी परेशान थे। राज्य सरकार ने मकान देने में काफी सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिया है। बाबा जी ने अपने संपूर्ण जीवन काल में सामाजिक समरसता बनाने और विषमता को दूर करने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने गुरु घासीदास की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित बाबा घासीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए गुरु बाबा से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। प्रतिमा स्थल पर छात्रों ने पंथी नृत्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत किया।

**संसद में सुरक्षा सेंध पर ...**

मौसम नूर, प्रकाश चिक बडाइक, समीरूल इस्लाम, राजद से मनोज कुमार झा, और फैयाज अहमद, जदयू से रामनाथ ठाकुर एवं अनिल हेगडे, माकपा से वी शिवदासन,एनसीपी से- वंदना चव्हाण,झामुमो से महुआ माझी, जोस के मणि और अजीत कुमार भुइयां व सपा से रामगोपाल यादव,जावेद अली शामिल हैं। इसके साथ ही 11 अन्य सदस्यों को भी विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया है। इस सदस्यों में जेबी माथेर हिसाम,एल हनुमथैया,नीरज डांगी,राजमणि पटेल,कुमार केतकर,जीसी चंद्रशेखर,विनय विश्वम,संतोष कुमार पी, मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और एए रहीम शामिल हैं।

**लोकसभा से निलंबित सांसद**

इसके अलावा लोकसभा से कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, ए एंटनी, के मुरलीधरन,सुरेश कोडीकुनील, अमर सिंह,गौरव गोगोई, राजमोहन उन्नीथम, जयकुमार,अब्दुल खालिक, टीएमसी के कल्यान बनर्जी, ए पोद्दार,प्रसून बनर्जी, शताब्दी राय, एस राय,प्रतीमा मंडल,काकोली घोष,सुनील कुमार मंडल, डीएमके से ए राजा, दयानिधि मारन, गनेशन सेल्वम,सीएन अन्नादुरई, टी सुमंती, एसएस पलानिमक्कल, एस रामालिंगम, टीआर बालू,के वीरा स्वामी, आईयूएमएल से मोहम्मद बसीर, केएन कानी, आरएसपी से प्रेमचंद्रन,जदयू से कौशलेंद्र कुमार शामिल है।

## पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 13 घायल

**इस्लामाबाद,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के बहावलपुर जिले में सोमवार तड़के वैन ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी और अन्य 13 घायल हो गए। बचाव कर्मियों ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बचाव कर्मियों ने कहा कि यह दुर्घटना आज तड़के जिले के हासिलपुर शहर के पास चूनावाला सड़क पर उस वक्त हुई, जब यात्रियों से भरी वैन ने ट्रक को पीछे से टक्कर मारी। जिससे चार लोगों की मौत हो हो गयी और अन्य 13 घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बचाव कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना घना कोहरे लगे होने के कारण हुई। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में अक्सर सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, जिसका मुख्य कारण खराब रखरखाव वाले वाहन, जर्जर सड़कें और सड़क सुरक्षा मानकों में लापरवाही को देखा गया है।

## वर्ग पहेली 6410

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए नि:शुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

### वर्ग पहेली-6409

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रा | णा | २ धा | र | ■ | ■ | ३ ख | ल | ४ ब | ली |
| तः | ■ | रा | ■ | ५ वि | क | ट | ■ | ल | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ प | रि | वा | ८ र |
| ल | ■ | हि | ■ | ९ ल | ला | ट | ■ | ■ | ति |
| ■ | १० नि | क | ११ ट | ता | ■ | ■ | १२ औ | जा | र |
| ■ | र्भी | ■ | ह | ■ | १३ प | र | ला | ■ | म |
| १४ नौ | क | १५ रा | नी | ■ | हे | ■ | १६ द | १७ क्षि | ण |
| ज | ■ | ज | ■ | १८ कु | ली | १९ न | ■ | ति | ■ |
| २० वा | र्षि | क | ■ | सु | ■ | २१ व | न | जा | २२ त |
| न | ■ | २३ र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | रू |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1842-अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी।
1919-भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का जन्म।
1927-महान स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला ख़ां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।
1934-भारत की पहली और अब तक की इकलौती महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील का जन्म।
1937-भारत के भूतपूर्व 32वें मुख्य न्यायाधीश जी. बी. पटनायक का जन्म।
1941-जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली और जर्मन सेना का कमांडर इन चीफ बना।
1961-गोवा को पुर्तग़ाल की गुलामी से आजादी मिली। ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सैनिकों ने गोवा, दमन और दीव को पुर्तग़ाल से मुक्त कराया।
1974-ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग का जन्म।
1984-भोपाल गैस शताव्दी में 2500 लोगों की मौत।
1997-इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक टाइटैनिक रिलीज हुई। फिल्म में लियोनार्डो डि कैप्रियो और केट विंसलेट मुख्य भूमिका में थे।
1998-अमर्त्य सेन को बंगलादेश ने मानद नागरिकता से नवाजा।
1999-443 वर्षों तक पुर्तग़ाली उपनिवेश में रहने के बाद मकाऊ का चीन को हस्तांतरण।
2000-आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर लगातार 13वां टेस्ट मैच जीता।
2002-जनता पार्टी के राजनीतिज्ञों में से एक एवं गुजरात के भूतपूर्व मुख्यमंत्री बाबूभाई पटेल का निधन।
2003-अमेरिका ने कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया।
2005-अफ़ग़ानिस्तान में तीन दशक बाद लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी देश की पहली संसद की पहली बैठक आयोजित।

**तैयारी** | बांग्लादेश में अगले महीने 7 जनवरी को है आम चुनाव

# आम चुनाव से पहले सेना तैनात करेगा बांग्लादेश



**ढाका,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। लगातार तनाव के बीच, बांग्लादेश में 7 जनवरी 2024 को होने वाले आम चुनावों से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना के जवानों को पूरे देश में तैनात किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेशी चुनाव आयोग के सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को आगामी आम चुनाव के दौरान सेना की तैनाती को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

जहांगीर आलम ने कहा कि सेना के जवान किसी भी आकस्मिक स्थिति में कड़ी प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहेंगे।

यह निर्णय रविवार को राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के बीच एक बैठक में लिया गया।

इससे पहले, आयोग ने बढ़ते राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण चुनावों की तैयारी के लिए 29 दिसंबर से 13 दिनों के लिए देश भर में सैनिकों को तैनात करने की अपनी योजना की घोषणा की थी। अक्टूबर के अंत से, देश की विपक्षी पार्टियों ने सत्तारूढ़ बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) पार्टी सरकार पर सत्ता छोड़ने और गैर-पक्षपातपूर्ण प्रशासन के तहत अगला चुनाव कराने के लिए दबाव बनाने के लिए 11वें चरण में नाकेबंदी की है।ज्कथित तौर पर विपक्षी आंदोलन के कारण वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी हुई है।

**■ चुनाव आयोग के सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम ने दी जानकारी**

अक्टूबर के अंत से लगभग हर दिन ढाका और दक्षिण एशियाई देश में अन्य जगहों पर पुलिस और श्रमिकों के बीच घातक झड़पें हुई हैं इस बीच, 12वें राष्ट्रीय चुनाव से उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई।प्रधानमंत्री शेख हसीना की एएल और उसकी प्रमुख सहयोगी जातीय पार्टी और स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे लोगों सहित 28 राजनीतिक दलों के 2,260 उम्मीदवारों को मंजूरी दी गई। सत्तारूढ़ आवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर ने रविवार को कहा कि वह जातीय पार्टी और अन्य गठबंधन सहयोगियों के साथ कुछ सीटें साझा करेंगे और ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के उम्मीदवारों को वापस ले लेंगे।

## दुनिया को जानें

### चीन का 40वां अंटार्कटिक अभियान दल रवाना हुआ

**बीजिंग,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन के 40वें अंटार्कटिक अभियान दल ने 16 दिसंबर को जोंगशान स्टेशन पर एक प्रस्थान समारोह आयोजित किया। दल के 29 सदस्य संबंधित वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने के लिये थाईशान स्टेशन, खुनलुन स्टेशन और ग्रोव माउंटेन क्षेत्र में जाएंगे। इस बार दल के 20 सदस्य थाईशान स्टेशन से होकर खुनलुन स्टेशन पर पहुंचे, जो 4087 मीटर की ऊंचाई पर अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे स्थान पर स्थित है। वहां वे ग्लेशियोलॉजी, खगोल विज्ञान, भूविज्ञान और भूभौतिकी जैसी वैज्ञानिक जांच करेंगे। दल के अन्य 9 सदस्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आइस कोर ड्रिलिंग और उल्कापिंड खोज जैसी वैज्ञानिक जांच करने के लिए 2,000 मीटर से अधिक की औसत ऊंचाई वाले ग्रोव माउंटेन क्षेत्र में जाएंगे। गौरतलब है कि चीन का 40वां अंटार्कटिक अभियान चीनी प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है। यह पहली बार है कि चीन ने अंटार्कटिक अभियान को अंजाम देने के लिए तीन जहाज भेजे हैं, जिनके नाम हैं श्वएलुंग, श्वएलुंग 2 और थ्येनहुई।

# खेल जगत

## नवीन उल हक आईएलटी20 से 20 महीने के लिए बैन

**दुबई,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने प्लेयर एग्रीमेंट का उल्लंघन करने के लिए यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 से 20 महीने के लिए बैन कर दिया गया है। दूसरे सीज़न से पहले नवीन को नौ मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लेने के बाद टीम द्वारा रिटेंशन नोटिस दिया गया था। हालांकि, नवीन ने इस पर साइन करने से इनकार कर दिया। समस्या हल करने का प्रयास करने के लिए शारजाह वारियर्स इंटरनेशनल लीग टी20 तक गए। नवीन ने जब नोटिस पर साइन करने से मना कर दिया, तब टीम ने लीग के अधिकारियों से संपर्क किया। इंटरनेशनल लीग टी20 ने नवीन से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों के बीच कोई हल नहीं निकला। लीग की डिसिप्लीनरी कमेटी में चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट, सिक्योरिटी और एन्टी-करप्शन प्रमुख कर्नल आजम और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे।



# भारत की निगाहें द. अफ्रीका से दूसरा वन डे भी जीत सीरीज कब्जा करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के गेंद से पंजे और आवेश खान के चौके की बदौलत केएल राहुल की अगुआई वाली भारतीय टीम की निगाहें मेजबान दक्षिण अफ्रीका को जोहानिसबर्ग मे पहला मैच आठ विकेट से हराने के साथ आगाज कर अब सेंट जॉर्ज पार्क, क्वेबेहरा में मंगलवार को दूसरा मैच भी जीत कर 2-0 की अजेय बढ़त के साथ तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज अपने नाम करने पर लगी है। भारत ने इस साल वन डे विश्व कप सहित दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोनों मैच सहित अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। भारत ने 2022 में अपने घर में मेहमान दक्षिण अफ्रीका को तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज 2-1 से जीती है और अब उसकी निगाहें उसे उसी के घर में हराने पर लगी हैं। भारत ने सेंट जॉर्ज पार्क, क्वेबेहरा में अब तक खेले अपने छह मैचों में से मात्र एक ही जीता जबकि पांच हारे हैं। दोनों टीमों के लिए एक अच्छी खबर है कि इस मैदान पर मंगलवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद है और मैच में बारिश की कोई आशंका नहीं है और पिच से तेज गेंदबाजों और स्पिनरों, दोनों को ही समान रूप से मदद मिलने की उम्मीद है। सई सुदर्शन के साथ अर्द्धशतक जड़ पहला वन डे जिताने वाले श्रेयस अय्यर के टेस्ट टीम से जुडने् के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भारत सीरीज के दूसरे वन डे मैच में उनकी जगह टी -20 सीरीज के दूसरे मैच में अर्द्धशतक जडने् वाले बेहतरीन फिनिशर रिंकू सिंह को मंगलवार को अपनी एकादश में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौका देगा। जब कप्तान केएल राहुल विकेटकीपिंग भी कर रहे हैं तो ऐसे में रिंकू सिंह बेशक संजू सैमसन से कम से कम बतौर बल्लेबाज अपनी मौजूदा फॉर्म के आधार एकादश में दूसरे वन डे में भारत की एकादश में जगह के मजबूत दावेदार हैं ही। श्रेयस के टेस्ट की तैयारियों के लिए भारतीय टीम से जुडने् के कारण उपलब्ध न होने को छोड़ कर भारत दूसरे वन डे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी एकादश में कोई और बदलाव करती नहीं दिखाई देती है।

आईसीसी वन डे विश्व कप के उपविजेता भारत की पहले मैच में रविवार को दक्षिण अफ्रीका पर जीत इसलिए बेहद अहम है कि क्योंकि उसने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे अपने नियमित धुरंधर तेज गेंदबाजों और विराट कोहली व रोहित शर्मा जैसे अपने धुरंधर क्रिकेटरों के बिना अर्शदीप, आवेश खान और मुकेश कुमार जैसे एकदम नए तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति की बदौलत हासिल की। भारत को अर्शदीप, आवेश व मुकेश से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फिर रफ्तार के साथ धार दिखाने की उम्मीद है।

भारत ने कप्तान एडन मरक्रम सहित वन डे विश्व कप 2023 में खेलने वाले आधा दर्जन से ज्यादा खिलाडियों से सज्जित दक्षिण अफ्रीका को उसके घर में 116 रन के उसके सबसे कम स्कोर पर समेटने के बाद अपने पदार्पण वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में अविजित अर्द्धशतक के साथ आगाज करने वाले सलामी बल्लेबाज सई सुदर्शन और अनुभवी श्रेयस अय्यर के अर्द्धशतकों की बदौलत हासिल की। भारत जीत के साथ आगाज करने के बावजूद

### ■ अर्शदीप, आवेश व मुकेश से भारत को फिर रफ्तार के साथ धार की आस

अपने खतरनाक पलटवार के लिए ख्यात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता है। एक दिलचस्प बात यह है कि दक्षिण अफ्रीका ने इसी मैदान सीरीज के दूसरे वर्षा से प्रभावित टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में वर्षा से प्रभावित मैच में भारत के हराने के बाद1-0 की बढत हासिल की और मेजबान टीम अपनी इसी जीत से प्रेरणा लेकर भारत को दूसरे मैच में हराकर तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज में एक-एक की बराबरी करन को बेताब होगी। दूसरे वन डे टॉनी डी जॉर्जी (28 रन)जैसे नवोदित सलामी बल्लेबाज व ऑलराउंडर एंडल फेलुकवायो (32 रन) को छोड़ दक्षिण अफ्रीका के बाकी बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए थे। दक्षिण अफ्रीका को भारत से मंगलवार को जीतना है तो फिर अर्शदीप , आवेश और मुकेश की त्रिमूर्ति के खिलाफ खासपर मध्य क्रम में पहले वन डे मैच नाकाम रहने वाले विस्फोटक हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को सकारात्मक अंदाज में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी । दक्षिण अफ्रीका मेहमान भारतीय टीम के खिलाफ हार से आगाज करने के बावजूद मंगलवार को दूसरे वन डे मैच के लिए भी अपनी एकादश में कोई बदलाव करनी नहीं दिखाई देती है। भारत को जीत के साथ आगाज करने के बावजूद कप्तान मरक्रम, रेजा हैंड्रिक्स, रॉसी वान डेर दुसों , हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर से चौकस रहना होगा क्योंकि दक्षिण अफ्रीका पलटवार करने का कोई मौका नहीं चूकना चाहेगी।

# भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साई सुदर्शन



**जोहान्सबर्ग,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2023 और इमर्जिंग मेन्स एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के दम पर साई सुदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। इस बांए हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 55 रन बनाकर नाबाद रहे।

बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में साई सुदर्शन ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर किसी का सपना है। इसलिए, मैं अपने प्रदर्शन से खुश था और यह एक बहुत ही खूबसूरत एहसास है।

एक संस्कृति जो मुझे पसंद है, वह है डेब्यू कैप मिलना जिसे मैं तमिलनाडु के दिनों से देखना पसंद करता हूं। राष्ट्रगान के दौरान मैं थोड़ा भावुक था। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया। 117 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, साईं सुदर्शन ने एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी और अपने पहले वनडे मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला।

इतना ही नहीं सुदर्शन ने स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क का इस्तेमाल करने के तरीके से प्रभावित करना जारी रखा। उन्होंने 41 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जबकि श्रेयस अय्यर के साथ 88 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 52 रन बनाए।

साईं सुदर्शन को वनडे टीम में शामिल होने से पहले दक्षिण अफ्रीका %ए% के खिलाफ भारत %ए% के लिए चार दिवसीय रेड-बॉल मैच खेलने के अनुभव से भी मदद मिली।

उन्होंने कहा, मैंने बस इस बारे में जितना संभव हो सके उतनी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की। मुझे एहसास था कि दक्षिण अफ्रीका में हालात कैसे होंगे। मैंने यहां आने से पहले भारत %ए% मैच खेला था, इसलिए इससे मुझे परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में मदद मिली।

साईं सुदर्शन चेन्नई स्थित एक परिवार से आते हैं, जिसका खेल से जुड़ाव है। उनके पिता आर. भारद्वाज ने 1993 में ढाका में हुए सैफ गेम्स में 100 मीटर स्प्रिंटिंग स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी मां उषा भारद्वाज वॉलीबॉल खिलाड़ी रही हैं और अब वो अपने बेटे की स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग ट्रेनर हैं। उषा को दिनेश कार्तिक, दीपिका पल्लीकल, जोशना चिनप्पा और अभिनव मुकुंद जैसे अन्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए भी जाना जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने की पाकिस्तान के साथ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा



**मेलबर्न,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनकैप्ड पेसर लांस मॉरिस घरेलू टी20 के लिए घर लौटने के लिए बाहर हो गए हैं। बॉक्सिंग टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाला है।

मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेताओं ने प्रतिष्ठित एमसीजी टेस्ट मैच के लिए अपने प्लेइंग ग्रुप को 14 से घटाकर 13 करने का विकल्प चुना, जिसमें मॉरिस को बाहर करना पर्थ में पाकिस्तान पर उनकी जीत के बाद टीम में

### ■ बॉक्सिंग टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा

एकमात्र बदलाव था।

मॉरिस को पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद बीबीएल में खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है।

पर्थ में शुरुआती मैच में पाकिस्तान पर 360 रनों की जीत से ऑस्ट्रेलिया के फ्रंट-लाइन आक्रमण ने अच्छी तरह से सुधार किया है, जिससे संभावना बढ़ गई है कि वे एमसीजी टेस्ट के लिए उसी प्लेइंग-11 के साथ मैदान में उतरे।

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, लांस मॉरिस को मेलबर्न मैच के लिए रिलीज कर दिया गया है, लेकिन वह टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार रहेंगे, क्योंकि मौका मिलने पर वह गर्मियों के लिए हमारी योजनाओं में मजबूती से शामिल रहेंगे।

इसका मतलब है कि मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी तिकड़ी मेलबर्न में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा कर सकती है, जबकि स्थानीय तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 13-खिलाड़ियों के समूह में एकमात्र अन्य सीम विकल्प बचे हैं।

ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन टीम में अपनी जगह बनाए रखने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन कमिंस का मानना है कि पर्थ में इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली टीम में कोई भी बदलाव करना मुश्किल होगा।

स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दौरान चोट लगी उंगली में किसी भी गंभीर क्षति से मुक्त कर दिया गया है और उम्मीद है कि मेलबर्न में टीम में उनकी जगह बरकरार रहेगी।

### ऑस्ट्रेलिया टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

# मुंबई में रोहित का कद सीएसके में धोनी के समान है : इरफान

**रोहित शर्मा का टीम में बहुत बड़ा कद है। मेरे लिए, मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा का कद सीएसके में धोनी के कद के समान है। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में खून-पसीने से टीम बनाई है। उन्होंने हमेशा बहुत योगदान दिया है। वह एक अद्भुत कप्तान हैं**
**: इरफान पठान**



**नई दिल्ली,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की विरासत की सराहना की है और इसकी तुलना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में एमएस धोनी के कद से की है। जैसे ही मुंबई इंडियंस के साथ रोहित की कप्तानी के युग का अंत हुआ, एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। 15 दिसंबर को फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पांड्या को रोहित का उत्तराधिकारी घोषित किया।

यह परिवर्तन न केवल नेतृत्व में बदलाव का प्रतीक है बल्कि एक ऐसे युग का अंत भी है, जहां रोहित ने टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के कद और महान एम.एस. के बीच समानताएं बताईं। पठान के अनुसार, टीम पर रोहित का प्रभाव सीएसके में धोनी के प्रभाव जैसा ही है। इन दोनों दिग्गजों ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए टीम को सफलता दिलाई है।

इरफ़ान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, रोहित शर्मा का टीम में बहुत बड़ा कद है। मेरे लिए, मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा का कद सीएसके में धोनी के कद के समान है। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में खून-पसीने से टीम बनाई है। उन्होंने हमेशा बहुत योगदान दिया है। वह एक अद्भुत कप्तान हैं। पिछले साल जोफ्रा आर्चर की फॉर्म और जसप्रीत बुमराह के नहीं होने के बावजूद, रोहित के लिए एक कप्तान के रूप में आईपीएल सीजन शानदार रहा था। आईपीएल इतिहास में रोहित और धोनी सबसे सफल कप्तानों का खिताब साझा करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। 2013 सीज़न के बीच में कप्तानी संभालने वाले रोहित ने मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक फाइनल में सीएसके के खिलाफ अपनी पहली चैंपियनशिप जीत दिलाई। 2015, 2017, 2019 और 2020 के बाद के वर्षों में रोहित की कप्तानी की क्षमता देखी गई, जिसने मुंबई इंडियंस को आगे की जीत के लिए प्रेरित किया। इरफान ने कहा, अब, सूर्यकुमार यादव, बुमराह और रोहित के साथ जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाई है, यह हार्दिक के लिए एक चुनौती होगी। परिणाम एमआई और हार्दिक के प्रबंधन में है।

## सार संक्षेप

### रॉयल रेंजर्स और वाटिका की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयल रेंजर्स और वाटिका ने अपने-अपने मुकबालों में जीत दर्ज की है। पहले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारन्यु बंसल की शानदार तिकड़ी से रॉयल रेंजर्स ने दिल्ली एफसी को 4-1 से पीट कर आसान जीत दर्ज की। वहीं आज दिन के दूसरे मुकाबले में पहली प्रीमियर लीग के विजेता वाटिका एफसी ने रेंजर्स एफसी को प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पंत, आयुष बिष्ट और अर्जुन शरीन के शानदार गोलों से 3-0 से परास्त किया। रॉयल रेंजर्स ने खेल पर मजबूत पकड़ बनाते हुए दनादन तीन गोल जमाकर दिल्ली एफसी को रक्षात्मक खेलने के लिए विवश कर दिया। डीएफसी का गोल 13 वें मिनट में कृष्ण पंडित ने किया। उसके बाद खेल पर रॉयल रेंजर ने पकड़ बना ली। बंसल के सभी गोल दर्शनीय रहे। एक गोल शुभम राम ने किया। 70 मिनट तक उतार चढ़ाव के चलते अंतिम पंद्रह मिनट में वाटिका ने खेल पर पकड़ बनाई और तीन गोल दाग दिए।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड और लिवरपूल के बीच मैच 0-0 से ड्रा

**लिवरपूल।** प्रीमियर लीग के टॉप पर लौटने के लिए लिवरपूल को और इंतजार करना होगा। मैनचेस्टर यूनाइटेड के दमदार डिफेंस ने मेजबान को एनफील्ड में 0-0 से ड्रा पर रोक दिया। रविवार रात को लिवरपूल के सीजन के पांचवें ड्रा का मतलब है कि वे 38 अंकों के साथ आर्सेनल से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जिनसे उनका अगले हफ्ते सामना होगा। मैनचेस्टर यूनाइटेड 28 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। जबकि न्यूकैसल युनाइटेड एक अंक की बढ़त के साथ छठे और वेस्ट हैम युनाइटेड एक अंक कम आठवे स्थान पर है। आंद्रे ओनाना ने एक मैच में अपने लीग-उच्च आठ बचाव किए, जबकि उनके टीम के साथी घरेलू दर्शकों को निराश करने के लिए सीज़न के अब तक केवल चौथे गोल रहित ड्रॉ के लिए कड़ी टक्कर दे रहे थे।

# हमने अच्छी गेंदों पर बल्लेबाजों को चैलेंज किया : अर्शदीप



**जोहान्सबर्ग,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को पहले वनडे से पहले भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम इस प्रारूप में कोई विकेट नहीं था। लेकिन प्रोटियाज़ के खिलाफ अर्शदीप ने दस ओवरों में मात्र 37 रन देकर 5 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। अर्शदीप के अलावा दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आवेश खान ने भी दक्षिण अफ्रीका पर कहर बरपाते हुए शानदार गेंदबाजी की और मात्र 27 रन देकर 4 विकेट लिए। दोनों तेज गेंदबाजों के दम पर भारत ने पहले 17 ओवरों के अंदर प्रोटियाज के नौ विकेट ले लिए। जिससे मैच का नतीजा भारत के पक्ष में आना तय हो गया। अर्शदीप ने अपनी सफलता का श्रेय वांडरर्स की इस्तेमाल की गई पिच पर अपनी योजनाओं की सरलता और बल्लेबाजों को कठिन गेंदों पर रन बनाने की चुनौती देने को दिया।

मैच के बाद अर्शदीप ने कहा, हम जानते थे कि अगर हम बल्ले के अंदर या बाहर मूवमेंट पा सकते हैं, तो हम आउट या एलबीडब्ल्यू कर सकते हैं। इसे सरल रखना और बल्लेबाजों को कठिन गेंदों पर रन बनाने की चुनौती देना ही हमारी योजना थी। अर्शदीप सिंह के 4 विकेट मैच के पहले 10 ओवर में आए। इस गेंदबाज ने रीजा हेंड्रिक्स, टॉनी डी जोर्जी, रासी वान डर डुसने और हेनरी क्लासेन को आउट किया। अर्शदीप ने स्वीकार किया कि पहले दस ओवरों में जो हुआ वह मैच से पहले की योजनाओं में बताई गई बातों के बिल्कुल विपरीत था। हम मैच से पहले रात में डिनर के लिए गए थे। मैंने, अक्षर और आवेश से इस बारे में बात की। हमें पता था कि जब प्रोटियाज़ गुलाबी जर्सी पहनते हैं तो वे कितने खतरनाक फॉर्म में होते हैं। इसलिए, हमारा लक्ष्य उन्हें 400 से नीचे के स्कोर पर रोकने का था।

# आईपीएल के अगले सत्र के लिए आज से होगी नीलामी

**दुबई** 18 दिसंबर (वार्ता) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए मंगलवार को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होगी।

बीसीसीआई की जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस साल की नीलामी के लिए कुल 1166 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया था जिसमें से 333 नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। 116 खिलाड़ी ऐसे हैं जोकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं, जबकि 215 खिलाड़ी अनकैप्ड हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। इस नीलामी के जरिए 10 टीमों में कुल 77 खिलाड़ियों लिया जायेगा। 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। यह छोटी नीलामी है। इसके बाद अगले साल बड़ी नीलामी होगी, जिसमें आईपीएल 2025 के लिए टीमें बनेंगी।

हाल ही में गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पंड्या को खरीदा कर टीम का कप्तान बनाया है। गुजरात के पास सबसे अधिक 38.15 करोड़ रूपये है, जिसमें उन्हें दो विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल आठ जगहों को टीम में शामिल करना है।

आईपीएल की दूसरी सबसे नई टीम



लखनऊ सुपर जायंट्स के पास 13.15 करोड़ रूपये है और उसे दो विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल छह जगहों को भरना है। इस नीलामी में अधिकतम 262.95 करोड़ रूपये खर्च किए जा सकते हैं। 333 खिलाड़ियों को 19 अलग-अलग सेट में बांटा गया है, जिसमें बल्लेबाज़, ऑलराउंडर, तेज गेंदबाज, स्पिनर, विकेटकीपर के सेट और कैप्ड व अनकैप्ड खिलाड़ियों के सबसेट शामिल हैं।

23 खिलाड़ियों ने अपने आपको अधिकतम दो करोड़ के आधार मूल्य वाले सेट में रखा है, इसमें मिचेल स्टार्क, ट्रैविस हेड, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर का नाम प्रमुख है। 13 खिलाड़ियों का अपना आधार मूल्य 1.5 करोड़ रूपये रखा है। बेन स्टोक्स, जो रूट और जोफ्रा आर्चर की इंग्लिश तिकड़ी ने इस बार स्वयं को अनुपलब्ध बताया है। वहीं केदार जाधव, लिटन दास और शाकिब अल हसन का भी नाम नीलामी सूची में शामिल नहीं है।

इस सूची में स्टार्क का नाम संभवत: सबसे ऊपर हो सकता है। वह आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं और उन पर बड़ी बोलियां लग सकती है। इस साल के विश्व कप के उभरते सुपरस्टार रचिन रविंद्र का आधार मूल्य 50 लाख है, लेकिन उनके लिए इससे कई गुना अधिक की बोली लग सकती हैं। भारत से शार्दुल ठाकुर, हर्षल पटेल और शाहरूख खान का नाम इस सूची में शामिल हो सकता है। अर्शीन कुलकर्णी, कुमार कुशाग्र, मुशीर ख़ान, समीर रिज़्वी और कुछ अन्य युवा अनकैप्ड चेहरे इस नीलामी में हो सकते हैं।

आईपीएल नियमों के अनुसार नीलामी के एक दिन बाद से खिलाड़ियों का 'ट्रेड' फिर से हो सकता है और यह आईपीएल सत्र शुरू होने से एक सप्ताह पहले तक चल सकता है। लेकिन अमूमन ऐसा होता नहीं है और टीमें नीलामी के बाद अपने एकादश की तैयारी में लग जाती हैं और खिलाड़ियों के प्री-सीजन कैंप लगने शुरू हो जाते हैं।

### ■ इस साल की नीलामी के लिए कुल 1166 खिलाड़ियों ने कराया था अपना पंजीकरण
### ■ पंजीकरण कराने वाले खिलाड़ियों में से 333 नामों को किया गया शॉर्टलिस्ट
### ■ 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी की लगेगी बोली

### सुडोकू 6410 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 5.58 प्रतिशत |
| टीसीएस | 5.28 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 5.20 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.99 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 3.33 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.75 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.30 प्रतिशत |
| मारुति | 0.65 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.40 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.18 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# दुनिया में सवारी बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री 2023 में 1 करोड़ यूनिट तक पहुंच जाएगी

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। दुनिया में यात्री बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) यूनिट की बिक्री इस साल तीसरी तिमाही में 29 प्रतिशत (साल-दर-साल) बढ़ी है। सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीईवी की वार्षिक बिक्री 2023 के अंत तक लगभग 1 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। चीन ने हालांकि बीईवी के लिए शीर्ष वैश्विक बाजार के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी, लेकिन कमजोर आर्थिक दृष्टिकोण और तीव्र मूल्य प्रतिस्पर्धा के कारण देश की बिक्री को अपनी गति को ठीक करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। काउंटरप्वाइंट के 'ग्लोबल पैसेंजर इलेक्ट्रिक व्हीकल मॉडल सेल्स ट्रैकर' के अनुसार, तीसरी तिमाही के दौरान चीन की बीईवी बिक्री वैश्विक औसत से केवल 11 प्रतिशत कम बढ़ी। फिर भी, चीनी ब्रांडों ने विदेशों में 0.13 मिलियन से अधिक बीईवी



सफलतापूर्वक बेचीं, जो कि 2022 की तीसरी तिमाही की तुलना में चार गुना वृद्धि है। टेस्ला, बीवाईडी ऑटो और वोक्सवैगन एजी सबसे अधिक बिकने वाले बीईवी समूह थे। बीवाईडी ऑटो (डेन्ज़ा को छोड़कर) ने टेस्ला के साथ बराबरी कर ली है और उम्मीद है कि वह चौथी तिमाही में इसे पार कर वैश्विक स्तर पर बढ़त बनाएगी।

वरिष्ठ विश्लेषक सौमेन मंडल ने कहा, 'चीन के पास अभी भी वैश्विक बीईवी बाजार का 58 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि अमेरिका का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है। जर्मनी, तीसरा सबसे बड़ा बीईवी बाज़ार भी सालाना 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। किफायती विकल्पों की उपलब्धता के कारण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भी बीईवी अपनाने की संख्या बढ़ रही है।' वाहन निर्माताओं की अपेक्षाओं से नीचे गिरने के बावजूद अमेरिका में बीईवी की बिक्री साल-दर-साल 50 प्रतिशत की वृद्धि को पार करने का अनुमान है।

अनुसंधान निदेशक जेफ फील्डहॉक ने कहा, 'लिथियम-आयन बैटरियों की घटती लागत के साथ-साथ कम लागत वाली वैकल्पिक बैटरी रसायन विज्ञान के विकास से बीईवी की सामर्थ्य में मदद मिलेगी। यूरोप और अमेरिका दोनों से बीईवी के लिए आवश्यक खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त निवेश बनाए रखने की उम्मीद है, जिससे चीन पर निर्भरता कम होगी।'

## 2022-23 के लिए आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी पर 40.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया




**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2022-23 के दौरान मानदंडों के उल्लंघन के लिए बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और अन्य संस्थाओं पर 40.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने सोमवार को लोक सभा में एक लिखित उत्तर में ये बात कही। 14.04 करोड़ रुपए के जुर्माने वाले इनमें से 176 मामले सहकारी बैंकों से संबंधित थे।

निजी क्षेत्र के बैंकों पर 12.17 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 3.65 करोड़ रुपए, विदेशी बैंकों पर 4.65 करोड़ रुपए और एनबीएफसी पर 4.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया।

मंत्री ने कहा, 'आरबीआई ने सूचित किया है कि उसके लिए विभिन्न कानूनों और निर्देशों के उल्लंघन के लिए विनियमित संस्थाओं पर मौद्रिक दंड लगाने के रूप में प्रवर्तन कार्रवाई जरूरी है।' उन्होंने कहा कि आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी और एचएफसी द्वारा अपनाए जाने वाले उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश जारी किए और इनमें ऋण देने के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया।

### बंगाल का राजस्व राष्ट्रीय औसत से पीछे : आरबीआई

पश्चिम बंगाल के वित्त पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया निष्कर्षों के अनुसार, राज्य के स्वयं के राजस्व या सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) प्रतिशत के मामले में राज्य राष्ट्रीय औसत से पीछे है। आरबीआई के निष्कर्षों के अनुसार, राज्य के स्वयं के कर राजस्व और गैर-कर राजस्व दोनों के मामले में पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय औसत से पीछे है। इसके अनुसार, पश्चिम बंगाल के लिए जीएसडीपी में राज्य के स्वयं के कर राजस्व का प्रतिशत केवल पांच प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत सात प्रतिशत से कम है। पश्चिम बंगाल के संबंध में गैर-कर राजस्व के मामले में स्थिति अधिक दयनीय है। निष्कर्षों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के जीएसडीपी में राज्य के गैर-कर राजस्व का प्रतिशत केवल 0.4 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत 1.2 प्रतिशत से कम है।

## यूपी में चीनी का उत्पादन बढ़ा लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक में घटा

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश में चीनी उत्पादन चालू सीजन के दौरान अब तक (15 दिसंबर तक) 10.7 फीसदी घटकर 74 लाख मीट्रिक टन रह गया। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कई मिलों ने निर्धारित तारीख से एक पखवाड़े बाद काम शुरू किया। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (ISMA) के अनुसार, पेराई सीजन 1 अक्टूबर से शुरू हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.3 मिलियन टन से घटकर 2.44 मिलियन टन हो गया, जबकि कर्नाटक का उत्पादन 11.7 प्रतिशत गिरकर 1.7 मिलियन टन हो गया। हालांकि, चालू सीजन के दौरान उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन 9 प्रतिशत बढ़कर 2.2 मिलियन टन हो गया। यहां मिलों ने अपना काम जल्दी शुरू कर दिया।

सरकार ने एथाइल अल्कोहल के उत्पादन के लिए गन्ने के रस को डायवर्ट करने पर प्रतिबंध में ढील दी है, जिससे मिलों को इसके लिए 1.7 मिलियन टन चीनी डायवर्ट करने की अनुमति मिल सके, ताकि उनका मुनाफा प्रभावित न हो और गन्ना किसानों को समय पर भुगतान किया जा सके।

# ड्रीमफोल्क्स सदस्यता क्लब का अनावरण

**नई दिल्ली**, 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। हवाईअड्डा सेवा एग्रीगेटर ड्रीमफोल्क्स ने आज अपने विशेष सदस्यता कार्यक्रम - द ड्रीमफोल्क्स क्लब के लॉन्च की घोषणा की। यह क्लब सदस्यता के विभिन्न पैकेजों की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है, जिसे सदस्यों की विविध यात्रा सम्बन्धी और जीवन शैली की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बेहतर आराम और सुविधा की चाह रखने वाले से लेकर शानदार यात्रा अनुभव की चाहत वाले लोगों तक, ड्रीमफोल्क्स क्लब के पास हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। ड्रीमफोल्क्स की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लिबराथा कल्लट ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इसे लाँच करते हुये कहा कि 'ड्रीमफोल्क्स में हमने हमेशा अधिक-से-अधिक यात्रियों को प्रीमियम हवाई अड्डे के अनुभवों को प्रदान करने का प्रयास किया है। आज ड्रीमफोल्क्स क्लब सदस्यता पैकेज का अनावरण करते हुए मुझे काफी खुशी हो रही है, जो यात्रियों को समर्पित हमारी इस यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। हमने लक्जरी पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी विश्व स्तरीय सेवाओं को सभी बजट श्रेणी के यात्रियों के लिए विशेष सदस्यता पैकेज के रूप में तैयार किया है। कम्प्लीमेंटरी ग्लोबल लाउंज की पहुंच से लेकर हवाई अड्डे की सेवाओं, सौंदर्य, स्वास्थ्य सेवा, पुष्प उपहार, यात्रा वीजा, गोल्फ और अन्य सेवाओं से सुसज्जित ये पैकेज अद्वितीय यात्रा और जीवन शैली का अनुभव प्रदान करते हैं। ये ऐसे लाभ प्रदान करते हैं जो पहले कभी किसी ने नहीं प्रदान किया। भारत के अग्रणी हवाईअड्डा सेवा एग्रीगेटर के रूप में अब हम ग्राहकों के एक बड़े वर्ग के लिए प्रीमियम यात्रा और जीवन शैली से जुड़ी सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं। मैं ड्रीमफोल्क्स क्लब को अपने संस्थागत लक्ष्यों की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में देखती हूं - प्रीमियम यात्रा और जीवन शैली के अनुभव को सभी के लिए सुलभ बनाना।'


उन्होंने कहा कि ड्रीमफोल्क्स क्लब चार तरह के कार्ड जारी किये गये हैं। यह एस्पायर पैकेज से शुरू होता है, जो भारत में यात्रियों के लिए प्रीमियम यात्रा के साथ ही कम्प्लीमेंटरी हवाई अड्डे के लाउंज के उपयोग का द्वार खोलता है। सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के लिए, प्रीमियम पैकेज वैश्विक हवाई अड्डे के लाउंज, रियायती लाउंज सेवा और विभिन्न यात्रा और जीवन शैली सेवाओं पर विशेष सौदों की पेशकश करता है। लक्ज़री को बढ़ाते हुए सेलेक्ट पैकेज हवाई अड्डे और रेलवे लाउंज के अलावा सौंदर्य, पुष्प उपहार और स्वास्थ्य देखभाल जैसी कम्प्लीमेंटरी सेवाएं प्रदान करता है। एलीट पैकेज वैश्विक हवाई अड्डे के लाउंज एक्सेस, गोल्फ कोर्स और प्रीमियम जीवनशैली सेवाओं के साथ विशेष लक्ज़री प्रदान करता है।

उन्होंने कहा, हमारे नवीन ड्रीमफोल्क्स कॉर्पोरेट सदस्यता कार्यक्रम के माध्यम से, हम व्यवसायों को अपने प्रमुख हितधारकों के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण की पेशकश करने पर खासा उत्साहित हैं।

# शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति पर आने वाले निर्णय से पहले विदेशी बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बैंकिंग, रियल्टी, आईटी और टेक समेत नौ समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 168.66 अंक लुढ़ककर 71315.09 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 38.00 अंक की गिरावट लेकर 21418.65 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.28 प्रतिशत चढ़कर 36,299.98 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,285.27 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4028 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2172 में लिवाली जबकि 1716 में बिकवाली हुई वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां नुकसान जबकि 16 लाभ में रहीं। बीएसई के नौ समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान एफएमसीजी 0.28, वित्तीय सेवाएं 0.32, आईटी 0.27, यूटिलिटीज़ 0.34, बैंकिंग 0.58, तेल एवं गैस 0.16, पावर 0.07, रियल्टी 0.98 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत गिर गए। वहीं, हेल्थकेयर 0.58, इंडस्ट्रियल्स 0.60, दूरसंचार 0.81, कैपिटल गुड्स 0.75, कंज्यूमर ड्यूलरेबल्स 0.60 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.50 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय




बाजार का रुझान कमजोर रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.15, जापान का निक्केई 0.64, हांगकांग का हैंगसेंग 0.97 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.40 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि ब्रिटेन के एफ़टीएसई में 0.34 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार के सेंसेक्स 46 अंक उतरकर 71,437.35 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 71,142.29 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर तक 71,552.24 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 71,483.75 अंक के मुकाबले 0.24 प्रतिशत फिसलकर 71,315.09 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 22 अंक टूटकर 21,434.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,365.35 अंक के निचले जबकि 21,482.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रह। अंत में पिछले सत्र के 21,456.65 अंक की तुलना में 0.18 प्रतिशत गिरकर 21,418.65 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 2.34, आईसीआईसीआई बैंक 1.59, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.46, आईटीसी 1.45, इंडसइंड बैंक 1.12, टेक महिंद्रा 0.99, इंफ़ोसिस 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.96, एक्सिस बैंक 0.77, एनटीपीसी 0.62, अल्ट्रासिमको 0.60, बजाज फिनसर्व 0.53, विप्रो 0.34, भारती एयरटेल 0.29, टाटा मोटर्स 0.25, टीसीएस 0.05, एचडीएफसी बैंक 0.02 और नेस्ले इंडिया 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 1.25, रिलायंस 0.99, बजाज फाइनेंस 0.92, एचसीएल टेक 0.74, एशियन पेंट 0.60, टाइटन 0.49, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.49, मारुति 0.33, टाटा स्टील 0.15, एलटी 0.12, एसबीआई 0.07 और कोटक बैंक के शेयर 0.05 प्रतिशत की बढ़त में रहे।

## उड़ान ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत की 100 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान, जिसने पिछले हफ्ते 340 मिलियन डॉलर जुटाए थे, ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 100 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने एक लाभदायक व्यवसाय बनाने की दिशा में अपनी यात्रा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कस्टमर सेंट्रिक और एक्टिव रहते हुए हमारे पहले से ही फ्रूवन बिजनेस मॉडल में प्रासंगिक हस्तक्षेप करना जारी रखा है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'इन हस्तक्षेपों के चलते सिस्टम में कुछ बदलाव भी हुए हैं।' बेंगलुरु स्थित कंपनी ने एसेंशियल बिजनेस (एफएमसीजी, स्टेपल और फार्मा) और डिस्क्रेशनरी बिजनेस (सामान्य माल, जीवन शैली और इलेक्ट्रॉनिक्स) को मर्ज करने के लिए सितंबर में अपनी बिजनेस यूनिट्स का पुनर्गठन किया। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'हम ई-कॉमर्स की शक्ति का लाभ उठाकर किराना कॉमर्स को आगे बढ़ाने और भारत के छोटे और मीडियम बिजनेस को सशक्त बनाने के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।' 2022 में उड़ान ने दो फेज में 500 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। पिछले हफ्ते, बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने यूके स्थित सेविंग्स और इंवेस्टमेंट फर्म एम एंड जी फ्रूडेंशियल के नेतृत्व में सीरीज ई राउंड में 340 मिलियन डॉलर जुटाए और मौजूदा इंवेस्टर्स लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स और डीएसटी ग्लोबल ने हिस्सा लिया। उड़ान ने कहा कि इसका उद्देश्य कस्टमर एक्सपीरियंस, मार्केट पेनिट्रेशन, स्ट्रैटजी वेंडर पार्टनरशिप को मजबूत करने और सप्लाई चेन और क्रेडिट के लॉन्ग-टाइम कैपेबिलिटीज को मजबूत करने के लिए नए फंड तैनात करना हैkउड़ान के को-फाउंडर और सीईओ वैभव गुप्ता ने कहा, 'ताजा फंडिंग विकास और लाभप्रदता की हमारी निरंतर यात्रा को सक्षम बनाती है, जिससे हम अगले 12-18 महीनों में सार्वजनिक-बाजार के लिए तैयार हो जाते हैं।'




## खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 33 रिंगिट की बढ़त के साथ 3687 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.13 सेंट की गिरावट लेकर 50.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में उड़द दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत में डेटा व एआई अपनाने को बढ़ावा देने के लिए एक्सेंचर ने जेनरेटिव एआई स्टूडियो का किया अनावरण

**बेंगलुरु,** 18 दिसम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक आईटी सेवा फर्म एक्सेंचर ने सोमवार को डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को अपनाने में तेजी लाने के लिए भारत में एक जेनेरिक एआई स्टूडियो लॉन्च किया। स्टूडियो के साथ, डेटा और एआई में एक्सेंचर के 3 अरब डॉलर के निवेश का हिस्सा, कंपनी की टीम, ग्राहक आधुनिक डेटा और एआई फाउंडेशन, एलएलएम आर्किटेक्चर, पारिस्थितिकी तंत्र साझेदारी, प्रतिभा और जिम्मेदार एआई ढांचे के साथ समाधान तैयार करेंगे।

'ग्राहक उस व्यापक अवसर को समझते हैं, जो जेनेरिक एआई उनके व्यवसाय को अनुकूलित और सुदृढ़ करने के लिए ला सकता है, इससे विकास के नए रास्ते खुल सकते हैं। ग्लोबल लीड-डेटा और एआई, एक्सेंचर सेंथिल रमानी ने कहा, 'हालांकि, अपने एआई निवेश की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए, उन्हें प्रत्येक व्यावसायिक क्षमता में मूल्य-




आधारित होने की आवश्यकता है, जिसे वे जेनेरिक एआई के साथ पुनः आविष्कार करने के लिए चुनते हैं। हमारा बेंगलुरु स्टूडियो दुनिया भर में हमारे ग्राहकों को संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में क्षमताओं को प्राथमिकता देने में मदद करेगा।' हाल के एक्सेंचर सर्वेक्षण के अनुसार, सी-सूट के 74 प्रतिशत अधिकारियों ने 2024 में अपने एआई-संबंधित खर्च को बढ़ाने की योजना बनाई है, जो पिछले वर्ष में 50 प्रतिशत से अधिक है, क्योंकि कंपनियां डेटा अवधारणा के प्रमाण से मालिकाना के साथ फाउंडेशन मॉडल को अनुकूलित करने की ओर बढ़ रही हैं। एक्सेंचर के ग्लोबल लीड - एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सेंटर्स ग्लोबल नेटवर्क, महेश जुराले ने कहा, '19 उद्योगों में हमारे ग्राहकों के पास अब प्रदर्शन के नए स्तर हासिल करने के लिए कार्यों और बिजनेस मॉडल को फिर से तैयार करने के लिए जेनेरिक एआई समाधानों को समझने, प्रयोग करने, अपनाने और स्केल करने का अवसर है।' स्टूडियो ग्राहकों के लिए एक्सेंचर के सेंटर फॉर एडवांस्ड एआई में किए गए रणनीतिक निवेश का लाभ उठाएगा और एआई में एक्सेंचर के 1,450 से अधिक लंबित और जारी किए गए पेटेंट और 300 से अधिक सक्रिय जेनरेटर एआई परियोजनाओं से सीख लेगा।

**सार संक्षेप**

### लाइटहाउस फैक्टरी की नई सूची जारी

**बीजिंग**। विश्व आर्थिक मंच ने हाल में लाइटहाउस फैक्टरी की नई सूची जारी की। इसमें शामिल 21 कारखानों में 11 चीन में स्थित हैं, जिनमें फोटोवोल्टिक्स, ऑटोमोबाइल और नवीन ऊर्जा जैसी उच्च तकनीक कंपनियां शामिल हैं। लाइटहाउस फैक्ट्री को दुनिया के सबसे उन्नत कारखाने के रूप में जाना जाता है, जो औद्योगिक क्षेत्र में शीर्ष बुद्धिमान विनिर्माण क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है। अब दुनिया के 153 लाइटहाउस कारखानों में 62 चीन के हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। लाइटहाउस फैक्ट्री डिजिटलीकरण, नेटवर्किंग और बुद्धिमत्ता के माध्यम से और आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े मॉडल प्रौद्योगिकी के प्रयोग से उत्पादन प्रक्रिया के व्यापक स्वचालन और सटीकता को साकार करती है। दुनिया भर में विशेष इस्पात उद्योग की पहली 'लाइटहाउस फैक्ट्री' चीन में स्थित है। इस कारखाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उच्च सटीकता वाले सेंसिंग उपकरण न सिर्फ उत्पादन क्षमता उन्नत कर सकते हैं और जोखिमों की जांच कर सकते हैं, बल्कि लचीला अनुकूलन भी कर सकते हैं, ताकि उपयोगकर्ताओं की जरूरतें पूरी हो सके।

### मिचौंग प्रभाव के चलते कोलकाता के खुदरा बाजारों में अंडे की कीमत आसमान पर

**कोलकाता**। पिछले कुछ दिनों में, चक्रवात मिचौंग के प्रभाव के चलते तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से पश्चिम बंगाल को आपूर्ति प्रभावित हुई, जिसके कारण कोलकाता के खुदरा बाजारों में अंडों की कीमत बढ़ गई है। कोलकाता के अधिकांश खुदरा बाजारों में औसतन एक अंडे की कीमत 7.50 रुपए है और शहर के पॉश इलाकों स्थित कुछ बाजारों में पिछले कुछ हफ्तों से कीमत लगभग 8 रुपए है। इससे पहले शहर के खुदरा बाजारों में एक अंडे की कीमत 5.50 रुपए से 6 रुपए के बीच होती थी। खुदरा बाजारों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रित रखने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्यों के अनुसार, पश्चिम बंगाल अंडे की आपूर्ति के लिए तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पर काफी हद तक निर्भर है। टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, 'चक्रवात मिचौंग के बाद इसका असर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों के अलग-अलग हिस्सों में महसूस किया जा सकता है, जिसके बाद पश्चिम बंगाल में अंडों की आपूर्ति बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई है। हमें आशंका है कि शहर के खुदरा बाजारों में अंडे की कीमत सामान्य होने में कुछ समय लगेगा।' उन्होंने कहा कि दिसंबर की शुरुआत से ही अंडों की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया था और अब यह इस स्तर पर पहुंच गया है। कोलकाता एग मर्चेंट्स एसोसिएशन के महासचिव काजल दत्ता ने स्वीकार किया कि कोलकाता के खुदरा बाजारों में अंडे की कीमत में इतनी अधिक वृद्धि कभी नहीं हुई, जितनी इस बार हुई है। 'औसत मध्यवर्गीय बंगाली परिवारों के लिए प्रोटीन के लिए अंडा मुख्य आहार है।

# गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

**गरियाबंद,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। शनिवार को जिले के सभी सिविल और राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।



लोक अदालत में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद श्रीमती तजेश्वरी देवी देवागंन की गठित खण्डपीठ में कुल 91 लंबित एवं 631 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे। जिनमें क्रमश: 20 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए एक करोड तीन लाख बीस हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वही 50 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए अक्षरी अट्ठाईस लाख बियासी हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 70 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल अक्षरी एक करोड बत्तीस लाख दो हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग- एक गरियाबंद श्रीमती छाया सिंह की गठित खण्डपीठ में 742 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 71 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अक्षरी छह लाख अठहत्तर हजार तीन सौ छियासी रूपये का राशि अदा करायी गयी तथा समरी मामले सहित 244 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 182 लंबित मामलों, जिसमें अन्य सिविल के 05 वर्ष के अधिक समय से लंबित 01 प्रकरण (एक्शन प्लान से संबंधित प्रकरण) का निराकरण करते हुए 43,695 /- (अक्षरी तिरालीस हजार छै: सौ पंचान्वे) रूपये की राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार कुल 253 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अक्षरी नौ लाख चार हजार सात सौ ईक्यासी रूपये का समझौता राशि की अदायगी कराई गई।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग-दो प्रशान्त कुमार देवांगन गरियाबंद की गठित खण्डपीठ में 523 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 10 प्रकरणों का निराकरण करते हुए नौ लाख एक हजार नौ सौ चौदह रूपये का राशि अदा करायी गयी। तथा कुल लंबित दाण्डिक मामले समरी सहित 105 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 13 प्रकरण निराकृत किये गये। इस प्रकार कुल 23 प्रकरणों का निराकरण करते हुए नौ लाख एक हजार नौ सौ चौदह रूपये का राशि अदा करायी गयी। प्रशान्त कुमार देवांगन प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय गरियाबंद की गठित खण्डपीठ में राजीनामा योग्य लंबित 07 प्रकरण रखे गये थे।

इसी प्रकार सचिन पॉल टोप्पो न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो राजिम की गठित खण्डपीठ में 1450 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 123 प्रकरणों का निराकरण करते हुए तथा कुल लंबित दाण्डिक मामले समरी सहित 433 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 225 प्रकरण निराकृत किये गये। इस प्रकार कुल 348 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 5,79,600/- (अक्षरी पांच लाख उन्यासी हजार छै-सौ) रूपये का राशि अदा करायी गयी।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो देवभोग श्रीमती किरण पन्ना की गठित खण्डपीठ में 521 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 41 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अक्षरी ग्यारह लाख छै-हजार नौ सौ सत्तर) रूपये का राशि अदा करायी गयी तथा कुल लंबित दाण्डिक मामले समरी सहित 476 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 357 प्रकरण निराकरण करते हुए तीस हजार रूपये का राशि अदा करायी गयी किये गये। इस प्रकार कुल 398 प्रकरणों का निराकरण करते हुए ग्यारह लाख छत्तीस हजार नौ सौ सत्तर रूपये का राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद, न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद, एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजिम कुल 1092 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

**फलदार एवं फुलदार पौधों एवं वृक्षों का वितरण :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक अदालत में आये गये पक्षकारों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उनके लिए स्वल्पाहार (रोटी-सब्जी) व्यवस्था की गई तथा राजस्व न्यायालयों में गठित खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों के द्वारा लोक अदालत के पूर्व से ही संबंधित पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से प्री-सिटिंग कर इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु काफी प्रयास किये गये। इस लोक अदालत को सफल बनाने में खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारीगण, अधिवक्ता सदस्यगण और प्रकरणों से संबंधित अधिवक्तागण न्यायालयीन कर्मचारियों, राजस्व अधिकारियों तथा प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले अन्य विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं संबंधित पक्षकारों का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक संदीप की आभार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, मतदाताओं का जताया आभार



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। रविवार को कसडोल विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक संदीप साहू का भव्य स्वागत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया। स्वागत के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित आभार कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओ का हुजूम जुटा रहा। विधायक संदीप साहू का काफिला नगर के गुरुघासीदास चौक से आभार रैली गायत्री मंदिर होते हुए कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कार्यालय पहुँची। जहाँ से नव निर्वाचित विधायक संदीप साहू ने मंच को संबोधित किया।

## कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक का किया स्वागत

संबोधन में श्री साहू ने ऐतिहासिक जीत का आभार जनता का माना यही नही उन्होंने सभी क्षेत्र की जनता जनार्दन का स्वागत करते हुये धन्यवाद दिया और कहा की यह जीत पूरे कसडोल विधानसभा की जीत है जिसमे सभी की भागीदारी से ही यह मुकाम हासिल हुआ है जिसमे सभी बराबर के हकदार है और हमेशा उनका द्वार कसडोल की जनता के लिए खुला है। जनता का आभार व्यक्त करते हुए संदीप साहू ने कहा कि चुनाव में ऐतिहासिक मत देकर विजवी बनाया, उसके लिए वे सदा उनके आभारी रहेंगी। आभार रैली में शामिल होने के लिए कसडोल विधानसभा से काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भीड़ पूरे कार्यक्रम के दौरान नजर आया।

नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू ने कहा कि कसडोल, लवन और पलारी में विकास करना, शिक्षा के लिए बेहतर काम करना मेरी पहली प्राथमिकता है, मैं क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नही करूँगा। आभार कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, नपा अध्यक्ष श्रीमती नीलू चंदन साहू, उपाध्यक्ष ऋतिक मिश्रा, अविनाश मिश्रा, राइसकिंग खूंटे, किसान संरक्षक मनीष मिश्रा, अशोक यादव, कमलेश साहू, निरेन्द्र क्षत्रिय, भावेश यादव, योगेश बंजारे, प्रशांत जायसवाल, चंदन साहू, द्वारिका निर्मलकर, भूपेंद्र जायसवाल सहित कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सकरी में मड़ाई मेला का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। समीप ग्राम पंचायत सकरी में 15 दिसंबर को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। उत्साह पूर्वक भारी संख्या में आसपास गांव के दर्शक मड़ाई का आनंद लिए। मड़ाई देवता का पूजा कर महामाया देवी होते हुए मड़ाई स्थल लाया गया। यादव दल के द्वारा भव्य नृत्य प्रदर्शन कर मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। रात्रि मे छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता शैलेष नितिन त्रिवेदी, कुशल वर्मा सभापति जिला पंचायत, पुराइन साहू सरपंच, ओमकार साहू उपसरपंच, कमलेश्वर यदु अध्यक्ष तहसील यादव समाज, प्रतिभा ईश्वर साहू पूर्व सरपंच, पुनीत साहू, केशव साहू, संतराम साहू, बिहारी साहू, गीता साहू, नीलकंठ साहू, नेतराम साहू, काशी साहू, चंद्रकांत साहू, जमुना उर्मिला साहू पंच कुलेश्वर वर्मा, मनोज टंडन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# रामलला मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत का 15 मंडलों में किया गया वितरण



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। पवित्र धाम अयोध्या श्रीरामजन्मभूमि से रामलला के मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रण स्वरूप आये पूजित अक्षत का कसडोल खण्ड के 15 मंडलों में वितरण रविवार को कसडोल नगर के महामाया मन्दिर में किया गया। जहां कलशों का मां महामाया जी के दरबार मे विधिवत पूजन किया गया। साथ ही अयोध्या से आये आमंत्रण पत्र एवं श्रीराम मंदिर की चलचित्र का वितरण कसडोल खण्ड के 15 मंडलों से आये मंडल संयोजको को सौपा गया।

कसडोल खण्ड के अभियान प्रभारी एवं जिला सह धर्मजागरण प्रमुख पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने बताया कि अब मंडलों से यह कलश मंडल के ग्रामो तक जाएगी और जन जन तक राम मंदिर का आमंत्रण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ग्राम नगर में राममय माहौल समाज के सभी वर्ग के लोगो के सहयोग से निर्मित की जाएगी। आगामी जनवरी माह में प्रभातफेरी, रामायण, शोभायात्रा आदि का आयोजन किया जाएगा तथा जनजागरण किया जाएगा। जनवरी माह के 1 तारीख से यह आमंत्रण का अभियान प्रारम्भ किया जाएगा। इसी तरह कसडोल नगर के 15 वार्डो में बैठक लेकर वार्ड प्रमुख बनाकर उन्हें वार्ड हेतुक कलश सौंपी जाएगी जिसकी रूपरेखा आगामी 3-4 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी तथा एक कलशयात्रा के रूप में नगर में निकाला जाएगा। आज के इस कलश वितरण कार्यक्रम में खण्ड के संघचालक के आर कैवर्त, खण्ड कार्यवाह हरदयाल साहू खण्ड सहित जितेंद्र वर्मा, नरेंद्र डड़सेना, रामावतार वर्मा, रितेश जायसवाल, नोबेल माझी, मुकेश वर्मा, असवन्त साहू, ओम शर्मा, राम साहू, पीताम्बर पटेल सहित सभी मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**बलौदाबाजार,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के छत्तीसगढ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर कांग्रेसियों द्वारा खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। श्री महंत विधानसभा अध्यक्ष रहे चुके है एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष रहे भी है। महंत के नेता प्रतिपक्ष बनने से कांग्रेस पार्टी मजबुत होगा। जनता की आवाज को सडक से लेकर सदन तक उठाएगा हर मुद्दा को उठाएगा महंत अनुभवी नेता है।



श्री महंत को फोन करके किसान नेता के.के. वर्मा द्वारा बधाई देते हुए बलौदाबाजार आने के लिए आग्रह किया। श्री महंत ने अति शीघ्र आने के लिए आस्वथ किया। चरणदास महंत को बधाई देने वालों में पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, चैतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपडी अध्यक्ष के.के. वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, दिनेश यदु, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, ललिता यदु, प्रदेश कांग्रेस सचिव सरिता वर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष गंभीर ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल, गोविन्द पात्रे, गौतम ठेठवार, दिगम्बर साहू, छल्ला साहू, सुखदेव साहू, हेमचंद केसरवानी, मनोज प्रजापति, संदीप साहू, परमेश्वरी साहू, टीआर साहू, कालेन्द्री वर्मा, मिथलेश वर्मा, सोनू वर्मा देवेन्द्र वर्मा, भानु वर्मा, रमेश वर्मा, विजय साहू, कमलेश्वर यदु, राजेश साहू, अंजली बघेल, दीपक साहू, राजेश चंदेल, बिरराम चंदेल, रामू नेताम, शारदा सोनी, संजय सोनी, दानी वर्मा, किशोर बघेल, टिकेश्वर साहू, धर्मो साहू, थनेश्वर कन्नौजे, झाडीराम कन्नौजे, राजा तिवारी, देवीलाल बारवे, सुनील कुर्रे, आर्यन शुक्ला, ओमनारायण साहू, ओमप्रकाश जायसवाल, ओमप्रकाश बघेल आदि शामिल है। उक्त जानकारी ओबीसी कांग्रेस जिला मिडिया प्रभारी खिलावन जायसवाल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## किराए पर देना है

देशबन्धु कॉम्पलेक्स भैंसथान प्रथम तल पर 200 से 700 वर्गफीट पर ऑफिस किराए पर देना है।

संपर्क करें- 9826147137
7089314741

## आम सूचना

मेरे पक्षकार हेतु मेरे द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि करण पिता श्री महावीर प्रसाद जाति सामान्य निवासी, महासमुंद, थाना, तहसील व जिला महासमुंद छग की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम परसकोल प.ह.नं 41, रा.नि.म बरोंडाबाजार तहसील व जिला महासमुंद छग स्थित भूमि खसरा नं. 911/8 का टुकडा, रकबा 0.06 हे. भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है, जिसके पश्चात उक्त भूमि का पंजीकृत विक्रय विलेख (रजिस्ट्री बैनामा) निष्पादित किया जाना है।

अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म कंपनी अथवा विभागों को उक्त भूमि विक्रय का रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किए जाने के संबंध में आपत्ति दावा हो तो इस उदघोषणा के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति दावा मान्य नही किया जावेगा।

सो सूचना जाने।

**प्रवीण कुमार झा**
**अधिवक्ता**
**निवासी वार्ड नं. 14 महासमुंद**
**तहसील व जिला महासमुंद छग**
**मो. 9893231144, 9479085722**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 15.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंक सिंघानिया पिता स्व. अशोक सिंघानिया निवासी गीता नगर रायपुर की ग्राम निमोरा प.ह.नं. 25 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 158/7, 159/1, 159/3, 159/4, 159/8 रकबा क्रमशः 0.8170, 0.1336, 0.1010, 0.2790 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक/क/वाचक/तह./2023-2024 आदेश दिनांक 02.11.2023 के परिपालन में दिनांक 08.01.2024 को समय 2 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 25 सोण्डरा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 15.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोमा प.ह.नं. 84 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्रीमती शकुंतला हेमंत गायधने पति स्व. हेमंत मूलचंद गायधने निवासी जल गृह मार्ग शहीद भगत सिंह चौक शुभम किराना भण्डार, टिकरापारा रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 187/63 रकबा 3000 वर्गफुट का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क्र/ वाचक/ तहसीलदार /23 अ-12 वर्ष 2022-2023 आदेश दिनांक 28.11.2023 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 20.12.2023 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य हीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब 121/वर्ष 2022-2023

आवेदक-प्रेमलाल साहू पिता जोहनराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम पाण्डातराई तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 42 को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल साहू पिता जोहनराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम पाण्डातराई तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार पण्डरिया के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की बहन साधनाबाई साहू पिता जोहनराम साहू का जन्म दिनांक 13.08.1980 को ग्राम पाण्डातराई में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 27.12.2023 समय 11 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 13.12.2023
पेशी दिनांक 27.12.2023

मुहर **तहसीलदार पण्डरिया**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ADITYA JHAWAR S/O MANISH JHANWAR resident of 201 SANJAY WARD NEAR PANCHAYATI MANDIR BHATAPARA DISTT BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name ADITYA JHAWAR S/O MANISH JHANWAR so in future I should be recognized by my new name that is ADITYA JHANWAR S/O MANISH JHANWAR in all Government and other documents.

**ADITYA JHANWAR**
201 SANJAY WARD
NEAR PANCHAYATI MANDIR
BHATAPARA DISTT BALODA
BAZAR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MANISH JHAWAR S/O BHIKHAMCHAND JHANWAR resident of 201 SANJAY WARD NEAR PANCHAYATI MANDIR BHATAPARA DISTT BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name MANISH JHAWAR S/O BHIKHAMCHAND JHANWAR so in future I should be recognized by my new name that is MANISH JHANWAR S/O BHIKHAMCHAND JHANWAR in all Government and other documents.

**MANISH JHANWAR**
201 SANJAY WARD
NEAR PANCHAYATI MANDIR
BHATAPARA DISTT BALODA
BAZAR (C.G.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 16.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलबीर सिंह सग्गू पिता गुरूनाम सिंह निवासी भिलाई द्वारा आवेदित ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) स्थित भूमि खसरा नंबर 363/6 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के रा.प्र.क्र. /अ-12/वर्ष 2022-2023 धरसींवा के आदेश दिनांक 15.12.2023 के परिपालन में दिनांक 16.12.2023 को समय 10.00 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 32 के गुमा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 16.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मनजीत कौर पति स्व. दवेन्दर सिंग वगैरह निवासी टाटीबंध द्वारा आवेदित ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) स्थित भूमि खसरा नंबर 366/23 रकबा 0.0930 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के रा.प्र.क्र. /अ-12/वर्ष 2022-2023 धरसींवा के आदेश दिनांक 22.08.2023 के परिपालन में दिनांक 20.12.2023 को समय 10.00 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 32 के गुमा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KARUNA JHAWAR W/O MANISH JHANWAR resident of 201 SANJAY WARD NEAR PANCHAYATI MANDIR BHATAPARA DISTT BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name KARUNA JHAWAR W/O MANISH JHANWAR so in future I should be recognized by my new name that is KARUNA JHANWAR W/O MANISH JHANWAR in all Government and other documents.

**KARUNA JHANWAR**
201 SANJAY WARD
NEAR PANCHAYATI MANDIR
BHATAPARA DISTT BALODA
BAZAR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHALANI SHARMA W/O JAMNA SAHAY SHARMA resident of 118/2, WARD NO 06, BUDHWARI BAZAR MANDI ROAD TILDA NEWRA RAIPUR 493114 (C.G.) have changed my old name SHALANI SHARMA W/O JAMNA SAHAY SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is SHALINI SHARMA W/O JAMNA SAHAY SHARMA in all Government and other documents.

**SHALINI SHARMA**
118/2, WARD NO 06,
BUDHWARI BAZAR MANDI
ROAD TILDA NEWRA RAIPUR
493114 (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JAMNA SAHAI SHARMA S/O KANHAIYA LAL SHARMA resident of 118/2, WARD NO 06, BUDHWARI BAZAR MANDI ROAD TILDA NEWRA RAIPUR 493114 (C.G.) have changed my old name JAMNA SAHAI SHARMA S/O KANHAIYA LAL SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is JAMNA SAHAY SHARMA S/O KANHAIYA LAL SHARMA in all Government and other documents.

**JAMNA SAHAY SHARMA**
118/2, WARD NO 06,
BUDHWARI BAZAR MANDI
ROAD TILDA NEWRA RAIPUR
493114 (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NARESH CHAUHAN S/O LALJI BHAI CHAUHAN resident of B-BLOCK-3A MARLIN JAYSHREE VIHAR MANDI ROAD PANDRI TARAI RAIPUR 492004 (C.G.) have changed my old name NARESH CHAUHAN S/O LALJI BHAI CHAUHAN so in future I should be recognized by my new name that is NARESH KUMAR CHAUHAN S/O LALJI BHAI CHAUHAN in all Government and other documents.

**NARESH KUMAR CHAUHAN**
B- BLOCK-3A MARLIN
JAYSHREE VIHAR MANDI
ROAD PANDRI TARAI RAIPUR
492004 (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, AAMIL AHMED QURESHI S/O KHALIL AHMED QURESHI resident of FLAT NO.-403, BLOCK-C, MANAS MEADIWS BHARTIYA NAGAR WARD NO.-24, BILASPUR (C.G.) have changed my old name AAMIL AHMED QURESHI S/O KHALIL AHMED QURESHI so in future I should be recognized by my new name that is AAMIL AHMED S/O KHALIL AHMED QURESHI in all Government and other documents.

**AAMIL AHMED**
FLAT NO.- 403, BLOCK-C,
MANAS MEADIWS BHARTIYA
NAGAR WARD NO.-24,
BILASPUR (C.G.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-धमतरी (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजनांतर्गत, सिवनी, जिला-बालोद में निर्मित भवन क्रमांक एलआईजी-106 श्री राजेश कुमार साहू पिता स्व. श्री कृष्ण प्रसाद साहू को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, दुर्ग आबंटन आदेश क्रमांक 6392, दिनांक 10.11.2015 के माध्यम से स्ववित्तीय योजना आधार पर आबंटित हैं। आबंटी द्वारा उक्त भवन का दिनांक 24.01.2020 को उपपंजीयक कार्यालय बालोद में पट्टा विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित कर नियमानुसार इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 198-199, दिनांक 07.02.2020 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया हैं। वर्तमान में भवन आबंटी श्री राजेश कुमार साहू पिता स्व. श्री कृष्ण प्रसाद साहू द्वारा उक्त भवन को रू. 10,00,000/- (अक्षरी दस लाख रूपये) में नवीन क्रेता श्री दानीराम साहू पिता स्व. श्री खेमूराम साहू को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति/अनुमति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रदान करने हेतु दिनांक 11.12.2023 को छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में बिक्री इकरारनामा की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन का श्री दानीराम साहू पिता स्व. श्री खेमूराम साहू को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति/अनुमति प्रमाण पत्र (एनओसी) के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छ.ग. गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता-परिजात हाईट्स हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेश्वर, धमतरी, जिला-धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् दावा-आपतित मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-धमतरी**

## सार्वजनिक नोटिस

भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 की धारा 72 के तहत् सभी संबंधित को यह ज्ञात हो कि निम्नलिखित परिवर्तन हमारी साझेदारी के संविधान में फर्म बीके इंजीनियरिंग कार्पोरेशन पंजीकृत कार्यालय 45/47, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई (छ.ग.) 490026 क्रमांक 368 of 1969-70 दिनांक 11.06.1969 दर्ज किया जा रहा है। दिनांक 01.03.2015 को सेवानिवृत्ति की सूचना के परिणामस्वरूप साझेदार KULDIP KUMAR MANISH KUMAR - HUF को व्यावसायिक समय की समाप्ति दिनांक 31.03.2015 से साझेदारी फर्म से सेवानिवृत किया गया है एवं श्री KULDIP KUMAR को व्यावसायिक समय की समाप्ति दिनांक 31.03. 2015 से अन्य साझेदारों से सर्वसम्मति के उपरांत फर्म में साझेदार बना दिया है। दिनांक 01.03.2015 को सेवानिवृत्ति की सूचना के परिणामस्वरूप साझेदार VIJAY KUMAR - HUF को व्यावसायिक समय की समाप्ति दिनांक 31.03. 2015 से साझेदारी फर्म से सेवानिवृत किया गया है एवं श्री VIJAY KUMAR को व्यावसायिक समय की समाप्ति दिनांक 31.03.2015 से अन्य साझेदारों से सर्वसम्मति के उपरांत फर्म में साझेदार बना दिया है।

दिनांक : 30.04.2015
स्थान : भिलाई

वास्ते, बीके इंजीनियरिंग कार्पोरेशन
विजय कुमार
(प्रबंध साझेदार)

## कार्यालय नगर पंचायत पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

क्रमांक/1451/न.पं./लो.नि.वि./2023-2024 पिथौरा, दिनांक 17.12.2023

**-:: अंतिम सूचना ::-**

नगर पंचायत पिथौरा क्षेत्रांतर्गत बागबाहरा रोड में थाना चौक से मुराई धोवा नाला तक गौरव पथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। उक्त मार्ग में सड़क सीमा मध्य से 40-40 फिट दोनों तरफ निर्धारित है। उक्त निर्धारित सीमा के भीतर समस्त अतिक्रमणकर्ताओं को पूर्व में शतत् मुनादी, प्रेस विज्ञप्ति एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अतिक्रमण हटाने हेतु सूचित किया जा चुका है परंतु आज दिनांक तक कई अतिक्रमणकर्ता द्वारा अपने-अपने भवन, दुकान, शेड, अहाता एवं अन्य अतिक्रमण को हटाया नहीं गया है। अत: इस अंतिम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रसारण के पश्चात् 24 घंटे भीतर अपना अतिक्रमण हटा लेवे, अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी तथा अतिक्रमण हटाने में होने वाले व्यय की वसूली अतिक्रमणकर्ता से वसूल की जावेगी। अतिक्रमण हटाने में होने वाली किसी भी प्रकार के क्षति की जवाबदारी संबंधित अतिक्रमणकर्ता की होगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पिथौरा**

## नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मानसी दुखी श्याम पुत्र मानसी दुर्योधन, निवासी मकान नम्बर 08, अरिहंत हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर पिन- 492001 (छ.ग.) का निवासी हूँ। यह कि मैंने अपना पुराना नाम मानसी दुखी स्याम को परिवर्तित कर लिया है। अत: मुझे भविष्य में सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मानसी दुखी श्याम पुत्र मानसी दुर्योधन से पहचाना जाना चाहिये।

मानसी दुखी श्याम निवासी मकान नम्बर- 08, अरिहंत हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर पिन- 492001 (छ.ग.)।

# चारागाह में कुमकी हाथी का डेरा, वन्यप्राणी हो रहे विचलित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार वनमंडल के अंतर्गत बारनवापारा अभ्यारण्य में इन दिनों विभाग ने 2 नर कुमकी हाथी को लाया है। जहाँ एक ओर इन कुमकी हाथी की धमक से घूमने आने वाले पर्यटकों को खूब लुभा रही है तो दूसरी ओर इन हाथियों की ठहराव और चहल कदमी से छोटे वन्यप्राणी भयभीत व विचलित हो रहे हैं। इस चारागाह में बड़ी संख्या में चीतल और काला हिरण का झुंड स्वतंत्रता विचरण करते देखा जाता रहा है किंतु अब हाथी की धमक से विचलित हो चला है।

ज्ञात हो कि इन 2 नर कुमकी हाथी को अभ्यारण्य के रामपुर चारागाह कक्ष क्रमांक 127 में ठहराव व बांध कर रखा गया है। इस चारागाह में लाये गए कुमकी हाथी की मदद से प्राकृतिक तौर से लंबे अर्शे से रह रहे बारनवापारा की शान गाय प्रजाति का सबसे जानवर इंडियन गौर (बायसन) को ट्राइकुलाइज कर किसी अन्यत्र स्थान में ले जाने की विभाग योजना बनाकर कार्य में अभी अग्रसर है। विभाग ने इस चारागाह का निर्माण वर्ष 2011-12 में विस्थापित ग्राम रामपुर में 100 हेक्टेयर में किया गया था। वही राज्य कैम्पा मद से 20 लाख रुपये की राशि से वर्ष 2019-20 में 1105 मीटर चौनलिंग फैसिंग का कार्य चारागाह को सुरक्षित करने का कार्य किया गया है। वही इस चारागाह में प्रत्येक वर्ष वन्यप्राणियों के लिए घास उपज का कार्य भी की जाती है। वही इस कुमकी हाथी के संबंध में महावत से जानकारी पूछा तो उन्होंने अपना नाम लोहारू आयाम और हरिकेश्वर गोंड़ जिला सूरजपुर तमोर पिंगला से होने की बात कहते हुए आगे बताया कि हम लोग 23-24 नवंबर को वन-विभाग की ओर से गौर पकड़ने के लिए तमोर पिंगला से बारनवापारा आये हैं। हमारे पास 2 कुमकी हाथी है। बड़े वाले हाथी का नाम तीरथराम उम्र 40 वर्ष व छोटे हाथी का नाम परशुराम उम्र 23 वर्ष का है। हम लोग हाथी को गौर से मेल-जोल करने के लिये गौर के झुंड के पास जाते हैं ताकि हाथी को देखकर गौर न भागे और पकड़ने में आसानी हो सकें। आज 14 दिसंबर तक एक भी गौर को नहीं पकड़ा गया है। बड़े साहब लोग बताते हैं कि अभी तक गौर पकड़ने के लिये ऊपर शासन का कोई आदेश नहीं आया है आदेश मिलते ही गौर पकड़ना चालू करेंगे।

वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गत दिनों परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 127, 112 में गौर के झुंड को ट्रेकुलाइज किया गया था जिसमें 1 या 2 गौर का ब्लड सैम्पल लिया जाना बताया जाता है। वही स्थानीय ग्रामीणों में जंगल मे प्राकृतिक तौर से रह रहे बायसन (गौर) को बाहर लेकर जाने की बात से विभाग पर काफी नाराजगी दिखाई पड़ रही है। वही इस संबंध में स्थानीय निवासी जैव विविधता के जानकार संतोष मरावी ने कहा कि वनों में बनी स्थिर जैवविविधता को तोड़ने का काम कर रही वन विभाग, जिससे जैव विविधता बनी हुई हैं, उस प्रजाति के जीवों को दुसरे जगह स्थानांतरित किया जा रहा है। और लाल बन्दर, काला हिरण, मगरमच्छ को अभयारण्य में छोड़ा जा रहा है। ऐसा अगर चलता रहा तों आने वाले समय में जैवविविधता से भरपुर इस अभयारण्य मे चींटी भी नही दिखेगा। प्रकृति अपने आप में जैवविविधता को बनाये रखती है, और इसके छेड़छाड़ से आने वाले समय में यहां उपस्थित जीव जन्तु इस वन को छोड़कर अन्यत्र चलें जाएंगे। विभाग द्वारा अपनें मन से जो जंगल को नया रुप देना चाहतें हैं। ये वनों के जैवविविधता से खिलवाड़ हैं। फिलहाल इस पूरे मामले के संबंध में रेंज स्तर के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी को पूछने पर सीधा जानकारी बताने से हिचकिचा कर टाल-मटोल कर देते हैं।



■ स्थानीय ग्रामीण और प्रकृति प्रेमी नाराज

# सरकार बदलते ही नक्सल विरोधी अभियान में तेजी

**दंतेवाड़ा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सरकार बदलते ही नक्सल विरोधी अभियान में तेजी दिखने लगी है। नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को ही नक्सलियों के खिलाफ सख्ती बरतने के संकेत दिये थे। नई सरकार की मंशा साफ दिख रही है और इसका असर आज दंतेवाड़ा में भी देखने को मिला तथ 10 नक्सली गिरफ्तार किये गए।

दंतेवाड़ा-बैलाडीला सड़क निर्माण में लगे वाहनों में नक्सलियों ने अब से लगभग महीने भर पहले भांसी के पास आगजनी की थी। इस मामले में 10 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें बेचापाल और हुर्रेपाल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमाई इलाके हुर्रेपाल तथा बेचापाल में भैरमगढ़ एरिया कमेटी, कमालूर एलओएस कमांडर सोनू ओयाम के साथ 20 से 25 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद डीआरजी, बस्तर फाईटर्स दंतेवाड़ा और सीआरपीएफ 230 वीं बटालियन यंग प्लाटून नेरली का संयुक्त बल सर्चिंग में रवाना किया गया था। इसी दौरान बेचापाल और हुर्रेपाल से 10 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।



- वाहन आगजनी मामले में 10 नक्सली गिरफ्तार
- भांसी में सड़क निर्माण में लगे वाहनों में हुई थी आगजनी
- दंतेवाड़ा-बीजापुर के सीमावर्ती जंगल से गिरफ्तारी

इनमें मोती ओयाम बेचापाल पंचायत सीएनएमसदस्य, कारू कड़ती बेचापाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य, छोटू हेमला बेचापाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य, राजेश कड़ती मिलिशिया सदस्य, सोमारू ओयाम मिलिशिया सदस्य, सुनील माड़वी हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया डिप्टी कमांडर, माड़का लेकाम हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य, आयतु मड़काम हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य, कोया हेमला हुर्रेपाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य तथा बचलू मड़काम हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य शामिल हैं। ये सभी 26 नवंबर को भांसी में सड़क निर्माण में संलग्न वाहनों में आगजनी की वारदात में शामिल थे।

इस प्रकरण पर भांसी थाने में मामला दर्ज था। सभी 10 नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उल्लेखनीय है कि फोर्स को यह सफलता बस्तर आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्शन और एसपी गौरव राय, सेनानी 230वीं वाहिनी अनिल कुमार प्रसाद तथा एडिशनल एसपी आरके बर्मन के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान मिली है।

# फेडरेशन कप चयन ट्रायल में महासमुंद के 4 खिलाड़ी शामिल

**महासमुंद,** 18 दिसंबर (देशबंधु)। 14वें सीनियर फेडरेशन कप का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित किया जा रहा है, जिसका राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजन दशहरा मैदान सेक्टर.2 भिलाई में रविवार सुबह 8 बजे से किया गया। जिसमें जिले के 4 खिलाड़ियों को चयन ट्रायल हेतु भेजा गया हैं जिसमें अभिषेक नेहरू, अभिषेक निर्मलकर, निमेष मन्नाडे व मनीष ढीढी शामिल है।



सॉफ्टबॉल खेल का प्रतिदिन अभ्यास डॉ सुनिल कुमार भोई व सीनियर खिलाड़ियों के द्वारा तुमगांव में कराया जाता हैं जिसमें आसपास के क्षेत्र के बालक बालिका शामिल होते हैं। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अन्तर्गत सॉफ्टबॉल खेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में व्यायाम शिक्षक डा. सुनिल कुमार भोई के द्वारा संचालित किया जाता हैं जिसमें खेल कौशल सीखाया जाता हैं। सॉफ्टबाल खेल में खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जुनियर, सीनियर, राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता, महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के साथ 2 बालिका खिलाड़ियों की जूनियर नेशनल में भागीदारी रहीं हैं।

# मंत्री बंगले में चपरासी की नौकरी लगाने के नाम पर चार लाख ठगे

**बालोद,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। मंत्री बंगला में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लोगों ने मिलकर युवक से 4 लाख की ठगी कर ली। वहीं उसे ठेकेदारी में गॉर्ड की प्राइवेट जॉब दिला दी। युवक ने गुंडरदेही थाने में धारा 35, 420 का मामला दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है।

प्रार्थी भूपेश कुमार साहू पिता रामानंद साहू निवासी ग्राम अंगारी ने बताया कि 2019 के खादी ग्रामोद्योग एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण के अंतर्गत ट्रेनिंग सेंटर बरगा राजनांदगांव में बेच 207 में प्रशिक्षण के लिए गया था, जहां कार्तिक राम डहरिया से पहचान हुई। प्रशिक्षण के बाद योजना के तहत छह लाख रुपए ऋण मिला। उसी दौरान कार्तिक राम डहरिया ने फोन पर बड़े-बड़े नेताओं के साथ फोटो दिखाकर नौकरी लगाने बार-बार फोन करने लगा। मंत्री शिव डहरिया के पीए से पहचाने होने का झांसा देकर मंत्री के बंगले में चपरासी की खाली पोस्ट में नौकरी लगवाने की बात कही।

### मंत्री के पीए से मिलने अपने घर बुलाया

17 जनवरी 2021 को मंत्री के पीए नीतिश कुमार गेंड्रे से मुलाकात करन एक लाख रुपए एवं दस्तावेज के साथ कार्तिक राम ने अपने घर बुलाया। मैं और मित्र ओमप्रकाश निवासी चिद्दो जिला राजनांदगांव के साथ पहुंचा। कार्तिक राम ने एक व्यक्ति को मंत्री का पीए नीतिश कुमार गेंड्रे बताते हुए मुलाकात करवाई। पीए नीतिश कुमार ने बताया कि मंत्री डहरिया उसके नाना लगते हैं, उसका काम हो जाएगा। मुझसे और मेरे मित्र से एक-एक लाख रुपए ले लिया।

### इंटरव्यू के लिए भी बुलाया

प्रार्थी ने बताया कि नीतिश कुमार गेंड्रे ने फोन कर इंटरव्यू के लिए एक लाख रुपए लेकर मानव इंटरप्राइजेस रायपुर में बुलाया। वहां पहुंचने पर रुपए लेने के बाद कहा कि बात हो गई है, कल से आनंद समाज वाचनालय में 90 दिन की ट्रेनिंग होगी। दूसरे दिन ज्वाइनिंग भी कराई और कहा कि वेतन 20 हजार रुपए है। तीन माह बाद मंत्री बंगले में ट्रांसफर हो जाएगा। इसके बाद मंत्री डहरिया के बंगले के बाहर दीपक कुमार से मिलवाया। दीपक ने स्वयं को मंत्री बंगले का चपरासी बताते हुए विश्वास दिलाया कि ट्रेनिंग के बाद बंगले में ट्रांसफर हो जाएगा। फाइल बंगले में पहुंच गई है।

### जातिगत मामले में फंसाने की धमकी देने लगा

उन्होंने बताया कि कुछ दिन बाद अपने पिता और हुकुम ठाकुर के साथ कार्तिकराम के घर ग्राम ओटेबंद पहुंचा। उस समय कार्तिक राम ने जातिगत मामले में फंसाने की धमकी देते हुए गाली-गलौज की। इस तरह कार्तिक राम, नीतिश कुमार गेंड्रे और दीपक कुमार ने चार लाख की धोखाधड़ी की।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मामला

प्रार्थी ने कार्तिक राम डहरिया निवासी ग्राम ओटेबंद, नीतिश कुमार गेंड्रे निवासी भिलाई एवं दीपक कुमार निवासी ग्राम खुरदी नवागांव जालबांधा रोड के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है।

# मालगाड़ी की 6 बोगियां पटरी से उतरीं, मची अफरातफरी, कई ट्रेनें रद्द



**रायपुर/शहडोल,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। शहडोल के ब्यौहारी से बड़ी खबर आयी है। जहां स्टेशन के पास रात लगभग ढाई बजे कोयले से भरी मालगाड़ी कटनी से सिंगरौली की तरफ जा रही थी, तभी अचानक मालगाड़ी की 6 बोगियां पटरी से उतर गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। हादसे की वजह से कटनी सिंगरौली रेल मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। घटना के बाद कई ट्रेन रद्द हो गई है तो कई ट्रेनों के रूट को डायवर्ट किया गया है।

हादसे के बाद रेलवे द्वारा राहत कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीँ कटनी-सिंगरौली रेल खंड को फिर से बहाल करने के लिए पटरी से उतरी हुई बोगियों को ट्रैक से हटाने का काम किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यात्री ट्रेन शक्तिपुंज एक्सप्रेस के रूट को डायवर्ट कर दिया गया है। जबकि सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को रोक दिया गया है। कई अन्य ट्रेन रद्द होने की भी संभावना है।

प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी

# दिल्ली में बंधक बनाए गए ग्रामीण सकुशल लौट रहे

**सरगुजा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के मैनपाट क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा युवाओं को दिल्ली में बंधक बनाए जाने की खबर लगते ही कलेक्टर ने इसे संज्ञान में लिया. उन्होंने जिला प्रशासन की टीम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए. प्रशासन की मुस्तैदी का परिणाम है कि आज ही ग्रामीणों की वापसी शुरू हो गई है.

बता दें कि ग्राम सुपलगा के लगभग 15 ग्रामीण उत्तरप्रदेश के बागपत जिले में श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे. गन्ने की खेतों में श्रमिक का कार्य करने वाले इन ग्रामीणों को मालिक द्वारा गृह जिले वापस नहीं आने दिया जा रहा था. साथ ही उन्हें मेहनताना भी नहीं दिए जाने की सूचना सोशल मीडिया पर श्रमिकों ने वीडियों बनाकर बताया. इसकी खबर लगते ही कलेक्टर कुंदन कुमार ने मामले को संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन की टीम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए.

उल्लेखनीय है कि पूरे मामले में प्रशासनिक टीम ने ततपरता के साथ बागपत प्रशासन से सम्पर्क कर मामले की जानकारी ली. पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने स्वयं पुलिस अधीक्षक बागपत से बात कर श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने चर्चा की. वहीं संबंधित एसडीएम से नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार ने आवश्यक कार्यवाही के लिए चर्चा की. श्रमिकों में सुपलगा ग्राम के 19 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय जसमन, 20 वर्षीय संदीप, 22 वर्ष अजीत, 19 वर्षीय हरीनाथ सहित लगभग 15 लोग शामिल हैं.



कलेक्टर कुंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया द्वारा जानकारी प्राप्त होते ही जिला प्रशासन की टीम ने प्रयास कर बागपत प्रशासन से सम्पर्क किया. टीम ने वहां के आला अधिकारियों से बात की है. सभी को सुविधा अनुसार वापसी की कार्यवाही की जा रही है. मेहनताना भुगतान के संबंध में भी बात की गई है. जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सभी से सम्पर्क साधा, जिसका परिणाम है कि एक ही दिन में त्वरित एक्शन लेते हुए ग्रामीणों की सकुशल वापसी कराई जा रही है।

# अब पत्थलगांव बनेगा नया जिला



**पत्थलगांव,** 19 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार विधायक गोमती साय पत्थलगांव पहुंची. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह लड्डू और मिठाइयों से तौलकर गोमती साय का स्वागत किया. इस दौरान पत्थलगांव को जिला बनाने के लिए विधायक गोमती साय का साफ कहना है कि अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन गई है. अब पत्थलगांव को नया जिला बनाने के लिए उन्हें जितनी भी ताकत लगानी पड़ेगी, इस काम के लिए वे अडिग हैं. पत्थलगांव में कांग्रेस के वयोवृद्ध विधायक रामपुकार सिंह को गोमती साय ने चुनाव में बेहद रोमांचक मुकाबले में पराजित किया है. इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक गोमती साय का विजय जुलूस निकाल कर खुशियों का इजहार किया. नवनिर्वाचित विधायक गोमती साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में महिलाओं की बेहद अहम भूमिका है. इनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार सुदृढ़ पहल करेगी.

■ विधायक गोमती साय ने कहा- जितनी भी ताकत लगानी पड़े, मैं अडिग हूं

# दो साल से ड्यूटी पर अनुपस्थित एएसआई खन्ना बर्खास्त

**कोरबा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सेवारत सहायक उप निरीक्षक को गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन करने पर आखिरकार बर्खास्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि एएसआई श्याम सिंह खन्ना लंबे समय तक अनुपस्थित थे, विभागीय जांच के बाद आईजी ने कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है।




### विभागीय जांच के बाद बर्खास्त

बता दें कि बीते वर्षों में आरक्षक से लेकर प्रधान आरक्षक और पदोन्नति प्राप्त होने पर सहायक उप निरीक्षक के पद पर काम करने वाले श्याम सिंह खन्ना अब पुलिस विभाग का हिस्सा नहीं रहे। अलग-अलग कारणों से उनके साथ विवाद बना रहा। जानकारी के मुताबिक 2 वर्ष से भी लंबे समय से खन्ना पुलिस की ड्यूटी करने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। लगातार अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों की जानकारी में यह मामला आया और इसकी विभागीय जांच कराई गई। कोरबा के नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक के आदेश के बाद खन्ना को बर्खास्त कर दिया गया है।

# कड़ाके की ठंड के बीच स्कूलों के समय में बदलाव, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है.पेंड्रा रोड मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री है और अगले 3 से 4 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरने की संभावना है. वहीं जबरदस्त कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच कलेक्टर ने स्कूल संचालन के समय में बदलाव का आदेश दिया है.



शीत लहर और तेज ठंड को देखते हुए गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है. एक पाली में लगने वाले स्कूलों का समय सुबह 10:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक कर दिया गया है. वहीं दूसरी तरफ दो पारियों में लगने वाले प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल में सुबह 7:30 से 11:30 बजे हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी क्लास को 12:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक संचालित किया जाएगा. वहीं सप्ताह में एक दिन शनिवार को सुबह 8:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 तक कक्षाएं संचालन करने का आदेश जारी किया गया है.

# कचरा संग्रहण केन्द्र पास मिला जिंदा नवजात, मचा हड़कंप

**कोरबा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। शहर के कचरा संग्रहण केन्द्र पास जिंदा नवजात बच्चा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. नवजात की रोने की आवाज सुनकर राहगीर की नजर उस बच्चे पर पड़ी. राहगीर ने नवजात बच्चे को मातृछाया के पालना घर के झूले में छोड़ा. इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई.



आसपास रहने वाले लोगों की काली करतूत होने की आशंका जताई जा रही है. सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने बताया कि नवजात के वारिश की खोज की जा रही है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही.

NECC

| 19.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.85 | 80 | 135 |
| चिल्हर | 7/- | 95 | 165 |

डिलीवरी 600 दर्जना
दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# प्रादेशिकी



**उल्टा पुल्टा**

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जा वाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान में कौन-सी मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी।

## संपादकीय

### माओवाद उन्मूलन वरीयता हो

अभी छत्तीसगढ़ सरकार का कामकाज प्रारम्भ हुआ ही है कि माओवादी सक्रिय हो गये हैं। पिछले एक सप्ताह में कुछ नक्सली कार्रवाइयां हो चुकी हैं जिनमें सुरक्षा बलों के कुछ जवान शहीद हुए हैं। सरकार को इन कार्रवाइयों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिये और माओवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये अभियान चलाना चाहिये। सच कहें तो नक्सली उन्मूलन उसकी वरीयता सूची में शीर्ष पर होना चाहिये। माओवाद के चलते विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। इसके कारण केवल चुनिंदा क्षेत्रों का ही विकास बाधित नहीं होता बल्कि उसका समग्र प्रभाव पूरे प्रदेश पर पड़ता है। इसके कारण राज्य की अलग छवि बनती है। नयी सरकार संकल्प ले कि माओवाद को यथाशीघ्र समूल नष्ट करे।

अभी पिछले हफ्ते ही कांकेर में नक्सलियों ने एक बारूदी सुरंग लगाकर विस्फोट किया था। इसमें सक्ती जिले के रहने वाले कमलेश साहू शहीद हो गये जो सीमा सुरक्षा बल के जवान थे। रविवार की सुबह सुकमा के जगरगुंडा में नक्सलियों ने एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया जिसमें केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गये वहीं कांस्टेबल रामू गम्भीर रूप से घायल हुए। रेड्डी को सुकमा के सीआरपीएफ मुख्यालय में आला अफसरों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। वे आंध्रप्रदेश के करनूल के रहने वाले थे। वहीं रामू को इलाज के लिये रायपुर लाया गया है।

ऐसा नहीं कि पुलिस व सुरक्षा बल कुछ नहीं कर रहे हैं। अपनी ओर से वे पूरी जान लड़ाकर माओवादियों का कड़ा मुकाबला कर रहे हैं लेकिन नक्सलियों के घात पूरी योजना के साथ लगाये जाते हैं जबकि सुरक्षा बलों को अचानक होने वाले हमलों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ की कई राज्यों से सीमाएं लगती हैं। उनमें से कई राज्यों में भी माओवादी सक्रिय हैं। तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्य भी नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इन राज्यों में या तो माओवादी किसी कार्रवाई को अंजाम देकर आते हैं अथवा छत्तीसगढ़ में कार्रवाई कर दूसरे राज्यों में भाग जाते हैं। इन राज्यों में पुलिस व सुरक्षा बल मिलकर काम तो कर रहे हैं परन्तु भौगोलिक दृष्टि से पूरा क्षेत्र दुरूह होने के चलते यह एक कठिन मिशन है। प्रदेश के साथ सम्पूर्ण देश में यह एक पुरानी व विकट समस्या है। पहले के मुकाबले इस समस्या पर काफी काबू पा लिया गया है। हाल की घटनाओं को लेकर नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में नयी सरकार बनने से नक्सली बौखलाए हुए हैं, इसलिये वे ऐसी कार्रवाइयां कर रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी प्रचार के दौरान कहा था कि अगर राज्य में उनकी सरकार बनती है तो इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा। साय सरकार को चाहिये कि अब अपना वादा पूरा करे।

## गुरु के बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प

### ध्वजारोहण, पंथी नृत्य की हुई प्रस्तुति



**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रगतिशील छत्तीसगढ सतनामी समाज जगदलपुर में बाबा गुरु घासीदास की 267 जयंती धूम-धाम से मनाई गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के प्रमुखो द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सतनामी समाज की ओर से सोमवार को दंतेश्वरी वार्ड के सतनामी विकास परिषद भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन। मंगल गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए समाज के लोगों ने गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सतनाम भवन में आयोजित गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर सोमवार को सुका जैतखाम पूजन, ध्वजारोहण पश्चात पंथी प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात बाबा गुरु घासीदासजी के जीवन प्रसंग व सतनाम दर्शन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु घासीदास >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## जगरगुंडा-चिंतलनार के बीच नक्सलियों ने काटी सड़क, सड़क के बीच लगाए बैनर-पोस्टर



**सुकमा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। सोमवार को नक्सलियों ने जिले के जगरगुंडा-चिंतलनार सड़क के बीच लगभग 5 से गड्ढे कर और सड़क के बीचों बीच बैनर पोस्टर लगाकर आवाजाही को प्रभावित करते हुए जमकर उत्पात मचाया। मिली जानकारी अनुसार सोमवार को दोपहर 02 बजे से 04 बजे के बीच नक्सलियों ने स्टेट हाईवे 05 पर जगरगुंडा-चिंतलनार के मध्य 5 से 6 जगह गड्ढे कर आवागमन को प्रभावित किया। इसके अलावा नक्सलियों ने 22 दिसम्बर को भारत बंद को सफल बनाने का पोस्टर सड़क के बीचों बीच लगाया और साथ ही पोस्टर भी लगाया। बता दें कि बीते एक हफ्ते से नक्सली लगातार किसी न किसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम देकर भय का माहौल बना रहे हैं। नक्सलियों ने 11 और 12 दिसम्बर को प्रेशर आईईडी लगाकर लगभग आधा दर्जन जवानों को नुकसान पहुंचाया। वहीं रविवार को जवानों पर हमला किया जिसमें एक जवान शहीद हुए और एक जवान घायल हुआ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को दी गई सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी

- पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ
- शिविर में बन रहे आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य की भी हो रही जाँच





**सुकमा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। सोमवार को जिले के ग्राम रामाराम, गोलाबेकुर, चिपुरपाल, मुलाकिशोली और इंजरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों तथा मौजूद जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई। सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रचार वैन पहुँचने पर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ी से स्वागत किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वैन भारत सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री का संदेश भी सुना रही है। कार्यक्रम में लोगों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाया बनाया जा रहा हैं। साथ ही उज्ज्वला गैस कनेक्शन हेतु हितग्राहियों का पंजीयन किया जा रहा है। और शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा लाभ की जानकारी दी जा रही है। विकसित यात्रा के दौरान अधिकांश ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सुपोषण किट वितरित की जा रही। स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यक्तियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवाई दी गयी। लगाये गये शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। पात्र हितग्राहियों का सरकारी योजना से लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, फसल बीमा, स्वायल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड के फ़ायदे बताये। अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लेने कहा। इसके लिए संबंधित विभाग में आवेदन देने कहा।

## शम्भूनाथ ध्रुव और महिला प्रकोष्ठ में श्याम कुमारी ध्रुव बने अध्यक्ष





**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। ध्रुव गोड़ समाज दक्षिण बस्तर की जिला स्तरीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव में शम्भू नाथ ध्रुव और महिला प्रकोष्ठ में श्याम कुमारी ध्रुव बने अध्यक्ष। ग्राम सितलावंड बुढ़ा देव मंदिर प्रांगण में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागाँव से समाज के सदस्य शामिल हुए जिसमें चयन समिति का गठन किया गया था, जिसमें सभी क्षेत्रों के मुड़ा प्रमुख की राय एवं सलाह से शंभुनाथ ध्रुव को जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती श्याम कुमारी ध्रुव को महिला अध्यक्ष सर्व सम्मति से चुना गया। चयन समिति के सभी जिलों के कर्मठ लोगों उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, स: सचिव, समाज सेवक बनाया गया। नव पदस्थ कार्यकर्ताओं को समाज को और उचाईयों तक ले जाने की अपेक्षा के साथ शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित संभागीय संरक्षक एवं तत्कालीन जिला अध्यक्ष एस.अस. चंद्रवंशी, संभागीय अध्यक्ष संजय ध्रुव, जिला संरक्षक चैत राम कतलाम, सचिव जे.एस. ध्रुव महिला अध्यक्ष श्रीमती गोमती ध्रुव, अरुण कुमार ध्रुव, जिला सचिव नन्दू लाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ध्रुव, सहायक कोषाध्यक्ष फुलेंद्र ध्रुव, सलाहकार परस ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, बीजू नेताम, देवेन्द्र ध्रुव, जिला मीडिया प्रभारी संजय ध्रुव, मंदिर पुजारी थानु राम, कमला ध्रुव, बिसरी बाई, बसन्ती ध्रुव, मालती कतलाम, राज नेताम, राकेश ध्रुव, रमेश सोरी, बुधो नेताम, तिजाउ राम ध्रुव, मनोनीत संभागीय सलाहकार जयसिंह ध्रुव, सह सचिव ब्रिज लाल नेताम, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती दया ध्रुव, गनेशिया ध्रुव, अंजली नेताम, रेखा सोरी, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमारी, विक्रम चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता युवक युवती बच्चे शामिल हुए।

## शहर जिला कांग्रेस ने राजीव भवन में मनाई बाबा गुरु घासीदास की जयंती



**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा संभाग मुख्यालय राजीव भवन में सतनामी समाज के धर्मगुरु बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बाबा गुरु घासीदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब लोग ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी जातिवादी सामाजिक समस्याओं से घिरे थे, ऐसे समय में इस महान पुरुष ने लोगों को एकता और भाईचारा का पाठ पढ़ाया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा और सामाजिक कार्य में बिता दिया। उन्होंने अपना जीवन बड़े ही सादगी से बिताया। उन्होंने एक वृक्ष के नीचे तपस्या के माध्यम से अपनी शिक्षा ली थी। उनके महान उपदेशों ने समाज के छुआछूत, मूर्ति पूजा जैसे जाती पाती से जुड़े सामाजिक कुप्रथाओं की हद तक को दूर किया था। बाद में उनके तपस्या के स्थान को एक पुष्प वाटिका के रूप में निर्मित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा ने किया। इस दौरान महापौर सफ़ीरा साहू, सत्तार अली, वरिष्ठ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पिग आयरन चोरी मामले में एक छोटे कर्मचारियों पर एकतरफा कार्रवाई

**विधायक ने मामले में संज्ञान लेने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। जगदलपुर विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को एनएमडीसी कर्मचारी की पिग आयरन चोरी के मामले में पुलिस द्वारा एक तरफा कार्रवाई कर गिरफ्तार किए जाने पर सवाल खड़े करते हुए लिखा कि, पुलिस ने एक छोटे कर्मचारी जो की अशिक्षित है इतनी बड़ी चोरी को अंजाम नहीं दे सकता। उसे जबरन आयरन चोरी के मामले में पुलिस द्वारा आरोपी बनाए जाने पर कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा भी उक्त कर्मचारी को बिना किसी विभागीय जांच के पुलिस के सुपुर्द करना प्रबंधन के ऊपर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। बड़े अधिकारियों को मामले से बचाने एक अनपढ़ अशिक्षित व्यक्ति को फंसा कर अन्याय किया जा रहा है। किरण देव ने मुख्यमंत्री से इस विषय पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया है और कहा है कि इस मामले पर चुकीं आरोपी भू प्रभावित कर्मचारी है, अत: भू प्रभावित कर्मचारी और क्षेत्रवासी इस विषय पर आक्रोशित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन थीम पर सर्वेक्षण कर हे रासेयो के विद्यार्थी




**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकिय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त प्रकल्प बाल संरक्षण पर आधारित च्सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामनज्ज थीम को लेकर स्वयंसेवक समूह बनाकर चिन्हांकित गांवों में जाकर वहां के ग्रामीण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों से मिलकर उनको बाल सुरक्षा, बाल विकास, यौन शोषण, बाल श्रम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी दें रहे है तथा स्वयंसेवक आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही स्वयंसेवक दीवारों पर नारा लेखन तथा चौक चौराहों गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक भी कर रहें हैं। पीजी कॉलेज के एनएसएस कायक्रम अधिकारी प्रो. सीपी यादव ने बताया कि छग में बच्चों से जुड़े अनेक घटनाएं प्रकाश में आती हैं, चाहे बालश्रम की हो, बंधुआ मजदूरी की हो, बच्चों के यौन शोषण, मानव व्यापार जैसे सामाजिक बुराइयों को जागरूकता, कानूनी प्रावधान की जानकारी होने पर नियंत्रित किया जा सकेगा।

18 दिसंबर को पल्ली, नेगीगुडा, भाटागुड़ा था डेंगपारा गांव में यह अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रो. सीपी यादव, डॉ मोहन सोलंकी, डॉ मो. शोएब अंसारी एवं प्रो. मनीष तिवारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ एवं ग्राम सम्पर्क तथा सर्वे के दौरान स्वयंसेवक सरपंच, पंच तथा युवाओं से मिलकर बाल सुरक्षा समिति का गठन भी करवाने की शुरुआत की गई।

## औषधी पौधों की खोज यात्रा में शामिल हुआ जगदलपुर इकाई



**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। छग विज्ञान सभा द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाली च्औषधीय पौधों की खोज यात्राज्ज इस साल 15 से 17 दिसंबर तक कांकेर जिले के च्उड़कुड़ा के जंगलज्ज में संपन्न हुई। मध्य भारत के प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट प्रो एम एल नायक, के मार्गदर्शन में विज्ञान सभा के सचिव पर्यावरणविद डॉ. वाय के सोना, डॉ. विश्वास मेश्राम, प्रसिद्ध बोटैनिस्ट डॉ. दिनेश कुमार, आयुर्वेद विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेक दुबे, डॉ. एच एन टंडन तथा राज्यभर से विज्ञान सभा के सदस्य स्थानीय वैद्य, वैज्ञानिक संस्थाओं के रिसर्च स्कॉलर, वैज्ञानिक और साइंस एक्टिविस्ट तथा विद्यालय के बच्चे सहित 70 लोगों ने भाग लिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जंगल में प्रमुख रूप से मिलने वाले औषधीय पौधों - भुई नीम, अडूसा, वज्रदंती, शंखपुष्पी के पौधों के साथ साथ हर्रा, बेहड़ा, अर्जुन, मैदा, वृंदक, अनंत मूल, गुंजा, पायनियर, स्वर्ण चंपा, घोड़ा घास आदि अनेक वनस्पतियों को पहचान कर, उनके औषधीय उपयोग से परिचित हुए। दिन भर की जंगल में खोज के बाद शाम को परिचर्चा के रूप में सभी लोगों ने अपना अनुभव शेयर किया। विशेषज्ञों ने रिसर्च स्कॉलर बच्चों के जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्रों को सीखने तथा जानने का अवसर प्राप्त होता है एवं पुस्तक में पढे हुए पौधों साक्षात्कार हुए। इसी कड़ी में मेश्राम जी ने कहा कि विज्ञान सभा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के साथ मिलकर समाज में फैले हुए अंधविश्वासों को दूर करने के लिए विज्ञान के प्रयोग दिखाए जा रहे हैं एवं समाज उपयोगी कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में विज्ञान सभा जगदलपुर इकाई, अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव एवं सदस्य संजीव विश्वास, जी श्रीनिवास, सचिन करेकर, जय नारायण पाणिग्रही एवं अन्य सदस्यों के साथ लगातार कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में जगदलपुर इकाई से एवं इको क्लब बड़े मुरमा से मनीष कुमार अहीर व्याख्याता शाउमावि बड़े मुरमा और शेखर गजीर ने सहभागिता निभाई।

## श्रीरामलला के विराजमान होने के उपलक्ष्य में 15 से 22 जनवरी तक सक्षम मनाएगा महोत्सव सप्ताह

**टेकरीवाले शिव मंदिर में आयोजित बैठक में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा**



**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। 500 वर्षों के लंबे वनवास के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अयोध्या धाम वापस लौट रहे हैं। आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अयोध्या धाम की श्रीराम जन्मभूमि में बन रहे भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। पूरे भारतवर्ष में प्रभु श्रीराम की वापसी का उत्सव मनाया जा रहा है। इसी बीच जगदलपुर में सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) 15 से 22 जनवरी तक भव्य महोत्सव मनाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए सक्षम के अध्यक्ष अविनाश गौतम ने बताया कि 15 जनवरी को सुन्दरकाण्ड का पाठ और प्रसाद वितरण। 16 जनवरी को माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता व भजन संध्या। 17 जनवरी को श्लोक व धार्मिक कविता पाठ। 18 जनवरी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सभी पात्र हितग्राहियों को देंगे योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

**कोण्डागांव**, 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सातगांव में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के बीच अपार उत्साह दिखा। इस दौरान भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लिए कोंडागांव जिले के नोडल अधिकारी विनय कुमार भी शामिल हुए और लोगों के उत्साह और आत्मीय व्यवहार की प्रशंसा करते कहा कि जनता की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने सभी का उत्साह बढ़ाया है। आमतौर पर लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दफ्तरों तक जाना पड़ता है और कई बार निराशा भी बढ़ती है, किन्तु शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार स्वयं आपके द्वार तक पहुंची है तथा इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए आप तक सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को पहुंचाने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है, जिसके तहत सभी पात्र हितग्राहियों को महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा, सभी गांवों को विकसित बनाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे स्वयं योजनाओं का लाभ लेने के साथ उन व्यक्तियों का भी सहयोग करें, जो किसी कारण से इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।



**कल्याणकारी योजनाएं लेकर आपके द्वार पहुंची सरकार : केन्द्रीय संयुक्त सचिव विनय**

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को प्रदान करने के लिए यह यात्रा पहुंची है। यहां प्राप्त आवेदनों पर यथासंभव त्वरित कार्यवाही की जा रही है, जिन कार्यों की प्रक्रिया थोड़ी लंबी है, उनमें भी एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही पूरी कर सभी लोगों को सूचित किया जाएगा। इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांव के भू-अभिलेख के शत-प्रतिशत डिजीटलीकरण होने पर बधाई दी। संयुक्त सचिव तथा कलेक्टर ने यहां लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करके दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। कृषि सहित पशुपालन, मछलीपालन के लिए केसीसी बनाए जाने का, तो वहीं चिकित्सा विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया, सिकलसेल आदि की जांच करके दवाई वितरित की जा रही थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल में ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र तथा जीवामृत सहित विभिन्न जैविक कीटनाशक एवं उर्वरकों का प्रदर्शन करने के साथ ही उनके निर्माण की विधि भी बताई जा रही थी। इसके साथ ही यहां बैंक सखियों के माध्यम से बैंक संबंधी लेनदेन की सुविधा भी प्रदान की जा रही थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में रेडी टू ईट से निर्मित विभिन्न पकवानों का प्रदर्शन किया गया था। ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण की शपथ ली। 'धरती कहे पुकार के' नृत्य नाटिका के माध्यम से धरती को जैविक कृषि के माध्यम से उर्वरक बनाने का संदेश दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ड्रोन तकनीक तथा नैनो उर्वरक के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ग्रामीणों से साझा की। आयोजित चीज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही गांव के भू-अभिलेख के शत-प्रतिशत डिजीटलीकरण के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, एस.डी.एम. सुश्री निकिता मरकाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# शासकीय योजनाओं के प्रचार वाहन पहुंचा आठ ग्राम पंचायतों में

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किया गया आयोजन**



**जगदलपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन सोमवार को बस्तर विकासखंड के परचनपाल, महुपालबराई, जगदलपुर विकासखंड के चितालगुर, कवाल, लोहंडीगुड़ा विकासखंड के साड़ा, छिंदबाहर और तोकापाल विकासखंड के बुरूंगपाल नहरमुंडा व तेलिमारेंगा में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग,खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग,पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। बुरूंगपाल नहरमुंडा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलवाया। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए,साथ ही पात्र हितग्राही को डिजिटल भू अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना के पात्र दो हितग्राहियों, उद्यानिकी विभाग के योजना से लाभान्वित एक किसान और कृषि विभाग के द्वारा केसीसी प्राप्त किसान ने योजना का लाभ लेकर हुए फायदा का अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। इस अवसर पर जनपद तोकापाल बीरेन्द्र बहादुर, जिला शिक्षा अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया



**सरायपाली**, 18 दिसंबर (देशबंधु)। नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती चतुरी नंद के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद प्रथम नगर आगमन पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस आभार रैली का स्वागत जगह-जगह किया गया इसी स्वागत के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ सरायपाली के द्वारा ब्लॉक कॉलोनी के सामने नवनिर्वाचित विधायक का गुलदस्ता भेंट कर जोशीला स्वागत किया गया। विधायक ने सभी को हाथ जोड़कर धन्यवाद, आभार ज्ञापित किया। स्वागत के इस अवसर पर प्रांतीय सचिव संयुक्त शिक्षक संघ रूपानंद पटेल, प्रांतीय उपाध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ नरोत्तम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष लव कुमार पटेल, ब्लॉक सचिव दुर्वादल दीप ,ब्लॉक कोषाध्यक्ष लोकेश पात्र, किशन पटेल ,चरण सिंह साहू ,दरस पटेल ,वीरेंद्र नर्मदा,निर्मल कुमार पुरोहित एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# कुआकोंडा में विधायक चैतराम का आत्मीय स्वागत



- कार्यकर्ताओं के साथ देवी-देवताओं का पाया आशीर्वाद
- गढ़मिरी के संकल्प यात्रा में शामिल
- केन्द्र की योजनाओं की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी विधायक निर्वाचित होने के पश्चात प्रथम कुआकोंडा मण्डल प्रवास पर पहुंचे। यहां कुआकोंडा मण्डल के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक श्री अटामी का जोशिला एवं भव्य स्वागत किया।

शिव मंदिर नकुलनार, गढ़पदर में बाबा कोंडराज, लक्षनदयी कुआकोंडा एवं गंगादयी मैलावाड़ा में विधायक श्री अटामी ने पूजा अर्चना कर कार्यकर्ताओ के साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात गढ़मिरी में आयोजित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और ग्रामीणों को केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान रामबाबू गौतम, आशीष चौहान, धीरेन्द्र प्रताप, कमला विनय नाग, मुकेश शर्मा, सत्यजीत चौहान, नन्दलाल मुड़ामी, सोमडू कोर्राम, दुर्गा सिंह चौहान, मुन्ना मरकाम, सुमित सिंह, चंद्रपाल भदौरिया, कामो कुंजाम, राघवेंद्र गौतम, गोविन्द तिवारी, अभिषेक, भूपेंद्र, रवि भदौरिया, मोहन ठाकुर, कमल ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सतनाम संदेश शोभायात्रा में सप्त ध्वजवाहकों का सतनामी समाज ने किया स्वागत



**खरोरा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के 267वीं जयंती के पूर्व सतनामी समाज केसला खरोरा के संयुक्त तत्वाधान में सतनाम संदेश शोभा यात्रा ग्राम केसला से प्रारंभ होकर गली मोहल्ला वार्ड नगर भ्रमण करते हुए राजीव नगर सतनाम धाम में समापन हुआ इस मौके पर में तिगड्डा चौक खरोरा में सप्त ध्वजवाहको का नारियल श्रीफल भेंट कर चरण वंदन कर भव्य स्वागत किया गया। तथा शोभा यात्रा प्रमुख गणों,समाजिक कार्यकर्ताओ के अलावा वरिष्ठ नागरिकों का भी स्वागत किया गया। साथ ही समाजिक कार्यकर्ता वेदराम मनहरे, भोजराम मनहरे ,मुकेश भारद्वाज,। जिसमें भोजराम मनहरे प्रदेश सचिव , रूपेश मनहरे,खूबी डहरिया ,सुधीर बाँधे, बी. डी. गौतम, पिंकी कुर्रे,प्रेमलता मनहरे,डागेश्वर जोशी,सुमित मार्कण्डेय,संत नवरंगे नगर अध्यक्ष ,भगदास चतुर्वेदी ,जितेंद्र कोसरिया, रामकुमार कोसरिया, प्रवीणचन्द गिलहरें,सुरेंद्र कोसरिया ,हेमलाल ढीढी, पंकज जांगड़े,साखा राम कोशले, गोपी धृतलहरे, सन्तोष बर्मन, शशिभूषण गिलहरे,दीपक गिलहरे,राजकुमार नारंग,प्रेम नारायण बाँधे, कृत कुमार चेल क, सोमनाथ मनहरे, गणेश प्रसाद भारती, शत्रुहन चेलक, तारन दास सोनवानी, शत्रुहन बंजारे ,मुकेश जांगड़े लोमेन्द्र भारती आदि लोग उपस्थित थे।

# ट्रक की टक्कर से डाटा आपरेटर की मौत

**खरोरा**, 18 दिसंबर। खरोरा के मुरा ग्राम के पास शनिवार को एक अज्ञात ट्रक की टक्कर ने वेगनआर कार को चपेट में ले लिया। हादसे में वेगनआर कार में सवार साथ अमोदी निवासी व कृषि साख सहकारी संस्था अमसेना में पदस्थ कंप्यूटर आपरेटर वीरेंद्र (37) चंद्राकर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चोरभट्टी निवासी कृषि साख सहकारी संस्था कोरासी में डाटा आपरेटर में पदस्थ टीकू साहू (38) को घायल अवस्था में रायपुर रिफर किया गया। जहां टीकू साहू स्थिति ठीक बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार दोनों डाटा आपरेटर रायपुर से पास अपने गृह ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान रायपुर की ओर जा रहे अज्ञात एक ने वेगनआर सवार दोनों कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मारते हुये फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। अमोदी गांव में भी मातम छा गया। पुलिस ने मृतक वीरेंद्र चंद्राकर के शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक वीरेंद्र चंद्राकर का क्षेत्र में अच्छी पकड़ के साथ अच्छे व्यवहार के लिए जाना जाता था।

# बस्तर प्रकृति बचाओ समिति के द्वारा चंदेल ग्राम में पौधारोपण



**जगदलपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर प्रकृति बचाओ समिति के तत्वाधान में 17 दिसंबर दिन रविवार को पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह बाउंड्री वॉल से सुरक्षित चंदेला ग्राम के बालक आश्रम में किया गया है। जगदलपुर से 58 किलोमीटर की दूरी पर इंद्रावती की तलहटी में बसे चंदेला बालक आश्रम जनजातीय बच्चों का शिक्षा केंद्र है। यहां पौधारोपण के साथ पर्यावरण के संदर्भ में बच्चों के बीच कार्यक्रम किए गये। आम, चंदन , बादाम ,नीम, कटहल जैसे पौधे आश्रम के बच्चों ने रोपे । उन्हीं बच्चों के बीच पांच- पांच का समूह बनाकर पौधों के देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई । बालक आश्रम के बच्चों ने इस कार्य को सहर्ष स्वीकार भी किया। प्रकृति के बीच पर्यावरण का यह कार्यक्रम अत्यंत आनंददाई हो सका। पौधारोपण के उपरांत धर्माबेड़ा पंचायत और इंद्रावती-नारंगी नदी के संगम स्थल पर भ्रमण करने का अवसर भी मिला।

यहां हमने प्रकृति का एक अनुपम उदाहरण देखा कि संगम स्थल के करीब डोंगाघाट मुहाने अर्जुन का एक विशालकाय पेड़ खड़ा है जिसके तनों में इमली का वृक्ष भी फल- फूल रहा है। सह अस्तित्व की सीख देने वाले प्रकृति के इस अनुपम दृश्य को देखकर हम सब अभिभूत हुए। इस कार्यक्रम में समिति की संरक्षिका विमल वर्मा का सानिध्य मिला ।इनके साथ ही अध्यक्ष दशरथ कश्यप ,मदन आचार्य ,विवेक श्रीवास्तव ,नम्रता श्रीवास्तव ,डॉक्टर हितेंद्र सिंह, पुष्पा सिंह साधना चंद्राकर डॉक्टर चंद्राकर, उमेश आचार्य विद्या आचार्य, प्रकाश जोशी सविता जोशी, महेश सेठिया जोगेश्वरी आचार्य देवव्रत बरार गोमती नाग,उर्मिला आचार्य आदि उपस्थित रहे। समिति के सदस्य सुकरू बघेल और नए सदस्य समलुराम कश्यप के सहयोग से यह कार्य संपन्न हो सका।

# ग्रामीणों का दिल जीत रही सीआरपीएफ



- भूसारास कवासीपारा में सिविक एक्शन कार्यक्रम
- दैनिक उपयोग की विभिन्न सामग्रियों का वितरण
- कमांडेंट ने किया समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान

**दंतेवाड़ा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, 230 बटालियन, नेरली घाटी, दन्तेवाड़ा द्वारा नागरिक सामंजस्य कार्यक्रम का अनिल कुमार प्रसाद, कमाण्डेन्ट 230 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में भुसारास घाटी, कवासी पारा में आयोजित किया गया।


इस गॉव में अत्यन्त नक्सल प्रभावित एवं पिछड़ा इलाका होने के कारण क्षेत्रीय ग्रामीण, नागरिक आधुनिक सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। उनकी दैनिक आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए सैकड़ों नग मच्छर दानी, सोलर लेम्प, स्ट्रीट लाईट, स्टील कन्टेनर, प्लास्टीक कन्टेनर एवं स्कुल के बच्चो से सम्बंधित सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर लगभग 600 लाभार्थी उपस्थित रहे। कमांडेंट श्री प्रसाद ने उपस्थित लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही नक्सल हिंसा को छोड़कर मुख्य धारा में शामिल होने का आह्वान किया। 230वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अपने लक्ष्य श्रेष्ठ एवं सुरक्षित बस्तर को चरितार्थ करते हेतु लगातार ग्रामीणों और आदिवासियों के लिए इस तरह के आयोजन कर रही है। यह क्षेत्रीय जन मानस को सुरक्षित सुविधा व सहायता उपलब्ध कराने की एक सतत प्रक्रिया है।

## निधन

### विमला चांडक


**रायपुर**, 18 दिसम्बर। ग्राम बेरडी के प्रतिष्ठित नागरिक और छिंदवाड़ा जिले में प्रगतिशील किसान के रूप में ख्यात रहे स्व. श्यामसुंदर चांडक की पत्नी विमला चांडक का 81 वर्ष की उम्र में सौंसर में निधन हो गया। वे लगभग एक साल से अस्वस्थ थीं। 17 दिसम्बर को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीमती चांडक देशबन्धु पत्र समूह के निदेशक पलाश सुरजन और छत्तीसगढ़ काडर में भारतीय पुलिस सेवा के दिवंगत अधिकारी मूलचंद बजाज की सास थीं।

### जमुना बाई लोधी



**आरंग**, 18 दिसंबर। आरंग निवासी जमुना बाई लोधी (उम्र 80 वर्ष) का आकस्मिक निधन 17 दिसंबर को हो गया। वे लक्ष्मीनारायण, देवनारायण, कमलनारायण की माता एवं गजेंद्र, धर्मराज की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में परिवार ,समाज एवं नगर के लोग उपस्थित रहे।

### लतेल वर्मा



**रावन/बलौदाबाजार**, 18 दिसम्बर। ग्राम रावन के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लतेल वर्मा 74 वर्ष का निधन हो गया। वे नंदकिशोर, योगेंद्र, लेखराम, धनेश्वरी व मीना के पिताजी थे। उनके निधन पर मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, उपाध्यक्ष त्रिलोचन प्रसाद वर्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गुरु के बताए मार्ग...

ने लोगों को हमेशा सत्कर्म पर चलने की सलाह दी थी। इस मार्ग पर चलने के साथ समाज के लोगों को एकजुटता का परिचय कराया। गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी विकास परिषद भवन में आकर्षक झांकी सजाया गया था। बाबा और कबीर धाम स्थित जैतखाम पर बनाया गया झांकी लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हीरालाल चंदेल और अतिथि पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने सतनामी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर सतनामी समाज के डाक्टरों द्वारा फ्री चेकअप कैंप लगाया गया । इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ.के एल आजाद, डॉ. कुलदीप भारद्वाज, डॉ. चतुर्वेदी एवं समाज के अध्यक्ष हीरालाल चंदेल, इंदर प्रसाद बंजारे, उपाध्यक्ष हेमंत ओगर, सचिव आसमान चंदेल, कोषाध्यक्ष रोहित चंदेल, विक्रम लहरें, इशान कुर्रे, आकाश चंदेल एवं अन्य उपस्थित रहे।

### शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने...

कांग्रेसी अंगत प्रसाद त्रिपाठी,नरेंद्र तिवारी ,जोहन सुता,पार्षद लता निषाद, ललिता राव, कमलेश पाठक,शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र महापात्र, महामंत्री ज़ाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी,अनुराग महतो,अभिषेक नायडू,एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खम्बारी आदि मौजूद रहे।

### पिग आयरन चोरी मामले...

और आंदोलित है। विधायक किरण देव ने पत्र के माध्यम से सूचित किया है। मामले पर उनके द्वारा अवलोकन किए जाने पर यह मामला छोटे कर्मचारी को बलि का बकरा बनाए जाने का लगता है।वर्तमान में क्षेत्रवासी एवं भू प्रभावित धैर्य एवं संयम का परिचय दे रहें है।

### अयोध्या धाम में श्रीरामलला ...

को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता 19 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता। 20 जनवरी को सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता। 21 व 22 जनवरी को राम लीला का आयोजन, जिसमें प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग होगा। 22 जनवरी को बनेगा दीपोत्सव एक लाख दीप करेंगे प्रज्वलित।

# धूमधाम से निकली शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में अक्षत कलश यात्रा



- बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल, चौक-चौराहों पर आतिशबाजी
- रास्ते भर जय राम श्री राम, जय-जय राम का जयघोष
- अक्षत देकर अयोध्या आने का दिया जाएगा निमंत्रण

**दंतेवाड़ा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। माईजी की धर्मनगरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में सैकड़ों रामभक्तों की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से लाकर हनुमान मंदिर में रखे गए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा धुमधाम के साथ निकाली गई।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रचना के अनुसार दंतेवाड़ा जिले में रामलला की स्थापना को लेकर घर-घर पूजित अक्षत वितरण किया जाना है। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा में हर घर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत दोपहर 12 बजे दिव्य जीवन संघ श्री शिवानंद आश्रम गुमरगुंडा के स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती के सानिध्य में की गई। कलश यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व कलश पूजन के लिए दंतेवाड़ा के नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी भी हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजित अक्षत कलश को प्रणाम कर सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं देकर यात्रा की शुरूआत करवाई।

कलश यात्रा नगर के बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टेंड चौराहे से मुख्य मार्ग से गुजरते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची जहां से वापस मुड़कर मुख्य मार्ग के दूसरी ओर से होते हुए यात्रा हनुमान मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। अक्षत कलश यात्रा में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार की महिलाएं, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दु परिषद, हिन्दु जागरण मंच, बजरंग दल, एकल अभियान, दुर्गा वाहिनी के सदस्य समेत बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए। यात्रा के दौरान चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की गई। नन्हे बच्चे हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम के जयघोष रास्ते भर लगाते उत्साह के साथ यात्रा में चलते रहे।

कलश यात्रा समापन उपरांत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी 8 प्रखण्डों से आए प्रखण्ड प्रमुखों को अक्षत कलश, पत्रक एवं रामजन्म भूमि मंदिर की प्रिंटेड फोटो वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी 2024 को शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा होना सुनिश्चित हुआ है। सभी देश वासियों को 1 जनवरी से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ/विहिप के स्वयं सेवकों द्वारा घर-घर पहुंचकर अक्षत पत्रक देकर श्री रामजन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या आने का निमंत्रण दिया जाएगा।

# थाना प्रभारी ने न्याया. अनुवि. अधि. (रा.) को सिखाया कानून का सबक

**कोण्डागांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव द्वारा ज्ञापन जारी कर दिए गए आदेश/निर्देष का पालन करने के बजाए, थाना प्रभारी कोण्डागांव के द्वारा ज्ञापन में उल्लेखित तथ्यों में नुक्स निकालकर न्यायालय अनुवि.अधिकारी (रा.) को ही लिखित पत्र देकर कानूनी सबक सिखाए जाने का मामला सामने आया है।

क्या है पूरा मामला –

जिला मुख्यालय कोण्डागांव के डीएनके कालोनी में सरकारी कर्मचारियों हेतु निर्मित शास.आवास क्र.जी-31 में एक व्यक्ति के अवैधानिक तरीके से रह रहे होने के मामले में बेदखली के लिए तत्कालीन कलेक्टर ने 5 मई 2019 को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव को आदेष जारी किया था, उपरोक्त आदेष का उचित पालन किए बगैर दिसम्बर 2019 में प्रकरण को नस्तीबद्ध कर दिया गया था। फिर अचानक एक बार पुनः अन्य कलेक्टर के अन्य आदेष के हवाले दिसम्बर 2020 से पुनः षास.आवास क्र.जी-31 में अवैध तरीके से अतिक्रमण किए व्यक्ति के विरुद्ध बेदखली का प्रकरण प्रारम्भ किया और वर्श 2023 तक विलंबकारी निति अपनाते हुए बेदखली के प्रकरण को लंबा खिंचा जा रहा है। सुनवाई के दौरान अतिक्रामक व्यक्ति ने न्यायालय में उपस्थित होकर, न्यायालय के आदेष को मानते हुए सरकारी आवास को रिक्त करने के वादा भी किया, लेकिन आवास को रिक्त नहीं किया, जिसपर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव द्वारा क्र./1341/आवास/रीडर-2/2023 कोण्डागांव, दिनांक 11/10/2023 अतिक्रामक अनावेदिका निवासी डी.एन.के.जी-31 कोण्डागांव के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने बाबत। विशयक ज्ञापन थाना प्रभारी पुलिस थाना कोण्डागांव को जारी किया गया। जिसमें थाना प्रभारी पुलिस थाना कोण्डागांव को लेख किया गया कि शा.आवास गृह क्रमांक डी.एन.के.जी- 31 में एक व्यक्ति व्ही प्रतिवर्ष 2017 से अवैध रूप से निवासरत है। अनावेदिका द्वारा अनाधिकृत रूप से आवास में रहने के फलस्वरूप दिनांक 29.04.2022 को शासकीय आवास से अवैध कब्जा को छोड़ने हेतु समय चाहा गया था, परंतु विगत 18 माह उपरांत भी मकान का कब्जा रिक्त नहीं किया गया है। अनावेदिका द्वारा शासकीय आवास में अनाधिकृत रूप से अपने कब्जा में रखा गया है, जो लोक परिसर बेदखली अधिनियम के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही योग्य है।



## थाना प्रभारी ने दर्ज नहीं किया आपराधिक मामला

अतः अनावेदिका के द्वारा शासकीय आवास को अनाधिकृत रूप से कब्जा में रखा गया है, अनावेदिका द्वारा न्यायालय को गुमराह किया जा रहा है, जो न्यायालय की अवमानना है, फलस्वरूप अनावेदिका (निवास पता शासकीय आवास डी.एन.के.जी-31) के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर इस न्यायालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। पुलिस थाना कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव छ.ग., क्र./था.प्र./कोण्डा./2808/2023, दिनांक 18/11/2023 के माध्यम से थाना प्रभारी ने अनुवि.अधिकारी (रा.), कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव को अनावेदिका निवासी डीएनके कालोनी जी-31 कोण्डागांव के विरूद्ध अपराधिक रिकार्ड दर्ज करने विषयक का लिखित प्रतिउत्तर में कुछ इस तरह लेख किया है-

अनावेदिका द्वारा शासकीय आवास में अनाधिकृत रूप से अपने कब्जा में रखा गया है, जो लोक परिसर बेदखली अधिनियम के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही योग्य है। मामले में लोक परिसर बेदखली अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बेदखली प्रशासन के द्वारा किया जाता है तथा सुरक्षा हेतु आवश्यक बल पुलिस द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा जब भी बेदखली हेतु आदेशित किया जाता है तथा पुलिस बल मांग की जाएगी तो आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। अनावेदिका के विरूद्ध माननीय न्यायालय के अवमानना के संबंध में अपराधिक प्रकरण दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त मामले में माननीय न्यायालय द्वारा न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971 के तहत् कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत होता है। न्याया.अनुवि.अधिकारी (रा.) कोण्डागांव द्वारा थाना प्रभारी कोण्डागांव को जारी ज्ञापन एवं थाना प्रभारी कोण्डागांव द्वारा न्याया.अनुवि.अधिकारी (रा.) कोण्डागांव को दिए गए प्रतिउत्तर का अवलोकन करने पर ही ज्ञात हुआ कि थाना प्रभारी कोण्डागांव के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को कानूनी सबक सिखाया गया है। जो साफ जाहिर करता है कि कोण्डागांव पुलिस, न्यायालय को भी कानून सिखाने के लिए सक्षम है।

सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि उपरोक्त मामले में पुलिस चाहती तो आईपीसी में उल्लेखित न्यायालय के आदेष की अवमानना एवं आपराधिक गृह अतिचार आदि के लिए परिभाशित धाराओं में अनावेदिका के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर सकती थी, लेकिन सम्भवतः पुलिस कानून के बजाए मेरी मर्जी के आधार पर कार्यवाही करने में ज्यादा भरोसा करती है।

# मरार समाज की संभाग स्तरीय बैठक

## समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल रहे मुख्य अतिथि



**कोण्डागांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोसरिया मरार पटेल समाज बस्तर संभाग की बैठक समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल के मुख्य आतिथ्य में बस्तर संभाग अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष खेलु पटेल, प्रदेश महामंत्री दुलेश पटेल, शिव नारायण पटेल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल, कृषक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुदेश पटेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सत्कार पटेल की मौजूदगी में बस्तर संभाग के सभी क्षेत्रों से आए सामाजिक जनों की उपस्थिति में मरार समाज भवन कोंडागांव में सम्पन्न हुई। बैठक में सामाजिक स्तर पर संगठन की मजबूती हेतु सामाजिक लोगों के आर्थिक विकास हेतु संचालित सामाजिक कार्यक्रमों के बारे में बताया साथ ही गांव से लेकर प्रदेश स्तर तक सामाजिक गतिविधियों में सभी की सहभागिता को अनिवार्य बताया। 3 जनवरी को प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन जोकि सिमगा जिला बलौदाबाजार मे आयोजित होने जा रही है। जिसमें सम्मिलित होने सभी से आग्रह किया गया है। बैठक में बस्तर संभाग के सभी क्षेत्रों से आये राज अध्यक्ष मूलचंद कमलकांत पटेल, अज्ञेय प्रसाद पटेल, हिरासिंग पटेल, नाइक सह प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, कृष्णा पटेल, डालेंद्र पारासर, मनीलाल पटेल, भानु पटेल, चिंता पटेल, गोवर्धन पटेल, महिला शक्ति के रूप मे श्रीमती परनिया पटेल, उषा पटेल, देशवती पटेल, हेमा कौशिक, भावना पारासर, ईश्वन पटेल के साथ भारी संख्या में सामाजिक जन मौजूद रहे।

# सतनामी समाज ने मड़ानार विद्यालय को किया सम्मानित

**कोण्डागांव**, 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि परम पूज्य गुरुघासीदास जी की जयंती अवसर पर अखिल भारतीय सतनामी समाज जिला कोंडागांव के तत्वाधान में गांधीवार्ड स्थित सतनाम भवन से नगर के पुराना विश्रामगृह तक शोभा यात्रा निकाली गई इस दौरान शोभा यात्रा में मड़ानार के बच्चों द्वारा आकर्षक अखाड़ा और मनमोहक पंथी नृत्य की प्रस्तुति दिया गया। शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार को अखिल भारतीय सतनामी समाज की संभागीय अध्यक्ष धंसराज टंडन, जिला इकाई के अध्यक्ष सानू मार्कण्डेय, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जांगड़े, सरक्षक आर.के.बंजारे द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन हजार रुपए परितोष और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# सुरक्षित पारा-सुरक्षित लईका मन, थीम पर जागरुकता रैली

## बाल अधिकार, कुपोषण, नशा के खिलाफ एनएसएस व यूनिसेफ ने चलाया सयुंक्त अभियान



**कोण्डागांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। एनएसएस एवं यूनिसेफ ने सयुंक्त अभियान चलाते हुए सुरक्षित पारा-सुरक्षित लईका मन, थीम पर बाल अधिकार, कुपोषण, नशा के खिलाफ जागरुकता रैली निकाला।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी, यूनिसेफ, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 18 व 19 दिसम्बर को चयनित ग्राम सुवाडोंगरी, गदराबेड़ा में कुपोषण मुक्ति, यौन हिंसा, शिक्षा का बाल अधिकार, बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाते हुए रैली निकाली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक किया गया। गांव में कुपोषण दूर करने हेतु स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों पालकों को समझाया। जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे ने अभियान में उपस्थित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। जागरूकता अभियान को सफल बनाने में शिक्षिका मधु तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गोंडवाना समाज वार्षिक मिलन समारोह 6, 7 जनवरी को



**जगदलपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। गोंडवाना समाज जगदलपुर मे समाजिक पदाधिकारी व समाज के सदस्यों का बैठक आयोजित किया गया।बैठक में आगामी वार्षिक मिलन समारोह 6-7 जनवरी को आयोजित किए जाने पर चर्चा हुई। अधिक से अधिक गोंडवाना परिवार को जोड़ने व मिलन समारोह को सफल बनाने हेतु आगमी दिनों घर घर सम्पर्क कर समाज के लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। वार्षिक मिलन समारोह की रुपरेखा तय करने के लिए हुई। इस बैठक मे समाज के अध्यक् एन स्वेता, जीवन नेताम, एमआर कोर्राम, डॉ. सीएल गावड़े, एस एल मरकाम, मोती सोरी, बीएस, नेताम, जीआर ध्रुव, नौरौतम ध्रुव , नरेश मरकाम व महिलाओं में शीतला कोर्राम, शारदा सोरी ,उषा वट्टी,शायमा माला, बहुत से समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से वन्य प्राणी लकड़बग्घा की हुई मौत



**भानुप्रतापपुर,** 18 दिसंबर। भानुप्रतापपुर क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चीचगांव के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से एक वन्य प्राणी लकड़बग्घे की मौत हो गई। ग्रामीणों ने रविवार सुबह जब सडक किनारे लकड़बग्घे का शव देखा तो वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद मृत लकड़बग्घे का पोस्टमार्टम के बाद विधिवत दाह संस्कार किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कच्चे में आयोजित

**भानुप्रतापपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। मोदी की गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कच्चे में आमसभा रखा गया, जिसमें केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताया गया। आमसभा में योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए और केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य रामबाई गोटा,जीवराखन सलाम, सरपंच कच्चे गायत्री कावड़े, मंडल महामंत्री भानुप्रतापपुर ज्वाला प्रसाद जैन,वार्ड पंच विनय पाण्डेय,अमर कौड़ो, ग्राम पटेल चन्द्रमन भूआर्य और ग्रामवासी उपस्थित थे।



# कुकड़ाझोर के मृतक किसान के परिजनों से मिला कांग्रेस का 5 सदस्यीय जांच समिति

## बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में मृतक के परिजनों से मिला

**नारायणपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर मे कृषक स्व. हीरु बढ़ई ने बीते दिन 12 दिसंबर को फसल बर्बाद और कर्जा के बोझ से अपने ही खेत मे कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली थी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा घटना की जानकारी लेने के लिए एक जांच समिति गठित की गई है जिसमें बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, संयोजक और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर के अध्यक्ष रजनु नेताम जी शामिल है। प्रदेस कांग्रेस कमेटी के द्वारा गठित 5 सदस्यीय जांच समिति के सदस्य आज ग्राम कुकड़ाझोर पहुंच कर मृतक किसान के परिवारजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और घटना की जानकारी ली साथ ही पांच सदस्यीय जांच समिति के सदस्यों ने ग्राम के अन्य किसानों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।जांच समिति ने परिजनों और गाँव के अन्य किसानों का भी बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की। परिजनों से बताया कि स्व. हिरू बढ़ई ही घर का पालन पोषण करता था इस साल घर मे बेटे का शादी होने वाला था किंतु इस वर्ष 9 एकड़ मे केवल 70 बोरी ही धान की पैदावार हुई और सर पर 1 लाख 24 हज़ार का कर्ज था जो हमेशा कहते थे कि इस बार पैदावार अच्छी नहीं हुई है तो कैसे कर्ज पटायेंगे कहकर आत्महत्या कर ली। जांच समिति ने मृतक किसान के परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली जिसे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौपा जाएगा। जांच समिति ने हर हालत मे पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात की।



इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम, सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख पीसीसी सदस्य राजेश दीवान, नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, शहर अध्यक्ष रवि देवांगन, तोहित खान, प्रमोद नैलवा,सुनीता मांझी,शिवप्रसाद पांडे,राजू देहरी,रोशन खत्री,किरण कुमार वड्डे वेदवती पात्र, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बोधन देवांगन, विजय सलाम,धर्मा पाढ़ी, दीपक गांधी,भुवनेश्वर बघेल अल्ताफ खान, आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश महासचिव शिवसेना प्रमुख ठाकरे से मिले

**भानुप्रतापपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र विधानसभा की शीतकालीन राजधानी नागपुर में एक जनसभा को संबोधित करने आए हुए शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख उद्धव साहब ठाकरे से शिवसेना छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के छत्तीसगढ़ राज्य प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा के नेतृत्व में जाकर मिला एवं शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख उद्धव साहब ठाकरे को छत्तीसगढ़ में शिवसेना की चल रही गतिविधियों से परिचित कराते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य आने का न्योता दिया गया । शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख उद्धव साहब ठाकरे ने शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में शिवसेना का संगठन बड़े तीव्र गति से आम जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़कर आम जनता को उसका हक और अधिकार दिला रहा है। आप भी अपने क्षेत्र में शिवसेना के संगठन को मजबूत करके आम जनता के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते हुए आम जनता का उसको उसका हक और अधिकार दिलवाइए ।आपको किसी भी प्रकार के हिटलरवाद की राजनीति करने वालों से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। पूरे देश की शिवसेना आपके साथ खड़ी है। और अगर देश के किसी भी क्षेत्र में शिवसेना के कार्यकर्ता के ऊपर विपत्ति आवेगी तो पूरे देश के शिवसेना कार्यकर्ता एकत्रित होकर उसका जवाब देने के लिए सक्षम है।



# कांग्रेस ने की समीक्षा विस चुनाव हार की



**कोण्डागांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव 2023 विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सम्पूर्ण प्रदेश में करारी हार का सामना करना पड़ा है, जोकि अप्रत्याशित था टीवी चैनल से लेकर सभी प्रकार की सर्वे अनुसार छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार स्थापित हो रही थी, परन्तु किन कारणों से हार हुई है, इसे जानने व आगामी चुनावों में उन गल्तियों को दूर कर सकें के उद्देश्य से कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र 83 के सभी पोलिंग बूथ अध्यक्ष से लेकर सेक्टर मंडल ब्लॉक जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस भवन कोंडागांव में रखी गयी, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बातें रखी। नेताओं ने कहा चुनाव हारे हैं, हौसला नहीं। आगामी चुनावों में भाजपा की नीतियों का डटकर मुकाबला करेंगे। लोकसभा नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में जीत कर आएंगे, आगामी चुनावों के परिणाम बेहतर होंगे। बैठक में पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान, पीसीसी सदस्य शांतिलाल सुराना, पीसीसी सचिव बिरस साहू, सकूर खान, श्रीमती रमिला मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, शंकर मंडावी, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा के साथ शहर ग्रामीण एवं विधान सभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्य चौक का ट्रैफिक सिग्नल एक महीने से बंद, सड़क निर्माण के वक्त टूट गया है पोल

**भानुप्रतापपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर शहर के मुख्य चौक पर इन दिनों रोजाना ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे हैं। इसका मुख्य कारण चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग ?नलों का बंद होना है। सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार के वाहन ने इसे छतिग्रस्त कर दिया है।एक महीने से बंद पड़े सिग ?नल को ठेकेदार और ना ही सम्बंधित विभाग ठीक करने के लिए गम्भीर है। हालांकि आज नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार और विभाग के अधिकारी से फोन से बात कर तत्काल ठीक करने की मांग रखी है। सिग्नल बंद होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। सिग्नल बंद रहने से लोग दूसरों की परवाह न करते हुए अपनी मनमर्जी से वाहनों को निकालते हैं। मुख्य चौक होने की वजह से मुख्यमार्ग पर चलने वाले वाहन फंस जाते हैं। इससे ट्रैफिक पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है, तब जाकर लोगों को जाम की स्थिति से निजात मिलती है।



मामले की शिकायत को लेकर रविवार को व्यवसाइयों ने नगर के प्रमुख मुख्य चौक में एकत्रित हुए और इस विषय को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष से चर्चा की। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने भी गम्भीरता से लेते हुए सम्बंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा की और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात की। व्यपारियों ने निर्माण कार्य पूर्ण होते तक पानी छिड़काव करने की भी मांग रखी। व्यपारियों ने कहा अगर निर्माण कार्य मे तेजी नही आएगी तो प्रदर्शन करने मजबूर हो जायेंगे। अब देखना होगा कि वेसुध पड़ा लोक निर्माण शिकायत के बाद भी जागता है या सोता ही रहता है।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनन्त गोपाल कोठारी का कहना है कि आए दिन सड़क पर बच्चे, महिलाओं सहित आमजन गिर कर घायल हो रहे हैं। वहीं बदहाल सड़क की वजह से दुकानों पर व्यवसाय का काफी बुरा असर पड़ रहा है। जबकि विभाग या निर्माण में लगे ठेकेदार को सड़क जल्दी बने इसकी कोई चिंता नहीं है। सड़क निर्माण का कार्य 8 महीने से ज्यादा हो चुका है लोग आजिज और परेशान है।

**मामले को लेकर शिवसेना की चेतावनी, करेंगे पुतला दहन**

भानुप्रतापपुर, भानुप्रतापपुर मेंन चौक में सड़क निर्माण करता ठेकेदार कन्हैया लाल अग्रवाल के हाईवे द्वारा सिग्नल को तोड़ दिया गया है ।जिसे लगभग एक महीना हो गया किंतु आज तक नहीं बनाया गया है ।जिससे भानुप्रतापपुर नगर, एवं आसपास पूरे क्षेत्र की आम जनता को बहुत ही तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है ।दुर्घटनाएं हो रही है। बार-बार मांग करने के बाद भी सिग्नल को नहीं बनाया जा रहा है ।अगर 3 दिन के अंदर ठेकेदार कन्हैयालाल अग्रवाल द्वारा मेंन चौक भानुप्रतापपुर के सिग्नल को नहीं बनाया जाता है तो शिवसेना द्वारा ठेकेदार का मेंन चौक में पुतला दहन किया जाएगा। शिवसेना भानुप्रतापपुर।

# माता पिता की सेवा ही परमात्मा की सबसे बड़ी पूजा



**चारामा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर के राम सप्ताह चौक में नगर के प्रतिष्ठित सोनकर परिवार द्वारा आयोजित नव दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ को को आत्मसात करने बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुट रही है भागवत महापुराण कथा से पूरा नगर भक्तिमय हो गया है 11 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित नव दिवसीय इस भागवत कथा को को सुनने आत्मसात करने दूर दराज के श्रोतागण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं आयोजित कथा के आज तीसरे दिन ग्राम कुरना कांकेर से आए प्रवचन करता पंडित श्री जय महाराज जी शर्मा द्वारा ध्रुव चरित्र का सुंदर वर्णन करते हुए बड़े सुंदर ढंग से राजा उत्तानपाद और सुनीति की कथा में महाराज जी ने कहा कि माता-पिता की सेवा ही भगवान की सबसे बड़ी पूजा होती है जिस घर में माता-पिता का सम्मान होता है वही ईश्वर का वास होता है उन्होंने कहा की ध्रुव महाराज जीवन के सारे कष्टों को सहकार भगवान की भक्ति में लीन हो गए अंततः भगवान के दर्शन किए भागवत कथा मृत्यु से निर्भय बनती है और जो श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करता है उसकी दुर्गति कभी नहीं होती यह श्रीमद् भागवत कथा नगर के प्रतिष्ठित सुनकर परिवार श्री प्रभु राम सोनकर लक्ष्मी बाई सोनकर राजेश सोनकर श्रीमती अनीता सोनकर शतरूपा सोनकर विद्या सोनकर विजय सोनकर एवं समस्त सुनकर परिवार द्वारा आयोजित है जिसमें महाराज जी द्वारा सुंदर रुप का वर्णन कर संगीतमय कथा का वाचन किया जा रहा है जिससे भक्तगण भाव विभोर हो भक्तिमय रस का पैन कर रहे हैं।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

पति (बैंक मैनेजर से)- अगर मैं अपनी बीवी के खाते में 10 लाख नगद जमा कराऊं तो क्या उसकी गिरफ्तारी होगी।

मैनेजर- हां, लेकिन- वो तो तेरे खाते में पहले ही 12 लाख जमा करा गई है।

## संपादकीय

### माओवाद उन्मूलन वरीयता हो

*अभी छत्तीसगढ़ सरकार का कामकाज प्रारम्भ हुआ ही है कि माओवादी सक्रिय हो गये हैं। पिछले एक सप्ताह में कुछ नक्सली कार्रवाइयां हो चुकी हैं जिनमें सुरक्षा बलों के कुछ जवान शहीद हुए हैं। सरकार को इन कार्रवाइयों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिये और माओवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये अभियान चलाना चाहिये। सच कहें तो नक्सली उन्मूलन उसकी वरीयता सूची में शीर्ष पर होना चाहिये। माओवाद के चलते विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। इसके कारण केवल चुनिंदा क्षेत्रों का ही विकास बाधित नहीं होता बल्कि उसका समग्र प्रभाव पूरे प्रदेश पर पड़ता है। इसके कारण राज्य की अलग छवि बनती है। नयी सरकार संकल्प ले कि माओवाद को यथाशीघ्र समूल नष्ट करे।*

*अभी पिछले हफ्ते ही कांकेर में नक्सलियों ने एक बारूदी सुरंग लगाकर विस्फोट किया था। इसमें सक्ती जिले के रहने वाले कमलेश साहू शहीद हो गये जो सीमा सुरक्षा बल के जवान थे। रविवार की सुबह सुकमा के जगरगुंडा में नक्सलियों ने एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया जिसमें केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गये वहीं कांस्टेबल रामू गम्भीर रूप से घायल हुए। रेड्डी को सुकमा के सीआरपीएफ मुख्यालय में आला अफसरों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। वे आंध्रप्रदेश के करनूल के रहने वाले थे। वहीं रामू को इलाज के लिये रायपुर लाया गया है।*

*ऐसा नहीं कि पुलिस व सुरक्षा बल कुछ नहीं कर रहे हैं। अपनी ओर से वे पूरी जान लड़ाकर माओवादियों का कड़ा मुकाबला कर रहे हैं लेकिन नक्सलियों के घात पूरी योजना के साथ लगाये जाते हैं जबकि सुरक्षा बलों को अचानक होने वाले हमलों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ की कई राज्यों से सीमाएं लगती हैं। उनमें से कई राज्यों में भी माओवादी सक्रिय हैं। तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्य भी नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इन राज्यों में या तो माओवादी किसी कार्रवाई को अंजाम देकर आते हैं अथवा छत्तीसगढ़ में कार्रवाई कर दूसरे राज्यों में भाग जाते हैं। इन राज्यों में पुलिस व सुरक्षा बल मिलकर काम तो कर रहे हैं परन्तु भौगोलिक दृष्टि से पूरा क्षेत्र दुरूह होने के चलते यह एक कठिन मिशन है। प्रदेश के साथ सम्पूर्ण देश में यह एक पुरानी व विकट समस्या है। पहले के मुकाबले इस समस्या पर काफी काबू पा लिया गया है। हाल की घटनाओं को लेकर नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में नयी सरकार बनने से नक्सली बौखलाए हुए हैं, इसलिये वे ऐसी कार्रवाइयां कर रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी प्रचार के दौरान कहा था कि अगर राज्य में उनकी सरकार बनती है तो इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा। साय सरकार को चाहिये कि अब अपना वादा पूरा करे।*

# अनुसूचित जनजाति का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता : विष्णु देव साय

## गरीबों को आवास मुहैय्या कराने का वादा हमने पूरा किया, आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में हुए शामिल



**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा आयोजित आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह एवं आमसभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत गजमाला एवं पगड़ी पहनाकर पारंपरिक आदिवासी स्वागत गीत से किया गया।

इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए साय ने कहा कि आज 18 दिसंबर का दिन है। आप सभी को बाबा गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई। परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास ने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर हम सभी को नया रास्ता दिखाया। आज हमारे समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि जिस छत्तीसगढ़ में करीब 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी है और जहां सबकी अपेक्षा थी कि आदिवासी मुख्यमंत्री बने, हमारे आदिवासी समाज की इस उम्मीद को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा किया है।

श्री साय ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री जी के कारण पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा है। आज देश के सर्वोच्च महामहिम राष्ट्रपति के पद पर हमारे आदिवासी समाज की श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी विराजमान है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किया, ताकि यहां के अनुसूचित जनजाति के लोगों का समुचित सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके। अनुसूचित जनजाति का सर्वांगीण विकास हो सके इसलिए उन्होंने भारत सरकार में पहली बार आदिम जाति कल्याण विभाग का गठन भी किया। अनुसूचित जनजाति समुदाय की सबसे ज्यादा चिंता हमारी सरकार करती है।

श्री साय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का संकल्प लेकर मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ की जनता से जो भी वादा हमने किया है, उसे पूरा करने की जवाबदारी हमारी है। हमारी सरकार ने ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष माताओं-बहनों को 12 हजार रुपए और किसानों के हित में 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की घोषणा सहित प्रत्येक वर्ग के हित में घोषणाएं की है। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि गरीबों को आवास मुहैय्या कराएंगे, हमने इसे पूरा किया। हमने 13 दिसम्बर को शपथ ग्रहण किया और 14 दिसंबर को सबसे पहले केबिनेट में 18 लाख हितग्राहियो को आवास देने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक केदार कश्यप, विधायक कवासी लखमा सहित आदिवासी समुदाय के अन्य विधायक, एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव सहित आदिवासी समुदाय के अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने लालपुर धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना की



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुंगेली जिले के लालपुर धाम में बाबा गुरू घासीदास की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। इस मौके पर विधायक पुन्नूलाल मोहिले सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार बनते ही किसानों ने शुरू कर दी आत्महत्या : महंत

**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत ने नक्सली हिंसा बढ़ने व किसान आत्महत्या के मामले पर सरकार को घेरा है।



विधानसभा में पत्रकारों से चर्चा के दौरान महंत ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश के किसानों ने आत्महत्या शुरू कर दी है। नक्सली घटनाएं बढ़ गई है। अभी आगे-आगे देखिए क्या-क्या होता है। 3100 रुपये में धान खरीदी के मामले पर महंत ने कहा कि भाजपा ने किसानों को असमंजस में डाल दिया है। किसान अभी कह रहे हैं कि भाजपा को चुनकर उनसे गलती हो गई। कर्जमाफी पर भाजपा खामोश हैं। महतारी वंदन योजना में भी क्रीमिलेयर को बाहर रखे जाने की बात कही जा रही है।

**कांग्रेस की वादाखिलाफी को याद रखें :रंजना साहू**

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू ने महंत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस नेता कुछ भी कहने से पहले अपनी सरकार की वादाखिलाफी और कुशासन को याद रखें तो ज्यादा बेहतर होगा। महतारी वंदन योजना पर महंत के बयान को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने महिलाओं को 500 रुपये क्यों नहीं दिए ? विधवा निराश्रित पेंशन की कितनी किश्तें कांग्रेस सरकार ने वादे के मुताबिक जमा कीं ? पूर्ण शराबबंदी के नाम पर गंगाजल की सौगंध खाने वालों को महिलाओं के साथ की गई विश्वासघात की पराकाष्ठा को नहीं भूलना चाहिए।

## राजधानी में रेल कोच रेस्टोरेंट का प्रस्ताव चार साल से लंबित

### बिलासपुर जोन में हो चुकी है कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत

**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन में कंडम पड़े कोच को रंग-रोगन कर रेस्टोरेंट बनाने की योजना पिछले चार साल से लंबित है। कोच रेस्टोरेंट खोलने की योजना स्टेशन के पूर्व डायरेक्टर राकेश सिंह ने तैयार कर रेल मंडल को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन अब तक इस पर फैसला नहीं लिया जा सका, जबकि बिलासपुर जोन में बाद में प्रस्तावित कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत हो चुकी है, जबकि रायपुर में यह अब तक साकार नहीं हो पाई है।

गैर-पारंपरिक आय स्रोत बढ़ाने रेलवे ने नई पहल की थी। परिसर में ही कंडम कोच को रेस्टोरेंट के रूप में तब्दील कर उसे ठेके पर देने की तैयारी की थी। लेकिन रायपुर में कोच रेस्टोरेंट को लेकर रेलवे मंडल की ओर से कोई प्रयास होता फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों और बाहर से आने वाले लोगों को अब बिलासपुर की तरह कोच रेस्टोरेंट की सुविधा नहीं मिलेगी। इस योजना को मंडल के अधिकारियों ने फिलहाल स्थगित कर रखा है।स्टेशन के पुराने स्ट्रक्चर का चार सौ करोड़ रुपये में रीडेवलपमेंट की योजना है, इसलिए अब किसी दूसरे प्लान पर कोई ऐसी सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जाएंगी। हालांकि रेलवे के पुराने कोच में रेस्टोरेंट खुलने से रेलवे को अच्छा खासा राजस्व मिलता। इसके साथ ही लोगों को भी प्लेटफार्म के बाहर चाट, समोसे, इटली, दोसा का स्वाद चखने में सुविधा होती है। स्टेशन परिसर में कोच रेस्टोरेंट खुलने से लोगों के साथ यात्रियों को फायदा यह था कि उन्हें स्टेशन के अंदर नहीं जाना पड़ता, बल्कि बाहर ही आसानी से खाना और नाश्ता मिल जाता। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग को रीडेवलपमेंट प्लान में शामिल किया गया है। इस पर 1250 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। चारों स्टेशन के वर्तमान ढांचे में काफी बदलाव कर यात्री सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। रेल मंडल के अधिकारियों का कहना है कि रीडेवलपमेंट योजना की वजह से फिलहाल कोच में रेस्टोरेंट खोलने की योजना को स्थगित कर दिया गया है।

**400 करोड़ होगा स्टेशन में खर्च**

रेलवे बोर्ड की सूची में रायपुर ए-वन श्रेणी में है, इसलिए एयरपोर्ट की तर्ज पर अब रीडेवलपमेंट प्लान से यात्रियों को अच्छी सुविधाएं मुहैया कराना प्राथमिकता में है। इस योजना में रायपुर स्टेशन में 400 करोड़ से ज्यादा का खर्च होगा, क्योंकि प्लेटफार्म-एक से लगा हुआ पुराना स्ट्रक्चर टूटेगा और पूरे परिसर का नए सिरे से पुर्ननिर्माण होगा।

# व्यापारियों के ठिकानों से 15 करोड़ नगद जब्त

### 1300 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी की आशंका



**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)।राजधानी में कारोबारियों के यहां आयकर छापे के दौरान 15 करोड़ रुपये नगद बरामद किया गया है।काफी मात्रा में कागजात जप्त किए गए हैं। इसके अलावा जांच दायरे में आए 18 प्रतिष्ठानों के संचालकों में से 3 संचालकों ने कर चोरी करने को स्वीकारा है।

तीन दिनों तक चली कारवाई के दौरान 7 ठिकानों पर चल रही कार्रवाई खत्म हो चुकी है। वहीं 43 ठिकानों पर अभी भी जांच जारी है। आयकर विभाग ने 3 बैंक लॉकर को सीज कर लिया है।बाकी बैंक लॉकर्स में भारी मात्रा में जमीन के कागजात, कैश समेत जेवर बरामद किया गया है। आयकर की छापेमारी में अब तक 15 करोड़ रुपये नगद बरामद किया गया है। आयकर विभाग की 10 सदस्यीय अहमदाबाद से आई साइबर टीमें डिलीट मैसेज रिकवर करने में जुटी है।सोमवार की सुबह तक कई ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई जारी है। आयकर विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कारोबारियों ने पिछले तीन सालों में 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा के लेन-देन में गड़बड़ी कर टैक्स चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ये आकड़े अभी और बढ़ सकते हैं। कारोबारियों ने कितने की टैक्स चोरी की है इसका सही आकलन जांच के बाद ही पता चलेगा।

बताया जा रहा है कि दाल, और कोल्ड स्टोरेज का पूरा कारोबार कच्चे लेन-देन में होता रहा है। राजधानी में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर, समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी में सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के ठिकानों पर छापे मारी की गई थी

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का बयान

## बंद होगी बिजली बिल हाफ योजना

**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बिजली बिल हाफ योजना बंद की जा सकती है। इस पर अधिकृत आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने बयान में साफ कर दिया है कि बिजली बिल हाफ योजना का उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाने से ज्यादा दूसरे जरिए से धन कमाना था। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में जिन योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हुआ है, उन्हें जारी रखा जाएगा लेकिन उन योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा जिन्हें सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए चलाया जा रहा था। उप मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद अब प्रदेशभर में बिजली बिल को लेकर चर्चा होने लगी है। दिसंबर महीने तक जारी बिल में लोगों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिला था।



- **जिन योजनाओं में भ्रष्टाचार हुआ उन्हें बंद किया जाएगा**

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो दिन पहले कवर्धा में विजय रैली के दौरान मीडिया से चर्चा में कहा था कि राज्य के सभी घरेलू कनेक्शन को दी जा रही बिजली बिल हाफ योजना को नव नियुक्त सरकार बंद करने जा रही है।

**400 यूनिट की खपत पर आधा हो जाता था बिजली बिल**- प्रदेश में एक मार्च 2019 से बिजली बिल हाफ योजना लागू की गई थी। इस योजना के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 400 यूनिट तक की बिजली की खपत पर प्रभावशाली विद्युत की दर के आधार पर आधे बिल की राशि की छूट दी जा रही थी। इससे पहले उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट पर 4.50 रुपये देने पड़ते थे।

**41.42 लाख उपभोक्ताओं को मिली राहत**-विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो हाफ बिजली बिल योजना से प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं को 1,336 करोड़ रुपये की छूट दी जा चुकी है, जिसमें 41.42 लाख उपभोक्ताओं को राहत मिली है, वहीं 16.82 लाख बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं को लाभ दिया जा चुका है।

## 31 को रात 12 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों की न दें अनुमति

### छग नागरिक संघर्ष समिति की मुख्य सचिव से मांग

**रायपुर**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने 31 दिसंबर को नववर्ष के कार्यक्रमों में रात 12 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति न देने की मांग करते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।समिति ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि गत वर्ष 2022 में जिस प्रकार पूरे प्रदेश के लिए 31 दिसंबर की रात ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति अचानक दी गई थी वैसी अनुमति इस वर्ष ना दी जावे। क्योंकि इसकी आड़ में देर रात तक तेज आवाज से ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाते है असहनीय ध्वनि प्रदूषण होता है।

बीते साल छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय ने अचानक, अज्ञात कारणों से 30 दिसंबर 2022 को पत्र जारी कर 31 दिसंबर 2022 की रात के लिए 10 से अर्धरात्रि 12 बजे तक लाउडस्पीकर या जन उद्बबोधन प्रणाली के उपयोग की अनुमति पूरे प्रदेश के लिए जारी की थी।जिसकी आड़ में देर रात तक पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों में होटल पार्टी इत्यादी में ध्वनि प्रदूषण किया गया कई स्थानों में लॉ एंड आर्डर भी बिगड़ा।

**31 को धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम या उत्सव नहीं**

समिति ने मुख्य सचिव को लिखा है कि ध्वनि (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के तहत इस प्रकार की अनुमति सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक या किसी उत्सव के लिए दी जा सकती है। नियमों के अनुसार छूट के दिनों की संख्या और विवरण राज्य सरकार को अग्रिम रूप से अधिसूचित करना है। सामान्य-इस प्रकार की छूट नव वर्ष चालू होते ही या चालू होने के पूर्व अधिसूचित की जानी चाहिए ना कि अचानक एक दिन पूर्व। समिति ने कहा है कि भारतीय परम्पराओं के तहत 31 दिसंबर ना तो कोई धार्मिक ना ही सांस्कृतिक और ना ही किसी उत्सव की श्रेणी में आता है।समिति ने पत्र में आशंका व्यक्त की है कि इस वर्ष भी 31 दिसंबर के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा छूट दी जाएगी।जिसका दुरुपयोग कर देर रात तक तेज ध्वनि में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाएंगे।

## कांग्रेस का क्राउड फंडिंग अभियान, मतलब कहीं से भी पैसा मिले : बृजमोहन

रायपुर, 18 दिसंबर। कांग्रेस के क्राउड फंडिंग अभियान पर वरिष्ठतम विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कसा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस को बस पैसा चाहिए वो कहीं से भी मिले।



कांग्रेस में हो रहे इस्तीफों पर अग्रवाल ने कहा कि, मुझे लगता है कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। कांग्रेस ने सत्ता के लिए राज किया है, सेवा के लिए नहीं। कांग्रेसी परेशान है और हलाकान है उनके विधायक और पूर्व विधायकों को लग रहा है कि, अब सरकार नहीं है तो हमारा जीवन कैसे चलेगा और इसलिए वह कांग्रेस से भाग रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि, कांग्रेस के लोगों का शुरु से ही एक ही उद्देश्य रहा कि पैसा कैसे आए, वो हमेशा से एक ही बात पर लगे रहे कि पैसा आना चाहिए। वह चाहे किसी भी तरीके से आए और कोई किल्लत नहीं है। सब नेताओं ने अपने-अपने जेब भर लिए हैं और पार्टी को खाली कर दिया है और हार के बाद कांग्रेस तो बिन पानी जैसे मछली तड़पती है वैसे तड़प रही है। सरकार बने 15 दिन नहीं हुए हैं उनके बयान बाजी शुरू हो गई है, इंतजार करो कांग्रेस से 100 गुना ज्यादा अच्छा काम भाजपा की सरकार करके दिखाएगी।



# अमरटापू धाम मेले के लिए हर वर्ष दी जाएगी दस लाख की राशि



**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 267वीं जयंती के अवसर पर अमरटापू धाम, मोतिमपुर, जिला मुंगेली में आयोजित गुरु पर्व मेला कार्यक्रम को फोन से सम्बोधित किया। उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों का अभिवादन करते हुए प्रदेशवासियों को बाबा गुरू घासीदास जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाने पर सभी से क्षमा मांगी। साय ने इस मेला का संचालन बेहतर ढंग से करने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन और समरसता के संदेश का उल्लेख करते हुए सभी लोगों से बाबा गुरूघासीदास के बताए रास्ते पर चलने का आग्रह किया।

अमरटापू धाम, मोतिमपुर में सन् 1996 से प्रतिवर्ष गुरुघासी जयंती पर गुरुपर्व मेला का आयोजन होता आ रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबा गुरू घासीदास जी का जयकारा लगाया।

**अगले वर्ष से 10 लाख रूपए की राशि इस मेले के लिए उपलब्ध कराई जाएगी**

उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाबा गुरूघासी दास के आशीर्वाद से राज्य में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे ऐसी मैं कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आज यहां नहीं आ पाए लेकिन मुझे इस वादे के साथ भेजे हैं कि अगले वर्ष वे जरूर आएंगे। शर्मा ने कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री को फोन करके लाउड स्पीकर से सभी लोगों को उनके उद्गार सुनाई। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री की घोषणा के संबध में कहा कि अगले वर्ष से 10 लाख रूपए की राशि इस मेले के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के मंच पर क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक, कार्यक्रम के संयोजक मंडल के पदाधिकारी और पद्मश्री उषा बारले भी कार्यक्रम में उपस्थित थी।

मुंगेली विधायक पुन्नुल्लाल मोहले ने बाबा गुरु दास का जयकारा लगाकर अपने सम्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समिति के पदाधिकारियों, श्रद्धालुओं, संत, महंत, सभी का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरू घासीदास जी का जन्म गिरौदपुरी की पावन भूमि में हुआ। बाबा गुरू घासीदास ने छाता पहाड़ में कठोर तपस्या की और लोगों को सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# वनभैंसों को लेकर वन्यजीव कार्यकर्ता फैला रहे भ्रामक जानकारी : वन विभाग

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शुद्ध रक्तता का सिर्फ एक राजकीय वन भैंसा बचा है, जबकि वन विभाग छत्तीसगढ़ में आठ वन भैंसे होने का दावा कर रहा है। छह उदंती सीतानदी, एक जंगल में स्वतंत्र और एक वनभैंसा जंगल सफारी में है, पर जू अथारिटी के पत्र के बाद वन विभाग सकते में आ गया है। यह कहना है रायपुर के वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी का। इस पर वन विभाग का कहना है कि वन्यजीव कार्यकर्ता भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं।



**विभाग ने आठ वन भैंसे होने का किया दावा**

सिंघवी का आरोप है कि वन विभाग ने वन भैंसों को बाड़ा तोड़कर भागने को मजबूर किया। कुछ साल पहले वन विभाग रंभा और मेनका नामक हाईब्रिड वन भैंसा लेकर आया था। उन दोनों का परिवार बढ़ गया और सब जंगल भाग गए। पिछले तीन महीने से वे जंगल में स्वच्छंद और स्वतंत्र घूम रहे हैं। शुद्ध नस्ल के कुछ ही वन भैंसे अब हैं। ये अधिकतर समय महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के कोलामारका कंजर्वेशन रिजर्व में रहते हैं। कभी-कभी इंद्रावती नदी पार करके वे छत्तीसगढ़ में आ जाते हैं, जबकि वन विभाग दावा करता है कि वे छत्तीसगढ़ के हैं।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व (गरियाबंद) के उपनिदेशक वरुण जैन ने वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के दावे को झूठा करार देते हुए कहा है कि सेंट्रल जू अथारिटी (सीजेडए) केवल छोटू को ही शुद्ध नस्ल का वन भैंसा मानता है, यह सही नहीं है। सीजेडए ने सुझाव दिया था कि केवल शुद्ध नस्ल के भैंसों का ही ब्रीडिंग प्लान में उपयोग किया जाए। जैन ने सिंघवी पर वनभैंसों को लेकर दी जा रही जानकारी को तोड़ मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है।

**बारनवापारा से उदंती में छोड़े जाएंगे वनभैंसे**

वरुण जैन ने बताया कि बारनवापारा में बाड़े में बंद वन भैंसों को उदंती में जल्दी ही छोड़ा जाना प्रस्तावित है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व से भी दो नर वन भैंसे उदंती में ट्रांसलोकेट किये जाने हैं। उन्होंने बताया कि सालभर में 700 हेक्टेयर वन क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त करने के साथ 100 तस्कर-शिकारियों को पकड़ा गया है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया 2024 में कीमतों में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी

**रायपुर,** 18 दिसंबर। यह बढ़ोतरी स्कोडा ऑटो इंडिया के वाहनों की संपूर्ण श्रृंखला पर लागू होगी, जैसे कि कुशाक एसयूवी, स्लाविया सेडान और कोडियाक लक्जरी 4×4। कीमतों में यह बढ़ोतरी आपूर्ति, इनपुट और परिचालन के लगातार बढ़ रहे खर्च के कारण की गई है । स्कोडा ऑटो इंडिया ने जुलाई 2021 में भारत के लिये विशेष रूप से विकसित नये प्लेटफॉर्म एमक्यूबी एओ इन पर आधारित नई कुशाक की पेशकश की थी। कंपनी ने अपने नेटवर्क को 2021 के 120 टचपॉइंट्स से बढ़ाकर 2023 के अंत तक 250 से ज्यादा टचपॉइंट्स का भी किया है। ग्राहक पर केन्द्रित अपनी सोच के अनुसार स्कोडा ग्राहकों के करीब पहुँचना और श्रेणी में अग्रणी अपने उत्पादों की श्रृंखला पेश करना जारी रखेगी।

## निधन

### विमला चांडक

**रायपुर,** 18 दिसम्बर। ग्राम बेरडी के प्रतिष्ठित नागरिक और छिंदवाड़ा जिले में प्रगतिशील किसान के रूप में ख्यात रहे स्व. श्यामसुंदर चांडक की पत्नी विमला चांडक का 81 वर्ष की उम्र में सौंसर में निधन हो गया। वे लगभग एक साल से अस्वस्थ थीं। 17 दिसम्बर को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीमती चांडक देशबन्धु पत्र समूह के निदेशक पलाश सुरजन और छत्तीसगढ़ काडर में भारतीय पुलिस सेवा के दिवंगत अधिकारी मूलचंद बजाज की सास थीं।

### जमुना बाई लोधी

**आरंग,** 18 दिसंबर। आरंग निवासी जमुना बाई लोधी (उम्र 80 वर्ष) का आकस्मिक निधन 17 दिसंबर को हो गया। वे लक्ष्मीनारायण, देवनारायण, कमलनारायण की माता एवं गजेंद्र, धर्मराज की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में परिवार ,समाज एवं नगर के लोग उपस्थित रहे।



### लतेल वर्मा

**रावन/बलौदाबाजार,** 18 दिसम्बर। ग्राम रावन के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लतेल वर्मा 74 वर्ष का निधन हो गया। वे नंदकिशोर, योगेंद्र, लेखराम, धनेश्वरी व मीना के पिताजी थे। उनके निधन पर मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, उपाध्यक्ष त्रिलोचन प्रसाद वर्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया है।



### त्रिवेणी बाई दुबे

**बेमेतरा,** 18 दिसंबर। त्रिवेणी बाई दुबे उम्र 88 साल का आज सुबह नवागढ़ में निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज गृह ग्राम नवागढ़ मुक्तिधाम में किया गया वे अरुण, सुरेश एवं दिनेश दत्त दुबे की माता थी।



### दशमी प्रसाद गुप्ता

**भिलाई,** 19 दिसंबर। सेक्टर-6 मार्केट भारत भंडार के संचालक दशमी प्रसाद गुप्ता का आज रात्रि साढ़े 9 बजे उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास से 19 दिसंबर को प्रात: 11.00 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व नागरी बैंक के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता के बड़े भाई थे।



### राकेश दानी

**रायपुर,** 18 दिसंबर। दानीबाड़ा बुढ़ापारा रायपुर निवासी राकेश दानी का 18 दिसंबर सोमवार रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया है जिसका अंतिम संस्कार 19 दिसंबर मंगलवार को प्रात: 11.30 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया जावेगा। वे रविन्द्र दानी, प्रदेश अध्यक्ष मराठा सेवा संघ छत्तीसगढ़ एवं शिवमती रेखा ताई खेड़ेकर पूर्व विधायक चिखली महाराष्ट्र के छोटे भाई थे।



# न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि नहीं देना अन्याय

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के द्वारा न्याय योजना की चौथी किस्त किसानों को नहीं देने का कांग्रेस ने विरोध किया है।भाजपा आदतन किसान विरोधी है इसीलिए किसानों को न्याय योजना की चौथी किस्त से वंचित कर रही है। न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि का दूसरे मद में इस्तेमाल करने का षड्यंत्र रच रही है।यह प्रदेश के 27 लाख से अधिक किसानों के साथ अन्याय है। असल में भाजपा किसानों से की गई वादा को पूरा करने में असमर्थ साबित हो रही है। इसीलिए अभी तक किसानों से 21 चिंटल धान प्रति एकड़ और 3100 रुपए चिंटल की दर पर खरीदी करने का आदेश जारी नहीं किया गया है। अब न्याय योजना की चौथी किस्त की रखी हुई राशि को भी अन्य मद में खर्च कर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार करने में लगी है।



**सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएंगे : बैज**

श्री बैज ने कहा कि राज्य सरकार को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि तत्काल किसानो के खाता में जमा करना चाहिए।कांग्रेस सरकार ने बीते खरीफ वर्ष में न्याय योजना के माध्यम से 24 लाख से अधिक किसानों के खाता में तीन किस्तों में 3704 करोड रुपए की राशि जमा करवा चुकी है। चौथी किस्त की राशि की व्यवस्था भी कर के रखी हुई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सिर्फ बटन दबाकर उस राशि को किसानों के खाता में सीधा जमा करवाना है। कांग्रेस की सरकार ने धान की खरीदी प्रति चिंटल 2500 रू से अधिक दाम में कर 5 वर्षों में न्याय योजना के माध्यम से 23803 करोड रुपए किसानों को अतिरिक्त लाभ दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार पूर्व सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का लगातार षड्यंत्र कर रही है।बिजली बिल हाफ योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता जैसे अनेक योजना सरकार द्वारा चलाई गई थ। जिससे हर वर्ग को लाभ हुआ था। उन योजनाओं को बंद कर प्रदेश की जनता को एक बार और महंगाई, गरीबी, अराजकता और शोषण की ओर धकेलना चाहती है। कांग्रेस इसका कड़ा विरोध करेगी और जनता की हक में ?

# शिवरतन शर्मा ने किया अक्षत कलश यात्रा का स्वागत, उमड़ पड़ी रामलला के भक्तों की भीड़

**भाटापारा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। रामलला की जन्मभूमि अयोध्या से निकली अक्षत कलश यात्रा रविवार को भाटापारा नगर में निकाली गई। इस यात्रा में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा भी शामिल होकर कलश को सिर पर उठाकर पैदल चले। यात्रा नगर के सती मंदिर से प्रारंभ होकर सदर मार्ग होते हुए रामसप्ताह चौक से जयस्तम्भ चौक होकर फवारा चौक,,,सुभाष बाजार होते हुए महाकाल मंदिर नगर पालिका के पास संम्पन्न हुई..



विदित है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण—प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर के लोगों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से देशभर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है, जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद को सौंपी गई है। इस अक्षत कलश यात्रा के जरिए रामलला के भक्तों को घर—घर पहुंचकर न्योता दिया जा रहा है।

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष लगभग डेढ लाख लोगों के बलिदान के बाद 22 जनवरी 2023 को भगवान राम अपने महल अयोध्या जन्मभूमि में विराजमान होंगे. । पूरे विश्व मे उस दिन दीपावली मना कर प्रभु श्री राम का स्वागत किया जाएगा। वही 22 जनवरी को देश भर के मंदिरों में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक सामुहिक रूप से प्रभु राम जी का भजन कीर्तन होगा। संध्याकाल में मंदिरो को दीपो से सज़ा कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस अक्षात को समस्त सनातन धर्मावलंबी कार्यकर्ता घर घर तक पहुचा कर सुविधा अनुसार अयोध्या दर्शन का निमंत्रण देंगे...

# पश्चिमी विक्षोभ का दिखा असर, तापमान में आएगी गिरावट



**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बीते दिनों चक्रवाती तूफ़ान मिचौंग के प्रभाव के चलते हुई बारिश ने लोगो को ठिठुरन बढ़ा दी थी. हालांकि इसके बाद तेज धूप से लोगों को राहत भी मिली. लेकिन अब मौसम में फिर हल्का बदलाव आया है. मौसम विभाग के मुताबिक इस समय एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है. जिसके कारण छाई बदली की वजह से दिन के तापमान में जहां आधा डिग्री तक गिरावट हुई है, वहीं न्यूनतम तापमान बढ़ गया है. हालांकि मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए न्यूनतम तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट की संभावना नहीं जताई है.

मौसम विभाग के मुताबिक इस पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद 20-21 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, इसके बाद तापमान 1 से 2 डिग्री गिरने की संभावना है. 25-26 दिसंबर से तापमान में तेजी से गिरावट की संभावना बन सकती है. मौसम विशेषज्ञ एच.पी. चंद्रा के अनुसार प्रदेश में फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम हुआ है. वातावरण में नमी की मात्रा अब घटने की संभावना है. इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी. अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है. सोमवार को भी प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना है.

**छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों का तापमान**

रायपुर में 14.5, माना एयरपोर्ट में 12.8, बिलासपुर में 12.6, पेण्ड्रारोड में 9.6, अंबिकापुर में 6.3, जगदलपुर में 13.7, दुर्ग में 10.6 और राजनांदगांव में 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. जगदलपुर व दुर्ग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम था. रविवार को अधिकतम तापमान रायपुर में 27.6, माना में 26.5, बिलासपुर में 25.4, पेण्ड्रारोड में 23.8, अंबिकापुर में 23.6, जगदलपुर में 27.1, दुर्ग में 26.6 और राजनांदगांव में 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा.

# गौरव पथ निर्माण मार्ग में अतिक्रमण को हटाने नोटिस

**पिथौरा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर में गौरवपथ निर्माण को लेकर अतिक्रमण कारियों को नगर पंचायत द्वारा सूचना माध्यम से जानकारी देकर अपने व्यवसायिक परिसर से अवैध निर्माण या कब्जा हटाने की नोटिस दी गई नहीं हटाने पर शासन द्वारा हटाने से इसका व्यय राशि संबंधित अतिक्रमण कर्ताओं से वसूल की जावेगी। नगर पंचायत सीएमओ महेंद्र गुप्ता ने जानकारी में बताया कि पंचायत द्वारा गौरवपथ निर्माण सीमा अंतर्गत आने वाले व्यवसायी या व्यक्ति को शीघ्र अति शीघ्र अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी जा चुकी है । नहीं हटाने पर शासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की खर्च राशि अतिक्रमण कारियों से वसूली की जावेगी । उल्लेखनीय है कि गौरव पथ निर्माण बागबाहरा रोड में थाना चौंक से मुराई धोवा नाला तक गौरव पथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। उक्त मार्ग में सड़क सीमा मध्य से 40-40 फिट दोनों तरफ निर्धारित है। उक्त निर्धारित सीमा के भीतर समस्त अतिक्रमणकर्ताओं को पूर्व में मुनादी, प्रेस विज्ञप्ति एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अतिक्रमण हटाने हेतु सूचित किया जा चूका है परंतु आज दिनांक तक कई अतिक्रमणकर्ता द्वारा अपने-अपने भवन, दुकान, शेड, अहाता एवं अन्य अतिक्रमण को हटाया नहीं गया है। अत: इस अंतिम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रसारण के पश्चात 24 घंटे के भीतर अपना अतिक्रमण हटा लेवे, अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी।



# इस बार माघी पुन्नी मेला या प्रतिवर्ष होने वाला कल्प कुंभ संशय बरकरार

**राजिम,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। राजिम मेला की तिथियां नजदीक आते ही शहर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा बना हुआ है कि इस बार कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित मांघी पुन्नी मेला ही होगा की फिर से कुंभ मेला का आयोजन प्रारंभ होगा, इस बात को लेकर संसय बरकरार है। प्रतिदिन चौक, चौराहे, पान ठेला, होटल, गांव की चौपाल में यही बात सुनने को मिल रही है। बता देना जरूरी है कि सन 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना। तब प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने धर्म नगरी की महत्ता को देखते हुए राजीवलोचन महोत्सव का आयोजन प्रारंभ किया। लगातार तीन साल तक महोत्सव में प्रदेश की लोक संस्कृति को रेखांकित करते हुए धार्मिक, सांस्कृतिक एवं लोक नृत्य तथा लोकगीत से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराकर प्रदेश की लोक सांस्कृतिक विधा को आगे बढ़ाया। 2003 के आम चुनाव में भाजपा की सरकार बनी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व एवं पूर्व पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की अगुवाई में 2004 से अर्ध कुंभ पर्व की शुरुआत हुई और आयोजन के स्वरूप को विस्तार दिया गया। 2005 और 2006 में भी अर्ध कुंभ पर्व चलता रहा। साधु संत पहुंचे, पुण्य स्नान किया। स्नान कुंड बनाकर शाही स्नान भी किया। दिनों दिन बढ़ रही प्रसिद्धि को देखते हुए छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने ही प्रदेश में कुंभ पर्व का लाभ मिले ऐसा मानकर प्रतिवर्ष कुंभ मेला का आयोजन शुरू किया गया। साधु संतों का कहना था कि जहां संतों का समागम होता है वह कुंभ का रूप ले लेता है। फिर कुंभ पर्व की परंपरा चल पड़ी। लगातार कुंभ होने से देश-विदेश के लोग बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ आने लगे। इन्हें देश का पांचवा कुंभ पर्व कहा जाने लगा। 2015-16 में शंकराचार्य के कहने पर नाम परिवर्तित करते हुए कल्प कुंभ शब्द दे दिया गया और आयोजन पूरी गति से होता रहा। अब प्रदेश के लोक कलाकारों के अलावा दूसरे प्रदेश तथा माया नगरी मुंबई के गायक तथा प्रसिद्ध भजन गायको को बुलाकर शानदार प्रस्तुति होने लगी। लोग साधु संतों का दर्शन त्रिवेणी संगम में ही करने लगे। आम जनता इससे अपने ही प्रदेश में कुंभ स्नान का लाभ लेने लगे थे। सन् 2018 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन हो गया और प्रदेश में कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार बन गई। सरकार ने सबसे पहले काम यही किया कि कुंभ मेला शब्द को हटाकर फिर से मांघी पुन्नी मेला कर दिया। अब साधु संतों की संख्या कम होती गई। सीमित दायरे में साधु संत आने लगे। पिछले वर्ष तो गिनती के ही साधु संत उपस्थित हुए थे।



**चुनावी भाषण मे पूर्व मंत्री बृजमोहन ने कहा था तुम हमे में भाजपा की सरकार दो हम तुम्हें प्रतिवर्ष भरने वाला कल्प कुंभ देंगे, जनता ने अपना वादा निभाया अब सरकार की पारी**

चुनावी सभा में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा था फिर से राजिम कुंभ करना है तो भाजपा को लाना होगा

परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जो प्रदेश के डिप्टी सीएम बन चुके हैं शहर के बस स्टैंड में चुनावी सभा को संबोधित किया उसके बाद पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए आम जनता से पूछा कि इस बार राजिम कुंभ कराना है कि नहीं। बड़ी संख्या में उपस्थित भीड़ से जोरदार आवाज आई कि राजिम कुंभ फिर से। तब बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार लाना है और उसी दिन से जनता समझ गए कि फिर से कुंभ मेला भाजपा सरकार के आने के बाद होगा। आम जनता पर चढ़कर मतदान में भाग लिया और फुल बहुमत के साथ भाजपा सरकार ला दी है। अब देखना है कि क्या सचमुच में राजिम फिर से कुंभ नगरीय कहलाएगी।

**तीनों नदी के संगम पर तीन विधानसभा और तीनों में भाजपा के विधायक**

इत्तेफाक ही कहा जाए कि त्रिवेणी संगम राजिम में तीन नदियों का संगम है पैरी, सोंढूर एवं महानदी संगम के तट पर राजिम विधानसभा, कुरूद विधानसभा, अभनपुर विधानसभा आता है और तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक जिनमें राजिम से रोहित साहू, कुरूद से अजय चंद्राकर और अभनपुर से भाजपा से ही इंद्र साहू को जीत मिली है। भाजपा के तीन विधायक है। इस लिहाज से भी कुंभ पर्व का आयोजन पक्का माना जा रहा है परंतु अभी तो मंत्रिमंडल का गठन भी नहीं हुआ है। घर जनता को तो इससे परवाह नहीं है उन्होंने तो भाजपा सरकार को मत देकर अपना समर्थन दे दिया । अब सरकार की पारी अपना वायदा निभाये।

# बीमा कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए : महापात्र



## बीमा पेंशनर्स ने मनाया पेंशनर्स दिवस

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)।आल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन के आव्हान पर प्रतिवर्ष समूचे देश में 17 ? दिसम्बर को अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जाता है।इस वर्ष रविवार होने के कारण रायपुर मंडल के बीमा पेंशनर्स ने इसे 18 दिसंबर को मनाया।इस अवसर पर एल आई सी के सभी कार्यालयों के समक्ष भोजनावकाश के दौरान द्वार प्रदर्शन कर सभाएं ली गयी। बीमा पेंशनर्स की मांगों को प्रभावी रूप से उठाया गया।इस अवसर पर सेवारत कर्मियों के संगठन रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन की भी पूरी सहभागिता रही।

रायपुर मंडल कार्यालय के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनर्स, कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के सहसचिव तथा सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के जीवन बीमा तथा आम बीमा दोनों उघोगों में पेंशन को अघतन किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पेंशनर्स की पेंशन वेतन पुनर्निधारण के साथ ही अघतन हो जाती है लेकिन बीमा कर्मियों को इस लाभ से वंचित रखा जा रहा है। महापात्र ने नई पेंशन योजना रद्द करने तथा पुरानी पेंशन योजना तत्काल बहाल करने मांग की। उन्होंने छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस की पराजय के बाद उसके द्वारा लागू पुरानी पेंशन योजना को समाप्त किए जाने की भाजपा सरकारों की मंशा का कड़ा विरोध किया। उन्होंने आव्हान किया पुरानी पेंशन योजना के समर्थन में देशभर में निर्मित हो रहे व्यापक आंदोलन को मजबूत बनायें। सभा को संबोधित करते हुए रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने सार्वजनिक बीमा उघोग पर जारी हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि निजीकरण की मुहिम को परास्त करने के संघर्ष में पेंशनर्स साथियों को भी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना होगा। सभा का संचालन करते हुए बीमा कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन रायपुर मंडल के महासचिव अतुल देशमुख ने एल.आई.सी. में पारिवारिक पेंशन की राशि को 15त्न से बढ़ाकर 30त्न किये जाने की मांग पर हासिल सफलता तथा मेडिक्लेम योजना में शामिल होने का एक और विकल्प प्राप्त होने पर बधाई दी।

2010 के बाद आये हुए कर्मचारियों पर नई पेंशन योजना थोपे जाने का विरोध करते हुए कहा कि समस्त बीमा कर्मियों को 1995 की पेंशन योजना में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अलावा कर्मियों हेतू प्रबंधन भी अपना योगदान 10त्न से बढ़ाकर 14त्न करें।सभा की अध्यक्षता बीमा कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन रायपुर मंडल के उपाध्यक्ष टी. आर. नारंग ने की।सार्वजनिक क्षेत्र की आम बीमा कंपनियों के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स संगठन के अध्यक्ष काम. ?वीर अजीत शर्मा भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे।सभा स्थल से केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को एक प्रस्ताव पारित कर बीमा पेंशनर्स की मांगों को पूरा करने, सार्वभौमिक पेंशन योजना लागू करने तथा देश भर में नई पेंशन योजना रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को तत्काल बहाल किए जाने मांग की गई।

# सादा झंडा लहरागे लहर-लहर



## पवित्र जैतखाम में चढ़ाया गया नया पालो, महिलाओं ने उतारी आरती

**रायपुर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। गिरौदपुरी की पावन भूमि में 267 वर्ष पूर्व अवतरित बाबा गुरु घासीदास की जयंती सोमवार को सतनामी समाज के लोगों ने बड़े ही उल्लासपूर्वक मनाई। सभी पवित्र जैतखामों में सफेद ध्वज का नया पालो (झंडा) चढ़ाया गया, जगह-जगह प्रभात फेरी निकाली गई। प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि आज सभी सतनामी बाहुल्य बस्तियों में त्यौहार जैसा माहौल देखने को मिला। घर-घर पकवानों की खुशबू महकती रही, लोग अपने घरों के आंगन में सुंदर रंगोली बनाकर दीप जलाए तथा पूरे परिवार सहित नए कपड़े धारण कर विशेष पूजा अर्चना के साथ परिवार में सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना किये।

**डब्ल्यू. आर.एस. कॉलोनी में महिलाओं ने उतारी आरती:** सतनामी रेलवे कर्मचारी समिति द्वारा डब्ल्यू. आर.एस. कॉलोनी में आयोजित जयंती समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने-अपने घरों से (सूजी, गुड,शक्कर,घी, पंचमेवा, आटा) आदि से बने महाप्रसादी, मालपुआ, नारियल तथा फल, फूल आदि अर्पित कर अपनी दोनों हाथों की उंगलियों को आटे व घी के घोल में डुबोकर जैतखाम के चारों ओर निशान लगाये। पूजा स्थल पर सात बंगला पान के ऊपर लौग, इलाइची, काजू ,किशमिश तथा नारियल के ऊपर जनेऊ व कंठी रखी गई तत्पश्चात समिति के वरिष्ठ कैलाश खरे, बुधियार कोसले व पी.के. भंडारी ने सामूहिक रूप से पवित्र जैतखाम के पांच फेरे लेकर सफेद ध्वज का नया पालो (झंडा) चढ़ाया ।

इस दौरान महिलाएं कांसे की थाली में प्रसादी व दीप को सजाकर मंगल आरती की। तत्पश्चात सामूहिक रूप से सुंदर आरती उतारव हो गुरु बाबा के... सादा झंडा लहरागे लहर लहर ...जैसे अनेकों पंथी गीतों की प्रस्तुती की। इस दौरान '18 दिसंबर अमर रहे'' 'जय -जय सतनाम' की लगातार जयघोष होती रही।

ध्वजारोहण के पश्चात वाहन में बाबा गुरु घासीदास की फोटो को.फूलों. से सजाकर कॉलोनी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें गुरुजी के अमृतवाणियों का बखान करते हुए समाजजन पंथी गीतों में नृत्य करते चल रहे थे ।

# केंदीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ ने मुख्यमंत्री से मिलकर दी बधाई



**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। केंदीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ के केंद्रीय पदाधिकारी, एम डी ठाकुर, सीताराम ठाकुर, प्रशान्त ठाकुर,विक्की मिश्रा राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात किया। गोंड़ महासभा की ओर से शुभकामनाएं व बधाई दी गई।

महासभा के कार्यालय सचिव पी एल नेताम ने जानकारी देते हुए बताया महासभा 21जनवरी 2024 में वीर नारायण सिंह बलिदान समारोह व अभिनंदन समारोह का आयोजन बूढ़ादेव देवालय दुर्ग में करने जा रहा हैं। जिसमें मुख्य अतिथि के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री ने समाज के निवेदन को स्वीकार किया ।श्री साय ने इसके लिये समाज का आभार प्रकट किया है।

# रविवि में आयोजित केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का समापन



## मुख्य अतिथि कुलपति के हाथों प्रतिभागियों किया गया प्रमाण पत्र वितरण

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययन शाला पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एवं आईसीएसएसआर नईदिल्ली द्वारा प्रायोजित दो सप्ताह केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का 17 दिसंबर को समापन हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला हुए शामिल ।सभी प्रतिभागियों को कुलपति के हाथों प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

6 से 17 दिसंबर तक विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र भवन में यंग सोशल साइंस फैकल्टी के लिए आयोजित केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित का रविवार 17 दिसंबर को प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि समाज विज्ञान से जुड़े शोध कार्य का महत्त्व समय के साथ और भी प्रासंगिक हो रहें है. पहले समाज विज्ञान से जुड़े शोध कार्य का एक लिमिटेशन था अब समाज विज्ञान शोध का दायरा बढ़ता ही जा रहा है.आगे उन्होंने कहा कि इस तरह के केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम से युवा प्राध्यापकों एवं शोधकर्ताओं में को शोधकार्य को लेकर नई सोंच उत्पन्न होती है.सामाजिक शोध से जुड़े विभिन्न आयामों से युवा शोधकर्ता रूबरू होते हैं.वर्तमान समय अंतरविद्यावर्ती शोध दौर है इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है.अब समाज विज्ञान से जुड़े शोध कार्य समाज के हर वर्ग तक पंहुच रहा है यह समाज विज्ञान से संकाय के लिए उपलब्धि है.कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि एमएमटीसी के निदेशक प्रो.प्रीति के.सुरेश रही.

इस समापन सत्र में स्वागत उद्बोधन प्रोग्राम के कोर्स निदेशक एवं विभागाध्यक्ष समाजकार्य एवं समाज कार्य अध्ययनशाला रविशंकर विवि. प्रो.निस्तर कुजूर एवं धन्यवाद ज्ञापन को-कोर्स निदेशक एवं सहायक प्रोफेसर अर्थशास्त्र अध्ययनशाला पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने किया. इस केपिसिटी बेल्डिंग प्रोग्राम में देशभर के अलग अलग विश्वविद्यालयों के समाज विज्ञान से जुड़े विषय विशेषज्ञों ने सामाजिक अनुसंधान प्रविधि से जुड़े सभी आयामों को उपस्थित सभी समाज विज्ञान के युवा प्राध्यापकों को बताया।

# चंदा जुटाने कांग्रेस का क्राउड फंडिंग अभियान की शुरुआत

## स्थापना के 138वें वर्ष में न्यूनतम 138 रू. के साथ क्राउड फंडिंग

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)।कांग्रेस पार्टी चंदा जुटाने के लिए क्राउड फंडिंग अभियान की शुरुआत किया है। कांग्रेस ने इस अभियान का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। 18 दिसंबर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिल्ली से इसकी शुरुआत किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी देशवासियों से 138 रुपये के गुणक (जैसे, 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये, या अधिक) दान करने के लिए अनुरोध करती है, ताकि कांग्रेस पार्टी एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके।कांग्रेस ने इस ऑनलाइन क्राउडफंडिंग के लिए दो चैनल बनाए हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन होगा, जिसके बाद यह अभियान जमीनी अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जाएंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपये का अंशदान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राज्य स्तर के पदाधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश अध्यक्षों और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों को कम से कम 1,380 रुपये का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जो लोग आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं, उन्हें भारतीय नागरिक होना चाहिए और उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। दानदाताओं को दान प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

# शोभायात्रा का सपा ने किया स्वागत



**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने मोतीबाग के सामने गुरु घासीदास बाबा की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित सतनामी समाज की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाज के धर्मगुरुओं और गद्दीदारों का स्वागत किया गया।साथ ही शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों को फल वितरित किए गए। सपा प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से अब सतनामी समाज काफी समृद्धशाली हो रहा है। समाज के लोग आईएएस और आईपीएस बनकर समाज को लगातार गौरवान्वित कर रहे हैं।

श्री गुप्ता ने सतनामी समाज के प्रतिनिधियों को गुरु घासीदास बाबा की जयंती की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं देते हुए कहा, बाबा के आशीर्वाद से आज सतनामी समाज छत्तीसगढ़ राज्य में एक नए अध्याय का प्रारंभ कर समाज को सर्वोच्च स्थान पर लाया है। यह समाज के ईमानदारी पूर्वक प्रयास का ही नतीजा है कि लोग बाबा के बताए मार्ग, सत्य, आहिंसा के रास्ते पर चलकर लगातार इतिहास रच रहे हैं।शोभायात्रा के स्वागत कार्यक्रम में सपा के सचिव व प्रवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम सोनवानी, प्रकाश जोशी, मनीष श्रीवास्तव, माइकल पी. रिबेलो, सतीश निर्मलकर, संजय यादव, योगेंद्र भोई और यशवंत मराठा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कैट की प्राादेशिक सभा व स्नेह सम्मेलन आज

## संगठन का विस्तार करने बनेगी रणनीति

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सीजी चैप्टर की प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन 19 दिसम्बर को वृन्दावन हाल, सिविल लाईन्स, रायपुर में सुबह 11:30 बजे से आयोजित किया गया है।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी ने बताया प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी, सभी जिला ईकाइयों से एवं सभी व्यापारी संगठनो के पदाधिकारी शामिल होगें।प्रादेशिक सभा में प्रदेश के सभी जिला ईकाइयों का पुर्नगठन एवं विभिन्न विभागों के लिए समिति गठन पर सहमति बनी। एवं विभिन्न व्यापारिक मुद्दो सहित संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की जायेगी। छोटे व्यापारियों के लिए गुमाशता बनाने हेतु शिविर लगाया जायेगा। एमएसएमई पर कार्यशाला का अयोजन किया जायेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन शिविर लगाया जायेगा। प्रदेश स्तरीय जीएसटी कार्यशाला का आयोजन जायेगा। कैट और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक द्वारा स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है।

कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियो को मुख्यत: कार्यभार का आंबटन किया गया है। जिसमें जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धींगानी, विजय पटेल, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश खिलोसिया, नरेश पाटनी, नागेन्द्र कुमार तिवारी,अमीत गुप्ता एवं भास्कर साहू शामिल है।

# शराब बेचते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)।रावणभाठा चौक के पास शराब बेचते युवक को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत रावणभाठा चौक पास एक व्यक्ति बैग में शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति की पतासाजी करते हुए चिन्हांकित कर व्यक्ति को पकड़ा गया।पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नीलकंठ सेन निवासी रावणभाठा मंदिर हसौद रायपुर का होना बताया।

टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में नीलकंठ सेन से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

# 28 को कांग्रेस स्थापना दिवस पर नागपुर में विशाल रैली



**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। आगामी 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 139 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कांग्रेसजन 28 दिसंबर गुरुवार को कांग्रेस स्थापना दिवस के रूप में मनायेंगे। कांग्रेस पार्टी एक राजनैतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा है। देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर एवं ब्लाक मुख्यालय सहित प्रत्येक मतदान केन्द्रों में प्रात: 9 बजे पार्टी का झंडा फहराते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

श्री शुक्ला ने कहा कि इस अवसर पर पार्टी के जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में कांग्रेस का इतिहास, विचारधारा, अतीत एवं वर्तमान की उपलब्धियां भविष्य की दृष्टि आदि विषयों पर गोष्ठियां एवं परिसंवाद कार्यक्रम कार्यक्रम कर रैली व सेमिनार का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मोर्चा संगठनों सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई शामिल होंगे। कांग्रेस पार्टी 28 दिसम्बर को कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में राष्ट्रीय स्तर की रैली आयोजित कर रही है।जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, सांसद, विधायक मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे, नागपुर में आयोजित विशाल राष्ट्रीय रैली में शामिल होंगे।

# 51 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति



- देव दक्षिणा में लिया बुराई छोड़ने का संकल्प
- रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने भी किया यज्ञ

**रायपुर,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर रायपुर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से दिनांक 15 से 18 दिसम्बर 2023 तक दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा रायपुर में आयोजित हो रहे राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिवस पर बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालुगण पहुंचकर यज्ञ में सम्मिलित हुए। पूर्णाहुति के पश्चात महाभण्डारे का आयोजन किया गया तथा शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली की बिदाई की गई।

कार्यक्रम संयोजक श्री रामकृष्ण साहू, एवं जिला समन्वयक श्री लच्छूराम निषाद ने संयुक्त रुप से बताया कि यज्ञ के माध्यम से सुख समृद्धि एवं राष्ट की उन्नति एवं प्रगति की प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति में देवदक्षिणा स्वरूप अपने जीवन की एक-एक बुराई को छोड़ने एवं एक-एक अच्छाई को ग्रहण करने का संकल्प लिया।

शांतिकुंज हरिद्वार से आए मुख्य वक्ता श्री योगेश पटेल ने देवमंच से कहा कि केवल स्वाहा-स्वाहा करने से यज्ञ पूर्ण नहीं होगा।हमें अपने जीवन में त्याग, परोपकार और सेवा को भी स्थान देना होगा, तभी यज्ञ पूर्ण होगा।आज व्यक्ति स्वार्थ में डूबा हुआ है और केवल अपने हित की सोचता है इस कारण ज्यादा सुखी होने के स्थान पर और दुखी होता जाता है। इसका एकमात्र समाधान है कि हम प्रेम, सद्भावना, सद्विवेक, सदाचार को अपने जीवन में स्थान दें।तभी हम सुख शांति से जीवन जी सकते हैं। मानव में देवत्व और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिये व्यक्ति को प्रज्ञा पुराण जैसे सद्ग्रंथों का नियमित अध्ययन करना चाहिए।यह कथा व्यक्ति के दूषित चिंतन और भ्रष्ट आचरण को सुधारने वाली औषधि है।इसके सेवन से अनाचार, अत्याचार, भ्रष्टाचार और व्यभिचार से मानव मात्र को मुक्ति मिलेगी और धरती पर सतयुग का आगमन होगा। उनके द्वारा लोगों को नशा उन्मूलन, गौ संवर्धन, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, मृतक भोज आदि के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के ऋषिपुत्रों ने युग संगीत के माध्यम से यज्ञ महिमा का वर्णन किया एवं बताया कि मनुष्य के सभी समस्याओं का समाधान पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा लिखित गायत्री महाविज्ञान में निहित है गायत्री मंत्र में दार्शनिक व वैज्ञानिक पक्ष को बताते हुए उपस्थित लोगों से प्रतिदिन गायत्री महामंत्र का जप करने कहा गया। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर भारतीय संस्कृति के पांच आधार स्तंभ गौ, गंगा, गीता गायत्री और गुरू तत्व को जागृत करने के संबंध में भी बताया गया।

**नि:शुल्क संस्कार करवाया गया**

गायत्री परिवार रायपुर के प्रोटोकॉल प्रभारी अमित डोये एवं मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि आज केवल चिन्ह पूजा के रुप में संस्कार परम्परा का प्रचलन रहा गया है।वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक बोध एवं प्रशिक्षण के अभाव में यह केवल एक कर्मकाण्ड एवं फिजूलखर्ची बनकर रह गया है इसलिये गायत्री परिवार के माध्यम से संस्कार के पूर्व उसके महत्व को विस्तार से बताया जाता है एवं नि:शुल्क संस्कार करवाया जाता है।महायज्ञ के दौरान 146 लोगों का गुरुदीक्षा, 28 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन, 09 शिशुओं के नामकरण, 10 बच्चो का अन्नप्राशन, 08 बच्चो का मुंडन, 85 बच्चों का विद्यारम्भ, 15 युवाओं का यज्ञोपवीत एवं 22 लोगों का जन्मदिवस संस्कार करवाया गया।शांतिकुंज हरिद्वार की टोली ने देवमंच से संस्कार परम्परा के वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक कारण को बताते हुए कहा गया कि जैसे किसी यात्रा की सार्थकता व सफलता के लिये जरुरत की वस्तुएं, यात्रा का उद्देश्य, यात्रा का मार्ग, एवं आने वाली समस्याएं तथा किन लोगों का मार्गदर्शन उपयुक्त रहेगा जानना आवश्यक है। इनके अभाव में सुविधा-सम्पन्न यात्रा तो दूर उनमें अनेक अवरोध और संकट आ सकते हैं।

उल्टा पुल्टा

पति (बैंक मैनेजर से)- अगर मैं अपनी बीवी के खाते में 10 लाख नगद जमा कराऊं तो क्या उसकी गिरफ्तारी होगी।

मैनेजर- हां, लेकिन- वो तो तेरे खाते में पहले ही 12 लाख जमा करा गई है।

## संपादकीय

### माओवाद उन्मूलन वरीयता हो

*अभी छत्तीसगढ़ सरकार का कामकाज प्रारम्भ हुआ ही है कि माओवादी सक्रिय हो गये हैं। पिछले एक सप्ताह में कुछ नक्सली कार्रवाइयां हो चुकी हैं जिनमें सुरक्षा बलों के कुछ जवान शहीद हुए हैं। सरकार को इन कार्रवाइयों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिये और माओवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये अभियान चलाना चाहिये। सच कहें तो नक्सली उन्मूलन उसकी वरीयता सूची में शीर्ष पर होना चाहिये। माओवाद के चलते विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। इसके कारण केवल चुनिंदा क्षेत्रों का ही विकास बाधित नहीं होता बल्कि उसका समग्र प्रभाव पूरे प्रदेश पर पड़ता है। इसके कारण राज्य की अलग छवि बनती है। नयी सरकार संकल्प ले कि माओवाद को यथाशीघ्र समूल नष्ट करे।*

*अभी पिछले हफ्ते ही कांकेर में नक्सलियों ने एक बारूदी सुरंग लगाकर विस्फोट किया था। इसमें सक्ती जिले के रहने वाले कमलेश साहू शहीद हो गये जो सीमा सुरक्षा बल के जवान थे। रविवार की सुबह सुकमा के जगरगुंडा में नक्सलियों ने एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया जिसमें केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गये वहीं कांस्टेबल रामू गम्भीर रूप से घायल हुए। रेड्डी को सुकमा के सीआरपीएफ मुख्यालय में आला अफसरों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। वे आंध्रप्रदेश के करनूल के रहने वाले थे। वहीं रामू को इलाज के लिये रायपुर लाया गया है।*

*ऐसा नहीं कि पुलिस व सुरक्षा बल कुछ नहीं कर रहे हैं। अपनी ओर से वे पूरी जान लड़ाकर माओवादियों का कड़ा मुकाबला कर रहे हैं लेकिन नक्सलियों के घात पूरी योजना के साथ लगाये जाते हैं जबकि सुरक्षा बलों को अचानक होने वाले हमलों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ की कई राज्यों से सीमाएं लगती हैं। उनमें से कई राज्यों में भी माओवादी सक्रिय हैं। तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्य भी नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इन राज्यों में या तो माओवादी किसी कार्रवाई को अंजाम देकर आते हैं अथवा छत्तीसगढ़ में कार्रवाई कर दूसरे राज्यों में भाग जाते हैं। इन राज्यों में पुलिस व सुरक्षा बल मिलकर काम तो कर रहे हैं परन्तु भौगोलिक दृष्टि से पूरा क्षेत्र दुरूह होने के चलते यह एक कठिन मिशन है। प्रदेश के साथ सम्पूर्ण देश में यह एक पुरानी व विकट समस्या है। पहले के मुकाबले इस समस्या पर काफी काबू पा लिया गया है। हाल की घटनाओं को लेकर नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में नयी सरकार बनने से नक्सली बौखलाए हुए हैं, इसलिये वे ऐसी कार्रवाइयां कर रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी प्रचार के दौरान कहा था कि अगर राज्य में उनकी सरकार बनती है तो इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा। साय सरकार को चाहिये कि अब अपना वादा पूरा करे।*

# मनखे-मनखे एक समान का अनमोल संदेश आज 267 साल बाद भी प्रासंगिक : जितेन्द्र वर्मा

**दुर्ग**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरुघासीदास की जयंती के अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुर्ग के वार्ड क्रमांक 44 में सतनाम जागृति सेवा समिति द्वारा स्थापित जैतखाम के समक्ष नतमस्तक होकर गुरु घासीदास को नमन किया तत्पश्चात गुरु गद्दी का दर्शन और पूजन कर सामाजिक बंधु को जयंती की बधाई दी।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि गुरुघासीदास जैसे संत ने इस धरा पर जन्म लिया। गुरुघासीदास त्याग, सेवा और सर्मपण का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, गुरुघासीदास ने समाज को एक दिशा दी है उन्ही के बताए मार्ग पर चलकर समाज ने नये आयामों को छुआ है। उन्होंने कहा कि गुरुघासीदासजी का संदेश मनखे-मनखे एक समान ये स्पष्ट करता है कि सभी मनुष्य एक समान है। कोई छोटा या बड़ा नहीं है। श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में




सामाजिक समरसता को स्थापित कर सतनामी समाज के हित में उल्लेखनीय कार्य हेतु संकल्पित है। भाजपा नेताओं में जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्य, दिलीप साहू, आशीष निमजे, राजा महोबिया, सुनील साहू, मदन वाढई, सुनील अग्रवाल, गणेश निर्मलकर, साजन जोसेफ रोमनाथ साहू, अनूप सोनी शामिल हुए।

इस दौरान हुए पंथी नृत्य दलों के प्रदर्शन की सतनाम जागृति सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश जांगड़े, सतनामी समाज भंडारी हीरा सिंह, गुरुगद्दी पुजारी चंद्रहास रात्रे, समाज सेवक निर्गुण जोशी, पूर्व एल्डरमैन बसंत खिलाड़ी, सचिव हर्षवर्धन देशलहरे, कोषाध्यक्ष सुजीत चंदेल, पार्षद प्रकाश जोशी, पूर्व पार्षद सुशीला खिलाड़ी, शिव डहरिया, राधेश्याम कोसरे भी उपस्थित थे।

**सतनाम भवन सिविल लाईन :** बाबा गुरू घासीदास जयंती पर आज सतनाम भवन सिविल लाईन सहित शहर के विभिन्न वार्डो में अनेक कार्यक्रम किये गये। सतनाम भवन से शोभायात्रा निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से होकर वापस सतनाम भवन पहुंची और वहां अनेक कार्यक्रम हुए। इसी तरह गुरूघासीदास वार्ड, कातुलबोर्ड, पोटिया कला वार्डो में भी अलग अलग आयोजन कर जैतखाम की पूजा की गई। गुरू घासीदास के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने की कोशिश की गई।

पोटियाकला वार्ड में सुबह जैतखाम की पूजा के साथ डीजे की धुन पर सतनाम पंथ और गुरूघासीदास जी के पवित्र नारे लगाते हुए समाज के लोगों ने वार्ड भ्रमण किया। वार्ड भ्रमण के बाद विभिन्न कार्यक्रम कर भंडारा का कार्यक्रम किया गया।

# बघेरा में युवक की हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। बघेरा वार्ड में गत रात्रि सिगरेट पीने की बात पर दो लोगों के बीच विवाद इस कदर बढ़ा कि पांच आरोपियों ने मिलकर हाथ मुक्के डंडे व पत्थर से मारपीट कर प्रेम उर्फ राकी मंडल (27) की हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना मिलते ही दुर्ग कोतवाली पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन पांच आरोपियों के अलावा एक आरोपी नाबालिग है। सभी आरोपियों को थाने में बैठाकर पूछताछ की जा रही है। कल इन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

इस मामले में गिरफ्तार किये गये आरोपियों में रघुनाथ मंडावी (22) भूपेश साहू (21) अविनाश उर्फ बउवा मंडावी (20) चंद्रकांत उर्फ चिंटू ठाकुर (26), आकाश मंडावी (20) शामिल है। पुलिस के अनुसार गत रात्रि उन्हें अज्ञात फोन से पता चला कि बघेरा वार्ड में कुछ लोग प्रेम उर्फ राकी के साथ कतिपय लोगों द्वारा लाठी, डंडे एवं पत्थर से मारपीट की जा रही है। सूचना पाकर कोतवाली थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि कतिपय लोगों ने लाठी डंडे व हाथ मुक्के से पिटाई कर नाली में चित फेंक कर निकल गये। इस मारपीट में मृतक प्रेम उर्फ राकी के सिर सीना एवं चेहरे में चोट के संगीन निशान थे। उसे पुलिस व स्टाफ ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां प्रेम की मृत्यु हो चुकी थी।

दुर्ग कोतवाली पुलिस ने मौके पर धारा 302, 147, 148 के तहत मामला दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पता चला कि मृतक के साथ बघेरा की एक किराना दूकान के सामने सिगपेट पीने पिलाने को लेकर वाद विवाद चल रहा था। इसी बीच मामले ने इस कदर तूल पकड़ लिया कि मृतक प्रेम उर्फ राकी मंडल (27) पिचा चंददेव मंडल का डंडे मुक्के, पत्थर इत्यादि से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ मारपीट के बाद उसे नाली में फेंक दिया। दुर्ग शहर पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पांचों वयस्क आरोपी व एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार राकी भी पूर्व में हत्या का आरोपी रहा है।

# देवांगन समाज ने विधायक से की सौजन्य भेंट



**डोंगरगढ़**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से देवांगन समाज नवीन ईकाई के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर बधाई प्रेषित किया ।विधायक से भेंट कर देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने समाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने समाज को भविष्य में सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया। इस दौरान देवांगन समाज के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश देवांगन उपाध्यक्ष जामवंत देवांगन सहसचिव छेदूलाल देवांगन वरिष्ठ जन के आर देवांगन ताराचंद देवांगन एस एल देवांगन विजय देवांगन चंद्र प्रकाश देवांगन ओम प्रकाश देवांगन होरेन्द्र प्रकाश देवांगन उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा शिविर में 16 सौ से भी ज्यादा लोगों ने योजनाओं का लाभ लेने कराया पंजीयन



**दुर्ग,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज शक्ति नगर एवं पंचशील नगर नयापारा वासियों के लिये चंद्रशेखर स्कूल में 17 से अधिक योजनाओं का लाभ लेने शिविर लगाया गया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जिसमें शुगर, बीपी सहित अन्य तरह की बीमारियों की जांच की गई तथा संबंधित मरीजों को दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में 16 सौ 55 लोगों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन कराया।

शिविर में आयुक्त लोकेश चंद्राकर सहित विभिन्न योजनाओं के विशेषज्ञ अधिकारियों ने विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल जल, पीएम आवास योजना, स्टार्ट अप योजना मुद्रा लोन योजना पीएम स्वनिधि योजना जैसे केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभ लेने के इच्छुक हितग्राहियों से फार्म भी भराये गये। आज के शिविर में आधार कार्ड 65, प्रधानमंत्र उज्जवला योजना 93, आयुष्मान कार्ड 15, राशन कार्ड 54, हेल्थ कार्ड 103, प्रधानमंत्री आवास योजना 28, स्वनिधि 37, विश्वकर्मा 36, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 13, सुकन्या योजना के तहत 15 आवेदन प्राप्त हुए।

कल 19 दिसंबर को सुबह साढ़े 8 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक गोवर्धन चौक उरला में तथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक वार्ड 28 में दुर्गा मंच के पास शिविर लगाया जायेगा। आज के इस शिविर में आयुक्त लोकेश चंद्रकर, नोडल अधिकारी मोहेन्द्र साहू, सहायक नोडल अधिकारी दिनेश नेताम, थानसिंह यादव, सक्रिय रहे। इनके अलावा पार्षदगण देवनारायण चंद्राकर, दिनेश देवांगन, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दी।

# इंदिरा मार्केट को व्यवस्थित करने तथा धमधा नाका रेल्वे ब्रिज का नवीनीकरण किया जायेगा : गजेन्द्र यादव

**दुर्ग,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर लगातार अपनी सक्रियता बना रहे है। वे इन दिनों शहर की सड़कों पर अधिकारियों से पैदल चलकर राह चलते लोगों से उनकी समस्याएं पूछकर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दे रहे है। आज उन्होंने इसी क्रम में ब्रिज कारपोरेशन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ धमधा नाका रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने डामरीकरण कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान रेल्वे ओव्हर ब्रिज को काफी पुराना निरूपित करते हुए उसके स्थान पर सूर्या होटल से ग्रीन चौक तक नये ओव्हर ब्रिज निर्माण की घोषणा की। उन्होनें



बताया कि इसके लिये प्रपोजल भी तैयार कर लिया गया है ।

उल्लेखनीय है कि विधायक गजेन्द्र यादव ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। उनके साथ ट्रेफिक डीएसपी सतीश कुमार सीएसपी मणिशंकर चंद्रा कोतवाली के टीआई महेश ध्रुव, मोहन नगर टीआई विजय यादव, व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने राहगीरों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और साथ चल रहे अधिकारियों को इंदिरा मार्केट क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने, अवैध कब्जों की समस्या हल करने, पार्किंग की व्यवस्था बनाने व पुरानी व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ ही आवारा पशुओं की समस्या के निराकरण के निर्देश दिये।

इस दौरान विधायक यादव के साथ श्याम शर्मा, हेमंत देवांगन, सोहन जैन, सत्यम शर्मा, अजीत वैद्य, सुबोध श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, प्रकाश राजपूत, अंशुराज यादव, गुलाब वर्मा, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अब तक 14 ग्राम पंचायतों तक पहुंची संकल्प यात्रा



**कवर्धा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के 14 ग्राम पंचायतो में संपन्न हो गया है। 16 दिसंबर से आयोजित हुए इस यात्रा को 26 जनवरी 2024 तक संचालित कर यात्रा जिले के सभी नगरी निकाय क्षेत्र और ग्राम पंचायतो में पहुंचेगी। यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से लोगो के सामने रखेंगे। यात्रा के दौरान पंचायतों में शिविर का आयोजन हो रहा है जिसमें स्वास्थ्य विभाग विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जैसे आयुष्मान कार्ड बनाना शुगर ब्लड प्रेशर टी बी सिकल सेल सहित अन्य बीमारियों का जांच परीक्षण और दवाई वितरण। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से ड्रोन के द्वारा आवश्यक दवाइयां का छिड़काव का डेमोंसट्रेशन उन्नत खेती के तकनीक का प्रचार प्रसार सहकारिता विभाग मछली पालन विभाग के योजनाओं का प्रचार प्रसार उज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को गैस सिलेंडर का वितरण नए लोगों का पंजीयन जैसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने चर्चा करते हुए बताया कि विगत तीन दिनों में 14 ग्राम पंचायते इस यात्रा से लाभान्वित हो चुकी है और बहुत से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला है। आईईसी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लोगों तक पहुंच रहा है धरती कहे पुकार के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है च्िज के द्वारा लोगों की शासकीय योजना में भागीदारी एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जा रहा है। सभी वैन एलईडी युक्त है तथा सभी कार्यक्रम को संचालन करने के लिए प्रत्येक स्तर पर विभाग के कर्मचारी तैनात है और विभाग प्रमुख स्वम उपस्थित होकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम सुचारु रूप से चले इसके लिए जिला पंचायत में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि अभी तक जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत मजगांव, मेहराटोला, बदराडीह, लासाटोला एवं छाटा झा जनपद पंचायत लोहारा के ग्राम पंचायत रणवीरपुर, गंगीबहरा, कुमार दनिया, बाजार चारभाटा एवं सिगनपुरी गो तथा जनपद पंचायत पंडरिया के पलानसारी, मोहगांव, मझौली रवन एवं चतरी में कार्यक्रम आयोजित हुआ है। 19 दिसंबर को कवर्धा के ग्राम मडमडा बम्नहीँ लोहारा के नवागांव खुर्द हरदी एवं पंडरिया के सोढा व करीमाटी में यात्रा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अभी तक हुए शिविर में 1239 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। 508 लोगों का सिकल सेल जांच 555 लोगो का टी बी जांच किया गया। 8 ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। 1 ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत हर घर जल योजना शामिल है। 9 ग्राम पंचायतो में शत प्रतिशत डिजिटल लैंड रिकॉर्ड किया गया है। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत 45 लाभार्थियों ने योजना से मिले लाभ पर अपने अनुभव बताए हैं एवं धरती कहे पुकार के अंतर्गत 11 अलग-अलग कार्यक्रमों का संचालन हुआ है। 2880 लोगों ने सेल्फी ली तो वही विभिन्न श्रेणियां में 23 महिलाओं 58 विद्यार्थियों 25 खिलाड़ियों एवं 10 कलाकारों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन से लेकर सम्मानित करने तक का संपूर्ण कार्य ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है तथा विभाग द्वारा प्रतिदिन अपनी जानकारियां निर्धारित वेबसाइट में अपलोड कर रहे है।

# नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण




**दुर्ग,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे बेदखली अभियान के तहत आज धमधा रोड नई गंज मंडी में सड़क किनारे खुले में दूकान लगाकर चिकन मटन मछली की दूकानों को हटाया गया। इसके अलावा प्रचार प्रसार के नाम पर अवैध रूप से लगाये गये 42 सांकेतिक बोर्ड को भी हटाया गया। इसी तरह चौक चौराहों में फल सब्जी इत्यादि के ठेले, गुमटियों को जो आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे उन्हें भी हटाने व भविष्य में इस तरह का अवरोध करने वाली दूकानें न लगाने की हिदायत दी गई।

उल्लेखनीय है कि धमधा नाका रोड पर नई कृषि उपज मंडी तक सड़क के दोनों ओर लोगों ने तरह तरह की दूकानें लगाकर अवैध कब्जे कर लिये है। इनमें सड़क किनारे खुले में नाली के ऊपर तंबू तानकर लगाकर चिकन मटन की दूकानें भी शामिल है। इसी तरह अन्य व्यवसाय करने वालों ने भी अतिक्रमण कर सड़क घेर लिया था। इससे लोगों को आवागमन में भारी बाधा हो रही थी। इस बेदखली अभियान के तहत चिकन मटन की 7 दूकानों को हटाने के साथ ही मुर्गी रखने वाली जाली को भी जब्त किया गया। यह अभियान अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा द्वारा दी गई। इस पूरे अतिक्रमण हटाओं अभियान में पुलिस बल भी तैनात रहा।

# आन लाईन ठगी का आरोपी असम से गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर थाना पुलिस ने 13 लाख की धोखाधड़ी के मामलें का खुलासा किया है। आरोपी द्वारा फाईनेंस कम्पनी में निवेश कर जल्द रकम दुगना करने का झांसा देकर ठगने का काम किया जाता था। घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन एवं बैंक खाता के कागजात पुलिस ने बरामद किया है। परिक्षित को असम से पकडा गया है। आरोपी को पकडने के लिए बकायदा पुलिस द्वारा असम में कैम्प भी लगाया गया था। जानकारी के अनुसार 18 जुलाई 2023 को प्रार्थी गुलाब सोनकर ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दमन फाईनेंस कम्पनी चंडीगढ में पैसा निवेश कर ज्यादा फायदा का विज्ञापन फेसबुक में देखकर विज्ञापन में दिये गये संपर्क नंबर पर संपर्क किया और अलग अलग किश्तों में कुल 13,00,447 रूपये उनके खाते में ऑन लाईन जमा किया था। निवेश की अवधी पूर्ण होने के बाद भी रकम वापस ना कर धोखाधडी की गई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कार जांच में लिया था। आरोपी की पतासाजी के लिए एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस की टीम द्वारा प्रार्थी से मामले के संबंध में मोबाईल नंबरों एवं निवेश हेतु जमा किये गये रकम से संबंधित बैंक खातों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। संबंधित मोबाईल नंबर एवं बैंक खाते का सायबर सेल की टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी चिन्हित किया गया। घटना में प्रयुक्त बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर असाम को होना पाये जाने से टीम को आरोपी की गिरफ्तारी हेतु असाम रवाना किया गया। टीम द्वारा परिक्षित को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी गुलाब सोनकर से भी 13 लाख रूपये दमन कम्पनी के नाम से निवेश करा कर रूपये दुगना करने के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। पकडे गये आरोपी के बैंक खाते की जॉच करने पर पाया गया की अन्य व्यक्तियों से भी पैसा दुगना कराने के लिए अपने खाते में जमा करा कर धोखाधड़ी की है इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षख प्रदीप सिंह, चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक शौकत हयात खानए जुगनु सिंह, नरेन्द्र सहारे, जावेद खान, विक्रांत, महिला आरक्षक आरती सिंह, उप निरीक्षक मन्नू लाल यादव की उल्लेखनीय भूमिका रहीं।

# खुर्सीपार गौतम नगर में दो दिनों में डायरियां के 60 मरीज मिले

## निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर कर रहे सर्वे



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। खुर्सीपार के गौतम नगर में डायरिया फैलने से बडी संख्या में लोगों के बीमार होने की सूचना मिली है। यहां उल्टी दस्त के अव तक लगभग 60 मरीज मिले है। पहले दिन यानि रविवार को 34 मरीज मिले है। आज सोमवार को 29 मरीज मिले है। सुपेला अस्पातल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पीयम सिंह ने देशबन्धु को बताया कि सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है। इसमें से जिनमें से 5 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकि मरीजों को ईलाज के बाद घर भेज दिया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिक निगम की टीम पिछले दो दिनों से खुर्सीपार के गौतम नगर सहित आस-पास क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को समझाईश दे रही है, तो स्वास्थ्य विभाग की टीम शिविर लगाकर लोगों की जांच कर रही है। चिकित्सकों के अनुसार डायरिया फैलने की संभावना जताई जा रही है। वार्ड 42 गौतम नगर खुर्सीपार में अचानक कई लोग बीमार पड गए। उल्टी दस्त की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। खुर्सीपार पीएससी इंचार्ज डॉ. करण पंसारी, यूबीएमओ डॉ.पीएम सिंह, बीईई टीओ हितेंद्र कोसरे एवं विजय कुमार सेजुले ने क्षेत्र में किया। एएनएम के द्वारा सूचना मिलने पर क्षेत्र में पर्यवेक्षक केपाल एएनएम अर्चना साहू एवं मितानिनों के द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया गया है। सर्वे के दौरान 17 दिसम्बर को उल्टी एवं दस्त के 34 मरीज का पंजीयन कर दवाई दी गई। 4 मरीजों को सिविल अस्पताल सुपेला एवं 1 मरीज को सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया। आज पुन: स्वास्थ विभाग की टीम ने गौतम नगर से ही 29 नये मरीज मिले। स्वास्थ विभाग की टीम ने सभी 29 मरीजों की स्थिति सामान्य बताई है। नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की गई और नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। 315 घरों में क्लोरीन की गोली बाटी गई। आज लगभग पांच सौ से ज्यादा घरों में क्लोरीन की गोलियां व ओ.आर. एस. का पैकेट वितरित किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों के घरों में जाकर लोगों को समझाईश दे रही। साथ ही क्षेत्र से पीने के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। बताया गया है कि कुल 59 मरीज मिले हैं जिसमें उल्टी दस्त के 8, दस्त के 46 मरीज और बुखार के 5 मरीज शामिल हैं। डॉक्टर पीयम सिंह ने बताया कि लोगों को पानी को उबालकर पीना चाहिए, हाथ को अच्छे से धोकर खाना खाना चाहिए, नगर निगम भिलाई द्वारा शुद्ध पीने का पानी टेंकरों के माध्यम से गौतम नगर में भेजा जा रहा है। उसका उपयोग करना चाहिए, भोजन गरम खाना चाहिए, होटल अथवा बाहर का खाना नही खाना चाहिए। उन्होनें कहा कि इस तरह की शिकायत होने पर तत्काल ही नजदीक के चिकित्सक से सम्पर्क कर अपना इलाज कराना चाहिए, ताकि बीमारी से तत्काल राहत मिल सके।

# आयुक्त के निर्देश के बाद खुर्सीपार में स्थिति सामान्य



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। गौतम नगर वार्ड 42 मे नगर निगम के जल विभाग तथा जोन 4 शिवाजी नगर के अधिकारियो ने मौका मुआयना कर 50 से अधिक स्थानो से पेयजल के सैम्पल लेकर जाँच हेतु भेजा गया है। तेलगु मोहल्ला, गली नंम्बर- 3 व 4 के घरो के आस पास सघन सफाई अभियान चला कर नालियो सफाई चुना एवं ब्लिचिंग का छिडकाव किया गया । खुर्सीपार के गौतम नगर वार्ड 42 मे उल्टी दस्त की शिकायत मिलने पर जिला स्वास्थ विभाग की टीम सम्पूर्ण वार्ड मे घर घर स्वास्थ परीक्षण कर पीडितो की पहचान कर उनके स्वास्थ संबंधित आवश्यक उपाय कर रहा है। निगम की टीम ने वार्ड मे आपूर्ति किये जा रहे पेयजल, बोर तथा घरो मे पीने के लिए उपयोग होने वाले पानी का अलग अलग 50 स्थान से सैम्पल लेकर लैब मे जाँच के लिए भेजा है। बता दे कि खुर्सीपार वार्ड 42 गौतमनगर के तेलगु मोहल्ला तथा सन्यासी गली 3 व 4 के निवासियों मे उल्टी दस्त तथा बुखार का शिकायत मिला था। इसकी जानकारी मिलते ही निगम आयुक्त रोहित ब्यास ने तत्काल निगम की टीम को भेजकर राहत कार्य शुरु करावाया।

## मटेरियल्स रिकवरी विभाग में हिंदी कार्यशाला

**भिलाईनगर।** संयंत्र के एमआरडी विभाग के सभागार में 1 विभाग प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकारए गृह मंत्रालयए राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीतियों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में महाप्रबंधक दिनेश अग्रवाल, महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंधक लव कुमार, प्रबंधक बी ईश्वर राव उपस्थित थे। सुशील कुमार ने कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है। यह आम जनमानस की भाषा है व हम सबके हृदय को छूती है। हमने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत प्रयास किया है। हमारा विभाग शत प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने हेतु सदा अग्रसर रहा है। हमारा सारा संवाद, विभिन्न बैठक आदि विभागीय कार्यक्रमों की संपूर्ण कार्यवाही हिंदी में ही संपन्न होती है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में 36वीं वार्षिक प्रदर्शनी संपन्न

**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई के प्राथमिक विभाग में छात्रों द्वारा वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का विषय था एक्सप्लोरिंग द अनएक्सप्लोर्ड रखा गया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य परशांत वशिष्ठ और प्राथमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका श्रीमती गीता जुंजानी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीमती केका सरकार पत्नी प्रबीर कुमार सरकार वाइस चेयरमैन डी.पी.एस. भिलाइ के द्वारा हुआ। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मुकेश कुमार गुप्ता सदस्य एस.एम.सी. डी.पी.एस. भिलाई एवं एस.एम.सी. श्रीमती बबीता गुप्ता. सप्तऋषि सेनगुप्ता, सदस्य एस.एम.सी एवं जी.एम. संयंत्र श्रीमती जयती सेनगुप्ता, श्रीमती शहाना सिराज़, श्रीमती रेणु वशिष्ठ, श्रीमती मौसमी रॉय उप.प्राचार्या, शैक्षिक और श्रीमती नीलम पांडे प्रधानाध्यापिका माध्यमिक विभाग शामिल थे। विद्यालय के खुले मैदान में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। सबसे पहले स्टॉल पर अंग्रेज़ी विषय के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न दर्शनीय पर्यटन स्थलों एवं थियेटर कलाकारों की जानकारियों के साथ व्याकरण



पर आधारित रोचक और ज्ञानवर्धक खेलों ने दर्शकों के मन में कौतुहल जगाया। दूसरा स्टॉल गणित विषय का था, जिसमें छात्रों ने अपने गहन ज्ञान का प्रदर्शन किया और स्वयं तैयार किए गए विभिन्न चार्ट और मॉडलों के बारे में बताया। तीसरे स्टॉल पर सामाजिक अध्ययन विषय के अंतर्गत बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और कलाए त्योहार और इसमें किए जाने वाले नृत्यके प्रदर्शन के साथ अपने राज्य के बारे में ज्ञान का परीक्षण करने और रोमांचक पुरस्कार जीतने के लिए मज़ेदार खेलों का आयोजन किया गया। चौथे स्टॉल पर बच्चों ने कंप्यूटर साइंस की आकर्षक दुनिया में कोडिंग और विभिन्न कम्प्यूटर एप्लिकेशन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही लाइब्रेरी स्टॉल में प्रदर्शित पुस्तकों की विविधता उत्साही पाठकों और दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी थी। इस क्रम में पाँचवे स्टॉल पर विज्ञान के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ के जीव जंतु एवं वनस्पति और उनके संरक्षण पर प्रकाश डाला तथा साथ ही स्थानीय खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए। छठे स्टॉल पर हिन्दी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ मड़ई मंडपम का प्रदर्शन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के साथ मड़ई मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा स्थानीय व्यंजनों और सामग्रियों की बिक्री की गयी। व्यंजनों का स्वाद प्रदर्शनी देखने आए लोगों द्वारा बहुत पसंद किया गया। सातवें स्टॉल आर्ट और क्राफ्ट में विभिन्न चित्रों और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में छोटे बच्चों के रचनात्मक हाथों से निर्मित कलाकृतियों को सभी ने सराहा। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी भाग लेकर खेल का आनंद लिया। विद्यालय के सभागार में फूलों की रंगोली और मिनिएचर गार्डन के माध्यम से बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ी संगीत और नृत्य का प्रदर्शन कर बच्चों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों और उपस्थित सभी आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया और सभी ने दिल खोलकर प्रशंसा करते हुए बच्चों की रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। परशांत वशिष्ठ प्राचार्य ने यह जानकारी दी है।

# फैशन शो में विभिन्न राज्यों के छात्रों ने प्रस्तुति दी



**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया था। जिसमें भूतपूर्ण छात्रों ने अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर शुभाशिष जायसवाल विज्ञान, अभिषेक सिंह, बंधन, आशिफा एवं महनिष बघेल बी.बी.ए., रोहित सिंह, नमन गुप्ता, कवरपाल-वाणिज्य, रितेश दुबे-शिक्षा, दीपक निर्मलकर-कला विभिन्न संकाय के एलुमनी उपस्थित रहकर महाविद्यालय में आयोजित हुनर: इंटर डिपार्टमेंटल फेस्ट 2023 के समापन समारोह में सहयोग प्रदान किया। हुनर फेस्ट 14 विधाओं में आयोजित कार्यक्रम का आगाज महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 6 विभागों द्वारा प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर थी। हर समूह आगे बढ़ाने की होड में बेहद ही उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। हुनर के पहले दिन की शुरुआत हुई नृत्य और संगीत की मधुमय छटा द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता की गई। समूह नृत्य और फैशन शो में भी वे पीछे नहीं रहे। समूह नृत्य ने सभागार में ऐसा समां बांधा की सभागार में सभी थिरकने लगे। फैशन शो में विभिन्न राज्यों के परिधानों पर छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। तत्पश्चात विजेताओं के परिणाम घोषित किये गये। सभी कार्यक्रम में शिक्षा एंव वणिज्य का वर्चसव रहा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हुनर कार्यक्रम छात्रों के हुनर को बाहर निकालने का अच्छा अवसर है जिसमें हम सफल रहें उन्होने सभी छात्र-छात्रओं को बधाई दी। महाविद्यालय के डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने छात्रें के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का संचालन बी.एड. के छात्र आशुतोष तिवारी द्वारा किया गया।

# आंध्र उत्कल संघर्ष समिति ने की सांसद से भेंट



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। आंध्र उत्कल संघर्ष समिति द्वारा दुर्ग सांसद विजय बघेल के निवास पर समाज प्रमुखों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंप कर दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक वया विजय नगरम सीधी नई रेल सुविधा शीघ्र प्रारंभ करने हेतु पुन: मांग पत्र दिया गया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष के. उमाशंकर राव ने बताया इस रूट में चलने वाले रेल में भारी भीड़ के कारण बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के साथ यात्रा करना बहुत ही मुस्किल हो रहा है। सांसद विजय बघेल के साथ समाज प्रमुखों ने नई दिल्ली मे 27 मार्च 2023 केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर शीघ्र नई एक्सप्रेस रेल सुविधा प्रारंभ किए जाने मांग किया गया। सांसद विजय बघेल के माध्यम से उक्त मांग बार बार किए जाने पर भी रेल मंत्रालय की ओर से किसी भी प्रकार का पहल न होना समाज मे घोर निराशा है। सांसद विजय बघेल से समाज प्रमुख के उमाशंकर राव, डॉ कुमार नायक, बी जोगा राव, जे कोरमा राव, पी दुर्योधन राव, अप्पा राव, के गणपति, के रुद्र मूर्ति, कोल्ला राजू, रतन तांडी, डी शंकर राव, के पापा राव,के राजू ए टी डिल्ली राव, वी राजा राव, पी वेंकट, पी माधव, वी गणेश, वी वैकुंठ राव, पी चंद्रशेखर, मदन ने मांग किए। दुर्ग लोकसभा में आंध्र उत्कल वासी अत्याधिक संख्या में हैं। अक्षर रेल यात्रा से अपने गृह गांव रेल आने जाने में काफी ज्यादा दिक्कत होती है। विगत कई वर्षों से धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल के माध्यम से रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। उक्त मांग पर रेल प्रशासन शीघ्र पहल कर छत्तीसगढ़ राज्य में रह रहे आंध्र उत्कल वासियों नई रेल सुविधा दिया जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में संयंत्र ने जीता पुरस्कार



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स की 77वीं वार्षिक तकनीकी बैठक और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम तथा आईआईएमए भिलाई चैप्टर के सदस्यों द्वारा डीकार्बोनाइजेशन इन स्टील इंडस्ट्री प्रोसेस इम्प्रूवमेंट विषय पर प्रस्तुत तकनीकी पेपर की सराहना की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार और महाप्रबंधक आरसीएल आईआईएमए भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष के वी शंकर के मार्गदर्शन में आईआईएम भिलाई चैप्टर के सचिव बीएसपी और आईआईएम भिलाई चैप्टर के अधिकारियों की टीम ने केआईआईटी भुवनेश्वर में आयोजित मेगा इवेंट में भाग लेकर अपने तकनीकी पेपर और पोस्टर प्रस्तुत किया। संयंत्र की टीम ने डीकार्बोनाइजेशन इन स्टील इडस्ट्री प्रोसेस इम्प्रूवमेंट विषय पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक एसएमएस-3 श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोज और सहायक महाप्रबंधक एसएमएस-3 रजत कुमार सरकार ग्रीन टेक्नोलॉजीस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार जीता। इस सम्मेलन में जेएसडब्ल्यूए टाटा स्टील, आदित्य बिड़ला हिंडाल्को आदि धातु उद्योगों की टीमों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोज, महाप्रबंधक आर आनंद, सहायक महाप्रबंधक रजत कुमार सरकार, प्रबंधक सोनल श्रीवास्तव, सीनियर उदय भानु तिवारी, एसएसआरसी मूर्ति ने भाग लिया और तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया। सेमिनार में भाग लेने वाले धातुविदों और सामग्री वैज्ञानिकों, इंजीनियरों ने ज्ञानवर्धक जानकारी व अपने समृद्ध अनुभव साझा किए तथा नए विचारों का आदान.प्रदान किया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हरित विनिर्माण, रणनीतिक और दुर्लभ धातुओं, एडिटिव विनिर्माण और सामग्रियों के त्वरित विकास जैसे प्रासंगिक समसामयिक विषयों पर प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक सौम्य तोकदार, महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास व टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# गुरु घासीदास ने सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखलाया : कुरैशी



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने बाबा गुरू घासीदास की 267वीं जयंती के अवसर पर तैल्यचित्र में माल्यअर्पण कर देशवासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए बाबा से सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थन किया। गुरू घासीदास का अवतरण 18 दिसम्बर 1956 को छत्तीसगढ़ के गिरौधपुरी में हुआ। बचपन से ही सत्य और अहिंसा के प्रति अटूट विश्वास रहा आज जैतखाम की पूजा अर्चना कर रहे है यह सत्य का सबसे प्रतीक है। आंधी आये तूफान आये चाहे जितना बारिश हो कड़कती धूप हो यह जैतखाम सत्य का प्रतीक है। इस पर किसी भी मौसम या आंधी तूफान का कोई असर नहीं होता इसी प्रकार से बाबा गुरू घासीदास ने कहा है कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्तियों का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता आज यह बाबा का संदेश केवल छत्तीसगढ़ में नहीं पूरी दुनिया में गुंज रहा है। इस अवसर पर राधारमण चौबे, समयलाल साहू, ईश्वर प्रसाद त्रिपाठी, संजय लाखे, सखाराम डहरिया, अजय पात्रे, सरिता बघेल, किशन मनहरे, अरूण सिंह, हरिचंद्र डहरे आदि उपस्थित थे।

# प्रकृति और संस्कृति के महत्व को समझो : स्वामी राम



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु) प्रकृति संस्कृति परिषद के तत्वावधान में गोंडवाना भवन में प्रकृति संस्कृती सम्मेलन का एकदिवसीय आयोजन किया गया। आयोजन में अयोध्या से पधारे प्रकृति संस्कृति परिषद के संरक्षक स्वामी राम मोहनदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। भाटापारा के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, शशि भूषण मोहंती अतिथि वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और समस्त अन्य अतिथियों का स्वागत ओमकार ताम्रकार, दीपक चनपुरिया, संतोष विश्वकर्मा, प्रभु नाथ मिश्रा, डॉ. चंद्राकर, डॉ. एस के अग्रवाल, हिंदू युवा मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता सतीश कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि स्वामी राम मोहनदास का परिचय दिया। नरेंद्र शर्मा एवं शशि भूषण मोहंती का भी संक्षिप्त परिचय दिया गया। प्रकृति संस्कृति परिषद के गठन और उसके उद्देश्यों को समझ कर बताते हुए यह जानकारी दी कि फिलहाल भारत के प्रत्येक जिले में कम से कम ऐसा एक कार्यक्रम किया जाना निश्चित किया गया है। नरेंद्र शर्मा ने प्रकृति संस्कृति परिषद के गठन और उसके उद्देश्यों को बताते हुए ऋषि और कृषि संस्कृति आधारित भारत का चित्रण किया। शशि भूषण मोहंती ने भारतीय आदर्श और नैतिक मूल्यों को महत्वपूर्ण बताया। प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि लोगों को बोलने वाले नहीं बल्कि करने वाले लोगों की आवश्यकता है। स्वामी राम मोहनदास ने भारतीय दर्शन सिद्धांत वेद और शास्त्रों के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से सुसंगत तथ्यों और प्रमाणों के साथ ब्रह्मांड की रचना का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चूंकि हम धर्म को कथा कहानियों के रूप में समझने का प्रयास करते हैं और दुर्भाग्य से राजनीतिक स्वरूप से हम धर्म को समझने की कोशिश करते हैं इसलिए हम गिलानी से भर जाते हैं। भारत पर लोगों ने आक्रमण किया लेकिन भारत ने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया। भारत को गरीब बताने का और पिछड़ा बताने का जो षड्यंत्र था वह भारत की संस्कृति को और परंपराओं को नष्ट करने के उद्देश्य से था। श्रीमती विभा मिश्रा, समीर त्रिपाठी, महेंद्र कुमार दिल्लीबार, बलदेव सिंह साहू, डॉ के एल शर्मा, एस आर. आनंद कुमार राय, डॉ. एस के साहू, रामचरण साहू, डॉ. एस के अग्रवाल, संध्या ताम्रकार, सावन श्रीवास्तव, विकास चंद्र तांडी, अजय वर्मा, प्रियांशी विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह, आकाश त्रिपाठी, बेग राम गंगे, सतीश शर्मा, रमेश सिंह, श्रीमती कुमुद दिवेदी, हेम लाल यादव, रामू यादव, छम्मन देवगन, लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा,एल हिरवानी मौजूद थे।

# सांसद ने प्रधान मंत्री की योजना की दी जानकारी



**भिलाईनगर,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत औंधी में सांसद विजय बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के टी वी रोग से पीड़ित हितग्राहियों, पोषण आहार वितरण करते पूरी दवा सेवन करने वाले को टी बी चैम्पियन का प्रमाण पत्र व आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने वाले लोगों को आयुष्मान मित्र प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं पूरा पूरा लाभ हितग्राहियों मिल रहा है। विजय बघेल ने कहा प्रधानमंत्री ने टी बी रोग उन्मूलन ओर सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम एंव प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान कार्ड के माध्यम से बीमारियों से पीड़ित रोगी के लिए 5 लाख रुपए का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। उन्होंन कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने विभिन्न विभागों में सम्पर्क कर उसका लाभ जरूर लें इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विपुल गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत पाटन मुकेश कोठारी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा, डा भुनेश्वर कठौतिया, डा अरूणा सिंहा, श्रीमती वंदना शर्मा, सैय्यद असलम सरपंच श्रीमती पुषप लता ठाकुर, राजेश चंद्राकर, नाग, विक्कीए पंचायत औंधी सचिवएपंच गण, नीना चक्रवती श्रीमती आर विश्वास, तृप्ति चंद्राकार, देवेन्द्र राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे।

# बालोद जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालोद**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर बालोद जिले में निरंतर जारी है। आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर और घुमका तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई रोड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आमलोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाईयॉ भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

**विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित**

बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 92 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया तथा 13 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 07 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी श्री यशवंत देशमुख और स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय का निर्माण कराने वाले श्री रामविचार साहू ने अपने अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कृतिका साहू, जनपद सदस्य श्री छगनलाल देशमुख, सरपंच श्री अरूण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम घुमका में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 08 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया तथा 08 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 11 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया तथा 01 किसान को केसीसी वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कृतिका साहू, जनपद सदस्य श्री छगनलाल देशमुख, श्रीमती शारदा सिन्हा, सरपंच हिरौंदी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई रोड में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 120 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया, जिसमें 06 नए कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 03 हितग्राहियों तथा प्रधानमंत्री सुरक्ष बीमा योजना के तहत 02 हितग्राहियों का बीमा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्री दुर्गेश रामटेके, हेमलता साहू, उर्मिला साहू, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा की सीईओ श्रीमती रोशनी भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में स्टेट स्कूल की बालिकाओं ने फाइनल का खिताब जीता



**राजनांदगांव**, 9 दिसंबर। डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट रॉयल किड्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें स्टेट स्कूल कि बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें फाईनल मैच के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं स्टेट स्कूल के मध्य मैच खेला गया। जिसमें गरिमा एवं दिपाली के द्वारा एक- एक गोल किया गया इस प्रकार 02-0 से फाईनल का खिताब स्टेट स्कूल ने अपने नाम किया। गोल कीपर निहारिका एवं प्राची नीलिमा, नेमिका, सोनल, पल्लवी, दीपशिखा, सोनम, का शानदार प्रदर्शन रहा । यह जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायाम शिक्षक श्री सुनील नागदौने के द्वारा दी गई।

## घासीदास जयंती पर भाजपाइयों ने किया साफ सफाई, समाज के लोगों को दिलाया स्वच्छता का संकल्प

**बालोद**, 18 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बालोद नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा में आज भाजपा शहर मंडल बालोद के कार्यकर्ताओं ने नगर के सभी जैत खम्ब के आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया वहीं सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा के जन्म जयंती का समाज के लोगो को बधाई देकर अपने आसपास स्वच्छता रखने का संकल्प भी दिलाया आज हुए स्वच्छता अभियान के तहत पाण्डेपारा जवाहर पारा कांसीबन तालाब पार के आसपास नगर पालिका के कर्मचारियों के सहयोग से साफ सफाई की गई इस दौरान मुख्यरूप से वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर महामंत्री द्वय संतोष कौशिक नरेंद्र सोनवानी अमित चोपड़ा विनोद जैन कमलेश गौतम दीपक देवांगन राज सोनी दयालराम सुरेंद्र कुमार जोहन राम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मिलेट विकास पर कृषक प्रशिक्षण कल

**बलौदाबाजार**, 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर, शासकीय कृषि विभाग एवं कृषि विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान मे मिलेट विकास एवं रवि फसल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसम्बर 2023 समय दोपहर 2 बजे स्थान सी एस आर सेन्टर रावन मे किया जा रहा है।

# राम लला प्राण प्रतिष्ठा के प्रचार प्रसार हेतु चारभाटा में बैठक



**डोंगरगढ़**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में 22 जनवरी का दिन हम सब के लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हजारों साल की तपस्या सरकार होने जा रही है ।प्रभु श्री राम जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है ।इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए आज वानाचल क्षेत्र चारभाटा में बैठक आयोजित किया गया इस बैठक में राष्ट्रीय स्वम सेवक संघ डोंगरगढ़ खण्ड कार्यवाह श्री जागेश्वर निषाद ने विस्तृत जानकारी दी और श्री गिरवर साहू जी को सयोजक श्री हेमंत सिन्हा को सह सयोजक का दायित्व दिया गया इसी तरह गिरवर साहू ने मंडल समिति का गठन कर प्रत्येक गांव से भी गाँव समिति का भी गठन किया गया ।गिरवर साहू ने बताया कि प्रत्येक गांव में जाकर जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जाएगा हर गाँव मोहल्ला प्रत्येक घरों में आमंत्रण पिला चावल भेंट कर 22 जनवरी के दिन को दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा इस बैठक में चारभाटा ,मोहनपुर ,बागरेकसा, आलेदण्ड ,भगवानटोला ,घोरतलाव,खैरबना ,टाटेकसा ,कोठीटोला ,नवागांव ,कनेरी ,मांगीखूंटा के ग्रामीणों शामिल थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कोसीर ( बड़े ), भाठागांव, कंचनपुर-स और पंचधार में कार्यक्रम आज

**बिलाईगढ़**, 18 दिसंबर (देशबंधु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाय) के वाहन का 16 दिसंबर से जिले में ग्राम पोरथ और सिंघनपुर से शुरुआत किया गया है। यह यात्रा अब जिले के अन्य ग्रामों में प्रस्थान करेगा। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार यह वाहन सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के एक दिन में दो गांव में कार्यक्रम आयोजित होगा। पहले गांव में सुबह 10 बजे और दूसरे गांव में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। इसी के अनुसार 19 दिसंबर को सारंगढ़ विकासखंड के उप तहसील और ग्राम कोसीर में सुबह 10 बजे और भाठागांव में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार बरमकेला ब्लॉक के ग्राम कंचनपुर-स में सुबह 10 बजे और पंचधार में कार्यक्रम 2 बजे आयोजित किया जाएगा।



**सारंगढ़ और बरमकेला ब्लॉक में संकल्प यात्रा वाहन का रूट चार्ट**

वीबीएसवाय रूट चार्ट अनुसार बरमकेला ब्लॉक में 20 दिसंबर को बुदबुदा और लिसी में, 21 दिसंबर को कंडोला और सुखापाली में, 22 दिसंबर को बोंदा और पिहरा में आयोजित होगा। ठीक ऐसे ही सारंगढ़ ब्लॉक में 20 दिसंबर को ग्राम कुम्हारी और पाट में, 21 दिसंबर को सिलयारी और कपिस्दा-अ, 22 दिसंबर को मुड़ुवाभांठा और उच्चभिट्ठी में वीबीएसवाय का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी में योजना से लाभ की जानकारी देंगे हितग्राही**

इस यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल कर अनुभव साझा करेंगे। इस संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत, प्रधानमंत्री मोदी का रिकार्डेड संदेश प्रसारण, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा, कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट चिज, महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि रिकार्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ प्लस उपलब्धि, जल जीवन मिशन की संतृप्ति आदि की उपलब्धियों पर उत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अभिनंदन और पुरस्कार वितरित की जाएंगी।

ऑन स्पॉट सेवाएं- विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, मेरा भारत स्वयंसेवक पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन, बैंक लोन, पीएम स्वनिधि आदि का स्टॉल लगाया जाएगा।

## निधन

### विमला चांडक

**रायपुर**, 18 दिसम्बर। ग्राम बेरडी के प्रतिष्ठित नागरिक और छिंदवाड़ा जिले में प्रगतिशील किसान के रूप में ख्यात रहे स्व. श्यामसुंदर चांडक की पत्नी विमला चांडक का 81 वर्ष की उम्र में सौंसर में निधन हो गया। वे लगभग एक साल से अस्वस्थ थीं। 17 दिसम्बर को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीमती चांडक देशबन्धु पत्र समूह के निदेशक पलाश सुरजन और छत्तीसगढ़ काडर में भारतीय पुलिस सेवा के दिवंगत अधिकारी मूलचंद बजाज की सास थीं।

### जमुना बाई लोधी

**आरंग**, 18 दिसंबर। आरंग



निवासी जमुना बाई लोधी (उम्र 80 वर्ष) का आकस्मिक निधन 17 दिसंबर को हो गया। वे लक्ष्मीनारायण, देवनारायण, कमलनारायण की माता एवं गजेंद्र, धर्मराज की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में परिवार ,समाज एवं नगर के लोग उपस्थित रहे।

### लतेल वर्मा

**रावन/बलौदाबाजार**, 18 दिसम्बर। ग्राम रावन के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लतेल वर्मा 74 वर्ष का निधन हो गया।



वे नंदकिशोर, योगेंद्र, लेखराम, धनेश्वरी व मीना के पिताजी थे। उनके निधन पर मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, उपाध्यक्ष त्रिलोचन प्रसाद वर्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया है।

### त्रिवेणी बाई दुबे

**बेमेतरा**, 18 दिसंबर। त्रिवेणी



बाई दुबे उम्र 88 साल का आज सुबह नवागढ़ में निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज गृह ग्राम नवागढ़ मुक्तिधाम में किया गया वे अरुण, सुरेश एवं दिनेश दत्त दुबे की माता थी।

### दशमी प्रसाद गुप्ता

**भिलाई**, 19 दिसंबर। सेक्टर-6 मार्केट भारत भंडार के संचालक दशमी प्रसाद गुप्ता का आज रात्रि साढ़े 9 बजे उनके



निवास स्थान पर निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास से 19 दिसंबर को प्रात: 11.00 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व नागरी बैंक के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता के बड़े भाई थे।

# गुरु घासीदास जयंती में उमड़े सामाजिक जन निकले नगर भ्रमण



**राजिम**, 18 दिसंबर। आज नगर सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती 18 दिसंबर दिन सोमवार को बड़े धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर सतनामी पारा से मेला मैदान गुरु घासीदास मंदिर एवं सुंदरलाल शर्मा शिवाजी चौक श्री राम चौक होते हुए सतनामी पारा की ओर भव्य रैली बाजे गाजे के साथ निकाली गई रैली का जगह-जगह विभिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया हर्षोल्लास के साथ सामाजिक बंधु हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा की सरकार बनते हुए पीएम आवास योजना की 18 लाख आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की : राकेश पांडेय

**देवकर**, 18 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग सहप्रभारी राकेश पान्डेय ने कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में मुख्यमंत्री आदरणीय विष्णुदेव साय जी ने 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी दी हैं। 2028 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूवँ बहुमत के साथ कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार बनते ही प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास को बनने से रोक दिया था.किसी का एक किस्त तो किसी का दो किस्त मिलने के बाद अगले किस्त की राशि के लिए 5 साल तक दर दर भटकते रहें परन्तु अधूरे आवास की राशि नहीं मिल पाई और न ही न ए पीएम आवास की मंजूरी मिल पाई ।समूचे प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार द्वारा सभी मूलभूत, कार्य बिजली ,सड़क ,पानी ,पुल पुलिया के सभी विकास कार्य पर रोक लगा दिया गया था परंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब साय केबिनेट के इस फैसले को भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग प्रभारी राकेश पान्डेय ने ऐतिहासिक बताया है और कहा कि प्रदेश के गरीबों के घर का सपना अब साकार होगा ।भारतीय जनता पार्टी विधानसभा मीडिया विभाग सहप्रभारी राकेश पान्डेय ने बताया की विगत 5 साल से विकास की बाँट जोह रहे प्रदेश के हर विधानसभा एंव अंतिम छोर में बसे गांव में अब विकास की गंगा बहेगी ।फिर से छत्तीसगढ़ अग्रणी एंव विकसित राज्यों की गिनती में रहेगी क्योंकि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया हैं और भाजपा ही संवारेगी ।राकेश पान्डेय ने भाजपा की कथनी करनी को एक बताते हुए कहा कि भाजपा का वादा था ।शपथ ग्रहण करते ही गरीबों का आवास तत्काल स्वीकृत किया जाएगा ।प्रदेश के हर गरीब के लिए अपना घर भाजपा का संकल्प हैं और.इसे भाजपा ने पूरा किया है ।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैबिनेट की प्रथम बैठक के दौरान ही 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर गरीबों का सपना पूरा किया हैं।



# एक दूसरे से मुलाकात करना राजनीतिक शुचिता का है प्रतीक : अजय चंद्राकर



**कुरूद/ अंवरी**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित कुरूद विधायक से मिलने के लिए विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के नेता तेजेश्वर कुर्रे कुरूद विधानसभा के अपने विधायक से मिलने रायपुर स्थित बंगला में पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई दी ।इस अवसर पर श्री अजय चंद्राकर ने कहा कि चुनाव में जीत हार लगी रहती है मत भिन्नता हो सकती है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए कुरूद विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंदी रहे रहे ।तेजेश्वर कुर्रे का मुलाकात करना। राजनीतिक शुचिता चिता का परिचायक है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि कुरूद की जनता से उन्हें उतना ही लगाव और प्रेम है, जितना मुझे क्षेत्र के विकास के लिए लगाव है। हर संभव समाज व क्षेत्र के विकास में सहायता करेंगे ।आगे चर्चा में कहा, क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं और जो कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम भानपुरी

**राजनांदगांव**, 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भानपुरी पहुंची। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा अभियान का उद्देश्य हर ग्राम पंचायत में पहुंचकर केन्द्र शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि हितग्राही यहां केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन देंगे तथा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। आवेदन करने के पश्चात् पात्र हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसी तरह केन्द्र शासन की योजनाओं के प्रति आम जनता में जागरूकता लायी जाएगी। जिले में 407 ग्राम पंचायत में यह यात्रा पहुंचेगी। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में नन्हे बच्चों के लिए कलेक्टर द्वारा स्मार्ट टीवी लगवाने की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से एक अच्छी सोच के साथ अच्छी पहल की गई है। कलेक्टर डोमन सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया।

कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि ग्रामवासियों को केन्द्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यापक तौर पर सबकी सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता तक केन्द्र शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए यहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाएं गए हैं। जहां शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राही शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे हितग्राही जिन्हें अभी तक केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वे भी इस अभियान से लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का वितरण, सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण किट, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत सुपोषण किट प्रदान किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्मार्ट टीवी का वितरण किया।



**केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण**

कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। एकलव्य विद्यालय के बच्चों द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए मोहक नाट्य प्रस्तुति दी गई तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया एवं आदिवासी संस्कृति पर आधारित रिलो-रिलो... नृत्य की प्रस्तुति दी गई। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे के मार्गदर्शन में खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं जानकारी प्रदान की गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन, जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पा गायकवाड़, सरपंच श्रीमती गायत्री साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, जनपद सीईओ सुश्री तनुजा मांझी एवं अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडीईओ बलबीर ने किया।

**जनसामान्य ने विभिन्न योजनाओं के लिए किया आवेदन-**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 10 लोगों को वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 मिनी किट का वितरण किया गया। एक एकड़ में ड्रोन का छिड़काव प्रदर्शन किया गया। 2 सिंचाई पाईप वितरण एवं 2 मृदा परीक्षण, आयुष विभाग द्वारा 170 मरीजों को दवाई का वितरण किया गया एवं 30 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। राजस्व विभाग को 4 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1, पशुधन विकास विभाग को 1, सीएससी सेंटर में आधार कार्ड सुधरवाने के लिए 16, लीड बैंक को 50, खाद्य विभाग को 55, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 8, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को 8 आवेदन प्राप्त हुए।

**केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव किए साझा**

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की हितग्राही श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने बताया कि वे जय माँ कर्मा स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं और उन्होंने सिलाई कार्य के लिए 1 लाख रूपए का ऋण लिया है और स्टेशनरी की दुकान भी खोली है और खेती-बाड़ी भी कर रही हैं। उन्हें प्रति माह लगभग 8 से 10 हजार रूपए तक की आमदनी हो जाती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना की लाभार्थी श्रीमती सालनी जगने ने बताया कि उन्हें इस योजना अंतर्गत गर्भावस्था के दौरान विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई तथा ब्लड प्रेशर, शुगर जैसे अन्य जांच निःशुल्क किए गए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की लाभार्थी श्रीमती वसुन्धरा साहू ने बताया कि उन्हें आपरेशन से दो बच्चों का जन्म हुआ। श्रीमती वसुंधरा साहू का निःशुल्क ईलाज आयुष्मान कार्ड से हुआ। जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी श्रीमती मीना साहू ने बताया कि पहले चूल्हे से भोजन बनाने पर एक घण्टे में बनता था, लेकिन अब गैस चूल्हे से आधे घण्टे में भोजन बन जाता है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू ने बताया कि उन्हें किस्त में 3 हजार रूपए की राशि मिली है। जिस राशि का उपयोग अपने एवं बच्चे की देखरेख के लिए किया। जल जीवन मिशन की हितग्राही श्रीमती ललिता साहू ने बताया कि गांव में पाईप लाईन आ जाने से पानी की समस्या दूर हो गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी गुणितराम साहू, प्रधामंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी श्रीमती जोतकुंवर साहू, जल जीवन मिशन की हितग्राही श्रीमती पूर्णिमा साहू, सुपोषण अभियान की हितग्राही श्रीमती सुनीता साहू, स्वच्छ भारत मिशन के हितग्राही योगेश साहू, राशन कार्ड हितग्राही श्रीमती मंजू यादव व श्रीमती रेखा साहू ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गयी

## पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ



**बेमेतरा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज सोमवार को बेमेतरा के ग्राम पंचायत खिलोरा और बैजलपुर तथा साजा ब्लॉक के खुरसबोड और कारेसरा तथा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों तथा मौजूद जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई। सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। आईईसी (सूचनाए शिक्षा और संचार) वैन पहुँचने पर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ी से स्वागत किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। आईईसी (सूचनाए शिक्षा और संचार) वैन भारत सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री का संदेश भी सुना रही है। लोगों के आधार कार्ड भी बनाये गये।

खिलौरा के सरपंच श्री भुवनेश्वर साहू ने दस हितग्राहियों को बी-1 का वितरण किया गया ।वही यशवंत को ऋण पुस्तिका सौपी गयी। इसके अलावा दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि देशभर में हर घर शौचालय निर्माणए उज्ज्वला गैस कनेक्शन आदि दिए गए और हर घर नल.हर नल जल का सपना भी साकार हो रहा है। बिना भेदभाव जातिए धर्मए से ऊपर उठकर जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

स्वसहायता समूह की महिलाओं सहित लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा लाभ की जानकारी दी जा रही है। विकसित यात्रा के दौरान अधिकांश ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग द्वारा पांच महिलाओं को किट वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यक्तियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवाई दी गयी।

लगाये गये शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी ।पात्र हितग्राहियों का सरकारी योजना से लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, फसल बीमा, स्वायल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड के फ़ायदे बताये ।अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लेने कहा। इसके लिए संबंधित विभाग में आवेदन देने कहा।

# गुरु घासीदास के बताएं मार्ग चलकर खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा: योगेश तिवारी



**बेमेतरा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूज्य गुरु बाबा घासीदास के 267वीं जयंती के अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विधनसभा क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा, करही, चेटवा, बेरला, लाटा खुडमुड़ा में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोग बढ़ चढ़कर शामिल हुए। वही जगह-जगह समाज के लोगों की ओर से स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि गुरु के संदेश आज के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है । बाबा ने उस समय के समाज में प्रचलित ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया। मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया । बाबा की यही भावना को बाबा साहेब अम्बेडकर ने हमारे संविधान की प्रस्तावना में भी शामिल किया है । आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है ।

### आयोजन में बड़ी सख्या में समाज के लोग व प्रतिनिधि हुए शामिल

आज के कार्यक्रम मे रवि गडपाले, सौरभ मिश्रा, नीलकंठ पटेल, पीयूष शर्मा मनोज सिन्हा, नेरेश बलराम बंजारे, यशवंत, वाई के डिडोरे, सेवा निवृत उपसंचालक जिला मत्स्य विभाग, होरीलाल सिन्हा, सजनी यादव, विजय डेहरे, आगर दास डेहरे, मूलचंद बंजारे, खेमसीह बारले, खिलावन जांगड़े, शांति लाल बांधे , भारद्वाज जी, डॉक्टर विजय कुरे जी, डॉक्टर सोहित कुमार रात्रे, पी आर पाटले, देवदास सोनवानी, जयप्रकाश सोनवानी, सनत सोनवानी बाबूलाल मारकंडे, भारती दया सोनवानी, धनी मारकंडे, राजेन्द्र बंजारे, टापू सोनवानी, बद्री मारकंडे, राजू सोनवानी, आदि उपस्थित थे ।

# बाबा के सात वचन सतनाम के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित है:शंकर पिपरे

## बाबा गुरुघासी दास की जंयती पर क्षेत्रवासियों को दी बधाई



**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**18 दिसंबर (देशबन्धु)। अनु सूचित जाति विभाग के प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे सतनाम पंथ के प्रवर्तक एवं महान संत गुरूघासी दास जी की जंयती पर क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उनकी जंयती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे स्मरण करते हुए कहा की गुरू घासीदास के सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप प्रतिष्ठित है, बाबा गुरू घासीदास द्वारा दिये गये उपदेश से समाज के असहाय लोगों का आत्माविश्वास व्यक्तित्व की पहचान और अन्याय से जूझने की शक्ति दी है। शंकर पिपरे ने आगे कहा की समाज के लोगों को बाबा ने सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी साथ ही सिर्फ सत्य की आराधना करने की प्रेरणा दी। बल्कि अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता के उत्थान के लिए किया है। बासा जी ने अपने संपूर्ण जीवन काल में सामाजिक समरसत्ता बनाने और विषमता को दूर करने का काम किया है। उन्होने प्रदेश ही नही पुरे देश में सतनाम पंथ की स्थापना की है। उन्होने समाज के लोगों से आह्वान करते हुए कहा की हमें बाबा गुरू घासी दास जी के पद चिन्हों में चल कर समाज प्रदेश सहित देश के विकास में सार्थक भूमिका के साथ योगदान देने की कोशिश करने की आवश्यकता है, तभी हमारा समाज प्रदेश व देश उन्नति करेगा। उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सब उनके बताये रास्ते पर चल कर कर समृद्धि समाज प्रदेश व देश का निर्माण करेंगे।

# जिपं सभापति विप्लव ने किया आंगनबाड़ी, स्कूलों का निरीक्षण

**खैरागढ़,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत राजनांदगांव के सभापति सहकारिता विप्लव साहू ने स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया श्री साहू ने स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में पदस्थ स्टाफ का हाल जाना श्री साहू ने छात्रों को पढ़ाया, बातचीत की और बच्चों के साथ स्कूल में जमीन पर बैठकर मध्यान्ह भोजन भी किया इस दौरान प्राथमिक शाला टेकापार, प्राथमिक शाला कलकसा, प्राथमिक शाला गातापार व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया बच्चों को पढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने भविष्य के लिए सबसे अधिक हम स्वयं जिम्मेदार होते हैं लेकिन ज्यादातर लोग समाज और दुनिया को दोष देते हुए अपना जीवन निकाल देते हैं मनोरंजन से आज तक किसी का जीवन सुदृढ़ नही बना है, जबकि ज्यादातर समय हम मनोरंजन में खपा देते हैं हर दिन को बेहतर व्यक्तित्व और भविष्य निर्माण में लगाते हुए आदमी को अपनी समस्याओं का निवारण स्वयं करना चाहिए



बच्चों के साथ स्कूल में बैठकर किया भोजन

सभापति ने छात्रों से वार्तालाप कर पढ़ाई व्यवस्था, पेयजल भोजन व्यवस्था को भी परखा उन्होंने अच्छी व्यवस्था पर सम्बंधित स्कूल आंगनबाड़ी स्टॉफ की प्रशंसा की और जहां पर कमी महसूस हुई वहां पर प्रबंधन को दुरुस्त करने का निर्देश दिया ।सुपुर्द कर दिया खैरागढ़ पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल पाएगा।

# तालाब में मछली मारने के दौरान 36 वर्षीय युवक की हुई मौत

## उदित की मौत से धरमपुरा में छाया मातम



**खैरागढ़,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 11 धरमपुरा निवासी उदित पिता स्व. जगेशर ढीमर उम्र 36 वर्ष निवासी धरमपुरा खैरागढ़ का रहने वाला है.17 दिसंबर को ब्लॉक के ग्राम कट्ठा नवागांव के छोटा तालाब में उदित अपने कुछ साथियों के साथ मछली मारने के लिए गया हुआ था. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यहां घटना 17 दिसंबर की शाम 4 बजे के आसपास बताई जा रही है. उदित मछली मारने का काम किया करता था. उदित मछली मारने के दौरान आचनक पानी में डूब गया साथियों ने उदित को तालाब से बाहर निकाला और आनन फानन में खैरागढ़ के शासकीय अस्पताल में लेकर आए हुए थे चिकित्सकों ने जांच के उपरांत बताया कि उदित की मौत हो गई है. मृतक उदित के शव को रात भर अस्पताल में रखा गया था. दूसरे दिन सुबह 18 दिसंबर को परिजनो की उपस्थिति में चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को

सुपुर्द कर दिया खैरागढ़ पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल पाएगा।

# ग्राम धनोरा में हनुमान मंदिर से चांदी का नयन हुआ चोरी



**गुरुर,** 18 दिसम्बर (देशबंधु)। नेशनल हाईवे 930 से लगे ग्राम धनोरा में हनुमान मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। यहां अज्ञात चोरों ने हनुमान की मूर्ति में आँख मे लगाए हुए चांदी का नयन की चोरी किया है।

यह घटना बीती रात्रि की बताई जा रही है। इस घटना के बारे में आज सुबह ग्रामीणों को जानकारी हुई। इसके अलावा यहां मुख्य मार्ग से लगे हुए अन्य दो दुकानों में भी चोरी का प्रयास किया है। इन दो दुकानों में इसके पहले भी दो से तीन बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है। दोनों दुकान के सामने 14 वीं बटालियन कार्यालय संचालित है, इसके अलावा प्रतिदिन यहां गुरुर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है, इसके बाद भी इस तरह चोरी होना समझ से परे है।

वहीं इसके पूर्व भी क्षेत्र के कुछ दुकान एवं घरों में भी चोरी हुआ था जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है, ऐसे में क्षेत्रवासियों ने चोरी जैसी घटना पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन से मांग की है। इधर गुरुर विकासखंड के गांव-गांव में अन्य क्षेत्र से लोग साल, कंबल, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कुर्सी जैसे अन्य सामानों की बिक्री के लिए गांव-गांव पहुंच रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों से ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक

**बेमेतरा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। 18 दिसम्बर दिन सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ग्राम बैजलपुर में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती जी की स्तुति कर हुई। विधायक जी ने अपने उध्बोधन में कहा कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास में नित नये आयाम बना रहा है। बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेश्क्स दिये जा रहे। गरीबों को पक्का आवास के लिए प्रधानमंत्री आवास के तहत गरीब परिवारों का पक्का मकान बनाने का सपना पुरा किया जा रहा। युवा बेरोजगारों को मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर स्वरोजगार की ओर बढ़ रहे है और नौकरी देने वाले बन रहे है। कार्यक्रम में अवधेश चंदेल, हर्षवर्धन तिवारी, विजय सिन्हा, विकास तंबोली, रोशन दत्ता, मोंटी साहू, केशव साहू, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# गुरू घासीदास जंयती में शामिल हुए विधायक



**बेमेतरा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास जंयती पर्व पर आज विधायक श्री दीपेश साहू जी क्षेत्र के जहाजपुर मार्ग में स्थित सतनाम चौक कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम कि में गुरू घासीदास बाबा की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। जिसके पश्चात् समाज द्वारा गुरू घासीदास जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम में हर्षवर्धन तिवारी, विजय सिन्हा, विकास तंबोली, रोशन दत्ता, मोंटी साहू, केशव साहू, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# किराना दुकान में आग लगने से लाखो का समान जलकर हुआ खाक



**गुरुर,** 18 दिसम्बर (देशबंधु)। बालोद जिले के ग्राम खुंदनी में बीती रात्रि में एक किराना दुकान में आग लग गई। इस घटना में किराना दुकान में रखे हुए लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

दुकान में आखिर आग कैसे लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। कुछ लोग इसे शरारती तत्वों की हरकत समझ रहे हैं, तो कुछ लोग इसे शॉर्ट सर्किट की वजह भी मान रहे हैं। यह घटना बीती रात में लगभग 10:30 बजे की बताई जा रही है घटना के समय दुकान की खिड़की से उठ रही आग की लपटो को देखकर पड़ोस में रहने वाले एक ग्रामीण ने दुकानदार तरुण कुमार साहू को सूचना दी। इसके बाद अन्य ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक समान पूरी तरह से जलकर राख हो गया था।

दुकान में आग लगने से दुकान में रखे हुए सामानों के अलावा फ्रिज व मीटर पूरी तरह से चलकर राख हो गया है। साथ ही मकान को भी क्षति पहुंचा है। घटना की सूचना पर आज क्षेत्र के पटवारी एवं गुरुर पुलिस भी घटना स्थल पर जांच के लिए पहुंचे थे। दुकान में आग लगने पर पीड़ित दुकानदार तरुण कुमार साहू को लाखों का नुकसान हुआ है ऐसे में उन्होंने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# दुनिया को सामाजिक समरसता का संदेश दिया बाबा गुरु घासीदास ने: आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहुनवागांव में गुरु बालक दास स्मृति स्थल सतनाम धाम एवं नगर के वार्ड 07 में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

सर्वप्रथम गुरू गद्दी एवं जैतखाम में पूजा-अर्चना बाबा गुरू घासीदास की जयकारा लगाते हुए क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने 'मनखे-मनखे एक समान' के अपने प्रेरक संदेश के जरिए लोगों में स्वाभिमान जगाया,गुरू बाबा घासीदास ने देश और दुनिया को मानवता का संदेश दिया, बाबा गुरू घासीदास ने तत्कालीन समय में सहज-सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में पंथी गीतों के जरिए अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाया, गुरू बाबा के उपदेशों में समतामूलक समाज निर्माण की परिकल्पना की गई है, जिसे साकार करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा,बाबा गुरूघासीदास जी ने कुरीतियों को दूर किया तथा सत्य से लोगों का साक्षात्कार कराया,शांति का संदेश देकर समाज में जात-पात का भेदभाव मिटाया उन्होंने सत्य का अलख जगाने लगातार यात्राएं की लोगों को नशामुक्ति का पाठ पढ़ाया बाबा गुरू घासीदास जी ने सत्य का प्रतीक जैतखाम को बताया सतनाम पंथ का श्वेत ध्वज शांति का प्रतीक है,बाबा गुरूघासीदास जी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है दया करूणा, सत्य मार्ग पर चलने, नारी सम्मान एवं पशुओं से प्रेम करने कहा सतनाम के रास्ते पर चलने से जीवन में कामयाबी मिलती है, इस अवसर पर शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, टी आर जनार्दन,लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत



बेमेतरा, ललीत विश्वकर्मा महामंत्री, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष 5जनपद पंचायत बेमेतरा,राजालाल बंजारे अध्यक्ष जिला प्रगतीशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, देवीचंद डेहरे,मनोज शर्मा सभापति, रश्मी मिश्रा सभापति, आशीष ठाकुर सभापति,जनता साहू एल्डरमैन, चंदू शीतलानी एल्डरमैन, प्रशांत तिवारी एल्डरमैन, अजय सेन, विक्की मिश्रा, सौरभ राघव,कोमल मानदेव,चंद्रिका घृतलहरे, राजकुमार बंजारे,रामजी कोशले, संदीप खरे, राजेश नौवरंगे रामप्रदास बघेल,तुकाराम खांडे, रामनारायण, मैनादेवी मांडले,सहित बड़ी संख्या में सामाजिक । पदाधिकारीगण,सदस्यगण रहे उपस्थित।

वही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत कुसमी,ग्राम पंचायत बांसा एव नगर बेरला में आयोजित परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का विषय है परम् पूज्य गुरू बाबा घासीदास जयंती समारोह का भव्य कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है,बाबा गुरु घासीदास का "मनखे-मनखे एक समान" का संदेश हम सबका आदर्श है कुछ ही शब्दों में गुरु घासीदास जी ने इतना अद्भुत संदेश दुनिया को दिया है, इससे यह भी पता चलता है कि हमारी छत्तीसगढ़ी भाषा में हृदय के उद्गारों को व्यक्त करने की कितनी अद्भुत क्षमता है,गुरू घासीदास जी ने एक ऐसे समाज की कल्पना की, जहाँ सभी लोग बराबर है,इसमें आदर्श समाज की परिकल्पना है,उनकी संकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में हम सब बहुत सद्भाव से रहते हैं,सद्भाव हमारी संस्कृति का मूल है इस अवसर पर लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, राजेश दुबे सभापति, रवि परगनिया सरपंच तारालीम,मोहन हिरवानी, पी आर सिन्हा, किशन साहू,सुनील जैन,गोपाल हिरवानी, नेहा सुराना, विजय जैन, नारायण डगरे, रोशन वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, हेमत चंदेल अध्यक्ष ब्लाक सतनामी समाज बेरला,यशंवत साहू,संतोष साहू सरपंच कुसमी, पी आर सिन्हा,हरसेवक सिन्हा, सविता हीरावानी,नरोत्तम देशलहरे,राकेश वर्मा,राजकुमार बंजारे,अविनाश साहू,रमाकांत साहू,धनुष बारले, प्रकाश घृतलहरे,मनमोहन दास,सुशील सोनवानी, प्रमोद गौसेवक, राकेश सोनी,जितेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी, ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# कांग्रेस की सत्ता पलटते ही,रसुखदार ठेकेदार केएलए की बढ़ती मुसीबतें !





■ दीपांकर खोबरागड़े

**राजनांदगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे ताकतवर ठेकेदारों मे अपनी उपस्थिति पिछले पांच वर्षो की फेहरिस्त मे बना कर रखने वाले ठेकेदार की मुसीबतें कांग्रेस की सत्ता पलटते ही बढ़ने लगी है। कांग्रेस की सरकार में चौंहू और सड़कों का जाल बिछाने की जिम्मेदारी लेने वाले और सरकारी विभागों में पहचान इस कदर की दूसरे ठेकेदार यह महसूस करने विवश थे की हम जहां खड़े होते है लाइन वही से शुरू होती है और इस डायलाग के अनुरूप रसूखदार ठेकेदार का जलवा भी वैसे ही था। बात कर रहे हैं कवर्धा के सबसे ताकतवर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले ठेकेदार कन्हैया अग्रवाल की जिनकी फर्मों को इतना काम दिया गया की, चारों तरफ सड़को के कामों मे इन्ही ठेकेदारों और उनके पेटी ठेकेदारों के एसोसिएट्स की बाढ़ सी आ गई ! वही निर्माण कार्यों में इस कदर लापरवाही की सड़कों की तकनीकी खामियों को उजागर करने अधिकारियों के हाथ पैर कांपने लगा गए थे, यहां तक खनिज संसाधनों का दोहन भी बेदर्दी से किया गया मोहला मानपुर नए जिले के निर्माण कार्यों की सड़कों की बात करें या भानप्रतापपुर कच्चे सड़क की बात करें या कबीरधाम पंडरिया राष्ट्रीय राजमार्ग सड़को की चारों तरफ सिर्फ एक ही ठेकेदार के नाम की तूती बोलती रही है। सरकार बदलते ही ठेकेदार की मुसीबत बढ़ने लगी है पंडरिया की नवनिर्वाचित विधायक भावना बोहरा ने तो क्षेत्र का प्रतिनिधित्व संभालते ही सबसे पहले पौंडी, पांडातराई पंडरिया एनएच 130ए सड़क के गुणवत्ता पर सवाल उठाया है और स्थरहीन होने के वजह से जांच कर आवश्यक कार्यवाही को लेकर बकायदा जिला कलेक्टर कबीरधाम ने मुख्य अभियंता को पत्र प्रेषित कर गुणवत्ताहीन सड़को पर बड़ी कार्यवाही चाही है दूसरी ओर भानप्रतापपुर मे भी चल रहे ठेकेदार के लापरवाहीपूर्वक कार्यों से आक्रोशित स्थानीय नेताओं ने ठेकेदार का पुतला जलाने का अल्टिमेटम भी जारी करने की खबर है। वही कन्हैया अग्रवाल के कामों को देखा जाए तो अनेकों गड़बड़ियां सामने आएगी आदमाबाद घोटिया डौंडी बालोद के कार्यों की समय सीमा खत्म भी हो गई है बावजूद लापरवाही का आलम जारी है ऐसे मे ठेकेदार कन्हैया अग्रवाल के किए गए कामों की गुणवत्ता जांच करने और स्वीकृत कार्य आदेश के नियमों की उड़ाते धज्जियां की सूक्ष्म जांच भी अति आवश्यक है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस ठेकेदार की इशारे मात्र से सारा सिस्टम नाचता थिरकता था, वही पिछले सत्ता का प्रभाव हटते ही मुसीबतों की फेहरिस्त लंबी होते दिख रही है । अब देखना है कि पिछली सरकार में अपनी दमदारी दिखाने वाले ठेकेदार की मुसीबतें बढ़ती है या मुसीबत का इलाज ठेकदार ढूंढने मे कामयाब होता है यह तो वक्त ही बताएगा क्योंकि ज्यादातर ठेकेदार कहीं ना कहीं सत्ता बदलते ही अपना रूप बदलने में देरी नहीं करते और हर मर्ज की दवा घटा बढ़ा कर देने में उस्ताद होते है।

■ पंडरिया विधायिका भावना की शिकायत पर करोड़ों के सड़क निर्माण कार्यों की होगी जांच

# पुलिस ने चलाया कबाडियों के खिलाफ विशेष तलाशी अभियान

**डोंगरगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। पुलिस ने आज डोंगरगांव थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कबाडियों के यहां विशेष तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने चोरी संबंधी मामलों में आरोपियों की तलाश के साथ नये पुराने वाहनों की खरीदी बिक्री संबंधी रिकार्ड को खंगाला और कबाडियों को ऐसे किसी कृत्य से दूर रहने सख्त चेतावनी दी।

थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस ने आज नगर के तीन चार प्रमुख कबाड़ी दुकानों व ग्राम कोकपुर, खुज्जी सहित कुछ अन्य ग्रामों के कबाड़ी सामानों की खरीदी बिक्री करने वाले दुकानदारों के यहां सघन जांच और तलाशी अभियान चलाया। दल बल के साथ पहुंचे पुलिस की टीम ने सभी जगहों पर कबाड़ी सामानों को उलट पलट कर देखा तथा संदिग्ध मिले सामानों के संबंध में दुकान मालिक से पूछताछ की।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी से मिले निर्देश के बाद पुलिस ने इस तरह का अभियान पहली बार चलाया है। बताया जाता है कि इन दिनों पुलिस को उच्च स्तर पर यह शिकायत मिली थी कि बड़ी संख्या में चोरी के सामानों को कबाडियों के माध्यम से खपाया जा रहा है। इसमें अनेक जगहों से चोरी गई दुपहिया आदि वाहन प्रमुख रूप से है, जिसे कई टुकड़ों में काटकर खपाया जाता है। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने चोरी के कुछ आरोपियों की पता तलाशी भी की, जिसका शीघ्र ही परिणाम निकलने की पूरी संभावना है।

जांच के दौरान थाना प्रभारी श्री शाह ने कबाडियों को कोई भी सामान बिना रसीद, जानकारी के नहीं खरीदने तथा किसी भी प्रकार से संदेह होने पर संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने की हिदायत दी है। पुलिस द्वारा आज छेड़े गये इस अभियान से अंचल में कबाड़ी का कारोबार करने वालों में हडकंप की स्थिति देखी गई।

■ नगर सहित थाना क्षेत्र के अनेक स्थानों में दी दबिश



# कारुटोला में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खो-खो कबड्डी में मासुलकसा चैंपियन



**डोंगरगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। छुरिया ब्लाक के गोंडलवाही संकुल केन्द्र का संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कारुटोला बंजारी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ के मुख्यअतिथि दिनेश गुप्ता भवरमरा अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति कारुटोला ने अध्यक्ष की तथा विशेष अतिथि हिरौंदी बाई नेताम, वनपरिक्षेत्र अधिकारी जीएल चंद्राकर उपस्थित थे। संकुल समन्वयक लेखराम पिस्दा ने बताया कि बालक वर्ग खो-खो एवं कबड्डी स्पर्धा में मासुलकसा मिडिल स्कूल के चौंपियन रहा। प्राथमिक वर्ग में साल्हेटोला के बच्चों ने कबड्डी एवं खो-खो में विजेता रही। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मासुलकसा स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति शानदार रही। संकुल केन्द्र में गोली चम्मच, रस्साकसी, 100 मीटर दौड़ ,कुर्सी दौड़ सहित अनेक खेल प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्रधान पाण्डे नारायण लाल खरे, महेन्द्र साहू,कमलेश साहू,प्राचार्य एस के पिस्दा ,निर्णायक एसके आर्य,ललितेश कुंभकार, मोरध्वज यादव एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों की उपस्थिति रही।

# चारागाह भूमि का आवंटन, किसके के दबाव में था जिला प्रशासन

■ अब भाजपा की सत्ता आने पर कन्हारपुरी में शांति भंग होने की संभावना बताकर भूमि का आवंटन निरस्त करना पड़ा कलेक्टर को

**राजनंदगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम के कन्हारपुरी वार्ड में पुराने जमाने में वहां के निवासियों ने करीब 40 एकड़ खेती की जमीन चारागाह के रूप में अपने मवेशियों के लिए छोड़ी थी उनकी दूरगामी सोच थी कि समय परिवर्तन के साथ आने वाली पीढ़ी को पशुपालन और खेती में चारागाह की समस्या का सामना न करना पड़े लेकिन यहां तो प्रशासन उसजमीन के टुकड़े करके उन्हें किसी नकिसी उद्देश्य से भवन आदि के लिए आवंटित करने का प्रयास कर चुकी है जिसका ग्रामीण विरोध करते रहे हैं हाल ही में कन्हारपुरी के चारागाह की जमीन को वात्सल्य सदन के लिए आवंटित कर दिया गया था जिसके बाद ग्रामीणों ने विरोध करते हुए नाराजगी जाहिर की थी खबरों की मानें तो कन्हारपुरी वार्ड भाजपा समर्थक बाहुल्य है और राज्य तथा नगर निगम में कांग्रेस के सत्तासीन रहते कुछ नेताओं का दबाव जिला प्रशासन पर था और दबाव में आकर कन्हारपुरी स्थित उक्त जमीन वात्सल्य सदन के निर्माण हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को शर्तों के तहत आवंटित कर दी गई थी जमीन का अभिलेख दुरुस्तीकरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भेजा गया था अब छत्तीसगढ़ में सत्ता पलट होकर भाजपा की सरकार बनने पर कलेक्टर को राजस्व आदेश अनुवृत्तिपत्र जारी करके उक्त जमीन का आवंटन निरस्त करना पड़ा है



**ग्रामीणों ने डॉ रमन सिंह से भी लगाई थी गुहार, अब दे रहे धन्यवाद**

कन्हारपुरी वार्ड के ग्रामीणों ने विधानसभा आम चुनाव के पहले चंगा की जमीन को लेकर सारी कथा बताते हुए आवंटन निरस्त करवाने के लिए गुहार की थी जिसे क्षेत्रीय निवर्तमान विधायक रहते पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर सिंह ने ध्यानपूर्वक सुना था अब कन्हारपुरी के निवासी कलेक्टर के द्वारा भूमि आवंटन निरस्त की किए जाने के आदेश पर अपनी जीत मान रहे हैं और इसके लिए वर्तमान क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आभार व्यक्त कर रहे हैं

**कलेक्टर का राजस्व आदेश इस प्रकार**

बीते 16 दिसंबर को कलेक्टर राजनांदगांव ने राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र जारी किया है जिसमें लिखा है प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव से प्राप्त उनके प्रतिवेदन दिनांक 15 .12. 2023 का अवलोकन किया तदनुसार इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 19. 06. 2023 के माध्यम से ग्राम कन्हारपुरी पटवारी हल्का नंबर 43 स्थित शामिलात चारागाह मदकी शासकीय भूमि खसरा नंबर 196 रकबा 11.0030 हेक्टेयर में से 7.00 एकड़/2.853 हेक्टेयर भूमि को वात्सल्य सदन( बालिका संप्रेक्षण गृह बालिका विशेष गृह बालिका गृह बालक कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड) के भवन निर्माण एवं खेल मैदान निर्माण तथा वाटिका निर्माण हेतु आवेदक जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव को शर्तों के तहत आवंटित किया गया था अभिलेख दुरुस्तीकरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव को भेजा गया था उक्त संबंध में प्रतिवेदित किया गया है कि विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ करने के दौरान ग्राम कन्हारपुरी के स्थानीय निवासियों द्वारा कार्य का विरोध किया गया ग्राम वासियों द्वारा मांग की गई कि उक्त स्थल चारागाह हेतु आरक्षित है जिसमें गांव के पशु चरने जाते हैं पूर्व में कन्हारपुरी के निवासियों द्वारा आपसी सहमति से उक्त भूमि सामुदायिक चारागाह हेतु रखा गया था अतः उगता स्वीकृत कार्य को लेकर ग्राम वीडियो में आक्रोश है और कार्य कराए जाने पर शांति भंग होने की संभावना बन सकती है अतः उक्त कारण से आवेदक को आवंटित भूमिका आवंटन निरस्त किए जाने प्रतिवेदित किया गया है उपरोक्त अनुसार तहसीलदार/ अनविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए ग्राम वासियों की आपत्ति के आधार पर इस न्यायालय द्वारा 19 जून 2023 को आवंटित भूमि का आवंटन आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

# राज्य स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होंगें उप मुख्यमंत्री अरूण साव

**राजनांदगांव //डोंगरगांव**, 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ द्वारा आगामी 24 दिसंबर रविवार को साहू सदन राजनांदगांव में भव्य छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाना है, जिसकी तैयारी को लेकर साहू समाज के मंडल-तहसील एवं नगर साहू संघ एवं जिला साहू संघ के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जूटे हुए हैं। जिला साहू संघ के भागवत साहू के अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री अरुण साव , रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू से सौजन्य भेंटकर राज्य स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन में गरिमामय उपस्थित के लिए आमंत्रित किया गया है समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव तथा ग्रामीण विधायक श्री साहू ने कार्यक्रम में आने का वचन दिया।

,इस सम्मेलन में अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की भी पूर्व में स्वीकृति प्राप्त हो गई है।आमंत्रित करने प्रतिनिधि मंडल में नीरेंद्र साहू संरक्षक जिला साहू संघ, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ, नरेंद्र साहू,देवलाल साहू, तुलदास साहू,नीलकंठ साहू, जगमोहन साहू, समीर साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति करेगा भव्य आयोजन

**राजनांदगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। शहर में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह जो 22 जनवरी 2024 को अयोध्याजी में राममंदिर के रूप में पूरी दुनिया को मिलने जा रहा है के प्रति पूरे शहर में काफी उत्साह का माहौल है इन दोनों राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों को 21 बस्ती में बांटकर संपर्क अभियान लगातार चलाया जा रहा है समस्त बस्ती के उपस्थित सनातनियों से 22 जनवरी 2024 को श्री रामजी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य रूप से मनाने समिति के विचारों को बस्ती प्रमुखों के संग रखा । समिति ने उपस्थित सभी सनातनियों को बताया की अयोध्याजी से श्रीराम के चरण कदमों से मंत्रोचारित् अक्षत राजनांदगांव शहर में आ चुके हैं इन अक्षतों को महावीर चौक हनुमान मंदिर में विधि विधान के साथ मंत्रो उचारन कर रखे दिये गए हैं 21 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे से इन मंत्रोचारिताक्षतों को 108 कलश में रखकर महावीर चौक हनुमान मंदिर से एक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी यात्रा की समाप्ति पर इन पूज्य कलशों को खंड - मंडल एवं बस्तियां में भेजे जाएंगे इस कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं पीला लाल वस्त्र धारण कर रामजी की आराधना करते हुए अपने सिर पर रखकर यात्रा संपन्न करेंगी यात्रा की समाप्ति गुरुद्वारा में कलशों को स्थापित करके वहीं से वितरण कार्य किया जाएगा भव्य कलश शोभायात्रा महावीर चौक हनुमान मंदिर से निकलकर जय स्तंभ चौक -जुनीहटरी -गुडाखू लाइन आजाद चौक- मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुद्वारा में समाप्त होगी वार्डों के समस्त सनातनियों से अनुरोध किया गया है कि वह बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मंत्रोचारित अक्षतों से भरे कलशों को लेकर लाकर पूरे विधि विधान से भजन कीर्तन करते हुए स्थापित करेंगे तत्पश्चात इसमें और अक्षत मिलाकर विधि विधान से अयोध्या से आए इन पवित्र अक्षतों के साथ भगवान श्री रामजी के चित्र एवं अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र के साथ समस्त सनातनियों को घर-घर जाकर 27 फरवरी 2024 के पश्चात अयोध्या में बने भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर का दर्शन करने आमंत्रित करना है समिति के सदस्यों ने बस्ती के समस्त सनातनियों से अनुरोध किया है कि 22 जनवरी 2024 को मंदिर में पूजा पाठ कर सुबह 9:00 बजे से इकट्ठे हो जाना है एवं 11:00 से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित 5 वर्षीय श्री रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखना है 22 जनवरी 2024 को ही समस्त सनातनी अपने घरों में प्रकाश करें लाइटिंग करें कम से कम 11 दिए जलाएं एवं अपने घर के आगे रंगोली बनाकर फिर से एक बार दिवाली दिवाली मनायें ।500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सनातनियों को मिल रहे भगवान रामलला के इस भव्य मंदिर की खुशियों को पटाखे फोड़ आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई देते हुए शानदार रूप से मनायें अगले एक माह तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाने श्री राम मंदिर प्राण परीक्षा के निमित्त राजनांदगांव शहर में बैठक किए जा रहे हैं वर्धमान नगर बस्ती में बैठक लेने पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाह पुष्कर बक्शी यह बस्ती में संरचना कार्यों के लिए जानकारी दिया गया 22 जनवरी को अयोध्या सुबह 11:00 से 1:00 बजे तक लाइव प्रसारण भारत के हर क्षेत्र में हर मंदिरों में एलईडी के माध्यम से किया जाएगा तथा हम उस दिन हम एक त्यौहार दीपावली जैसा अपने घरों में अपने बस्ती और मोहल्ले को सजाना त्यौहार के रूप में मानना है इसकी तैयारी के लिए बस्ती द्वारा टीम बनाया जा रहा है। हर हिंदू को यहाँ निमंत्रण के रूप में किया जाए अक्षत चावल , एक भगवान प्रभु श्री राम जी की फोटू उसमें अयोध्या जी की अयोध्या मंदिर की पूरी जानकारी यह हर टीम हर हिंदू के घर पहुंचेगी बस्तियों को भगवा तोरण से प्रभु श्री राम जी का फैल्स झन्डे से सजाया जाएगा हर घर में रंगोली दिए जलाए जाएंगे कथा हर घर परिवार में पटाखों से उत्सव मनाया जाएगा बैठक में निर्णय लिया गया 22 जनवरी 24 दिन सोमवार को सुबह 11:00 बजे पूरी बस्ती के लोग पूनम कॉलोनी गजानन शिव मंदिर में एकत्रित होकर लाइफ का प्रसारण का आनंद लेंगे साथ ही श्री राम जी के भजन कीर्तन मंत्र का वाचन किया जाएगा और महा आरती किया जाएगा तथा संध्या शाम के समय 4:00 से 6:00 बजे सुंदरकांड का पाठ रखा गया है तथा उसे के पश्चात भंडारा का आयोजन भी किया गया पूनम कॉलोनी मंदिर जी. आर देवांगन, धीरज दिवेदी ,आदर्श सिहं ठाकुर, समीर क्षत्रिय,पंडित मोहन दुबे, अखिलेश श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, श्रीविवेक सिंह , आशीष सुरे, हेमेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती सुरेखा शर्मा श्रीमती सीमा वैष्णव श्री मति पूनम दियेवा, श्रीमती कोमल क्षत्री, श्रीमती सरोज देवांगन श्रीमती सरस्वती ठाकुर ,श्रीमती रमा वैष्णव श्री मति आशा नामदेव आदि उपस्थित थे..



# भारतीय बौद्ध महासभा जिला कमेटी का गठन

**राजनांदगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज दी बुद्धि सोसाइटी ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा-छत्तीसगढ़ राज्य, जिला राजनांदगांव कमेटी के गठन के लिए धम्मकृति बौद्ध विहार, बसंतपुर में प्रांताध्यक्ष एमडी वाल्दे, कार्याध्यक्ष सीएम वाल्दे, महासचिव एन. टेंम्भुरकर, महिला प्रमुख माला गौतम, राज्य प्रतिनिधि और चारों ब्लॉक के प्रतिनिधि एवं बौद्ध उपासक-उपासिकाओं की सर्वसम्मति से जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष तिलोत्तमा बडगे, कार्याध्यक्ष द्विवेदी प्रसाद चौधरी, उपाध्यक्ष मुकेश कांडे, दयाशरण मेश्राम, वद्या तिरपुड़े, महासचिव तरुणा मेश्राम, कोषाध्यक्ष रेनू जामगढ़े, सचिव नागेश बोरकर, संघटक दीपक कोटंगले, संरक्षक विभाग प्रमुख कन्हैया लाल खोब्रागढ़े, संस्कार विभाग प्रमुख अंजू वासनिक, चिंताराम जमुर्या, पर्यटक विभाग प्रमुख अशोक जामुलकर, महिला विभाग प्रमुख मनीषा भीमटे, मीडिया प्रभारी शुभम भोईर, मदन लाल रामटेके, कार्यकारिणी सदस्य एवन सहारे, उद्दल सहारे, जनक लाल चौधरी, वीर सिंह टेम्भुर्णे, लक्ष्मा गजभिए, अर्चना खोब्रागढ़े, सनत कुमार साखरे, भावना वाल्दे, देवनाथ खोब्रागढ़े को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।



उक्त बैठक में जिले के चारों ब्लॉकों से उपासक-उपासिकाओं की उपस्थिति रही। महेंद्र भंते जी बीएल वाल्दे, सीपी टेमरे, ओम प्रकाश डोंगरे, विनोद श्रीरंग, रश्मि लेपकर, लक्ष्मा गजभिए आदि उपासक-उपासिकाओं की उपस्थिति में भारतीय बौद्ध महासभा, जिला-राजनांदगांव की कमेटी का गठन किया गया। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष एमडी वाल्दे ने दी।

# पंचशील बौद्ध समिति शिवनगर ने किया सतनाम रैली का स्वागत

**राजनांदगांव,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। महान संत शिरोमणि घासीदास की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। समाज मे भेदभाव को खत्म कर बिना ऊंच नीच की भावना को रख कर मानव कल्याण और भाई चारा के संदेश को जन जन तक पहुंचाया गया।सतनाम पंथ के संस्थापक, महान समाज सुधारक, समानता का संदेश देने वाले महान संत बाबा गुरु घासीदास जयंती पंचशील बौद्ध विहार शिवनगर में मनाया गया। इस अवसर पर पंचशील बौद्ध समिती शिवनगर ढाबा राजनांदगांव द्वारा सतनाम रैली का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मान . मधुसूदन यादव जी,समिती के अध्यक्ष शैलेन्द्र मेश्राम, श्यामा सुखदेवे , सचिन तुरहाटे, प्रदीप रामटेके एवम बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।



उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जा वाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान में कौन-सी मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी।

## संपादकीय

### माओवाद उन्मूलन वरीयता हो

अभी छत्तीसगढ़ सरकार का कामकाज प्रारम्भ हुआ ही है कि माओवादी सक्रिय हो गये हैं। पिछले एक सप्ताह में कुछ नक्सली कार्रवाइयां हो चुकी हैं जिनमें सुरक्षा बलों के कुछ जवान शहीद हुए हैं। सरकार को इन कार्रवाइयों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिये और माओवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये अभियान चलाना चाहिये। सच कहें तो नक्सली उन्मूलन उसकी वरीयता सूची में शीर्ष पर होना चाहिये। माओवाद के चलते विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। इसके कारण केवल चुनिंदा क्षेत्रों का ही विकास बाधित नहीं होता बल्कि उसका समग्र प्रभाव पूरे प्रदेश पर पड़ता है। इसके कारण राज्य की अलग छवि बनती है। नयी सरकार संकल्प ले कि माओवाद को यथाशीघ्र समूल नष्ट करे।

अभी पिछले हफ्ते ही कांकेर में नक्सलियों ने एक बारूदी सुरंग लगाकर विस्फोट किया था। इसमें सक्ती जिले के रहने वाले कमलेश साहू शहीद हो गये जो सीमा सुरक्षा बल के जवान थे। रविवार की सुबह सुकमा के जगरगुंडा में नक्सलियों ने एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया जिसमें केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गये वहीं कांस्टेबल रामू गम्भीर रूप से घायल हुए। रेड्डी को सुकमा के सीआरपीएफ मुख्यालय में आला अफसरों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। वे आंध्रप्रदेश के करनूल के रहने वाले थे। वहीं रामू को इलाज के लिये रायपुर लाया गया है।

ऐसा नहीं कि पुलिस व सुरक्षा बल कुछ नहीं कर रहे हैं। अपनी ओर से वे पूरी जान लड़ाकर माओवादियों का कड़ा मुकाबला कर रहे हैं लेकिन नक्सलियों के घात पूरी योजना के साथ लगाये जाते हैं जबकि सुरक्षा बलों को अचानक होने वाले हमलों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ की कई राज्यों से सीमाएं लगती हैं। उनमें से कई राज्यों में भी माओवादी सक्रिय हैं। तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्य भी नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इन राज्यों में या तो माओवादी किसी कार्रवाई को अंजाम देकर आते हैं अथवा छत्तीसगढ़ में कार्रवाई कर दूसरे राज्यों में भाग जाते हैं। इन राज्यों में पुलिस व सुरक्षा बल मिलकर काम तो कर रहे हैं परन्तु भौगोलिक दृष्टि से पूरा क्षेत्र दुरूह होने के चलते यह एक कठिन मिशन है। प्रदेश के साथ सम्पूर्ण देश में यह एक पुरानी व विकट समस्या है। पहले के मुकाबले इस समस्या पर काफी काबू पा लिया गया है। हाल की घटनाओं को लेकर नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में नयी सरकार बनने से नक्सली बौखलाए हुए हैं, इसलिये वे ऐसी कार्रवाइयां कर रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी प्रचार के दौरान कहा था कि अगर राज्य में उनकी सरकार बनती है तो इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा। साय सरकार को चाहिये कि अब अपना वादा पूरा करे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने मनाया पेंशनर्स दिवस




**कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक टंकराम वर्मा**

**बलौदाबाजार,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। पूरे देश मे 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने पंचशील नगर स्थित योग भवन में बलौदाबाजार विधानसभा के विधायक टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

पेंशनरों की महती सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि ज्ञान और अनुभव से भरपूर पेंशनर रूपी गुरुजनों की इस सभा को संबोधित करते हुए मैं भाव विभोर हो रहा हूं। मैं जब हाईस्कूल में था तब विधायक बनने का स्वप्न देखा था जो आज आप सबके आशीर्वाद से पूरा हुआ है जिसके लिए मैं आप सब का ऋणी हूँ। आपने एक किसान के बेटे को विधायक बनाया है। मैं क्षेत्र की नि:स्वार्थ सेवा करूँगा। आपने पेंशनरों की जिस मुख्य समस्या धारा 49 के विलोपन की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया है उसे में जवाबदारी के साथ मुख्यमंत्री जी, वित्तमंत्री जी व वित्त सचिव के समक्ष रखूंगा व इसका हल निकाला जाएगा। जिला मुख्यालय में पेंशनर्स भवन की मांग को भी पूरा करने की बात उन्होंने कही। अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल ने भी अपने उद्बोधन में पूर्ण सहयोग करने की बात कही।

तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार ने मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया तथा प्रांतीय महामंत्री डी पी जैन ने अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। डी पी जैन ने पेंशनरों की विविध समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो एस एम पाध्ये ने धारा 49 की विस्तृत व्याख्या करते हुए इससे उत्पन्न समस्या बताई। एस डी पड़वार ने अतिथियों को ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच संचालन एस एम पाध्ये के किया तथा एस डी पड़वार ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों सहित डॉ प्रमोद >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## एक पाती गुरुवर के नाम इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन



संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत देश के विभिन्न स्थानों से सैकड़ो प्रतिभागी में नवापारा-राजिम की टहनी पहाड़िया को मिला तृतीय स्थान

**नवापारा-राजिम,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। श्री दिगंबर जैन सभा नेहरू नगर भिलाई के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने गुरु के प्रति समर्पण, आस्था को दर्शाते हुए अपने पत्रों के माध्यम से गुरुदेव के चरणों में अपनी भावनाओं को प्रस्तुत किया और अपने मन की बात उन तक पहुंचाना चाहते हैं इन पत्रों को संजोकर व सजाकर इन पत्रों को भेजा गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र व अन्य कुछ स्थानों से पत्र प्राप्त हुए।

कार्यक्रम के संयोजक जैन युवा संघ के क्षितिज जैन, अनेकांत जैन व सचिन जैन ने बताया कि सभी प्राप्त पत्र अत्यंत ही मार्मिक व भावनाओं से भरपूर है। जिनमें प्रथम पुरस्कार श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन जबलपुर, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती नेहा जैन बेंगलुरु व तृतीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ अंचल की श्रीमती मीता जैन भिलाई व सबसे छोटी प्रतिभागी कु. टहनी जैन पहाड़िया नवापारा-राजिम को प्राप्त हुआ।

अंचल के लिए यह गौरव का विषय है की कु. टहनी, सौरभ पहाड़िया की पुत्री है। टहनी ने अपने पत्र में गुरु जी को आभार प्रकट करते हुए यह कहा कि उन्होंने अपना पूरा मन एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए बना लिया था परंतु गुरुदेव के आशीर्वाद अनुसार उन्होंने साधुओं की सेवा व जन सामान्य की आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा करने का सपना सँजोकर पूर्णायु जबलपुर में डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेहरू नगर भिलाई में विराजमान आर्यिका श्री सौभाग्यमती माताजी ससंघ के सानिध्य में इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए व माताजी ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष डॉ आर के दोषी, सचिव जितेंद्र जैन, वरिष्ठ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## करमदा और रवान में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज

**बलौदाबाजार,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करमदा और रवान में किया जाएगा। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान करमदा में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1बजे तक तथा शासकीय हाई स्कूल मैदान रवान में दोपहर 2 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। शिविर में योजनाओं से वंचित लोगों का पंजीयन व योजनाओं के तहत पत्र हितग्राहियों को सामग्री वितरित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमदा शिविर में ग्राम पंचायत करमदा, गैतरा व धंवाई के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के लिए डे नोडल अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एमएल मंडावी तथा शिविर प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जोशी बनाये गए हैं। रवान शिविर में ग्राम पंचायत रवान, पौंसरी एवं भद्रापाली के ग्रामीण शामिल होंगे।

## अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में शामिल होने जिले के युवा हुए रवाना



**जिला प्रशासन द्वारा की गई नि:शुल्क बस की व्यवस्था**

**धमतरी,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी की विशेष पहल पर अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में शामिल होने जिले के युवा आज सबेरे जिला जांजगीर चांपा के लिए रवाना हुए। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने जिले के युवाओ के लिए निरू शुल्क बस व्यवस्था की थी, जिसे अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम ने कलेक्टरेट कार्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

गौरतलब है कि जांजगीर मे आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में 18 दिसंबर को धमतरी जिले के युवाओ की शारीरिक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## नई सरकार बनते ही अवैध कारोबार में लगा विराम

**रावन/बलौदाबाजार,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नई सरकार छत्तीसगढ प्रदेश में मुख्यमंत्री के पदमार संभालते ही रावन क्षेत्र के कालोनियों में अवैध संचालित व्यवसायियों द्वारा अपना ब्यवसाय-दुकान बंद कर लिया। ग्राम रावन में पूर्व सरकार के कार्यकाल में अवैध शराब बिक्री व चखना दुकानो का भरमार हो गया था। रावन में ही अल्ट्राटेक सीमेंट के ट्रक की यार्ड के समीप एक ढाबा में प्रात: 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक शराबियों लोगों का कतार लगा रहता था इसके अलावा गांव में 3-4 व्यक्तियों के द्वारा गली चौराहो पर घूम-घूम कर बिक्री किया जा रहा था। इन सब के अलावा पंचायत सचिवालय के समीप व मुख्य मार्ग तिराहे पर भी चखना दुकान बंद हो गया। ग्राम में कुछ आर्थिक रूप से सक्षम व्यापारी शासकीय भूखंड पर आलीशान लंबा चौड़ा मकान व काम्प्लेक्स तैयार किया जा रहा है। शासन से उम्मीद है कि वे शासकीय भूखंड के विक्रय व अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## जिले के 7 गावों में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प शिविर




**शासन की योजनाओं का लाभ उठाने ग्रामीणों में दिखा उत्साह**

**धमतरी,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज धमतरी जिले के 4 विकासखंडो मे 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने उनमें काफी उत्साह देखा गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को लाभ दिलाने के लिए स्टॉल लगाया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोंक्तिमा यादव ने धमतरी विकासखंड के ग्राम सोरम में आयोजित शिविर मे पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस अवसर पर शपथ भी ली गई। श्रीमती यादव ने कहा कि पात्र हितग्राहियो को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए अधिकारी पहल करें। इस अवसर पर प्रचार-प्रसार वैन का ग्राम सोरम पहुंचने पर समिति द्वारा स्वागत किया गया। एलईडी वैन के माध्यम से शासन की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित किया गया।

शिविर में पहुंचे आवास योजना से लाभान्वित मोहित राम निषाद, उर्वशी बाई, आयुष्मान योजना के योगेश साहू, किसान सामान निधि, उज्ज्वला योजना सहित अन्य हितग्राहियो नें अपने अनुभव साझा किये। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत 14 लोगो को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। वही 3 महिला हितग्राहियो को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदाय किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओ की गोद भराई और 6 माह के शिशुओ का अन्नप्रासन्न कराया गया। राजस्व विभाग द्वारा बी 1 और नक्शा खसरा कि कॉपी भी दी गई।

आज 7 स्थानों पर आयोजित शिविर में सैकड़ों हितग्राही पहुंचे, जिसमें से कई हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं के लाभ मिलने के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## महासमुंद लोकसभा के लिए दमखम के साथ दावेदारी करेंगे पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर



**महासमुंद,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर महासमुंद लोकसभा के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे। सोशल मिडिया और निजी तौर पर लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के लिए उनका बायोडाटा वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने अपनी परिवारिक पृष्टभूमि के अलावा राजनीतिक क्षेत्र की गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। उनके बायोडाटा मे बताया गया है कि 2023 की विधानसभा में महासमुंद एवं उत्तर रायपुर की जवाबदारी थी जिसमें भाजपा को जीत मिली। भाजयुमो किसान मोर्चा में लगातार वर्षो तक प्रदेश पदाधिकारी के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। इसके साथ ही 2001 से अब तक प्रदेश में अनेक आंदोलनात्मक गतिविधियों सक्रिय भूमिका निभाया। कांग्रेस के खिलाफ राजनीतिक आंदोलन में पुलिस लाठी चार्ज में हाथ टूटने और पैर के लिंगामेंट डैमेज हुआ था। आंदोलन में उनके खिलाफ कांग्रेस सरकार द्वारा अनेक केस दर्ज किए है। वर्ष 2003 से 2008 तक विधायक रहे और छग शासन में मुख्यमंत्री से संबंधित राज्यमंत्री एवं संसदीय सचिव रहे। 2009 से 2015 तक प्रदेश महामंत्री, किसान मोर्चा, 2020 में भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व महासमुंद जिला कोर समिति इसके अलावा नगर पालिका महासमुंद में नेता प्रतिपक्ष, 2013-18 में विधानसभा प्रत्याशी रहे। सामाजिक गतिविधियों में 1992 से गौरव गरिमा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## हाफ बिजली बिल योजना को बंद करने की बात प्रदेश वासियों के अधिकारों का हनन: विनोद



**45 लाख से अधिक परिवारों को मिल रहा हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ**

**महासमुंद,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो दिन पहले कवर्धा में रैली के दौरान मीडिया से चर्चा में कहा था कि राज्य के सभी घरेलू कनेक्शन को दी जा रही बिजली बिल हाफयोजना को नव नियुक्त भाजपा सरकार बंद करने जा रही है। उक्त बयान पर पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासन में 45 लाख से अधिक परिवारों को बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ मिल रहा था। इस योजना से प्रदेश के बड़े तबके को राहत मिली है। लेकिन, नवनियुक्त भाजपा सरकार अपनी जनता विरोधी मानसिकता को दर्शाते हुए प्रदेश वासियों के कल्याण के इस महत्वपूर्ण योजना को बंद करने की सोच रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि लोगों को मिल रही हाफबिजली बिल योजना कोई खैरात नहीं बल्कि उनका अधिकार है। बिजली उत्पादन में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रमुख योगदान है। छग में कोल उत्पादन के लिए हजारों हेक्टेयर में आच्छादित वनों की कटाई, भारी वाहनों से कोयला परिवहन से सड़कों की दुर्दशा, उत्पादन प्रक्रिया के चलते पर्यावरण को भारी आघात, वायु प्रदूषण की समस्या प्रदेश वासी झेल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## साहू समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक राजू सिन्हा का सम्मान



**महासमुंद,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय बीटीआई रोड स्थित मां कर्मा सदन में विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का साहू समाज विधानसभा क्षेत्र महासमुंद के सामाजिकजनों द्वारा एक भव्य गरिमामयी कार्यक्रम मे सैकड़ों की संख्या मे उपस्थित होकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में सामाजिक जनो द्वारा मां कर्मा के तैल्यचित्र मे दीप प्रज्वलित कर पुजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात प्रदेश साहू संघ राजनितिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू का आगमन हुआ उनके आगमन से जैसे समाज के युवाओ मे एक नई ऊर्जा का संचार हुआ श्री साहू का युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत उपरांत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीयों द्वारा सामाजिक समरसता एवं एकजुटता को लेकर बोधन दिया गया। शैलेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यहां के साहू युवा सत्ता पलटने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है यहां के युवा अपनी ऊर्जा से राजनीतिक पलटवार करने में कहीं कमी नहीं रखते इसी के चलते महासमुंद विधानसभा में राजनीतिक प्रकोष्ठ का गठन अति शीघ्र उनके द्वारा किया जाएगा।

राजनीतिक प्रकोष्ठ के गठन से समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और समाज को दशा और दिशा इससे प्रदान होगा। महिला प्रकोष्ठ की ओर से श्रीमति सुधा साहू भारती जनता पार्टी महिला मोर्चा ने अपने उदबोधन में महिला सशक्तिकरण की बात कहीए उन्होंने महिलाओं को सामाजिक राजनीतिक में पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर काम करने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि मोहन साहू ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक से समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने एवम सामाजिक समरसता को बरकरार रखते हुए क्षेत्र की उत्तर उत्तरोत्तर विकास करने की करने की बात करें साहू समाज द्वारा गजमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जोशीला स्वागत किया गया। साहू समाज विधानसभा महासमुंद से आए ग्रामीण अध्यक्षए परिक्षेत्र अध्यक्ष एवं महिला प्रकोष्ठए कर्मचारी प्रकोष्ठए चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत विधायक ने अपने उदबोधन में साहू समाज का आभार प्रदर्शन करते हुऐ हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़े रहने की बात कही। विधायक राजू सिन्हा ने अपनी जीत में अहम किरदार निभाने वाले जितेंद्र पप्पू साहू को जीत का सूत्रधार बताते हुए उनको राजनीति का चाणक्य माना। कार्यक्रम को मुन्ना साहू, मोती साहू, सती >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## इस बार माघी पुन्नी मेला या होगा प्रतिवर्ष होने वाला कल्प कुंभ संशय बरकरार



**चुनावी भाषण मे पूर्व मंत्री बृजमोहन ने कहा था तुम हमे भाजपा की सरकार दो हम तुम्हें प्रतिवर्ष भरने वाला कल्प कुंभ देंगे, जनता ने अपना वादा निभाया अब सरकार की पारी**

**राजिम,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। राजिम मेला की तिथियां नजदीक आते ही शहर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा बना हुआ है कि इस बार कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित मांघी पुन्नी मेला ही होगा की फिर से कुंभ मेला का आयोजन प्रारंभ होगा, इस बात को लेकर संसय बरकरार है। प्रतिदिन चौक, चौराहे, पान ठेला, होटल, गांव की चौपाल में यही बात सुनने को मिल रही है। बता देना जरूरी है कि सन 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना। तब प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने धर्म नगरी की महत्ता को देखते हुए राजीवलोचन महोत्सव का आयोजन प्रारंभ किया। लगातार तीन साल तक महोत्सव में प्रदेश की लोक संस्कृति को रेखांकित करते हुए धार्मिक, सांस्कृतिक एवं लोक नृत्य तथा लोकगीत से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराकर प्रदेश की लोक सांस्कृतिक विधा को आगे बढ़ाया। 2003 के आम चुनाव में भाजपा की सरकार बनी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व एवं पूर्व पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की अगुवाई में 2004 से अर्ध कुंभ पर्व की शुरुआत हुई और आयोजन के स्वरूप को विस्तार दिया गया। 2005 और 2006 में भी अर्ध कुंभ पर्व चलता रहा। साधु संत पहुंचे, पुण्य स्नान किया। स्नान कुंड बनाकर शाही स्नान भी किया। दिनों दिन बढ़ रही प्रसिद्धि को देखते हुए छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने ही प्रदेश में कुंभ पर्व का लाभ मिले ऐसा मानकर प्रतिवर्ष कुंभ मेला का आयोजन शुरू किया गया। साधु संतों का कहना था कि जहां संतों का समागम होता है वह कुंभ का रूप ले लेता है। फिर कुंभ पर्व की परंपरा चल पड़ी। लगातार कुंभ होने से देश-विदेश के लोग बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ आने लगे। इन्हें देश का पांचवा कुंभ पर्व कहा जाने लगा। 2015-16 में शंकराचार्य के कहने पर नाम परिवर्तित करते हुए कल्प कुंभ शब्द दे दिया गया और आयोजन पूरी गति से होता रहा। अब प्रदेश के लोक कलाकारों के अलावा दूसरे प्रदेश तथा माया नगरी मुंबई के गायक तथा प्रसिद्ध भजन गायको को बुलाकर शानदार प्रस्तुति होने लगी। लोग साधु संतों का दर्शन त्रिवेणी संगम में ही करने लगे। आम जनता इससे अपने ही प्रदेश में कुंभ स्नान का लाभ लेने लगे थे। सन् 2018 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन हो गया और प्रदेश में कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार बन गई। सरकार ने सबसे पहले काम यही किया कि कुंभ मेला शब्द को हटाकर फिर से मांघी पुन्नी मेला कर दिया। अब साधु संतों की संख्या कम होती गई। सीमित दायरे में साधु संत आने लगे। पिछले वर्ष तो गिनती के ही साधु संत उपस्थित हुए थे।

**चुनावी सभा में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा था फिर से राजिम कुंभ करना है तो भाजपा को लाना होगा:** परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जो प्रदेश के डिप्टी सीएम बन चुके हैं शहर के बस स्टैंड में चुनावी सभा को संबोधित किया उसके बाद पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गुरु घासीदास जयंती पर भटगांव में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर भटगांव में छत्तीसगढ़ प्रगति शील सतनामी समाज द्वारा गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा आंबेडकर चौक से पुराना हटरी ब्राम्हण पारा, शनिदेव मंदिर, होते हुए शीतला चौक, सांई मंदिर चौक गायत्री मंदिर से बस स्टेंड मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा वापस अंबेडकर चौक पहुंची। जगह जगह यात्रा का आरती पूजा नारियल भेंट किया गया। सभा के समापन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन समिति द्वारा किया गया था। शोभायात्रा में युवा वर्ग डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए घासीदास बाबा की जयकारा लगाते हुए महिलाए बुजुर्ग काफी संख्या में उपस्थित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बाघ जिंदा है एनटीसीए की रिपोर्ट में खुलासा

**गरियाबंद,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र और पड़ोसी राज्य ओडिसा के डेब्रीगढ़ सेन्चुरी में एक साल पहले ट्रैक कैमरे में कैद तस्वीर एक ही बाघ की है। एनटीसीए की रिर्पोट में इसकी पुष्टि हुई है। एनडीसीए ने नेशनल टाइगर डेटाबेस में दोनो क्षेत्रो में ट्रेक कैमरे में कैद तस्वीर के मिलान के बाद अपनी रिर्पोट जारी है। रिपोर्ट में तस्वीर में दिखे बाघ के धारियो के मैच होने के बाद उक्त दोनो स्थानो में दिखे बाघ के एक ही होने की पुष्टि की है। इसके साथ ही यह बात भी स्पष्ट हो गई है कि बिते माह छत्तीसगढ़ बार्डर में गढ़चरौली के पास जिस बाघ का खाल मिला था वह दूसरा था।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में 31 अक्टुबर को उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगे ट्रेक कैमरे में बाघ की तीन अलग अलग तस्वीर कैद हुई थी। इसके ठीक एक महिने बाद पड़ोसी राज्य ओडिषा के डेब्रीगढ़ सेन्चुरी में भी 13 दिसम्बर को ट्रैक कैमरे में बाघ की तस्वीर की कैद हुई थी। दोनो क्षेत्रो से बाघ की तस्वीर एनटीसीए ने नेषनल टाइगर डेटाबस में मिलान के लिए भेजी गई थी। जिसकी रिर्पोट एनटीसीए ने जारी की है। रिर्पोट में दोनो तस्वीरो में बाघ के धारियो से पहचान वर्ष 2018 के बाघ डेटाबेस से मैच हुई है। रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि बाघ के दाए और बाए दिशा से मिलान भी सही पाया गया है।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ और ओडिशा से भेजे गए बाघ की तस्वीर का एनडीटी के डेटाबेस में वर्ष 2018 में तेलंगाना के कागजनगर अभ्यारण्य मिले बाघ के तस्वीर के साथ मिलान किया गया जो मैच हो गई। याने तेलगांना में वर्ष 2018 में जो बाघ दिखा था वही बाघ छत्तीसगढ़ और ओडिशा में दिखा है। इसके



**एक साल पहले छग के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र और ओडिसा डेब्रीगढ़ सेन्चुरी में ट्रैक कैमरे में कैद बाघ एक ही**

बाद अब यही बाघ ओडिशा से वापस छत्तीसगढ़ डेब्रीगढ़ पहुँच गया है हालाकि इसकी रिपोर्ट नही आने के कारण अधिकारिक पुष्टि नही हुइ है लेकिन माना जा रहा है कि यह वही बाघ है।

उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेषक वरूण जैन ने बताया कि बाघ अपने कारीडोर क्षेत्र में ही विचरण कर रहा है। तेलगांना में पहली बार दिखने के बाद यही बाघ 500 किमी दूर गरियाबंद उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में इसके बाद 250 किमी दूर ओडिषा के डेब्रीगढ़ और इसके बाद इसी साल जनवरी में डेब्रीगढ़ से 150 किमी दूर छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में गोमर्डा अभ्यारण्य क्षेत्र में दिखा है। वर्तमान में इसी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। अब तक कुल 900 किमी दूर तक पहुँच चुका है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ के डीफओ यू आर गणेश ने बताया कि जिले में डोमर्डा अभ्यारण्य मे जनवरी 2023 में बाघ की तस्वीर और गतिविधिया कैद हुई थी। जिसके जानकारी एनसीसीए को भेजी गई है। अभी तक रिपोर्ट नही आई है। उन्होने बताया कि उक्त बाघ ओडिशा से ही आया है, लेकिन डेब्रीगढ़ में दिखा बाघ ही है यह कहा नही जा सकता है। रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि होगी।

**देखे कब कब दिखा बाघ**

1. 2018 - कवल बाघ अभ्यारण्य तेलंगाना - उम्र 06 महीने
2. 2022 - उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र छत्तीसगढ़ - उम्र 5 साल
3. 2022 - डेब्रीगढ़ सेन्चुरी क्षेत्र ओडिषा - उम्र 5 साल
4. 2023 - गोमर्डा अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ - उम्र 6 साल

# सतनाम संदेश शोभायात्रा में सप्त ध्वजवाहकों का सतनामी समाज ने किया स्वागत



**खरोरा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के 267वीं जयंती के पूर्व सतनामी समाज केसला खरोरा के संयुक्त तत्वाधान में सतनाम संदेश शोभा यात्रा ग्राम केसला से प्रारंभ होकर गली मोहल्ला वार्ड नगर भ्रमण करते हुए राजीव नगर सतनाम धाम में समापन हुआ इस मौके पर में तिगड्डा चौक खरोरा में सप्त ध्वजवाहको का नारियल श्रीफल भेंट कर चरण वंदन कर भव्य स्वागत किया गया। तथा शोभा यात्रा प्रमुख गणों,समाजिक कार्यकर्ताओ के अलावा वरिष्ठ नागरिकों का भी स्वागत किया गया। साथ ही समाजिक कार्यकर्ता वेदराम मनहरे, भोजराम मनहरे ,मुकेश भारद्वाज, । जिसमें भोजराम मनहरे प्रदेश सचिव , रूपेश मनहरे,खूबी डहरिया ,सुधीर बाँधे, बी. डी. गौतम, पिंकी कुर्रे,प्रेमलता मनहरे,डागेश्वर जोशी,सुमित मार्कण्डेय,संत नवरंगे नगर अध्यक्ष ,भगदास चतुर्वेदी ,जितेंद्र कोसरिया, रामकुमार कोसरिया, प्रवीणचन्द गिलहरें,सुरेंद्र कोसरिया ,हेमलाल ढीढी, पंकज जांगड़े,साखा राम कोशले, गोपी धृतलहरे, सन्तोष बर्मन, शशिभूषण गिलहरे,दीपक गिलहरे,राजकुमार नारंग,प्रेम नारायण बाँधे, कृत कुमार चेल क, सोमनाथ मनहरे, गणेश प्रसाद भारती, शत्रुहन चेलक, तारन दास सोनवानी, शत्रुहन बंजारे ,मुकेश जांगड़े लोमेन्द्र भारती आदि लोग उपस्थित थे।

# ट्रक की टक्कर से डाटा आपरेटर की मौत

**खरोरा,** 18 दिसंबर। खरोरा के मुरा ग्राम के पास शनिवार को एक अज्ञात ट्रक की टक्कर ने वेगनआर कार को चपेट में ले लिया। हादसे में वेगनआर कार में सवार साथ अमोदी निवासी व कृषि साख सहकारी संस्था अमसेना में पदस्थ कंप्यूटर आपरेटर वीरेंद्र (37) चंद्राकर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चोरभट्टी निवासी कृषि साख सहकारी संस्था कोरासी में डाटा आपरेटर में पदस्थ टीकू साहू (38) को घायल अवस्था में रायपुर रिफर किया गया। जहां टीकू साहू स्थिति ठीक बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार दोनों डाटा आपरेटर रायपुर से पास अपने गृह ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान रायपुर की ओर जा रहे अज्ञात एक ने वेगनआर सवार दोनों कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मारते हुये फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। अमोदी गांव में भी मातम छा गया। पुलिस ने मृतक वीरेंद्र चंद्राकर के शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक वीरेंद्र चंद्राकर का क्षेत्र में अच्छी पकड़ के साथ अच्छे व्यवहार के लिए जाना जाता था।

# मिलेट विकास पर कृषक प्रशिक्षण कल

**बलौदाबाजार,** 18 दिसम्बर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर, शासकीय कृषि विभाग एवं कृषि विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान मे मिलेट विकास एवं रवि फसल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसम्बर 2023 समय दोपहर 2 बजे स्थान सी एस आर सेन्टर रावन मे किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे चयनित प्रगतिशील किसानो को मिलेट (रागी) बीज का वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्य मुख्य आर्कषण मे बायोकोल उत्पादन प्रविधी एवं संबंधित उपकरण की जानकारी, ड्रीप एरिगेशन तथा उन्नत औजार की शासकीय सब्सिडी पर भी जानकारी दी जायेगी जिससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके।

# प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया



**सरायपाली,** 18 दिसंबर (देशबंधु)। नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती चतुरी नंद के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद प्रथम नगर आगमन पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस आभार रैली का स्वागत जगह-जगह किया गया ।इसी स्वागत के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ सरायपाली के द्वारा ब्लॉक कॉलोनी के सामने नवनिर्वाचित विधायक का गुलदस्ता भेंट कर जोशीला स्वागत किया गया। विधायक ने सभी को हाथ जोड़कर धन्यवाद, आभार ज्ञापित किया। स्वागत के इस अवसर पर प्रांतीय सचिव संयुक्त शिक्षक संघ रूपानंद पटेल, प्रांतीय उपाध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ नरोत्तम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष लव कुमार पटेल, ब्लॉक सचिव दुर्वादल दीप ,ब्लॉक कोषाध्यक्ष लोकेश पात्र, किशन पटेल ,चरण सिंह साहू ,दरस पटेल ,वीरेंद्र नर्मदा,निर्मल कुमार पुरोहित एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कोसीर (बड़े), भाठागांव, कंचनपुर-स और पंचधार में कार्यक्रम आज

**बिलाईगढ़,** 18 दिसंबर (देशबंधु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाय) के वाहन का 16 दिसंबर से जिले में ग्राम पोरथ और सिंघनपुर से शुरुआत किया गया है। यह यात्रा अब जिले के अन्य ग्रामों में प्रस्थान करेगा। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार यह वाहन सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के एक दिन में दो गांव में कार्यक्रम आयोजित होगा। पहले गांव में सुबह 10 बजे और दूसरे गांव में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। इसी के अनुसार 19 दिसंबर को सारंगढ़ विकासखंड के उप तहसील और ग्राम कोसीर में सुबह 10 बजे और भाठागांव में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार बरमकेला ब्लॉक के ग्राम कंचनपुर-स में सुबह 10 बजे और पंचधार में कार्यक्रम 2 बजे आयोजित किया जाएगा।




**सारंगढ़ और बरमकेला ब्लॉक में संकल्प यात्रा वाहन का रूट चार्ट**

वीबीएसवाय रूट चार्ट अनुसार बरमकेला ब्लॉक में 20 दिसंबर को बुदबुदा और लिसी में, 21 दिसंबर को कंडोला और सुखापाली में, 22 दिसंबर को बोंदा और पिहरा में आयोजित होगा। ठीक ऐसे ही सारंगढ़ ब्लॉक में 20 दिसंबर को ग्राम कुम्हारी और पाट में, 21 दिसंबर को सिलयारी और कपिस्दा-अ, 22 दिसंबर को मुड़ुवाभांठा और उच्चभिट्ठी में वीबीएसवाय का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी में योजना से लाभ की जानकारी देंगे हितग्राही**

इस यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल कर अनुभव साझा करेंगे। इस संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत, प्रधानमंत्री मोदी का रिकार्डेड संदेश प्रसारण, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा, कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट चिज, महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि रिकार्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ प्लस उपलब्धि, जल जीवन मिशन की संतृप्ति आदि की उपलब्धियों पर उत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अभिनंदन और पुरस्कार वितरित की जाएंगी।

ऑन स्पॉट सेवाएं- विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, मेरा भारत स्वयंसेवक पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन, बैंक लोन, पीएम स्वनिधि आदि का स्टॉल लगाया जाएगा।

## निधन

### विमला चांडक

**रायपुर,** 18 दिसम्बर। ग्राम बेरडी के प्रतिष्ठित नागरिक और छिंदवाड़ा जिले में प्रगतिशील किसान के रूप में ख्यात रहे स्व. श्यामसुंदर चांडक की पत्नी विमला चांडक का 81 वर्ष की उम्र में सौंसर में निधन हो गया। वे लगभग एक साल से अस्वस्थ थीं। 17 दिसम्बर को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीमती चांडक देशबन्धु पत्र समूह के निदेशक पलाश सुरजन और छत्तीसगढ़ काडर में भारतीय पुलिस सेवा के दिवंगत अधिकारी मूलचंद बजाज की सास थीं।

### जमुना बाई लोधी

**आरंग,** 18 दिसंबर। आरंग निवासी जमुना बाई लोधी (उम्र 80 वर्ष) का आकस्मिक निधन 17 दिसंबर को हो गया। वे लक्ष्मीनारायण, देवनारायण, कमलनारायण की माता एवं गजेंद्र, धर्मराज की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में परिवार ,समाज एवं नगर के लोग उपस्थित रहे।



### लतेल वर्मा

**रावन/बलौदाबाजार,** 18 दिसम्बर। ग्राम रावन के वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता लतेल वर्मा 74 वर्ष का निधन हो गया। वे नंदकिशोर, योगेंद्र, लेखराम, धनेश्वरी व मीना के पिताजी थे। उनके निधन पर मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, उपाध्यक्ष त्रिलोचन प्रसाद वर्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया है।



### त्रिवेणी बाई दुबे

**बेमेतरा,** 18 दिसंबर। त्रिवेणी बाई दुबे उम्र 88 साल का आज सुबह नवागढ़ में निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज गृह ग्राम नवागढ़ मुक्तिधाम में किया गया वे अरुण, सुरेश एवं दिनेश दत्त दुबे की माता थी।



# गुरु घासीदास जयंती में उमड़े सामाजिक जन निकले नगर भ्रमण



**राजिम,** 18 दिसंबर। आज नगर सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती 18 दिसंबर दिन सोमवार को बड़े धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर सतनामी पारा से मेला मैदान गुरु घासीदास मंदिर एवं सुंदरलाल शर्मा शिवाजी चौक श्री राम चौक होते हुए सतनामी पारा की ओर भव्य रैली बाजे गाजे के साथ निकाली गई रैली का जगह-जगह विभिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया हर्षोल्लास के साथ सामाजिक बंधु हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ अभनपुर के टीला व चंपारण से

**नवापारा-राजिम,** 18 दिसंबर। नवापारा राजिम रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टीला,चम्पारण एवं आरंग विकासखण्ड के ग्राम छटेरा व बनचरौदा से किया गया. संदेश वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की गारण्टी के रिकार्ड संदेश वाहन को प्रसारित कर चलचित्र के जरिये भारत सरकार की विविध योजनाओं को प्रदर्शित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुनील सोनी एवं विधायक इन्द्रकुमार साहू ने संकल्प शपथ मे भारत को 2047 तक आत्मनिर्भरता और विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही तथा प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों को दोहराते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया. इस अवसर पर पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज भाजपा नेता टीकम साहू, मंडल अध्यक्षनारायण यादव,जिलापंचायत सदस्य रानी पटेल,जनपद सदस्य त्रय किशोर साहू,रिंकू चन्द्राकर,धनेन्द्र चन्द्राकर चारों सरपंच श्वेता चन्द्राकर,कृष्ण कुमार साहू, रघुनंदन साहू,ध्रुव, शोभाराम एवम रिखी निषाद,दुष्यंत साहू,दिलीप यदु,लता साहू,किरण गिलहरे सहित आदि की उपस्थिति रही.




अपर कलेक्टर बीसी साहू,एसडीएम द्वय जगन्नाथ वर्मा,डा अतुल विश्वकर्मा,डीडीए आर एल कश्यप,तहसीलदार ,नायब तहसीलदार वसुमित्र दीवान सहित सभी विभागों के अधिकारी,कर्मचारियों की तैनाती रही द्य समस्त विभागों ने स्टाल लगाकर पीएम योजनाओं का प्रदर्शन किया एवं ड्रोन के माध्यम से खेतों मे यूरिया के छिड़काव का डेमोंसट्रेशन भी किया गया द्य साथ ही पीएम आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन,पीएम किसान सम्मान निधि,आयुष्मान भारत,पोषण आहार,राष्ट्रीय आजीविका मिशन,पीएम जन-धन,योजना सहित केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करके समस्त क्षेत्रवासियों लाभ अर्जित करने का संकल्प लिया गया.

# एक दूसरे से मुलाकात करना राजनीतिक शुचिता का है प्रतीक : अजय चंद्राकर



**कुरूद/ अंवरी,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित कुरूद विधायक से मिलने के लिए विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के नेता तेजेश्वर कुर्रे कुरूद विधानसभा के अपने विधायक से मिलने रायपुर स्थित बंगला में पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई दी ।इस अवसर पर श्री अजय चंद्राकर ने कहा कि चुनाव में जीत हार लगी रहती है मत भिन्नता हो सकती है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए कुरूद विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंदी रहे ।तेजेश्वर कुर्रे का मुलाकात करना। राजनीतिक शुचिता चिता का परिचायक है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि कुरूद की जनता से उन्हें उतना ही लगाव और प्रेम है, जितना मुझे क्षेत्र के विकास के लिए लगाव है। हर संभव समाज व क्षेत्र के विकास में सहायता करेंगे ।आगे चर्चा में कहा, क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं और जो कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पेंशनर्स एसोसिएशन की...

तिवारी, खोडस राम कश्यप, एल पी जायसवाल, राजकमल मिश्रा, जी पी मिश्रा, अनिल पदमवार, बी डी डहरिया, एस के सोनी, जी पी वर्मा, श्रवण अवस्थी, प्रीत राम धीवर, देवेंद्र वैष्णव, वीरेंद्र वर्मा, यशवंत दुबे, हरीश लाल साहू, कांशीराम साहू, रमेश वर्मा, नेहरुलाल यादव, श्रीमती डी शर्मा, नलिनी कश्यप, सरोज गुप्ता, सरोज पटेल, लता कश्यप, सुषमा पवार, हरीश चंद्र वर्मा, ए के ध्रुव, राजेन्द्र मिश्रा, राजेश अग्रवाल, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एक पाती गुरुवर के...

सदस्य अशोक पहाड़िया, संदीप जैन, अजित जैन, आनन्द जैन, गौरव जैन, श्रीमति सुनीता दोषी, श्रीमती वन्दना जैन आदि सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के सदस्यों ने प्रतिभागियों व संयोजकों का अभिवादन किया।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती...

दक्षता सम्बन्धी परीक्षा होनी है, इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को जांजगीर ले जाने हेतु नि:शुल्क बस सुविधा की ब्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने युवाओ को अपनी शुभकामनाएँ दी और कहा की देश सेवा का यह सुनहरा अवसर है। युवाओं ने जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने पर खुशी जाहिर किया और धन्यवाद दिया।

### जिले के 7 गावों में...

बाद उनके जीवन में आए बदलाव को मेरी कहानी, मेरी जुबानी के माध्यम से साझा किया। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित कई हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार कर आवश्यक परामर्श दिया गया। उक्त शिविरों में संबंधित विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

### महासमुंद लोकसभा के लिए...

शिक्षण समिति द्वारा संचालित अमृत बाई हाईस्कूल के अध्यक्ष है। श्री चंद्राकर कुर्मी समाज के अनेक पदों पर भी रहे है। अभी विधानसभा निर्वाचन में मिली भाजपा की जीत के बाद पीएम मोदी के चेहरे पर लोकसभा की बैतरनी पार करने के लिए अनेक दावेदार यहां मौजूद है। जातिगत समीकरण के हिसाब से लोकसभा में टिकट का वितरण भाजपा करते रही है। वर्तमान में चुन्नीलाल साहू महासमुंद लोकसभा के सांसद है। संभव है निकट भविष्य में और भी दावेदार सामने आएंगे। विधानसभा चुनाव के बाद लगता है भाजपा ने लोकसभा की तैयारी शुरू कर दी है। इसका अंदाजा उस समय लग गया था जब कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर छापा में मिले नोटों का जखिरा के बाद भाजपा ने पूरे प्रदेश में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोला। बहरहाल लोकसभा चुनाव में करीब 5 माह का समय शेष है।

### हाफ बिजली बिल योजना को...

रहे हैं। देश विकास के लिए प्रमुख बिजली उत्पादन में छग के विभिन्न खदानों से कोयले का भारी मात्रा में उत्खनन व परिवहन हुआ। छग के कोयले से उत्पादित बिजली पर छत्तीसगढ़ वासियों का भी अधिकार है। उक्त सभी बातों पर विचार कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश वासियों के लिए बिजली बिल हॉफयोजना लागू कर उन्हें लाभ पहुंचाया। इस योजना से प्रदेश के बड़े वर्ग को सीधे तौर पर लाभ मिला। 400 यूनिट तक उपभोक्ताओं को आधे बिजली बिल सुविधा मिलने से आर्थिक भार नहीं झेलना पड़ा। लेकिन भाजपा द्वारा इस योजना को बंद करने की बात कहना जनता विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। श्री चंद्राकर ने कहा कि बड़े उद्योगपतियों के हितैषी भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस द्वारा शुरू की गई उन सभी योजनाओं को बंद करने पर विचार किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ छग वासियों को मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बेहतर से बेहतर योजना धरातल पर उतारा। उन योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ के विकास की चर्चा पूरे देश में हुई। 2003 से 2018 तक छत्तीसगढ़ को खोखला करने वालों के हाथों अब पुन: छग की बागडोर चली गयी है। कांग्रेस पार्टी गरीब, मजदूर, किसान के अधिकार व हित के लिए हमेशा आवाज बुलंद करती रहेगी।

### साहू समाज ने किया नवनिर्वाचित...

साहू, पार्वती साहू, हेमलता साहू, मेनका साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से तहसील साहू समाज उपाध्यक्ष कमल नारायण साहू, शेर परिक्षेत्र अध्यक्ष सुंदर साहू,पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष नूतन साहू,नगर साहू समाज अध्यक्ष रवि साहू,जनपद सदस्य गण रामेश्वर गब्बर साहू,दिग्विजय साहू, पार्षदगण निखिलकांत विजय साहू सरपंच गण रिखी राम कर्मचारी प्रकोष्ठ से केवल, आत्माराम, नंदू साहू परीक्षेत्र अध्यक्ष गण, ग्रामीण अध्यक्ष गण एवं चैनू,महेंद्र, बिसौहा, ईश्वर, वरुण, तोमन, धरम, सुभाष, मनीष, चंदन, विनय, घना, रामेश्वर, धीरज, दुर्गेश, दिनेश, चेतन, ओमप्रकाश, विजय, डॉ तरुण, योगेश, गुलशन, कुंदन, संतराम, रूपेश सहित सामाजिक जन उपस्थित रहें।। मंच संचालन डॉ सुंदर साहू, डॉ देवेंद्र साहू, अजय साहू ने व आभार प्रदर्शन जितेंद्र साहू ने किया।

### इस बार माघी पुन्नी मेला...

आम जनता से पूछा कि इस बार राजिम कुंभ कराना है कि नहीं। बड़ी संख्या में उपस्थित भीड़ से जोरदार आवाज आई कि राजिम कुंभ फिर से। तब बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार लाना है और उसी दिन से जनता समझ गए कि फिर से कुंभ मेला भाजपा सरकार के आने के बाद होगा। आम जनता पर चढ़कर मतदान में भाग लिया और फुल बहुमत के साथ भाजपा सरकार ला दी है। अब देखना है कि क्या सचमुच में राजिम फिर से कुंभ नगरीय कहलाएगी।

**तीनों नदी के संगम पर तीन विधानसभा और तीनों में भाजपा के विधायक**

इत्तेफाक ही कहा जाए कि त्रिवेणी संगम राजिम में तीन नदियों का संगम है।पैरी, सोंढूर एवं महानदी संगम के तट पर राजिम विधानसभा, कुरूद विधानसभा, अभनपुर विधानसभा आता है और तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक जिनमें राजिम से रोहित साहू, कुरूद से अजय चंद्राकर और अभनपुर से भाजपा से ही इंद्र साहू को जीत मिली है। भाजपा के तीन विधायक है। इस लिहाज से भी कुंभ पर्व का आयोजन पक्का माना जा रहा है परंतु अभी तो मंत्रिमंडल का गठन भी नहीं हुआ है। घर जनता को तो इससे परवाह नहीं है उन्होंने तो भाजपा सरकार को मत देकर अपना समर्थन दे दिया । अब सरकार की पारी अपना वायदा निभाये।

### गुरु घासीदास जयंती पर...

थे। उक्त अवसर पर बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, सरजू प्रसाद, धृतलहरे, अश्वनी जाटवर, पूर्व नगर अध्यक्ष टाईगर कुर्रे, पुनिराम बरभाव, विक्रम कुर्रे, रेशमा सोनवानी, सुख बाई नारंग विष्णु दास प्रेमी आदि गणमान्य लोग शामिल हुए।

# हनुमान चालीसा समिति एक एक घर में पीला चावल व आमंत्रण पत्र पहुंचा रहे




**नवापारा राजिम,** 18 दिसंबर। श्रीसालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति आगामी आयोजन 22 दिसंबर शुक्रवार को विशाल कलश ,शोभा यात्रा जिसमे 10 वर्षीय बाल व्यास कृष्णा महाराज शामिल होंगे, सैकड़ों की संख्या में कांवरिये महानदी से जल भरकर ,शोभा यात्रा के आगे चलेंगे,हनुमानजी,एवम शिव पार्वती की झांकी के साथ ही भोले की सवारी नंदी भी मस्ती में झूमते रहेंगे,राउत नाचा,एवम हजारों की संख्या में बाराती रहेंगे।

**बैलगाड़ियों में निकलेगी दूल्हे दुल्हन की बारात**

आज गंज और सदर रोड़ को समितियो द्वारा हर दुकान एवम घर तक पहुंचाकर शामिल होने के लिए निवेदन कर रहे हे ।आज प्रचार का अंतिम दिन पूरे जोश खरोस के साथ समिति के संस्थापक राजू काबरा,अध्यक्ष धरम साहू ,नंदकिशोर राठी, ओमप्रकाश शर्मा,मोहन,सुमित पंजवानी,रूपेंद्र चन्द्राकर,नेमी साहू,चालीसा समिति की अध्यच्छ तारणी शर्मा ,आरती काबरा,भारती,डॉली,पिंकीं, ईशा, लच्छमी, मोहिनी, तुलसी, मुश्कान, रिया, चंचल, तनिसा, भुवनेशरी, वासनी, पुष्पलता, गीतांजलि, रेखा,गीता,आदि सदश्य हर दुकान में जाकर आयोजन को बता रहे।

# नवनिर्वाचित विधायक चातुरी नंद ने आभार रैली निकाल कर लोगों का आभार जताया

## घंटेश्वर मंदिर में पूजा के पश्चात निकाली गई आभार रैली





**जगह-जगह जनता ने किया अपने विधायक का स्वागत**

**सरायपाली,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक श्रीमती चातुरी नंद ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद आभार रैली निकालकर शहर भ्रमण करते हुए जनता का आभार जताया। रविवार कोसुबह 11 बजे घण्टेश्वरी मंदिर में पूजा पाठ के बाद आभार रैली निकाली गई। जगह-जगह नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती नंद का लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

पहली बार चुनाव लड़कर बड़ी जीत दर्ज करने के पश्चात सरायपाली विधायक श्रीमती चतुरी नंद ने जनता का आभार प्रकट करने के लिए आभार रैली निकाली। घण्टेश्वरी मंदिर से शुरू हुई रैली बाजेगाजे कीर्तन पार्टी के साथ महलपारा, बस स्टैण्ड मुख्य मार्ग होते हुए अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक पश्चात झिलमिला चौक पहुंची। इस दौरान शीतला मंदिर महलपारा के पास पूजा अर्चना की गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र यादव के निवास पर मनोरथ यादव रामरतन यादव दिनेश यादव ने स्वागत किया सचिव संघ द्वारा जनपद पंचायत के सामने स्वागत किया गया। जबकि जय स्तंभ चौकपर चौहान सेना के द्वारा स्वागत समारोह एवं सभा का आयोजन किया गया। मुस्लिम जमात के द्वारा स्थानीय मदरसा निजामिया के सामने स्वागत किया गया। झिलमिला में पार्षद हरदीप सिंह रैना के निवास में, ईदगाह काम्प्लेक्स के पास छोटे भाई नसीब खान के द्वारा, अघरिया समाज ब्लॉक कॉलोनी के पास, शिक्षक संघ, युवा कांग्रेस नेता मिथलेश अग्रवाल के निवास में स्वल्पाहार, शुभ्रा डडसेना के निवास, प्रदीप स्टेश्वरी एण्ड स्पोर्ट्स राधे कपड़ा बाजार के समीप, झिलमिला रेस्ट हाउस में वार्डवासियों द्वारा श्रीमती नंद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। रैली के दौरान श्रीमती नंद ने उनकी जीत में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का अभिवादन कर सभी का आभार जताया। जय स्तंभ चौक में आयोजित सभा में नवनिर्वाचित विधायक ने कहा कि अपनी जीत के लिए कार्यकताओं के संघर्ष और जनता के मिले आशीर्वाद से अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं रहने के बाद भी वे 5 साल जनता के हिसाब से कार्य करेंगीं। उन्होंने विधानसभा के विकास के लिए जनता के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही। सरकार नहीं होने के बाद भी जनता के आशीर्वाद और समर्थन से विकास योजनाओं सहित हर कार्य को जनता के अनुरूप पूरा कराए जाने की बात उन्होंने कही।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, सभापति हरदीप सिंह रैना, जयंत चौधरी, विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, नरेन्द्र साहू, गोपाल अग्रवाल, रामनारायण आदित्य प्रदीप कुमार गुप्ता महेंद्र बाघ बाबूलाल नायक वीरेंद्र पटेल मोहित रौतिया पुरुषोत्तम साहू कल्याण सिंह रूबी सिंह ठाकुर, मिथलेश अग्रवाल, सीता पटेल, मोहन गुप्ता, इसराईल खान, शेख वाहिद नियारिया, अब्दुल नईम लखानी, सादराम पटेल, दीपक साहू, भरत मेश्राम, सुरेश भोई, अंजोर यादव, आशीष, गुल्लु खान, जगदीश चौहान, परशु चौहान, प्रमोद ग्वाल, लक्ष्मण पटेल सुबोध गार्डिया, युधिष्ठिर साहू, सुभाष पटेल, रूक्मणी पटेल, उदयलाल चौहान, केवरा चौहान, शशीकांत चौहान, कौलाश ताण्डी, दुष्यंत साहू, प्रिंस, दीपांजलि बारिक, संतलाल बारिक, घसिया सिदार, मोहनलाल भोई, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिवरतन शर्मा ने किया अक्षत कलश यात्रा का स्वागत, उमड़ पड़ी रामलला के भक्तों की भीड़



**भाटापारा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। रामलला की जन्मभूमि अयोध्या से निकली अक्षत कलश यात्रा रविवार को भाटापारा नगर में निकाली गई। इस यात्रा में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा भी शामिल होकर कलश को सिर पर उठाकर पैदल चले। यात्रा नगर के सती मंदिर से प्रारंभ होकर सदर मार्ग होते हुए रामसप्ताह चौक से जयस्तम्भ चौक होकर फवारा चौक,,, सुभाष बाजार होते हुए महाकाल मंदिर नगर पालिका के पास संम्पन्न हुई।

विदित है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण—प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर के लोगों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से देशभर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है, जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद को सौंपी गई है। इस अक्षत कलश यात्रा के जरिए रामलला के भक्तों को घर—घर पहुंचकर न्योता दिया जा रहा है।

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष लगभग डेढ लाख लोगों के बलिदान के बाद 22 जनवरी 2023 को भगवान राम अपने महल अयोध्या जन्मभूमि में विराजमान होंगे. । पूरे विश्व मे उस दिन दीपावली मना कर प्रभु श्री राम का स्वागत किया जाएगा। वही 22 जनवरी को देश भर के मंदिरों में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक सामुहिक रूप से प्रभु राम जी का भजन कीर्तन होगा। संध्याकाल में मंदिरो को दीपो से सज़ा कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस अक्षत को समस्त सनातन धर्मावलंबी कार्यकर्ता घर घर तक पहुचा कर सुविधा अनुसार अयोध्या दर्शन का निमंत्रण देंगे।

## पत्रकारों ने नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी हेमंत नंदनवार से सौजन्य मुलाकात की



**पिथौरा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नव पदस्थ आईएएस अनुविभागीय अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार से सौजन्य मुलाकात करते छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन पिथौरा इकाई द्वारा नगर की समस्याओं से अवगत कराया गया। नगर के समन्वित विकास के संबंध में चर्चा की गई।जिसमें एसडीएम ने पत्रकारों को समस्या दूर करने की बात कही। एस डी एम ने कहा कि नगर में आम जनता के अधिकार, सुगंम, सरल और सहज रूप से उपलब्ध हो, यह उनकी प्राथमिकता है नगर को स्वच्छ साफ बनाया जाएगा। गौरव पथ कार्य के लिए सहयोग की अपेक्षा की है सौजन्य मुलाकात में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के बलराज नायडू जिला अध्यक्ष महासमुंद गौरव चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, पत्रकार रमेश श्रीवास्तव, अभिषेक राजा शुक्ला, चंद्रशेखर प्रभाकर, राजेश साव, राजकुमार अग्रवाल, राजा बाबू उपाध्याय, आनंद भोई मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गौरव पथ निर्माण मार्ग में अतिक्रमण को हटाने नोटिस



**सड़क से 40-40 फीट में होगा गौरवपथ निर्माण**

**पिथौरा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर में गौरवपथ निर्माण को लेकर अतिक्रमण कारियों को नगर पंचायत द्वारा सूचना माध्यम से जानकारी देकर अपने व्यवसायिक परिसर से अवैध निर्माण या कब्जा हटाने की नोटिस दी गई नहीं हटाने पर शासन द्वारा हटाने से इसका व्यय राशि संबंधित अतिक्रमण कर्ताओं से वसूल की जावेगी।

नगर पंचायत सीएमओ महेंद्र गुप्ता ने जानकारी में बताया कि पंचायत द्वारा गौरवपथ निर्माण सीमा अंतर्गत आने वाले व्यवसायी या व्यक्ति को शीघ्र अति शीघ्र अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी जा चुकी है। नहीं हटाने पर शासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की खर्च राशि अतिक्रमण कारियों से वसूली की जावेगी। उल्लेखनीय है कि गौरव पथ निर्माण बागबाहरा रोड में थाना चौंक से मुराई धोवा नाला तक गौरव पथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। उक्त मार्ग में सड़क सीमा मध्य से 40-40 फिट दोनों तरफ निर्धारित है। उक्त निर्धारित सीमा के भीतर समस्त अतिक्रमणकर्ताओं को पूर्व में मुनादी, प्रेस विज्ञप्ति एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अतिक्रमण हटाने हेतु सूचित किया जा चूका है परंतु आज दिनांक तक कई अतिक्रमणकर्ता द्वारा अपने-अपने भवन, दुकान, शेड, अहाता एवं अन्य अतिक्रमण को हटाया नहीं गया है। अत: इस अंतिम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रसारण के पश्चात 24 घंटे के भीतर अपना अतिक्रमण हटा लेवे, अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी तथा अतिक्रमण हटाने में होने वाले व्यय की वसूली अतिक्रमणकर्ता से वसूल की जावेगी। अतिक्रमण हटाने में होने वाले किसी भी प्रकार के क्षति की जवाबदारी संबंधित अतिक्रमणकर्ता की होगी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ज़ोन के महाप्रबंधक के भाटापारा आगमन पर विधायक इंद्र साव ने आम नागरिकों के लिए मांगी ढेरों सुविधाएं

**भाटापारा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। दक्षिण, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तथा मण्डल प्रबंधक का रेलवे स्टेशन निरीक्षण करने हेतु आज दिनांक 18 दिसम्बर को आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय नवनिर्वाचित विधायक इंद्र साव ने भी अधिकारी द्वय के साथ औपचारिक व अनौपचारिक मुलाकात कर नगर के आमजनों को होने वाली असुविधाओं के मद्देनजर इनके समक्ष कई प्रकार की मांगें रख, इन पर ध्यान देने की बातें कही। जिनमें प्रमुख मांगे कुछ इस प्रकार की है:-

**रेलवे स्टेशन से सिद्ध बाबा ( माल धक्का ) रोड सुधरा जाए:** भाटापारा रेलवे स्टेशन से विश्राम गृह व मालधक्का होते हुए सिद्ध बाबा रेलवे क्रासिंग तक रेल्वे प्रशासन द्वारा मालधक्का से माल परिवहन हेतू वर्षों पूर्व सड़क निर्माण किया गया था। जिससे इस मार्ग पर भारी मात्रा में अत्यधिक वजन वाली ट्रकों एवं अन्य वाहनों की आवाजाही के कारण यह सड़क लम्बे समय से जर्जरावस्था को प्राप्त कर चुकी है। सड़क पर बड़े- बड़े गड्ढे स्पष्ट रूप से दिखने लगे है। जिससे इस मार्ग पर छोटे- बड़े वाहनों को चलाने में चालकों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं आमनागरिकों को भी इस जर्जर सड़क से भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यहीं नहीं इस सड़क पर कई बार कई प्रकार की दुर्घटनाएं भी हो चुकी है, इसके बाद भी रेल्वे प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों की परेशानियों को देखते हुये विधायक महोदय ने अधिकारियों से इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की है।

**हटरी बाजार, चावला गली के पीछे स्थित नाले का जीर्णोद्धार किया जाए:** इसी तरह हटरी बाजार अण्डर ब्रीज के पास से राजकुमार बुद्धालाल शर्मा के घर के पास से चावला गली के पीछे वर्षों पूर्व रेल्वे प्रशासन द्वारा नाला निर्माण किया गया था। जो पर्याप्त देख-रेख के अभाव के चलते इसकी साफ-सफाई नहीं होने के कारण बहुत जर्जर व गंदा हो चुका है। जो थोड़ी सी बरसात होने की स्थिति में ओव्हर-फ्लो होकर इसका गंदा पानी आस-पास रहने वालों के घरों में घुस जाता है। जिससे कई प्रकार की गंभीर बीमारियां फैल सकती है। कृपया इसे ठीक करवाया जाए।

**हटरी बाजार सुलभ कांप्लेक्स के पास व्याप्त गंदगी साफ करवाई जाए:** वहीं स्थानीय रेलवे प्रशासन द्वारा आज से लगभग 50-60 वर्षा पूर्व नगर के कुम्हारपारा से हटरी बाजार (पुराना मछली मार्केट) की ओर जाने वाले रास्ते पर अण्डर ब्रीज बनवाया गया था। जो उचित देख-भाल के अभाव में कचरे से पूर्णत: पट गया। यहीं पर स्थानीय प्रशासन ने हटरी बाजार के व्यापारियों व आम नागरिकों की सुविधा के लिये सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण करवाया गया है। जो बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। आमनागरिकों, स्थानीय प्रशासन व रेल्वे प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण यहां पर सुचारू रूप से साफ सफाई की अनदेखी के कारण कथिल सुलभ-काम्प्लेक्स के आसपास वर्षों से दो से तीन फीट तक की कीचड़ चारो ओर फैली हुई है। जिससे जहां एक ओर यहाँ आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं दूसरी और यहां आस-पास निवासरत नागरिक भविष्य में कभी भी किसी प्रकार की संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका में डूबे रहते हैं। यहां की साफ-सफाई के साथ इसे भी दुरुस्त करने की मांग की गई है।

**एसईसीएल निर्मित टॉयलेट बंद; खोला जाए:** रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ वर्षों पूर्व 86एस.ई.सी. एल. द्वारा जन-सुविधा टायलेट का निर्माण आम नागरिकों के लिये किया गया है। जिसे आज तक नागरिकों के लिये नहीं खोला गया है। जो स्टेशन के बाहर शो-पीस जैसा खड़ा नजर आता है। इसकी भी देख-भाल नहीं होने के कारण यह भी टूटता- फूटता जा रहा है। इसे भी आम लोगों की सुविधाओं को देखते हुये शीघ्र ही आरंभ करने की मांग स्थानीय विधायक इंद्र साव ने करते हुये अधिकारी द्वय से भाटापारा रेलवे स्टेशन में वन्दे भारत ट्रेन के साथ-साथ अन्य कई एक्सप्रेस व सुपर फास्ट ट्रेने जिनका भाटापारा जैसी बड़े रेलवे स्टेशन पर स्टापेज नहीं है। उनका यहां पर स्टापेज देने की मांग भी की है।

# बाबा जी का संदेश है, मनखे मनखे एक सामान : धर्मगुरू मुक्तिदास

**पलारी में श्वेत ध्वज वाहक की अगुवाई में सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली**



**पलारी,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार को नगर पँचायत पलारी मे परमपूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के 267वीं जयंती के पावन पर्व के अवसर पर धर्म गुरू मुक्ती दास जी ने सानिध्य और श्वेतध्वज वाहक की अगुवाई में सतनाम संदेश शोभायात्रा मे शौर्य का अद्भूत प्रदर्शन किया गया, भव्य शोभा यात्रा सतनाम भवन से निकली जो बस स्टैंड से होते हुए शितला, गाँधी चौक ठाकुर देव, माहमाया से सतनामी पारा होते हुए रायपुर मार्ग से यात्रा देर शाम सतनाम भवन मे समापन किया गया इस दौरान सुसज्जित रथ पर सवार होकर धर्म गुरु मुक्ति दास लोगो आशीर्वाद प्रदान करते रहे नगर मे जगह जगह समाज के महिलाओं ने आरती उतारकर स्वागत किया, इस दौरान धर्म गुरू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का मुल सिद्धांत ही मनखे मनखे एक सामान है, सभी से सामान आचरण करना चाहिए, बाबा जी कहते हैं कि हमेशा सत्य के पथ चले क्यो कि अँत मे सच ही रह जाता है, लेश मात्र द्वेश से भी सद्गति नही मिलती बाबा जी कहते है कि माँस मदिरा नरक का द्वार खोलता है वही झुठ त्यागकर सच का साथ देने बाबा जी का मुलमँत्र था।

इस दौरान शोभायात्रा में आकर्षक गुरू घासीदास की झांकी लोगो को मंत्र मुग्ध कर रही थी जो कि यह पूरे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। बच्चे बड़े महिलाएं व पुरुषों की टोली सफेद ध्वज लहराते हुए आकर्षक झांकियां, पंथी नर्तक दल, बैंडबाजे, जय-जय सतनाम के स्वर से शहर को गुंजयमान कर दिया। शोभायात्रा के समापन के बाद सतनाम भवन में भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने बताया कि इस त्यौहार का मूल बाबा जी के चरित्र को स्वयं में उतारना है।

नगर पँचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने जैतखाम की पूजा अर्चना की धर्म गुरू से आशीर्वाद प्राप्त कर शोभा यात्रा मे शामिल हुए उन्होंने संत गुरु घासीदास जी का जीवन दर्शन और उद्देश्य युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा उनका व्यक्तित्व ऐसा प्रकाश सिस्टम है जो आधुनिक युग में समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है। नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू शोभायात्रा में शामिल होकर गुरु जी से आशिर्वाद प्राप्त किया। मोहन बँजारे, महेश ढीढी, जे एल जोशी, राबर्ट कुरील ने बताया कि बाबा जी के संदेशों को सतनामी समाज ही नही बल्कि प्रत्येक समाज आत्मसात कर रहा है तथा हर समाज विकास के पथ पर आगे बढ रहा है। शोभा यात्रा के दौरान गुरु घासीदास बाबा की आकर्षक झांकी भी निकाली गई थी। आकर्षक झांकी में समाज के युवाओं ने शानदार आतिशबाजी करते हुए पंथी नृत्य किया। यात्रा में ललित घृतलहरे, दुर्गा महेश्वर, गोपी साहू, गणेश जायसवाल, देवेंद्र साहू, खुशबू बँजारे, काशी घृतलहरे, विक्रम राय, अनिल आडील, महेश बारले, बिसौहाराम गायकवाड़, टेकराम कुर्रे, जसनारायण गायकवाड़, तेजराम बाँधे, नेमसिंह, पुष्पा बँजारे, माहेश्वरी कुर्रे, ओमप्रकाश खुटे, रज्जाक खान यमलोक साहू भूषण ठेठवार, सँतोष देवाँगन, नीलकमल आजाद, सुरजमल, किशन गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं शामिल हुए।

# संत शिरोमणि गुरूघासीदास बाबा के जयंती पर सतनामी समाज ने निकाला भव्य शोभायात्रा



**सिमगा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। सिमगा सतनामी समाज ने आज संत शिरोमणि गुरूघासीदास बाबा के पावन जयंती के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा का आयोजन रखा था कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाटापारा विधायक इन्द्रसाव गुरु घासीदास बाबा जी के छायाचित्र में श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि परम पूज्य बाबा ने संपूर्ण मानव जाति के लिए सत्य अहिंसा का मार्ग दिखाया है हमें गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती मनाने के साथ साथ उनके द्वारा कहे गए वचनों को भी हमें अपने जीवन में अपनाया होगा तब ही हमारा जंयती मानना सार्थक होगा।

उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ब्लाक काँग्रेस महामंत्री हिरेन्द्र कोसले, पार्षद संजय कोसले, अशोक देवाँगन, दिलीप कोसले, मिलन आडिल, गिरजा प्रसाद, छोटे लाल जोशी, गोलू पाटकर, कमलेश साहु, गुलशन डहरे, हरीश कोसले, दौलत महिंलेशवर, मनोज घृतलहरे, अजित भट्ट एवं बडी संख्या मे सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली पहुंचकर दर्शन लाभ लिए



**लवन,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के छात्रों ने आज 18 दिसंबर को शैक्षिक भ्रमण के तहत बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरोधपुरी धाम पहुंचकर दर्शन लाभ लिए वही शिवरीनारायण स्थित माता शबरी की मंदिर पहुंचकर छात्रों ने दर्शन लाभ लिए जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी गिरिजा एवं शैक्षणिक प्रभारी राजेंद्र सिका से मिली जानकारी के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठवीं सातवीं एवं आठवीं के कुल 125 छात्रों ने आज शैक्षणिक भ्रमण के तहत बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरोधपुरी धाम पहुंचकर मुख्य मंदिर, छाता पहाड़, अमृत कुंड, चारनकुण्ड एवं सबसे ऊंचा जैतखाम का दर्शन लाभ दिए बताया गया कि छात्रों ने बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली में पहुंचकर माथा भी टेके कई छात्र नारियल भी चढ़ाई छात्रों में खुशी की लहर देखी गई बताया गया कि गिरोधपुरी धाम के बाद महानदी किनारे स्थित शिवरीनारायण जहां मां शबरी एवं अनेक मंदिरों का भी दर्शन लाभ छात्रों ने लिए।

# गुरु घासीदास की मनाई गई जयंती, कांग्रेस ने किया शोभायात्रा का स्वागत



**भाटापारा,** 18 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भाटापारा में 18 दिसम्बर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सोभा यात्रा निकाली गई जिसका स्वागत कार्यक्रम भाटापारा शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा जय स्तम्भ चौक में रखा गया जहा अनुसूचित जन जाती आयोग पुर के सदस्य गणेश सिह ध्रुव, प्रदेश प्रतिनिधि सुनील महेश्वरी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग अभिषेक मोदी शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अमर मंडावी, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार शर्मा, सत्यनारायण जोशी, जिला महामंत्री अशोक तिवाड़ी, पार्षद राजेन्द्र वर्मा, सभापति रोहित साहू, जिला कांग्रेस सचिव राजा तिवारी, जिला सचिव लक्ष्मी पांडेय, जनपद सदस्य व जिला सचिव दीपक वॉर्म, संयुक्त सचिव नवीन बक्स, मनोहर सेन पूर्व सरपंच, पूर्व एल्डरमैन कुमारी जांगड़े, जिला उपाध्यक्ष युवका मनमोहन कुर्रे, जिला सचिव राजा तिवारी सिमगा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक आदिल चनिजा विधानसभा अध्यक्ष युवका, मोहन निषाद, भूपेंद्र ध्रुव, अभय देवांगन, गर्मिन महासचिव विनोद देवांगन, युवका उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू, सद्दाम खान, विजय महिलांगे, मंसूर खान, राजा यादव, समीर असरफी, आदि जनों ने बाबा गुरु घासीदास जयंती की बधाई देते माला व श्री फल भेट कर आशीर्वाद लिया स्वल्पाहार वितरण कर फूलों से वर्षा की शोभा यात्रा में हजारो की सँख्या में संतसमाज प्रमुख सामिल रहे।

## शिवरतन शर्मा ने शोभायात्रा का किया स्वागत



गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत। शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शिवरतन शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं।उनके गुरु मंत्र च्मनखे मनखे एक समान च्समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। गुरू घासीदास की जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी 18 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शोभा यात्रा की शुरूआत ही। जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंचे। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में जमकर थिरके युवा-झूम झूम के नाचो गाओ पंथींज. सन्ना ना नन्ना मोर लगनाज् जैसे अनेकों पंथी गीतों में बैंजो धुमाल की धुनों के साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी वही बच्चों और युवाओ की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे..उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, मनिन्दर गुम्बर, राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, धनेश माधवानी, मनीष मिश्रा, सुखदेव यदु, सूनन्द मिश्रा, सूरज भोई, सतीश साहू, लुकु साहू, दसरथ साहू, संजय शुक्ला, आशीष टोडर, जितेंद्र क्षत्री, आयशा खान, मधु सोनी, सूर्यकांत योगी, जया शर्मा, मुकेश साहू, अविनास शर्मा, नारायण साहू, विजय यादव, पीयूष साहू, सलीम खान, सुरेंद्र डागोर, सुमित यदु, हारून, अविनाश शर्मा, लखन साहू, नीतू यादव, जीवन मानिकपुरी, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।